www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
रायपुर, सोमवार, 18 सितंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –154 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



तीजा तिहार आज
- विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती
- नफ़रत के खिलाफ असहयोग आंदोलन
पृष्ठ 6
- किम जोंग उन 6 दिन बाद रूस से उत्तरी कोरिया रवाना
- नाटो 2024 में करेगा सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास
पृष्ठ 7
डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा पृष्ठ 8

# भारत आठवीं बार एशिया कप चैंपियन

## श्रीलंका को दस विकेट से दी शिकस्त, सिराज ने 21 रन देकर छह विकेट झटके

**कोलंबो,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। मोहम्मद सिराज (21 रन पर छह विकेट) और हार्दिक पंड्या (तीन रन पर तीन विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत भारत ने रविवार को गत विजेता श्रीलंका को दस विकेट से रौंद कर आठवीं बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर लिया। एशिया कप समेत एक दिवसीय क्रिकेट के इतिहास में भारत की यह अब तक की सबसे बड़ी जीत है। भारत को पांच साल के अंतराल के बाद एशिया कप की चमचमाती ट्रॉफी अपने घर लाने का मौका मिला है। इससे पहले वर्ष 2018 में भारत ने एशिया कप जीता था।

**15.2 ओवर में सिमटी मेजबान टीम**

इस ऐतिहासिक जीत का सेहरा करिश्माई गेंदबाज हैदराबाद के मोहम्मद सिराज के सिर पर बंधा, जिन्होंने अपनी लहराती गेंदों से श्रीलंका के शीर्ष क्रम को तहस नहस कर दिया और मेजबान टीम 15.2 ओवर के खेल में महज 50 रन ही बना सकी। इसके साथ ही कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सिराज सबसे तेज गति से एक दिवसीय 50 विकेट लेकर चौथे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। सिराज ने अपना मैन आफ द मैच ग्रांउड स्टाफ को दिया।

**7 ओवर**
**1 मेडन**
**21 रन पर**
**6 विकेट**




### सार संक्षेप

**राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी तीजा तिहार की बधाई**

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक तिहार तीजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख, समृद्धि की कामना की है।

**मुख्यमंत्री भूपेश ने प्रधानमंत्री मोदी को दी जन्मदिन की बधाई**

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। सीएम बघेल ने ट्वीट किया है। सीएम ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा है कि 'माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन पर बधाई एवं शुभकामनाएं। आपके स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।''

**मणिपुर में सैनिक का अपहरण, हत्या**

**इम्फाल।** भारतीय सेना के एक जवान का शव, जिसका शनिवार को कुछ हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया था, रविवार को गोलियों से छलनी शव रविवार को इम्फाल पूर्वी जिले के खुनिंगथेक गांव पूर्व में पाया गया। जवान छुट्टी पर घर आया हुआ था।

**कांग्रेस विधायक मम्मन खान की रिमांड बढ़ी**

**गुरुग्राम।** नूंह हिंसा भड़काने के आरोपी फिरोजपुर झिरका के कांग्रेस विधायक मम्मन खान को रविवार को फिर से एक अदालत में पेश किया गया, जिसने विशेष जांच दल (एसआईटी) को उनकी रिमांड की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत ने खान को तीन अन्य मामलों में भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

**ईडी ने हेमंत सोरेन को चौथा समन भेजा**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 23 सितंबर को जमीन हड़पने के मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में शामिल होने के लिए एक नया समन भेजा है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। सोरेन को जारी किया गया यह चौथा समन था। पिछली बार उन्हें 9 सितंबर को पेश होने के लिए कहा गया था। ताजा समन मिलने के बाद सोरेन ने शीर्ष अदालत का रुख भी किया था।

**मप्र में अब लाड़ली बहना को मिलेगा आवास**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अमल में लाई गई लाड़ली बहना योजना के तहत जहां पात्र महिलाओं को हर माह वर्तमान में 1250 रुपये माह दिए जा रहे है, गैस सिलेंडर साढ़ेचार सौ में मिलने लगे हैं तो वहीं अब उन महिलाओं को आवास दिया जाएगा,

### विशेष सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक

# विपक्षी पार्टियों ने उठाया महिला आरक्षण विधेयक का मुद्दा

- **महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी कांग्रेस**

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले रविवार को सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस दौरान बीजू जनता दल (बीजद) और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) समेत कई क्षेत्रीय दलों ने महिला आरक्षण विधेयक को संसद में पेश करने पर जोर दिया। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने संसद भवन परिसर पहुंचे कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वदलीय बैठक के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक संघर्ष और मणिपुर की स्थिति जैसे मुद्दे उठाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में सदन के उपनेता एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, राज्यसभा में सदन के नेता और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने जानकारी दी कि सर्वदलीय बैठक में 34 दल के 51 नेताओं ने इसमें हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि एजेंडा में चार बिल लिस्टेड है। उन्होंने कहा कि कई दलों ने अपनी बात रखी है, लेकिन सरकार अपने एजेंडे पर काम करती है।

**34 दल के 51 नेताओं ने हिस्सा लिया**– कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) नेता एच.डी. देवेगौड़ा, द्रमुक सांसद कनिमोझी, तेदेपा के राम मोहन नायडू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओब्रायन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, बीजद के सस्मित पात्रा, बीआरएस नेता के. केशव राव, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वी. विजयसाई रेड्डी, राजद के मनोज झा, जदयू के अनिल हेगड़े और समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने बैठक में हिस्सा लिया।

# राजधानी में आज से जी-20 की बैठक

- **विदेशी प्रतिनिधि पहुंचे लगे, मेहमानों को पहनाया गया छत्तीसगढ़िया गमछा**
- **नवा रायपुर की सड़कों को जी -20 थीम पर सजाया गया**





**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नया रायपुर में आज से दो दिवसीय जी= 20 की बैठक शुरू हो रही है। रविवार से विदेशी प्रतिनिधियो के आने का सिलसिला शुरू हो चुका है। ये सभी 18-19 सितंबर को रायपुर में होने वाली त20 समिट में शामिल होंगे। रायपुर एयरपोर्ट पर ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज में इन विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ी लुगरा पहनी युवतियों ने सभी को तिलक लगाकर छत्तीसगढ़िया गमछा पहनाया। एयरपोर्ट के बाहर करमा ददरिया नृत्य करते गीत गाते कलाकार नजर आए।

जी 20 समिट की बैठक नवा रायपुर में आयोजित की जानी है। इसके लिए छत्तीसगढ़िया थीम पर तमाम सड़कों को सजा दिया गया है। एयरपोर्ट के बाहर छत्तीसगढ़ के बस्तर आर्ट और छत्तीसगढ़ महतारी के आर्टवर्क दिखाई दे रहे हैं। बड़े-बड़े वर्ड कट आउट जी 20 के लगाए गए हैं। छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की इमारतें जो देश भर में पहचानी जाती हैं उन्हें भी विशाल आकृतियों के साथ सड़कों पर सजाया गया है। छत्तीसगढ़ में अलग-अलग देश से डेलीगेट्स आ रहे हैं। आज दिनभर डेलीगेट्स का आने जाने का सिलसिला लगा रहेगा. नीदरलैंड, स्वीजरलैंड, यूनाइटेड स्टेट, जर्मनी समेत 16 देशों के डेलीगेट्स आ रहे हैं। एयरपोर्ट से लेकर रिसोर्ट मेफेयर तक अनेक देशों के फ्लैगस लहरा रहे हैं। बैठक को लेकर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**600 से ज्यादा पुलिस कर्मियों की ड्यूटी**

बैठक की सुरक्षा में 12 एएसपी, 25 डीएसपी, 50 इंस्पेक्टर और 600 जवानों की ड्यूटी लगाई है। अतिथियों और उनकी सुरक्षा में आए कर्मियों को संवाद करने में परेशानी ना हो, इसलिए अंग्रेजी के अच्छे जानकारों को इस दल में शामिल किया गया है। ये सुरक्षाकर्मी पहले लेयर में रहेंगे। आवश्यकता पड़ने पर यह प्रतिनिधियों और उनके सुरक्षाकर्मियों से चर्चा करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

**रतन डांगी को बनाया गया सुरक्षा का नोडल अधिकारी**

रायपुर रेंज के पूर्व पुलिस महानिरीक्षक अजय यादव को रायपुर में हो रही जी 20 बैठक का नोडल अधिकारी बनाया गया था।

मगर उनका बिलासपुर तबादला हो जाने की वजह से रायपुर के नए आईजी रतनलाल डांगी को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती मुक्तेश्वरी बघेल ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर अपने निवास में पूर्ण विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री बघेल हैदराबाद के दौरे पर हैं।

### हैदराबाद में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक का समापन

# कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार, बहुमत का है भरोसा

- **कांग्रेस कार्यसमिति ने 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया**
- **राज्यों के पार्टी प्रमुखों ने अपनी तैयारियों की दी प्रस्तुति**

**हैदराबाद,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस कार्यसमिति की हैदराबाद में चल रही बैठक रविवार को खत्म हो गई। इस दौरान 14 सूत्रीय प्रस्ताव पास किया गया। इसमें भरोसा जताया गया है कि पार्टी साल के अंत में 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल कर लेगी। साल के अंत में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में चुनाव होने हैं। बैठक में चुनावी राज्यों के अध्यक्षों ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इसमें चुनावी रणनीति, प्रचार और तैयारियों के बारे में बताया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि देश की जनता बदलाव चाहती है और कांग्रेस आने वाले चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी कानून-व्यवस्था, स्वतंत्रता, सामाजिक-आर्थिक और समानता को लेकर जनता की उम्मीदों को पूरा करेगी।

**ये आराम से बैठने का वक्त नहीं : खड़गे**

बैठक के दूसरे दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस नेताओं को चुनाव के लिए तैयार रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ये आराम से बैठने का समय नहीं है। दिन-रात मेहनत करनी होगी। जहां हमारी राज्य सरकारें हैं, उनके अच्छे कामों को प्रचारित करना होगा।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### कांग्रेस ने जनसभा कर दिखाई ताकत

## तेलंगाना से 100 दिन में हटेगी बीआरएस सरकार : राहुल



राहुल गांधी ने हैदराबाद के रंगारेड्डी में 17 सितंबर को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि100 दिन अंदर बीआरएस की सरकार यहां से हट जाए। इसे कोई नहीं रोक सकता। चाहे बीजेपी चाहे, चाहे ओवैसी की पार्टी चाहे। इसे बदल नहीं सकती। राहुल ने तेलंगाना की जनता को 6 गारंटियां दीं। उन्होंने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर महिला को 2500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलेगा। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त सफर की व्यवस्था की जाएगी। राज्य के हर नागरिक को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। इसके साथ ही युवाओं को कॉलेज में प्रवेश के लिए एग्जाम देना पड़ता है, जिसकी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# शालेय राज्य स्तरीय ताईक्कांडो में जशपुर को 2 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य

## आयुष यादव और प्रतीक बड़ा का नेशनल ताईक्कांडो के लिए चयन



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। 23 वीं शालेय राज्य स्तरीय ताईक्कांडो प्रतियोगिता का आयोजन जिला कोरबा में 10 से 14 सितंबर तक किया गया। ताईक्कांडो प्रतियोगिता में जशपुर जिले को 2 स्वर्ण, 2 रजत और 5 कांस्य पदक प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पदक विजेताओं को उज्वल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

जशपुर कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने भी जिले के खिलाड़ियों को ताईक्कांडो में नेशनल के लिए चयनित होने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि जिले के आयुष यादव पिता अखिलेश यादव, प्रतीक बड़ा पिता ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना को किया लांच

- **ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के कारीगरों, शिल्पकारों को मिलेगी वित्तीय मदद**
- **'यशोभूमि' का पहला चरण राष्ट्र को समर्पित**

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से रविवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर शुरु की गई 'पीएम विश्वकर्मा' योजना से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को वित्तीय मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री का पारंपरिक शिल्प में लगे लोगों को सहायता प्रदान करने पर निरंतर ध्यान केन्द्रित रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आज इस योजना की शुरुआत की। यह न केवल कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सहायता प्रदान करने बल्कि स्थानीय उत्पादों, कला और शिल्प के माध्यम से सदियों पुरानी परंपरा, संस्कृति और विविध विरासत को जीवित और समृद्ध बनाए रखने की इच्छा से भी प्रेरित है। पीएम विश्वकर्मा को 13 हजार करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ केंद्र सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। इस योजना के तहत बायोमेट्रिक आधारित पीएम विश्वकर्मा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# ईमानदारी कानूनी पेशे का मुख्य स्तंभ : चंद्रचूड़

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। नागपुर, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि हम सबको मूर्ख बना सकते हैं, लेकिन खुद को नहीं। हमारा कानूनी पेशा फलेगा-फूलेगा या खत्म हो जाएगा, ये इस बात पर निर्भर करता है कि हम अपनी ईमानदारी बरकरार रखते हैं या नहीं। ईमानदारी कानूनी पेशे का मुख्य स्तंभ है। यह एक आंधी से नहीं मिटती है, यह छोटी-छोटी रियायतों और समझौतों से मिटती है जो एडवोकेट और जज कई बार अपने क्लाइंट को देते हैं। चंद्रचूड़ ने ये बातें नागपुर स्थित महात्मा गांधी मिशन विश्वविद्यालय में बॉम्बे हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच और बॉम्बे हाईकोर्ट के एडवोकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक प्रोग्राम में कहीं।

सीजेआई ने कहा कि हम सभी अपने विवेक के साथ सोते हैं। यह हर रात सवाल पूछता रहता है। हम या तो ईमानदारी के साथ जिंदा रहेंगे या खुद का आत्म-विनाश कर लेंगे। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकीलों को तब सम्मान मिलता है जब वे न्यायाधीशों का सम्मान करते हैं और न्यायाधीशों को तब सम्मान मिलता है जब वे वकीलों का सम्मान करते हैं। यह तब होता है जब दोनों को लगता है कि दोनों न्याय के एक ही पहिए के हिस्से हैं।

### सर्वेक्षण — डीबी लाइव के सर्वे में शिवराज सिंह चौहान को बड़ा झटका

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार का अनुमान

**नई दिल्ली, 17 सितंबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों का ऐलान 5 अक्टूबर के बाद कभी भी हो जाएगा। ऐसे में चुनाव से पहले डीबी लाइव ने चुनाव से पहले राज्य में सर्वे कराया है। और इस सर्वे ने कांग्रेस को बहुमत मिलता दिखाई दे रहा है।**

*वैसे भाजपा भी कांग्रेस को टक्कर देती दिखाई दे रही है। राज्य में कांग्रेस को 117 से 129 तो भाजपा को 95 से 107 सीट मिल सकती हैं। अन्य के हिस्से में 3 से 6 सीट जा सकती हैं। राज्य के छह रीजनों में कांग्रेस को 4 में और 2 में भाजपा को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है।*

***मालवा निमाड़ और महाकौशल में कांटे की टक्कर***–*अब तक मध्य प्रदेश में माना जाता था कि मालवा निमाड़ और महाकौशल ही सरकार तय करता है। लेकिन इस बार इस रीजन में कांग्रेस और भाजपा में कांटे की टक्कर का अनुमान है। मालवा निमाड़ की 66 सीटों में कांग्रेस को 30—32 और भाजपा को 31—33 सीट मिलती दिख रही है। अन्य के हिस्से में 2 से 4 सीट जा सकती है। महाकौशल की 38 सीटों में से कांग्रेस को 20 से 22, भाजपा को 16 से 18 सीट मिलने का अनुमान है।*

***विंध्य में कांग्रेस तो मध्य भारत में भाजपा आगे***–*विंध्य में कांग्रेस तो मध्य भारत में भाजपा को अच्छी बढ़त दिख रही है। विंध्य की 30 सीटों में से कांग्रेस को 18—20, भाजपा को 9—11 और अन्य को 0 से 2 सीट मिलने का अनुमान है। तो मध्य भारत की 36 सीटों में कांग्रेस को 7—9 तो भाजपा को 27—29 सीटें मिल सकती है।*

***बुंदेलखंड और ग्वालियर—चंबल में कांग्रेस की लहर***–*कांग्रेस के लिए सबसे बड़ी खुशी बुंदेलखंड और ग्वालियर— चंबल से मिलती दिख रही है... बुंदेलखंड की 26 सीटों में कांग्रेस को 15—17, भाजपा को 9—11 सीट मिल सकती है। जबकि ग्वालियर— चंबल की 34 सीटों में कांग्रेस को 117—119, भाजपा को 95—107 और अन्य को 1—3 सीटें मिलने का अनुमान है। मालवा— निमाड़ और महाकौशल में कांटे की टक्कर का अनुमान है। मलवा— निमाड़ में बीजेपी को तो महाकौशल में कांग्रेस को बढ़त दिखाई दे रही है।*

**उवाच** "भाजपा सरकार को महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी की चिंता नहीं है। अगर कहीं किसी के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिख जाए तो दोनों तरफ से पैसा लगता है। खुले आम भ्रष्टाचार है।

–शिवपाल सिंह यादव, सपा राष्ट्रीय महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 32.0 | 25.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 29.0 | 28.0 |

# नौ साल की सरकार से जनता परेशान : कांग्रेस

## सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद केंद्र सरकार पर बोला हमला

**हैदराबाद,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद राजस्थान के पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोले हुए कहा कि केंद्र की नौ साल की सरकार से जनता परेशान है। हर मुद्दे पर वह फेल रही है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक पर पायलट ने कहा कि दो दिनों तक खुले माहौल में चर्चा हुई। पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए रणनीति बनाई गई। भाजपा चाहे कितना भी मुद्दों को भटकाने की कोशिश करे, हम जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे। सचिन पायलट ने कहा कि हैदराबाद में सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई है। बहुत सार्थक चर्चा हुई। दो दिनों तक सभी सदस्यों ने खुले मन से अपनी राय दी है। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, उसको लेकर कांग्रेस की क्या रणनीति होगी, इस पर चर्चा हुई है।

**आगामी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीत का किया दावा**

आने वाले चुनावों में कांग्रेस कैसे जीत सकती है इस पर चर्चा हुई। देशभर में कांग्रेस के लोगों में ऊर्जा का संचार होगा। हमने चर्चा की है और भाजपा और अन्य पार्टियों को कैसे हराना है। इस पर रणनीति बनाई है। कांग्रेस आने वाले समय में सभी पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में जीतेगी।



**भाजपा चाहे कितना भी मुद्दों को भटकाने की कोशिश करे हम जनता के मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगे : सचिन पायलट**

वहीं दूसरी ओर कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक पर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा दो दिवसीय बैठक ने एक स्पष्ट एजेंडा रखा गया कि 2024 में हमें क्या करना है। केंद्र में भाजपा की सरकार पर हमला बोलते हुए सांसद वेणुगोपाल ने कहा कि हमें भाजपा को हटाना है। मेरा देशभर के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से आह्वान हैं। अब आराम किए बिना, हमें जीतने के लिए लड़ना होगा। पार्टी से जुड़े एक वरिष्ठ पदाधिकारी बताते हैं कि जल्द ही देश के सभी राज्यों में ग्रामीण स्तर पर और ब्लॉक स्तर तक पर कांग्रेस के नेताओं को इस बारे में एक बड़ी पाठशाला के माध्यम से जानकारियां भी मुहैया कराई जाएगी कि वह कैसे तथ्यों के साथ भारतीय जनता पार्टी के झूठ का काउंटर करे। इसके लिए बाकायदा कांग्रेस की एक विंग लगातार काम भी कर रही है और अपने कार्यकर्ताओं और नेताओं के माध्यम से उसका प्रसार भी कर रही है। अगले कुछ दिनों में बाकायदा इस पाठशाला के माध्यम से प्रत्येक नेता और कार्यकर्ता को और मजबूती के साथ प्रशिक्षित किया जाएगा।

फिलहाल इस पाठशाला में भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से किए जाने वाले दावों और उनकी हकीकत के सही तथ्यों और आंकड़ों को पेश किया जाएगा। पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि उनकी पार्टी नेता और कार्यकर्ता हैदराबाद में हुई विस्तारित वर्किंग कमेटी की बैठक के मुद्दों पर पार्टी की रणनीति को आगे बढ़ाती रहेगी। बैठक में तय हुआ है कि कांग्रेस हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जिन मुद्दों के साथ जनता के बीच में गई थी उन्हें मुद्दों को लेकर अब फिर से जनता के बीच में जाना है।

पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि इसके लिए जल्द ही व्यापक स्तर पर पार्टी के चुनावी राज्यों के अलावा देश के अलग-अलग राज्यों के पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी जाएंगी। इस बैठक के दौरान पार्टी ने चुनावी मोड में जाकर जनता के बीच रहने का पूरा खाका भी खींचा है।

### इंडिया गठबंधन है एकजुट : कांग्रेस

कांग्रेस नेता पायलट ने पार्टी की रणनीति को लेकर बताया कि एनडीए के खिलाफ इंडिया गठबंधन एकजुट है। उन्होंने कहा कि एनडीए को हराने के लिए इंडिया गठबंधन बना है। सभी इस पर चर्चा कर रहे हैं। कांग्रेस को महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। पार्टी देश में एससी एसटी पिछड़ों और महिलाओं समेत गरीब अल्पसंख्यकों के अधिकारों के हक की लड़ाई उनके साथ मिलकर लड़ने की तैयारी कर चुकी है। पार्टी देश के सभी राज्यों में इन सभी लोगों की लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर केंद्र सरकार को न सिर्फ घेरेगी बल्कि अपने राज्यों में उनके लिए किए जाने वाले कार्यों की भी जानकारी भी इन लोगों के बीच में रखेगी। पार्टी की योजना के मुताबिक छत्तीसगढ़ राजस्थान में जिस तरीके से सामाजिक न्याय के नए मॉडल को तैयार किया गया है और जनता के लिए योजनाएं बनाई गई है उनको सामने रखने के लिए एक बड़े अभियान के साथ इसी महीने से सभी राज्यों में कैंपेन शुरू किए जाने की तैयारी हो गई है।



■ नई दिल्ली स्थित नए संसद भवन के गज द्वार पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद तिरंगे झंडे को सलामी देते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला। सोमवार से आरंभ होने वाले संसद के आगामी सत्र से एक दिन पहले राष्ट्रध्वज फहराया गया। लोकसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के संसद ड्यूटी समूह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण कर सुरक्षाकर्मियों को फलों की टोकरी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा कपड़ा मंत्री, पीयूष गोयल, केंद्रीय संसदीय कार्य और कोयला एवं खान मंत्री, प्रल्हाद जोशी राज्य सभा के उप सभापति, हरिवंश; संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व वी. मुरलीधरन आदि उपस्थित रहे। फोटो देशबन्धु

## सार संक्षेप

### दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के जवान की जान गई

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में रविवार को दुर्घटनावश गोली चलने से सेना के एक जवान की जान चली गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि हथियार से दुर्घटनावश गोली चल गयी, जिसके परिणामस्वरुप एक घातक दुर्घटना हुई और सेना के दो जवान घायल हो गये। इनमें से एक ने बाद में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में एक सैन्यकर्मी को हिरासत में लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### मोदी ने लेखिका गीता मेहता के निधन पर जताया दुख

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को प्रसिद्ध लेखिका और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बहन गीता मेहता के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने एक्स पोस्ट में कहा, मैं प्रसिद्ध लेखिका गीता मेहता के निधन से दुखी हूं। वह बहुमुखी व्यक्तित्व की धनी थीं, जो अपनी बुद्धिमता और लेखन के साथ-साथ फिल्म निर्माण के प्रति जुनून के लिए प्रसिद्ध थीं। वह प्रकृति और जल संरक्षण के प्रति भी समर्पित थीं। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं ओडिशा नवीन जी और पूरे परिवार के साथ हैं। ओम शांति।

### लोडिंग वाहन पलटने से चार लोगों की मौत

**भिंड।** मध्य प्रदेश के भिंड जिले के गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के जैतपुरा के पास तेज रफ्तार एक लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई है। उप्र के जालौन जिले कोंच चौराहा तोपखाना मोहल्ला निवासी नाजिम अपने लड़के निहाल, भांजे अबू बकर और चाचा के लड़के अली के साथ ग्वालियर से बक्से बनाने का सामान लेकर उदी मोड़ के पास कुंडेश्वर मेला में जा रहा था। इसके लिए उन्होंने लोडिंग वाहन किराए पर लिया था। गाड़ी राजू निवासी मोहल्ला तोपखाना पेट्रोल पंप मंदिर के पीछे जालौन चला रहा था। भिण्ड-ग्वालियर रोड पर जैतपुरा के पास पहुंचे ही थे तभी तेज रफ्तार लोडिंग वाहन हाइवे किनारे पलट गया।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर पटेल ने किया वृक्षारोपण

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्म दिवस पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार को अहमदाबाद महानगर पालिका द्वारा गोता वॉर्ड में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर गोता वॉर्ड में सोला गांव तालाब के निकट 73 पेड़ लगाए गए। मोदी के जन्म दिवस पर अहमदाबाद महानगर पालिका द्वारा समग्र अहमदाबाद में कुल 1,01,000 पेड़ लगाए जाएंगे।

## जनहित के मुद्दों को समर्पित हो संसद का विशेष सत्र : मायावती



**लखनऊ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) मायावती ने नये संसद भवन में सोमवार से शुरु हो रहे विशेष सत्र के जनहित के मुद्दों पर समर्पित होने की उम्मीद जताई है। मायावती ने रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा नए संसद परिसर में सोमवार से शुरू हो रहे विशेष सत्र की सभी सांसदों को हार्दिक बधाई। नया संसद भवन लोकतंत्र की मजबूती व परमपूज्य बाबा साहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी संविधान के उद्देश्यों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा, ऐसी आशा।

उन्होंने कहा कि वैसे कमरतोड़ महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, लाचारी आदि के अभिशप्त जीवन से मुक्ति तथा आन्तरिक व बाहरी सुरक्षा जैसे देश व जनहित के ज्वलन्त मुद्दों पर नई संसद का सत्र अगर समर्पित होता है तो लोगों में उम्मीद की किरण जगेगी। कश्मीर में अफसरों/जवानों की शहादत को भी गंभीरता से लेना जरुरी। बसपा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर बधाई प्रेषित करते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की है। इसके साथ ही उन्होंने विश्वकर्मा जयंती की बधाई दी।

# तेलंगाना ने कृषि में की अभूतपूर्व प्रगति दर्ज : केसीआर

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर राज्य की जनता को दीं शुभकामनाएं

**हैदराबाद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर तेलंगाना के सभी लोगों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि तेलंगाना के इतिहास में 17 सितम्बर एक खास तारीख है। भारत की आजादी के बाद तत्कालीन भारत सरकार ने ब्रिटिश प्रशासन से बाहर की रियासतों को भारतीय संघ में विलय करने की प्रक्रिया शुरू की। उसी के एक भाग के रूप में, हमारा हैदराबाद 17 सितम्बर 1948 को वृहत्तर भारत का अभिन्न अंग बन गया। इस विकास के साथ, तेलंगाना में राजशाही समाप्त हो गई और संसदीय लोकतांत्रिक प्रशासन शुरू हुआ। तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद राज्य के भारत संघ का अभिन्न अंग बनने के अवसर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया है। इसलिए आज हम पूरे प्रदेश में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर जश्न मना रहे हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि मुझे लगता है कि मेरा जन्म तेलंगाना की उपलब्धि के रूप में हुआ है। मैं लोगों के आशीर्वाद और पूरी प्रतिबद्धता के साथ पुनर्निर्माण कार्य कर रहा हूं। 2 जून 2014 को तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से चल रहे विकास और कल्याण कार्यक्रम इस उद्देश्य के लिए अनुकरणीय रहे हैं। यह कहावत तेलंगाना जैसा आचरण करता है, देश वैसा ही करता है अक्षरश: सत्य है। अन्य राज्य सरकारें हमारी राज्य योजनाओं का अनुसारण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 1956 में आंध्र प्रदेश राज्य के गठन से पालमुरु जिले को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पलामूरू जिले में उस समय खेती योग्य भूमि 35 लाख एकड़ थी, जबकि केंद्र शासित प्रदेश में सिंचित भूमि केवल 4.5 लाख एकड़ थी। परिणामस्वरूप, पालमुरु के लोगों को जीवित रहने के लिए पलायन करना पड़ा।



**प्रदेश में अनाज की पैदावार तीन करोड़ टन तक पहुंची : के.चंद्रशेखर राव**

### पलामूरू जिला अब होना लगा है हरा-भरा

अलग राज्य के गठन के बाद, तेलंगाना सरकार ने मुख्य रूप से पलामुरू-रंगा रेड्डी उत्थान पर ध्यान केंद्रित किया। अब पलामूरू जिला हरा-भरा होने लगा है। पालमुरु-रंगा रेड्डी लिफ्ट योजना के रूप में, हमने कल पंप के माध्यम से नरलापुर इनटेक से कृष्णा जल पंप करना शुरू कर दिया है। तेलंगाना सिंचाई के इतिहास में यह एक और सुनहरा अवसर है। कल सचमुच त्यौहार का दिन था जब छह जिलों के लोगों की उम्मीदें पूरी हुईं। पलामुरु-रंगारेड्डी लिफ्ट योजना में नहर कार्यों के लिए पहले ही आदेश दिए जा चुके हैं। इससे नगर कुरनूल, महबूब नगर, नारायणपेट, रंगारेड्डी, विकाराबाद, नलगोंडा सहित छह जिलों की 12 लाख 30 हजार एकड़ जमीन सिंचित होगी और 1226 गांवों को पीने का पानी मिलेगा। कलवाकुर्ती, नेट्टमपाडु, बीमा और कोइल सागर लिफ्टिंग योजनाओं के माध्यम से 10 लाख एकड़ की सिंचाई की जा रही है जो पलामुरू में पहले ही पूरी हो चुकी हैं।

# मप्र की महिलाओं को भाई लाड़ली बहना योजना

## गोवा के मुख्यमंत्री ने भी की है लाड़ली बहना योजना की तारीफ

**भोपाल,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। महिला सशक्तीकरण की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना सभी को पसंद आ रही है। हाल ही में एक सर्वे में राज्य के 51 प्रतिशत लोगों ने इसे पसंद किया है और इसे गेमचेंजर माना है। सर्वे में महिलाओं के साथ आम लोगों ने माना है कि लाड़ली बहना योजना गेमचेंजर है। इसी सर्वे में लोगों ने मध्य प्रदेश में बतौर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को अपनी पहली पसंद के रूप में बताया है। प्रतिशत के रूप में बात करें, तो ऐसे लोगों की संख्या 49 प्रतिशत है। खास बात यह भी है कि लाड़ली बहना योजना की चर्चा दूसरे राज्यों में खूब हो रही है। हाल ही में गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा था कि मध्य प्रदेश की महिला सशक्तिकरण की चर्चा पूरे देश में होती है, जिसे सबसे पहले यहां लाड़ली लक्ष्मी योजना के रूप में शुरू किया गया, उसके बाद कन्यादान योजना और लाडली बहना योजना शुरू की गई। मुझे लगता है कि महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने का काम सबसे पहले मध्य प्रदेश में शुरू हुआ और बाद में अन्य राज्यों में शुरू हुआ। मुझे लगता है कि महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण किसी भी राज्य में नहीं है। हाल ही में महज एक क्लिक के जरिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करोड़ों महिलाओं तक राशि पहुंचाई। इन महिलाओं का प्रदेश और केंद्र सरकार के प्रति पहले से अधिक भरोसा बढ़ा है। कई दूसरी योजनाओं का लाभ भी महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी कर रहा है। मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में दो नए आयाम जुड़ गए।



■ गेमचेंजर है मध्य प्रदेश सरकार की लाडली बहना योजना, 51 प्रतिशत को आई पंसद

### लाड़ली बहनों का परिवार अब एक करोड़ 31 लाख पहुंचा

योजना के लिए पात्र बहनों का दायरा बढ़ने से अब लाड़ली बहनों का परिवार एक करोड़ 31 लाख हो गया है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फूलबाग मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खाते में धनराशि हस्तांतरित करने की औपचारिक शुरूआत भी कर दी। 21 से 23 वर्ष की प्रदेश की एक करोड़ से अधिक विवाहित लाड़ली बहनों को प्रतिमाह योजना की धनराशि दी जाएगी। जिससे बहनें स्वावलंब होंगी।

## शाह ने हैदराबाद मुक्ति संग्राम के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को हैदराबाद के मुक्ति संग्राम के दौरान शहादत देने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी। मुक्ति दिवस समारोह के हिस्से के रूप में सिकंदराबाद के परेड मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करने से पहले श्री शाह ने इस अवसर पर हैदराबाद की पहली रियासत के लोगों को बधाई देते हुए 'एक्स' पर संदेश पोस्ट किया। उन्होंने कहा, हैदराबाद के सभी लोगों को हैदराबाद मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं। यह दिन निज़ाम के दुष्ट शासन और उत्पीड़न से आजादी के लिए हैदराबाद राज्य के लोगों की अटूट देशभक्ति और निरंतर संघर्ष का प्रमाण है। आज ही के दिन 17 सितंबर 1948 को हैदराबाद की पहली रियासत का भारतीय संघ में विलय हुआ था।

# छत्तीसगढ़ में चुनाव अभियान शुरू करेंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 25 सितम्बर को छत्तीसगढ़ में अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत करेंगे। छत्तीसगढ़ में इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना के साथ चुनाव होने हैं। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के बाहर अपनी पार्टी का विस्तार करने की योजना बनाई है। अखिलेश समाजवादी पार्टी को एक क्षेत्रीय राजनीतिक दल की वर्तमान स्थिति से एक राष्ट्रीय पार्टी में बदलने की इच्छा रखते हैं। अखिलेश यादव छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अग्रसेन धाम में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। सूत्रों ने बताया कि यात्रा के दौरान सपा प्रमुख के छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मुलाकात करने की संभावना है।



छत्तीसगढ़ एक कांग्रेस शासित राज्य है, और समाजवादी पार्टी ने राज्य में कभी भी विधानसभा या लोकसभा सीट नहीं जीती है। पार्टी की छत्तीसगढ़ इकाई ने 40 विधानसभा सीटों की पहचान की है जहां वह अपने उम्मीदवार उतार सकती है। समाजवादी पार्टी ने घोषणा की है कि वह मिजोरम को छोड़कर सभी राज्यों में चुनाव लड़ेगी। पार्टी पहले ही मध्य प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। अखिलेश की बैठक से पहले, सपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने 40 निर्वाचन क्षेत्रों की एक सूची बनाई ह।

**मरहम** *मणिपुर अधिकार निकाय ने युद्धरत समुदायों के घावों पर लगाया मरहम*

# हिंसा में विभिन्न समुदायों के 70 हजार से अधिक हुए विस्थापित

**इंफाल, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। जब मणिपुर के जातीय दंगों ने राज्य को तबाह कर दिया, जिसमें 175 लोगों की मौत हो गई, 1108 घायल हो गए, विभिन्न समुदायों के 70 हजार से अधिक लोग विस्थापित हो गए, मणिपुर मानवाधिकार आयोग (एमएचआरसी) गैर-आदिवासी मेइतेई और आदिवासी कुकी के लिए रक्षक बन गया।**

मणिपुर के मूल निवासियों के अलावा, न्यायमूर्ति उत्पलेंदु बिकास साहा (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाला एमएचआरसी पूर्वोत्तर राज्य में हिरासत केंद्र में बंद म्यांमार के लोगों के मानवाधिकारों की भी देखभाल करता है, जो म्यांमार के साथ लगभग 400 किमी लंबी बिना बाड़ वाली सीमा साझा करता है। गौहाटी और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति साहा ने इस साल फरवरी में एमएचआरसी के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने के बाद, 375 लंबित मामलों में से 192 मामलों का निपटारा किया और सात महीने से भी कम समय में 199 नए पंजीकृत मामलों में से 180 का निपटारा किया। आयोग के सूत्रों ने कहा कि 2018 से 2022 के बीच 614 मामले दर्ज किए गए, लेकिन केवल 96 मामलों का निपटारा किया गया।



■ अभी तक ज्यादा प्रगति नहीं कर पाया तीन सदस्यीय जांच आयोग

मणिपुर में जातीय हिंसा की जांच के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गठित तीन सदस्यीय जांच आयोग अभी तक ज्यादा प्रगति नहीं कर पाया है। गौहाटी हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश अजय लांबा 3 मई को हुए जातीय संघर्ष की जांच का नेतृत्व कर रहे हैं। केंद्रीय जांच ब्यूरो भी कई मामलों की जांच कर रहा है, लेकिन प्रगति ज्यादा नहीं है।

मैतेई समुदाय की सर्वोच्च संस्था, मणिपुर इंटीग्रिटी पर समन्वय समिति सहित विभिन्न गैर सरकारी संगठन और नागरिक समाज संगठन, मणिपुर में असम राइफल्स के स्थान पर कुछ अन्य केंद्रीय बलों को नियुक्त करने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम, कुकी इंपी मणिपुर (केआईएम) और कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी, सदर हिल्स कांगपोकपी सहित कई आदिवासी संगठन अक्सर मणिपुर पुलिस और मणिपुर कमांडो फोर्स और रैपिड एक्शन फोर्स के खिलाफ विरोध प्रदर्शन आयोजित करते हैं। जबकि मणिपुर घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों के बीच तेजी से विभाजित है, एमएचआरसी आदिवासी कुकी, नागा और गैर-आदिवासी मैतेई लोगों तक पहुंच रहा है और उनकी शिकायतों का निवारण कर रहा है और उनके मानवाधिकारों की रक्षा कर रहा है। न्यायमूर्ति साहा के हस्तक्षेप से, मणिपुर सरकार ने हाल ही में विशेषज्ञ डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को फॉरेनर्स डिटेंशन सेंटर, सजीवा में प्रतिनियुक्त किया है, जहां 24 महिलाओं सहित 136 विदेशियों, ज्यादातर म्यांमार के लोगों को रखा गया है। इस केंद्र की स्थापना इस वर्ष 16 फरवरी को की गई थी।

### टोरंटो फेस्ट में ट्रांसजेंडर महिला पर बनी डॉक्यूमेंट्री 'आई एम सीरत' का प्रीमियर

**टोरंटो।** दिल्ली की एक ट्रांसजेंडर के जीवन पर आधारित दीपा मेहता की डॉक्यूमेंट्री 'आई एम सीरत' का टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर हुआ। डॉक्यूमेंट्री को स्मार्टफोन से शूट किया गया था। 'आई एम सीरत' डॉक्यूमेंट्री ट्रांसजेंडर के जीवन में आने वाली परेशानियों और जटिलता को दर्शाती है। सीरत एक महिला की तरह जीने की अपनी आंतरिक इच्छा को दबाती है, ताकि उसकी मां, एक विवाहित बहन और रिश्तेदारों को अपमानित न होना पड़े। वह अपनी विधवा मां को छोड़ नहीं सकती, क्योंकि वह ही उसका एकमात्र सहारा है। सीरत अपनी मां के साथ एक लड़के के रूप में रहती है और एक ट्रांसजेंडर महिला के रूप में अपने वास्तविक जीवन को जीने के लिए एक कमरा किराए पर लेती है। जब इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए उसके पंजाबी गानों और डांस रील्स के चलते बड़ी संख्या में फॉलोअर्स हो गए।

## सरोज खान का किरदार निभाएगी माधुरी दीक्षित

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित सिल्वर स्क्रीन पर दिवगंत कोरियोग्राफर सरोज खान का किरदार निभाती नजर आ सकती है। फिल्म निर्माता भूषण कुमार, सरोज खान की बायोपिक बनाने जा रहे हैं। इस बायोपिक की कहानी पर निर्देशक हंसल मेहता काम कर रहे हैं। भूषण कुमार ने बताया है कि सरोज खान की बायोपिक का काम लेखन चरण पर है। सरोज खान की जिंदगी के अलग-अलग फेज में उनका रोल निभाने के लिए अभिनेत्रियों की तलाश की जा रही है। एक अभिनेत्री सरोज खान के जवानी के दिनों का किरदार दिखाएगी जबकि दूसरी उनके उम्र के दूसरे पड़ाव का किरदार पर्दे पर लेकर आएगी। इनमें से एक के लिए माधुरी दीक्षित के नाम पर सोचा जा रहा है। माधुरी दीक्षित और सरोज खान का खास गुरु-शिष्य का बॉन्ड रहा था।माधुरी का करियर डिफाइन करने में सरोज खान का बहुत बड़ा हाथ रहा है। माधुरी दीक्षित के ज्यादातर पॉपुलर गाने एक दो तीन से लेकर धक धक तक सभी सरोज खान की वजह से ही हिट रहे। माधुरी ने हमेशा इस बात का ध्यान रखा कि सरोज खान उन्हें कोरियोग्राफ करें।



### विशेषज्ञों का महामारियों से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान

## कोविड घातक महामारियों में से एक, अंत नहीं

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। दुनिया में 6.8 मिलियन से अधिक लोगों को मौत की नींद सुलाने वाली बीमारी कोविड-19 मानव इतिहास में सबसे घातक महामारियों में से एक रही है। लेकिन इसका अंत नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ भविष्य में इससे या इस तरह की बीमारियों से निपटने संबंधी तैयारियों का आह्वान करते हैं। हालांकि कोई भी कोविड के भविष्य की भविष्यवाणी नहीं कर सकता है। हाल ही में संक्रमण में वृद्धि ने ताजा लहरों की चिंताओं को जन्म दिया है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों का सुझाव है कि वायरस कम हो गया है और अतीत की तरह भविष्य में चिंता पैदा नहीं करेगा। हालांकि, उन्होंने उत्परिवर्तन में किसी भी नए बदलाव के बारे में चेतावनी देने के लिए निगरानी जारी रखने की चेतावनी दी, जो नुकसान पहुंचा सकता है।

संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ. ईश्वर गिलाडा ने बताया कि जैसे-जैसे कोविड के मामले बढ़ रहे हैं, लोग सोचते हैं कि यह कोविड की वापसी है। मुझे नहीं लगता कि यह कोविड की वापसी है। हां, कुछ लहरें ऊपर-नीचे होती रहेंगी। क्योंकि जो लोग एक साल या दो साल पहले संक्रमित हो चुके हैं और/या टीका लगवा चुके हैं, उनकी प्रतिरोधक क्षमता कुछ हद तक कम हो जाएगी, इससे उन्हें नए संक्रमण होने का खतरा हो सकता है। हालांकि, डॉ. गिलाडा ने कहा कि संक्रमण हल्के होते हैं और वायरस के प्रक्षेपवक्र को ऑक्सीजन की आवश्यकता वाले लोगों की संख्या, अस्पताल में भर्ती



- महामारी 'एक्स' के खतरे की चेतावनी
- प्रतिरोधक क्षमता में कमी से नए संक्रमण होने का खतरा

होने, आईसीयू देखभाल, वेंटिलेटर समर्थन और मृत्यु दर के माध्यम से मापा जा सकता है। यदि आप इन सभी पांच मापदंडों को देखें, तो वे सभी निम्न, निम्न और निम्न हैं। यही कारण है कि फिलहाल कोविड कोई बड़ी समस्या नहीं बनने जा रही है। वर्तमान में क्या हो रहा है कि मौजूदा इन्फ्लूएंजा, टाइप ए और टाइप बी और आरएसवी की तुलना में कोविड बहुत हल्का हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर हम इन्फ्लूएंजा के बारे में चिंतित नहीं हैं, तो हमें कोविड के बारे में भी चिंतित नहीं होना चाहिए। मई में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने एक 'अपरिहार्य' अगली महामारी 'एक्स' के खतरे की चेतावनी दी, जिससे दुनिया भर में चिंता बढ़ गई। एक्स को पहली बार 2018 में डब्ल्यूएचओ द्वारा पेश किया गया था। दुनिया में कोविड-19 महामारी फैलने से एक साल पहले। यह डब्ल्यू की 'ब्लू प्रिंट सूची प्राथमिकता वाली बीमारियों' में से एक है जो अगली घातक महामारी का कारण बन सकती है और इसमें इबोला, सार्स और जीका शामिल हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि एक्स इस ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है कि एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय महामारी एक ऐसे रोगजनक के कारण हो सकती है, जो वर्तमान में अज्ञात है जो मानव रोग का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण, शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और तेजी से विकसित हो रहे पारिस्थितिकी तंत्र जैसे कारक किसी उभरती महामारी के खतरे को देर-सबेर बढ़ा देते हैं। 76वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की बैठक में, डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस एडनोम घेबियस ने भी एक सख्त चेतावनी जारी की, इसमें दुनिया से अगली महामारी के लिए तैयार रहने का आग्रह किया गया, जिसके बारे में उनका मानना है कि यह कोविड-19 से भी अधिक घातक हो सकती है।

### संक्रमण को पहचानना महत्वपूर्ण

संक्रामक रोग विभाग, अमृता अस्पताल, कोच्चि के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपू टीएस ने बताया कि हालांकि हमने कोविड-19 महामारी की चुनौतियों से पार पा लिया है, लेकिन यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि यह हमारे सामने आने वाली आखिरी महामारी होने की संभावना नहीं है। भविष्य में महामारियां न केवल संभव हैं, बल्कि अत्यधिक संभावित भी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि निपाह, इबोला और मंकीपॉक्स जैसे गंभीर संक्रमण हैं, लेकिन इन बीमारियों का प्रसार हवा से फैलने के बजाय व्यक्ति-से-व्यक्ति के शारीरिक संपर्क से अधिक होता है, जैसा कि कोविड-19 और इन्फ्लूएंजा के साथ देखा गया है। डॉ. गिलाडा ने कहा कि इनके महामारी या सर्वव्यापी महामारी बनने की संभावना नहीं है, क्योंकि उच्च मृत्यु दर और कम ऊष्मायन वाली कोई भी बीमारी लंबे समय तक जीवित नहीं रहती है। 1.6 मिलियन से अधिक वायरस अभी तक खोजे नहीं गए हैं, और इन वायरल परिवारों की वायरल प्रजातियां स्तनपायी और पक्षी मेजबानों में मौजूद होने का अनुमान है।

डॉ. दीपू के अनुसार, भविष्य की महामारियों में हल्के से मध्यम गंभीरता के साथ दुनिया भर में वायुजनित श्वसन संक्रमण शामिल होने की संभावना है। प्लेग जैसे जीवाणु संक्रमण के महामारी अनुपात तक पहुंचने की संभावना नहीं है, जब तक कि वे जैविक युद्ध के संदर्भ में न हों।

## फिल्मी हस्तियों ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुपम खेर, अक्षय कुमार, सलमान खान, सनी देओल, कमल हासन, मोहनलाल, ममूटी, हेमा मालिनी समेत कई फिल्मी हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। अनुपम खेर ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! प्रभु आपको लंबी और स्वस्थ आयु प्रदान करे! आप इतनी ही निष्ठा और कड़े परिश्रम के साथ आने वाले कई सालों तक हमारे भारत का नेतृत्व करते रहें। पिछले 9 सालों में आपने देश को जिस स्थान पर ला खड़ा किया है उससे सभी भारतीय विश्व के हर कोने में गार्वित महसूस करते है। आपके जीवन जीने की शैली अत्यंत प्रेरणात्मक है। मेरी मां जो आपको साधु जी बुलाती है वो भी आपको अपना प्यार भरा आशीर्वाद भेज रही है। जय हो!

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

अक्षय कुमार ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट किया, 'जन्मदिन मुबारक हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी। साल दर साल हमें प्रेरित करते रहें। आपके अच्छे स्वास्थ्य, प्रार्थनाओं और हमेशा खुशियों की कामना करता हूं।'

वहीं सनी देओल ने लिखा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं, मैं आपके सदैव अच्छे स्वास्थ्य और प्रसन्नता की कामना करता हूं। हैशटैग हैप्पी बर्थडे मोदी जी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल ने लिखा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं!

तमिल एक्टर कमल हासन ने लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं! आपके अच्छा स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

हेमा मालिनी ने भी प्रधानमंत्री को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने अपने एक्स पर लिखा कि मोदी जी आज की दुनिया में एक प्रकाश स्तंभ के रूप में खड़े हैं।

दुनियाभर के नेता उन्हें आदर्श के रूप में देखते हैं। वो मोदी जी द्वारा हमारे देश भारत के हित में लिए गए साहसिक फैसलों की सराहना करते हैं। इस नेता ने एक उदारण सेट किया है। उसे जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं।

हेमा मालिनी के अलावा सीनियर एक्टर परेश रावल, सोनू सूद, एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी, वरुण धवन, टाइगर श्रॉफ, मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल, गीतकार प्रसून जोशी, फिल्म निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री और सिंगर अदनान सामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हर्दिक बधाई दी।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन के मौके पर बोले शाहरुख खान, कहा कि काम से कुछ समय निकालिए'

सुपरस्टार शाहरुख खान ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 73वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि उम्मीद करता हूं आप काम से थोड़ा समय निकालेंगे और मजे करेंगे। हाल ही में एक आरटीआई क्वेरी के अनुसार, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा था कि मई 2014 में पहली बार पदभार संभालने के बाद से मोदी ने पिछले 9 वर्षों में एक भी छुट्टी नहीं ली है।

एक सवाल के जवाब में पीएमओ ने कहा था, 'प्रधानमंत्री हर समय ड्यूटी पर रहते हैं। पदभार संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई छुट्टी नहीं ली है।

## गूगल वॉयस एंड्रॉइड व आईओएस पर 'सस्पेक्टेड स्पैम मैसेज' फीचर करेगा शुरु

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। गूगल वॉयस ने एक नया फीचर पेश किया है, जो 'सस्पेक्टेड स्पैम कॉलर वार्निंग्स' के समान है, लेकिन इस बार एसएमएस मैसेज के लिए। एंड्रॉइड और आईओएस दोनों डिवाइसों पर, यूजर्स को अब प्रोफाइल अवतार स्पॉट में दिखाई देने वाले रेड एक्सक्लेमेशन साइन के साथ 'सस्पेक्टेड स्पैम मैसेज' के बारे में अलर्ट किया जाएगा। मैसेज प्रीव्यू में आसान आईडेंटिफिकेशन के लिए मैचिंद कलर में 'सस्पेक्टेड स्पैम' फ्रेज भी शामिल होगा।

गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में कहा कि यदि आप गूगल वॉयस का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आप हमारे 'सस्पेक्टेड स्पैम कॉलर वार्निंग्स' से परिचित होंगे। हम इस फीचर को एंड्रॉइड और आईओएस डिवाइस पर एसएमएस मैसेज तक बढ़ा रहे हैं। यूजर्स को मैसेज के भीतर ये लेबल दिखाई देंगे और वे किसी 'सस्पेक्टेड स्पैम मैसेज' की पुष्टि कर सकते हैं, जिसके कारण उस नंबर से भविष्य में आने वाले मैसेज सीधे स्पैम फोल्डर में चले जाते हैं या लेबल किए गए मैसेज को 'नॉट स्पैम' के रूप में चिह्नित कर सकते हैं, जिसके बाद उस नंबर के लिए संदिग्ध स्पैम लेबल फिर कभी प्रदर्शित नहीं होगा।

ये स्पैम टेक्स्ट प्रोटेक्शन फ्री और पेड गूगल वॉयस अकाउंट्स (स्टार्टर, स्टैंडर्ड और प्रीमियर) दोनों के लिए उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार,




इसे फिलहाल लॉन्च किया जा रहा है और आने वाले हफ्तों में यह व्यापक रूप से उपलब्ध होगा। इस बीच, गूगल ने बीटा यूजर्स के लिए जीबोर्ड में एक आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई)-संचालित 'प्रूफरीड' फीचर शुरू कर दिया है।

9टू5 गूगल की रिपोर्ट के अनुसार, जीबोर्ड वर्जन 13.4 के साथ कीबोर्ड के टूलबार में 'प्रूफरीड' ऑप्शन दिखाई देता है, जो वर्तमान में एंड्रॉइड पर बीटा में है, जो यूजर्स को स्पेलिंग या ग्रामर एरर के लिए अपने टेक्स्ट की जांच करने की अनुमति देता है, यह सब जेनरेटिव एआई द्वारा संचालित होता है।

यह फीचर हमारे पिक्सेल फोल्ड पर गूगल के सामान्य जेनरेटिव एआई प्रतीक के साथ 'फिक्स्ड इट' प्रांप्ट के रूप में दिखाई दी। फिर एक पॉप-अप बताता है कि प्रूफरीडिंग कैसे काम करती है, अगर आप फीचर इनेबल करते हैं तो टेक्स्ट प्रोसेसिंग के लिए गूगल को भेजा जाएगा।

### साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स

## सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित हुए एनटीआर जूनियर

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार एनटीआर जूनियर फिल्म आरआरआर के लिए साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के पुरस्कार से सम्मानित किये गए। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में अपने बेस्ट परफॉर्मन्स के लिए साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है। एस.एस. राजामौली द्वारा निर्देशित फिल्म आरआरआर में एनटीआर जूनियर ने कोमाराम भीम के चरित्र को जीवंत कर दिया था। एक आदिवासी नेता, उग्र और निडर कोमाराम भीम का एनटीआर जूनियर द्वारा निभाया गया किरदार दर्शकों को बहुत पसंद आया था।

आरआरआर की टीम और अपने फैंस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, एनटीआर जूनियर ने कहा कि मैं अपने सह-कलाकार, मेरे भाई, मेरे दोस्त चरण को आरआरआर के समर्थन के स्तंभ के रूप में मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद करना



चाहूंगा। मैं अपने सभी फैंस को धन्यवाद देना पसंद करूंगा। मैं अपने फैंस को नमन करता हूं जो मेरे हर उतार-चढ़ाव में हमेशा मेरे साथ रहे हैं। आप हर समय मेरे समर्थन के स्तंभ रहे हैं। एनटीआर जूनियर इन दिनों फिल्म देवारा की शूटिंग कर रहे हैं, जो 05 अप्रैल 2024 को पूरे भारत में रिलीज़ होगी।

## माइक्रोसॉफ्ट एज ने टैबलेट-फ्रेंडली 'वेब सेलेक्ट' फीचर बंद किया

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। माइक्रोसॉफ्ट ने एज ब्राउजर से अपना सबसे प्रशंसित फीचर 'वेब सेलेक्ट' बंद कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक सपोर्ट डॉक्यूमेंट में कहा कि अंतिम-यूजर अनुभव को बेहतर बनाने के लिए, वेब चयन सुविधा को 'समाप्त किया जा रहा है और अब वेब कैप्चर के तहत या कीबोर्ड शॉर्टकट के माध्यम से एक विकल्प नहीं होगा।' ब्लीपिंगकंप्यूटर के अनुसार, उपयोगकर्ता इस टूल का उपयोग वेब सामग्री को उसके प्रारूप और कार्यक्षमता को बनाए रखते हुए कैप्चर और कॉपी करने के लिए कर सकते हैं। वेब सेलेक्ट, जिसे मेनू या कंट्रोल+शिफ्ट+एक्स शॉर्टकट के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता था, इस मामले में स्क्रीनशॉट टूल से बेहतर है। इसके अलावा, उपयोगकर्ता स्थिर छवियों की बजाय कॉपी किए गए टेक्स्ट के साथ इंटरैक्ट कर सकते हैं, जैसे इसे संपादित करना या एम्बेडेड लिंक तक पहुंचना। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सुविधा विशेष रूप से तब उपयोगी थी जब यूजर टेबल के किसी हिस्से को उठाना चाहते थे, जिससे उन्हें तेजी से कॉपी बनाने के लिए अनावश्यक कॉलम छोड़ने का विकल्प मिलता था।

पिछले महीने, आईओएस और एंड्रॉएड के बाद, माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज 11 पर अपने डिजिटल असिस्टेंट कोरटाना ऐप को बंद करने की घोषणा की थी।

## देव फेस्टिवल में हेमा मालिनी सहित कई फिल्मी हस्तियां करेंगी शिरकत

**जयपुर,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। मशहूर फिल्म अभिनेता देव आनंद की सौवीं जयंती पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में 24 से 26 सितम्बर तक आयोजित जयपुर देव फेस्टिवल में प्रसिद्ध अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी सहित कई फ़िल्मी हस्तियां शिरकत करेंगी।

'द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी', जयपुर द्वारा श्री आनंद की सौंवी जयंती के उपलक्ष्य में 24 सितम्बर से तीन दिवसीय एक यादगार एवं भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। द एवरग्रीन देव आनंद सोसाइटी अध्यक्ष रवि कामरा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि समारोह के पोस्टर का विमोचन शनिवार को किया गया। समारोह में आज भी युवाओ के हरदिल अजीज फैशन स्टाइल आइकॉन देव आनंद से जुड़े लम्हों को याद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 24 सितम्बर शाम छह बजे से देव साहब को समर्पित 'गाता रहे मेरा दिल' गीतों भरी संगीतमय शाम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना डूंगरी में होगी वहीं 25 सितम्बर को जवाहर कला केंद्र में एक पोस्ट एंड टेलीग्राफ डिपार्टमेनेट के द्वारा फिल्म अभिनेताओं की पोस्टल स्टाम्प प्रदर्शनी होगी। 26 सितम्बर सुबह 10 बजे जवाहर कला केन्द्र में जयपुर के 10 से अधिक कॉलेजों के विद्यार्थी देव साहब पर केन्द्रित म्यूजिकल प्रश्नोत्तरी में भाग लेंगे जिसका संचालन रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र सुराना करेंगे। उसी दिन शाम छह बजे विश्वविख्यात सिनेमा घर राज मंदिर में देव साहब के दीवानो के मध्य फिल्म जगत की जानी-मानी अदाकारा हेमा मालिनी, लेखक एवं पदमश्री भावना सोमैया, प्रोडूसर अमित खन्ना शिरकत करेंगे



वहीं जयपुर के म्यूजिक आइकॉन पदम् भूषण ग्रामी अवार्ड विजेता पंडित विश्वमोहन भट्ट द्वारा मोहन वीणा पर लाइव परफॉर्मन्स विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिटी लाइव चैनल के माध्यम से किया जाएगा। इस अवसर पर जयपुर के कई सिनेमाघरों में देव आनंद की फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## राधाष्टमी पर बरसाने की ओर चुम्बक की तरह खिंचे चले आते हैं श्रद्धालु

**मथुरा,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। राधारानी का जन्म भले ही उनके ननिहाल रावल में हुआ हो किंतु बरसाने में श्यामसुन्दर के साथ लीला करने और उनका पैतृक गांव होने के कारण उनके गांव बरसाने में डार डार अरू पात पात में राधे राधे की ऐसी प्रतिध्वनि होती है कि

- बरसाने के मन्दिरों में राधाष्टमी का आयोजन 23 को

राधाष्टमी पर बरसाने की ओर तीर्थयात्री चुम्बक की तरह खिंचे चले आते हैं।

इस बार बरसाने के मन्दिरों में राधाष्टमी 23 सितम्बर को मनाई जाएगी। वैसे तो ब्रज के अधिकांश मन्दिरों में राधाष्टमी धूमधाम से मनाई जाती है पर बरसाने का आकर्षण निराला इसलिए होता है कि यहां पर राधाष्टमी का पर्व पूर्णिमा तक अलग अलग तरीके से मनाया जाता है। जिस प्रकार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर तीर्थयात्रियों का हजुम



जुड़ता है उसी प्रकार राधाष्टमी पर तीर्थयात्रियों का हजूम बरसाने में जुड़ता है तथा एक प्रकार से बड़ा मेला सा लग जाता है जिसके कारण प्रशासन को वहां की व्यवस्थाएं ऐसी करनी पड़ती है कि तीर्थयात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी भी न हो और कोई घटना न घटे।

व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को सात सुपर जोन और 16 सेक्टर में विभाजित किया गया है तथा 39 पार्किंग बनाए गए हैं। पार्किंग एरिया को समतल कराने, उस पर रैंप बनाने, पेयजल, शौचालय एवं प्रकाश की व्यवस्था करने तथा चेकर्ड प्लेट की व्यवस्था करने, साइनबोर्ड लगाने को कहा गया है। पार्किंग के बाद एक निश्चित सीमा से आगे कोई वाहन नही जाएगा तथा मन्दिर में जाने के लिए वन वे सिस्टम लागू करने तथा मन्दिर तक पहुंचने के लिए दस बाक्स बनाने को कहा गया है। एक बार में एक बाक्स में मौजूद तीर्थयात्री ही मन्दिर में प्रवेश कर सकेंगे और उनके तीन निकास द्वारों में से किसी से निकल जाने के बाद ही अगले बाक्स के तीर्थयात्री मंदिर में जा सकेंगे। लाड़ली मन्दिर के रिसीवर रासबिहारी गोस्वामी ने बताया कि 23 सितम्बर को चार बजे से पांच बजे के मध्य दूध, दही, धी, बूरा, शहद, औषधियों, बनौषधियों से राधारानी का अभिशेष होगा किंतु इसके पहले मन्दिर के अन्दर ही मूल नक्षत्र में पैदा होने के कारण राधारानी की मूल शांति 27 कुओं के जल, 27 पेड़ों की पत्ती, 27स्थानों की रज, 27 प्रकार के फल, 27 प्रकार के अनाज आदि से होगी। लगभग पौन घंटे के बाद मंगला आरती साढ़े 8 बजे श्रंगार आरती और फिर नन्दगांव, बरसाने के गोस्वामियों द्वारा बधाई गायन होगा।

## सोनी राजदान ने डबल-डेकर बेस्ट बसों में यात्रा के बारे में बात की, किया पुराने दिनों को याद

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अनुभवी एक्ट्रेस सोनी राजदान ने एक नोट पोस्ट कर कॉलेज जाने या 'बॉम्बे' में डबल डेकर बेस्ट बसों में दोस्तों से मिलने के लिए अपने पुराने दिनों के बारे में बात की। सोनी राजदान ने कहा कि उन्हें शोर-शराबे वाली सीढ़ियां चढ़ने और आगे की सीटें खाली मिलने का रोमांच अभी भी याद है।

सोनी राजदान ने इंस्टाग्राम पर पुरानी बेस्ट बस और एक नई बस की तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि एक और आइकन हमें अलविदा कह गया। पहले बॉम्बे और मुंबई की डबल डेकर बस, जिसके साथ मैं बड़ी हुई और जिसे मैं हर दिन कॉलेज जाते समय और कोलाबा में दोस्तों से मिलने के लिए इस्तेमाल करती थी। शोर-शराबे वाली सीढ़ियां चढ़ने और आगे की सीटें खाली मिलने का रोमांच अभी भी याद है। वहां से सड़कें आकर्षक लगती थीं। केवल एक राइड ने ही व्यक्ति को सोचने के लिए बहुत कुछ दे दिया। मुझे भीड़-भाड़ वाली सड़कों पर कुछ इमारतों की निकटता याद है और कई बार मुझे वहां के कमरों की झलक मिल जाती थी। हर उस



दिशा में जीवन अस्त-व्यस्त था जहां लोग अपना दिन बिताते थे चाहे खाना हो या सफ़ाई करना हो या बच्चे को तैयार करना।

डबल-डेकर बसों को अलविदा कहते हुए, उन्होंने कहा कि यदि मैं एक आर्टिस्ट होती तो वह सब मेरी प्रेरणा होती, और मेरे 'घर' अब तक कहीं न कहीं किसी गैलरी में आर्ट के काम होते।

देशबन्धु

रायपुर, सोमवार 18 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# जन्मदिन का जश्न और परेशान जनता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार 17 सितम्बर को अपना 73 वां जन्मदिन बनाया। उनके पिछले जन्मदिन पर अफ्रीका से लाए गए 8 चीते मध्यप्रदेश के कूनो में छोड़े गए थे। हरेक चीते को लाने में 3 हजार डॉलर का खर्च आया। बाद में दूसरी खेप में भी चीते आए, लेकिन साल भर के भीतर एक के बाद एक चीतों की मौत पर अब चिंता का आलम है। भारत में विलुप्त हो चुके चीतों को लाने की योजना बरसों से बनी हुई है और उस पर अब अमल किया गया। हो सकता है इस फैसले को पूरी तरह से जांचा-परखा नहीं गया, तभी तो शायद चीतों को जिंदा रहने के लिए अनुकूल वातावरण नहीं मिला। चीते अगर 17 सितंबर की जगह किसी और तारीख को भी आते, तब भी उनका यही अंजाम होता। मगर प्रधानमंत्री इस मौके को अपने जन्मदिन पर भुनाने का मोह संवरण नहीं कर सके। उन्हें हर हाल में प्रचार चाहिए, फिर चाहे वो चीतों से हो या कन्वेंशन सेंटर के उद्घाटन से। दरअसल इस साल प्रधानमंत्री ने 17 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में बने यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर का उद्घाटन किया। बताया जा रहा है कि इस सेंटर में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की मीटिंग, कांफ्रेंस, ट्रेड शो आदि के आयोजन के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने 30 हजार करोड़ की विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की। बताया जा रहा है कि इससे पारंपरिक शिल्प और कारीगरी से जुड़े 30 लाख परिवारों को मदद मिलेगी। साथ ही श्री मोदी ने एक नए मेट्रो स्टेशन का भी उद्घाटन किया। दिल्ली मेट्रो में सफर करते हुए आम यात्रियों के साथ उनकी सेल्फी वाली कई तस्वीरें भी सामने आई हैं।

इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के लिए भी प्रधानमंत्री ने अचानक मेट्रो से सफर किया था। खाली स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों से अकेले उतरते श्री मोदी की तस्वीरें बहुत से लोगों को याद होंगी। अगले साल चुनाव होने वाले हैं और पिछले 9 सालों में चाय वाला, गरीब का बेटा और फकीर की चक्की खूब पीसी गई है, अब उससे और ज्यादा हासिल नहीं किया जा सकता, इसलिए खुद को आम आदमी जैसा दिखाने या बताने के लिए शायद प्रधानमंत्री अपनी महंगी गाड़ी की जगह मेट्रो में कभी-कभार दिखाई दे रहे हैं। ये शायद राहुल गांधी से मिल रही अघोषित चुनौती का असर भी हो सकता है। क्योंकि राहुल गांधी पिछले दिनों आम लोगों के बीच उन्हीं की तरह सवारी करते हुए पहुंच रहे हैं। भाजपा समर्थक अगर मोदी को महानायक बताने में लगे हैं तो राहुल गांधी के लिए जननायक जैसी पदवी गढ़ी जा चुकी है। लोकतंत्र के लिए जननायक की ही जरूरत होती है, महानायक की नहीं। बहरहाल, श्री मोदी प्रधानमंत्री हैं, तो उनके लिए यह सुरक्षा कारणों से संभव नहीं है कि वे ट्रक में या किसी स्कूटी के पीछे बिठाई दें। वैसे भी उन्हें विरोध से कितना डर लगता है इसका नमूना पिछले पंजाब चुनाव में दिख ही गया था, जब वे जरा से विरोध के कारण अपनी रैली रद्द करवा कर वापस लौट गए थे और साथ में संदेश दे दिया था कि मैं जिंदा लौट आया।

श्री मोदी के जन्मदिन पर उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना की जा रही है। ऐसी ही कामनाएं उन सैनिकों के परिजन भी करते होंगे जो सीमा पर तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। ऐसे ही तीन अधिकारी अभी जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए। इधर अधिकारियों की शहादत हुई, उधर भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री पर फूलों की बरसात कर इस बात के लिए उनका सत्कार किया गया कि उन्होंने जी-20 की सफल मेजबानी की। बड़ा नेता यानी महानायक तो वो होता है, जो ऐसे टीम वर्क का श्रेय खुद न लेकर अपने साथियों और छोटे से छोटे कर्मचारियों को दे। भाजपा अगर उनका स्वागत करती, तो कोई सवाल नहीं उठते। लेकिन अधिकारियों की शहादत के मौके पर प्रधानमंत्री ने अपना स्वागत करवाया तो उन पर संवेदनहीन होने का आरोप लगा। ये आरोप भी मिट जाता, लेकिन फिर अगले ही दिन मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने फिर बड़े तामझाम के साथ सरकारी योजनाओं का उद्घाटन किया। उत्सवों का यह सिलसिला अब रोका जा सकता था, लेकिन रविवार को फिर करोड़ों का खर्च करके उद्घाटन जैसे कार्यक्रम हुए और प्रधानमंत्री सहर्ष इसमें शामिल हुए। वे चाहते तो कह सकते थे कि अभी हमारी माटी फिर शहीदों के खून से लाल हुई है, इसके दाग अभी छूटे नहीं हैं, इसलिए मैं अपना जन्मदिन नहीं मनाऊंगा। लेकिन श्री मोदी फिर चूक गए। उन्होंने शहीदों की याद में ही अपनी माटी, अपना देश कार्यक्रम पिछले महीने शुरु किया और इतनी जल्दी उस कार्यक्रम पर मिट्टी डाल दी।

प्रधानमंत्री के जन्मदिन से दो दिन पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का जन्मदिन था, जिस पर उन्होंने साफ कह दिया था कि वे शहीदों की याद में कोई जश्न नहीं करेंगे, सादगी से जन्मदिन मनाएंगे। किसान आंदोलन के वक्त 3 जनवरी 2021 को दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी अपने जन्मदिन का जश्न रद्द किया था कि किसान कड़कती ठंड में खुले आसमान के नीचे बैठे हैं, शहीद हो रहे हैं, तो मैं जन्मदिन कैसे मनाऊं। गलवान में भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद राहुल गांधी ने भी अपना जन्मदिन नहीं मनाया था। ऐसी अनेक मिसालें देखी जा सकती हैं। लेकिन श्री मोदी आत्ममुग्धता और प्रचार की नयी मिसालें गढ़ने में लगे हुए हैं।

जम्मू-कश्मीर में शहीद हुए मेजर आशीष धौंचक के परिजनों ने सरकार से सेना के लिए बुलेटप्रुफ वर्दी की मांग की है, क्योंकि दो गोलियां लगने के बावजूद आतंकियों से भिड़ने वाले मेजर धौंचक की मौत इसलिए हुई, क्योंकि उनके पास बुलेटप्रुफ वर्दी नहीं थी। क्यों नहीं थी, इसका कारण सरकार और सेना ही बता सकती है। अगर वित्तीय समस्या के कारण हमारे सैनिक कम संसाधनों के साथ मोर्चे पर तैनात हैं, तो फिर सवाल उठता है कि सरकार की प्राथमिकता क्या है, विश्व स्तरीय सम्मेलन कक्ष या फिर सैनिकों के लिए बुलेट प्रुफ वर्दी। एक खबर और आई है कि इसरो के चंद्रयान अभियान के लिए लॉंच पैड बनाने वाले 2,800 कर्मचारियों को बीते 18 महीने से वेतन नहीं मिला है। रांची के धुर्वा स्थित हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) के अधिकतर कर्मचारी वेतन न मिलने से फाकाकशी को मजबूर हो चुके हैं। बीबीसी की खबर है कि कर्ज में डूबे कई कर्मचारी चाय या इडली बेचकर अपना गुजारा कर रहे हैं। एचईसी केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम है, और भारी कर्ज में है। पिछले पांच सालों से लगातार घाटे में है। लेकिन सरकार को न घाटे की परवाह है, न आर्थिक दिक्कतें झेल रहे कर्मचारियों की।

प्रधानमंत्री अगर अपने जन्मदिन पर देश के परेशान लोगों की सुध लेते, तो शायद इससे सही संदेश जनता में जाता।

# विपक्षी एकता को बचाना बड़ी चुनौती



शकील अख्तर

**आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा।**

इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव कांग्रेस का भविष्य तय करेंगे। पांच राज्यों में चुनाव हैं। और कांग्रेस इन पांचों राज्यों में चुनाव जीतने की मुख्य दावेदार है। तीन राज्यों में तो उसका सीधा मुकाबला भाजपा से है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में और तेलंगाना में वहां मौजूद केसीआर की सरकार से। पांचवे राज्य मिजोरम में क्षेत्रीय दल प्रभावी हैं। और राष्ट्रीय पार्टी के तौर पर कांग्रेस। मगर भाजपा ने पूरे उत्तर पूर्व में क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस को भी तोड़कर अपनी सरकारें बना रखी हैं। पहाड़ी राज्यों के पास अपने आर्थिक रिसोर्सेस बहुत कम होते हैं। इसलिए वह केन्द्र पर बहुत निर्भर रहती है। केन्द्र में जिसकी सरकार होती है उत्तर पूर्व के राज्य और जम्मू-कश्मीर, उस पार्टी से मिलकर ही चलते हैं। फारुख अब्दुल्ला ने एक बार कहा था कि केन्द्र में अगर शैतान की सरकार भी हो तो हमें उसके साथ मिलकर चलना पड़ेगा।

खैर तो यह विधानसभा चुनाव बताएंगे कि कांग्रेस इसके बाद मजबूत होती है या कमजोर। अगर वह कमजोर हो गई तो इंडिया गठबंधन में भी उसकी हैसियत कमजोर हो जाएगी। यह नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों का इन्डिया गठबंधन कमजोर होगा। इन्डिया गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी से लड़ने का भरोसा दे रहा है। जब तक वह मोदी जी के खिलाफ मुखर रहेगा अपनी ताकत को बरकरार रखेगा। देश में अब राजनीति साफ तौर पर मोदी समर्थक और मोदी विरोधियों के बीच बंट गई है। इसमें न कांग्रेस न कोई और विपक्षी दल और न ही सत्तारुढ़ भाजपा किसी का कोई बड़ा असर नहीं बचा है।

अगले लोकसभा चुनाव में सीधी लड़ाई है मोदी बनाम मोदी विरोधी। तो इसलिए विधानसभाओं में कांग्रेस के अच्छा प्रदर्शन न कर पाने से कांग्रेस जरूर कमजोर होगी मगर इन्डिया नहीं। लेकिन हां! कांग्रेस के कमजोर होने से विपक्षी दलों के बीच उसकी स्थिति जरूर कमजोर हो जाएगी।

आज भी विपक्षी दलों में कांग्रेस से ज्यादा राहुल गांधी की स्वीकृति और प्रभाव है। कांग्रेस को लेकर विपक्षी दलों में बहुत सारे संशय और सवाल हैं। मगर राहुल को लेकर सबमें एक आश्वस्ति का भाव है कि वे जो कहते हैं करते हैं। राजनीति का उपयोग अपने ही लोगों को काटने छांटने में नहीं करते। अगर कांग्रेस के क्षत्रपों ने मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ का चुनाव खुद को केन्द्र में रखकर लड़ा तो उनके लिए चुनाव मुश्किल हो जाएगा। तीनों राज्यों के स्थानीय नेताओं कमलनाथ, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल को याद रखना चाहिए कि 2018 का चुनाव राहुल गांधी जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थे कि मेहनत ने उन्हें जिताया था। और उसी राहुल गांधी को कांग्रेसियों ने क्या रिटर्न गिफ्ट दिया? 2019 में उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया।

बहरहाल वह अलग विषय है। और कांग्रेसी जिस पर बात करना बिल्कुल पसंद नहीं करते हैं। वे तो राहुल का सिर्फ उपयोग करते हैं। और नुकसान हो जाने हार पर बड़ी आसानी से उन पर दोष मढ़ देते हैं। लेकिन इन्डिया के नेता ऐसा नहीं समझते। वे राहुल को असेट (वरदान) मानते हैं। अभी तक इन्डिया की तीन मीटिंगें हुईं। पटना, बेगलुरू और मुबंई। तीनों में हीरो राहुल ही रहे। विपक्ष का हर नेता उनसे बात करना चाहता था। और समझ रहा था कि लोकसभा चुनाव में अगर बाजी पलटने की ताकत किसी में है तो वह हमारे साथ मिलकर राहुल गांधी में है।

अगले लोकसभा चुनाव पर समझने से पहले 2014 और 2019 के नतीजे हमेशा याद कर लेना चाहिए। कांग्रेस बहुत बुरी तरह हारी है। तो अब अगर उम्मीद है तो इसलिए कि विपक्ष एक है। और वह राहुल पर पूरी तरह भरोसा कर रहा है। मोदी जी आज जिस तरह भाजपा से भी बड़ी ताकत बन गए हैं और पार्टी से बाहर जाकर भी उन्होंने अपने भक्तों का एक बड़ा समूह तैयार कर लिया है उससे अगर कोई मुकाबला कर सकता है तो वह राहुल की हिम्मत ही है। मगर राहुल को उसके लिए एकजुट विपक्ष चाहिए। जो आज बन गया है। इसलिए 2024 की लड़ाई तो मजेदार होगी। बस देखना यह है कि उसमें कांग्रेस आज की तारीख से ज्यादा मजबूत होकर खड़ी होगी या कमजोर होकर।

विधासनसभा चुनावों के ओपिनियन पोल आने लगे हैं। देशबन्धु के सहयोगी चैनल डीबी लाइव ने तीनों राज्यों छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बहुत हकीकत के करीब के संभावित नतीजे बताए हैं। तीनों जगह कड़ा मुकाबला है। अब तक कांग्रेस यह समझ रही थी कि तीनों राज्यों में वह आसानी से सरकार बना लेगी। मगर डीबी लाइव का ओपीनियन पोल कांग्रेस के लिए एक बड़ा अलार्म है। जाग जाने के लिए। तीनों राज्यों के नेता अपने अपने राज्यों में बीजेपी की हालत खराब समझ रहे थे। मगर ओपिनियन पोल ने बताया कि हर जगह वह कड़े मुकाबले में है। और खरगोश की तरह जीत के विश्वास में कांग्रेस सो रही है। और कछुआ लगातार अपनी चाल से चला जा रहा है।

कांग्रेस के नेता किस तरह खुद को सर्वेसर्वा मान रहे हैं इसका एक उदाहरण। इन्डिया गठबंधन ने अपनी पहली कोआर्डिनेशन मीटिंग में एक बड़ा फैसला किया। पहली जनसभा का स्थान तय कर लिया गया। मुंबई की तीसरी बैठक में जो बड़े फैसले हुए थे उनमें था देश भर में चार-पांच जगह इन्डिया की बड़ी जनसभाएं करना। पहली जनसभा भोपाल को मिली। यह बड़ी बात थी। शिवराज सिंह चौहान हिल गए थे। मगर खुद कमलनाथ ने ही वह सभा रद्द कर दी। मुख्यमंत्री शिवराज अचानक हमलावर हो गए। कहने लगे कि हमसे डर कर मीटिंग कैंसिल की है। मीटिंग का फैसला इन्डिया की मीटिंग में हुआ था। रद्द करने का भी उसी को बताना चाहिए था। कारण सहित।

अब अगर मध्य प्रदेश कांग्रेस ने मना कर दिया तो क्या राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस करवाएंगी। अगर करवाती हैं तो यह मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए बड़ा गलत संदेश जाएगा। और अगर यह दोनों भी नहीं करवाती हैं तो देश भर में गलत संदेश जाएगा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया की कोई पूछ ही नहीं है। क्या जब भोपाल का नाम तय किया था तो वहां मध्य प्रदेश कांग्रेस से नहीं पूछा था? और क्या जब कमलनाथ ने कैंसिल करने का अचानक ऐलान किया तो उससे पहले इन्डिया के दलों को विश्वास में लिया गया था?

अभी नीतीश कुमार जिनके ही प्रयासों से यह विपक्षी एकता हुई है कह रहे हैं कि 14 एंकरों के बायकाट का उन्हें पता ही नहीं! ऐसा क्यों? बड़े फैसलों से पहले सबको विश्वास में लेना चाहिए।

यह विपक्षी एकता बड़ी मुश्किल से बनी है। और यही एक मात्र चीज है जो मोदी जी को ठीक से चैलेंज कर सकती है। इसे अतिरिक्त मेहनत करके बचाना पड़ेगा। मोदी सरकार और मीडिया पूरी ताकत लगाए हुए हैं इसे तोड़ने को। तमाम अफवाहें रोज फैलाई जा रही हैं। मगर अभी सब एक हैं तो केवल इस आधार पर कि अगर मोदी तीसरी बार भी आ गए तो फिर कोई नहीं बचेगा। न विपक्षी दल न लोकतंत्र। तो जब तक यह डर है विपक्ष एक रहेगा।

मगर याद रखना चाहिए कि मोदी जी आखिरी-आखिरी तक विपक्ष को तोड़ने की कोशिश जारी रखेंगे। जब ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट, जेल से काम नहीं चलेगा तो फिर लालच और सुरक्षा की गारंटी भी दी जाएगी। कोई हरबा छोड़ा नहीं जाएगा।

विपक्ष की सावधानी में ही उसकी सुरक्षा है। कोई भी नेता खुद को विपक्षी एकता से बड़ा समझने की कोशिश नहीं करे। यह क्षत्रपों की लड़ाई नहीं है। विकट योद्धाओं की है। करो या मरो वाली। भाजपा के सारे नेता मोदी जी के पीछे लामबंद हो गए हैं। ऐसे ही विपक्षी नेताओं को अपने इन्डिया गठबंधन के साथ तनकर खड़े हो जाना चाहिए।

# नफ़रत के खिलाफ असहयोग आंदोलन

■ मोहित कुमार पांडेय

**नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें कीं।**

हाल ही में इंडिया गठबंधन ने मीडिया के कुछ एंकरों की एक लिस्ट जारी करते हुए कहा कि वे अमुक एंकरों के कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं लेंगे। हालांकि इंडिया गठबंधन द्वारा जारी वक्तव्य में उनका मंतव्य बहुत स्पष्ट नहीं था, लेकिन बाद में उनकी तरफ से आए बयानों से ये साफ हुआ कि इंडिया गठबंधन की पार्टियों के प्रवक्ता इन एंकरों द्वारा चलाई जा रही नफरती बहसों का हिस्सा नहीं बनेंगे। गौर करने वाली बात यह है कि इंडिया गठबंधन के वक्तव्य में न तो चैनलों के बहिष्कार की बात थी और न ही उनके कार्यक्रमों पर रोक लगाए जाने की बात। इंडिया गठबंधन ने नफरती टीवी कार्यक्रमों के साथ असहयोग करने की उस बात को अपने वक्तव्य में शामिल किया, जिसे जनता, बुद्धिजीवियों व पत्रकारों का एक हिस्सा काफी दिनों से कह रहा है। ये पहली दफा नहीं है कि नफरत फैलाने वाले टीवी कार्यक्रमों के खिलाफ आवाज उठी है। हम जमीन से आने वाली मीडिया बाइटों, ढेर सारे आंकड़ों में ये बात देखते रहते हैं कि नफरत के कंटेंट से ऊब व जनता के मूल मुद्दे नदारद होने के चलते कई लोगों ने कहा है कि उन्होंने टीवी देखना छोड़ दिया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि जब हम मीडिया को लोकतंत्र का चौथा खंभा कहते हैं, तो बाकी खम्भों की तरह उसे भी परखने व उसकी गलतियों को उजागर करने की जिम्मेदारी जनता से जुड़ी संस्थाओं व स्वयं जनता की होती है। चैनलों के न्यूजरूम में होने वाली बहसों, बहसों को फ्रेम करने के तरीकों, बहसों के ग्राफ़िकों व बहसों के दौरान होने वाली जूतम-पैजार से असहमति दिखाने का अधिकार भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार में आता है। समय-समय पर भारत के न्यायालयों ने अपने आदेशों या टिप्पणियों में भी ये कहा है कि अगर आप किसी कंटेंट से सहमत नहीं हैं तो आप उसे मत देखिए।

इंडिया एक राजनीतिक पार्टियों का गठबंधन है, जिसे अंततः वोट मांगने के लिए जनता के बीच में जाना होता है। अगर कल को इन पार्टियों के नेताओं से जनता की ओर से ये सवाल पूछा गया कि आप उन बहसों का हिस्सा क्यों बनते हैं जिनसे रोजगार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य के मुद्दे गायब हैं और जिनमें केवल नफरत को परोसा जाता है, तो इन नेताओं को जनता के बीच जवाब तो देना पड़ेगा।

इस मुद्दे पर कई पत्रकारों, इन 14 एंकरों व कई अन्य लोगों की तरफ से बहस छेड़ी गई कि ये प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला है। सत्ताधारी दल भाजपा ने तो इसकी तुलना 'आपतकाल' से तक कर डाली। लेकिन गौरतलब है कि किसी ने ये तर्क नहीं दिया कि इंडिया गठबंधन का ये फ़ैसला क्या किसी पत्रकार की आवाज दबा रहा है? क्या इस फैसले ने इन पत्रकारों की आवाज को नियंत्रित करने का प्रयास किया है? इंडिया गठबंधन ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक मजबूत हथियार 'असहयोग' को अपनाते हुए जनता की भावना को अपने प्लेटफ़ॉर्म से रखा है और कहा है कि वे अब नफरत के तले आम जनता के मुद्दों को दबाने वाले संचार मॉडल का हिस्सा नहीं बनेंगे।

नफरत का संचार मॉडल वैश्विक पटल पर एक स्थापित मॉडल है। 'रवांडा रेडियो' जैसे संचार मॉडलों के उदाहरणों से पता चलता है कि कैसे मीडिया की ऑडीओ विजुअल तकनीक का प्रयोग कर समाज में व्यापक स्तर पर नफ़रत के बीज बोए जाते हैं। न्यूजलौंड्री की एक रिपोर्ट ने पिछले साल इन 14 एंकरों में से कुछ एंकरों के कार्यक्रमों का अध्ययन किया। इस लिस्ट में मौजूद पूर्व में डीएनए नाम से कार्यक्रम करने वाले एक एंकर ने कुल 73 में से 28 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं, जबकि महंगाई पर मात्र 2 व रोज़गार के मुद्दे पर 0 बहसें कीं। उसी तरह से एक अन्य एंकर ने 'सवाल पब्लिक का' नाम से आने वाले कार्यक्रम में 68 में से साम्प्रदायिक मुद्दों पर 29 बहसें कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं। एक अन्य एंकर, जिन्होंने इंडिया समूह के इस एक्शन को प्रेस पर हमला बताया, उन्होंने 'आर-पार' के नाम से आने वाले अपने कार्यक्रम में 68 बहसों में से 43 बहसें साम्प्रदायिक मुद्दों पर कीं और रोज़गार व महंगाई के मुद्दे पर 0 बहसें कीं।

ग़ौरतलब है कि ये आंकड़े टीवी मीडिया में लहलहाती हुई नफरत की फसल के तले आम जनता के मुद्दों को रौंदने की हकीकत को दर्शाते हैं। मीडिया की एजेंडा सेट करने की ताकत की वजह से समाज में मीडिया की भूमिका बहुत अहम है। तब ऐसे में से नफरत की फसल बोने वाली मीडिया के साथ असहयोग करना मीडिया की स्वतंत्रता पर हमला तो कतई नहीं है। आखिरकार ये भी जनता के बीच से उठी आवाज है। विपक्षी दलों ने जनता की आवाज का सम्मान करते हुए नफ़रत को पोषण देने वाले कार्यक्रमों से असहयोग का कदम उठाया है। ग़ौरतलब है कि ठीक इसके उलट सरकार की तरफ से कई मर्तबा टीवी कार्यक्रमों को हटवाया गया है, खबरों को डिलीट करवाया गया है और सरकार के खिलाफ रिपोर्ट करने वाले पत्रकारों को चिन्हित करने जैसे कदम उठाए गए हैं।

अपने इस फैसले से विपक्षी गठबंधन ने सत्ता के निरंकुश बल का इस्तेमाल नहीं किया है, बल्कि अपने नैतिक बल का इस्तेमाल करते हुए कहा है कि 'हम आपकी नफ़रत की मशीनरी का हिस्सा नहीं बनना चाहते।' शायद ये मीडिया के नैतिक मूल्यों को वापस पाने की कवायद में एक बड़ा कदम साबित हो। मीडिया संस्थाओं को इस कदम को एक आईने की तरह लेना चाहिए और दिखाना चाहिए कि जनता के मुद्दे अभी भी उसके केंद्र में हैं। मीडिया की नफरती मशीनरी के खिलाफ नैतिकता से भरा ये असहयोग आंदोलन शायद फिर से जनता के मुद्दों को मीडिया बहसों के केंद्र में लाए।

**( लेखकर संचार विशेषज्ञ है )**

## गुरवाणी विचार

# अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे

गुरु ग्रंथ साहिब का पहला प्रकाश दिवस भादो सुदी इक सन् 1604 को हरिमंदर साहिब अमृतसर में किया गया था और इसका पहला मुख्य ग्रंथी गुरुघर के अनन्य भक्त बाबा बुड्ढा जी को बनाया गया था। प्रकाश करने के बाद जो हुक्मनामा प्राप्त हुआ वह था-

संता के कारज आप खलोदया हरि कम करावन आया राम। गुरु ग्रंथ साहिब की संपादना पांचवे नानक गुरु अर्जुन देव जी ने की थी उसमें उन्होंने अपने से पहले के चार गुरुओं द्वारा रचित वाणी गुरु नानक देव गुरु अंगद देव गुरु अमरदास और गुरु रामदास की रचित वाणी तथा स्वयं की रचित वाणी और उस वक्त के निरगुण विचारधारा के 15 भक्तों की वाणी भक्त कबीरदास, भक्त त्रिलोचन, भक्त भीखम, शेख फरीदजी, भक्त पीपा, भक्त सैननाई, भक्त सघना कसाई, भक्त जयदेव भक्तवेणी जी।

गुरु घर के तीन गुरुसिखों की वाणी भाई सन्ता, भाई बलवंड और भाई सुन्दर तथा 11 भट्टो की वाणी को संकलित कर गुरुग्रंथ साहिब की पावन पोथी तैयार की गई जिसे पोथी परमेश्वर की थान कहा गया। इसकी वाणी सब धर्मो के लिए है-खत्री, ब्राह्मण, क्षुद्र, वैश्य उपदेश चहुं वरणा को साझा गुरवाणी द्वारा हमें समझाया गया है कि हम सब परमात्मा की संतानें हैं और परमात्मा ने हर प्राणी की रचना की है और उसमें विराजमान रहकर उसके प्रत्येक कार्य को भी देखता रहता है।

घटि घटि में हरि जीओ बसै-संतन कहियो पुकार।
सब हम आपस में भाई भाई हैं।
एक पिता एकस के हम बारिक तू मेरा गुरु हाई।
तथा
अव्वल अलाहि नूर उपाइआ कुदरत के सब बंदे।
एक नूर ते सब जग उपजिया कौन भले कौन मंदे।।

गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी को धुर की वाणी खसम की वाणी, गोविंद की वाणी आदि विशेषणों से अलंकृत किया गया है।

धुर की वाणी आई तिन सगली चिंत मिटाई। तथा जब मन मेरे गोविंद की वाणी साधु जन रामरसन वखनि। गुरु ग्रंथ साहिब जी की समूची वाणी पार ब्रह्म पर केंद्रित तथा हर मनुष्य को सही इंसान बनाने और लोक कल्याण की दृष्टि से रची गई है। इसलिए कह सकते हैं कि यह वाणी उपदेश दे रही है कि सरब साझी वावता और सरबत के भले का संदेश देने वाली है। गुरु ग्रंथ साहिब के प्रथम प्रकाश दिवस पर प्रत्येक नानक नाम लेवा प्रण करे कि अब से कोई देहदारी गुरु नहीं है सिर्फ हमारे गुरु ग्रंथ साहिबजी ही हैं और उन्हीं के आदेशों पर चलकर हम अपना जीवनयापन करेंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# देश में बाल कुपोषण विकराल समस्या

बच्चे देश के भविष्य होते हैं। यदि देश का भविष्य ही कुपोषित रहेगा, कमजोर रहेगा तो सशक्त राष्ट्र की कल्पना करना बेमानी होगी। देश में कुपोषण से बच्चे यानी आने वाले कल के जिम्मेदार नागरिकों की हालत बहुत ज्यादा चिंताजनक हो सकती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश के 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में 35 लाख बच्चे कुपोषण के शिकार हैं और इनमें 50फीसदी बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित होकर बीमारी को झेल रहे हैं। देश में भले ही जोरशोर से बाल दिवस हर साल मनाया जाता है और उसी पर करोड़ों खर्च कर दिया जाता है। देश में एक महिला तथा बाल विकास मंत्रालय अलग खोल के रखा गया है, पर बच्चों के कुपोषण पर नियंत्रण नहीं पाया जा सका है। मलेरिया, टीबी और ना जाने अन्य कितनी बीमारियों पर भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अरबों रुपए खर्च कर दिए हैं, पर जो भारत के आने वाले कल के नागरिक वर्तमान के बच्चे यदि कुपोषित हैं तो यह अत्यंत चिंतनीय तथा विचारणीय पहलू है। सरकारी एजेंसियों द्वारा एक आरटीआई के जवाब में बताया गया कि 34 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों संकलित आंकड़ों के मुताबिक 34 लाख बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा महाराष्ट्र, बिहार, गुजरात और मध्यप्रदेश है। विगत दिनों कोरोना संक्रमण के कारण भी बच्चे कुपोषित हुए हैं। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से 18 लाख बच्चे बहुत ज्यादा कुपोषित हैं एवं शेष 16लाख बच्चे अल्प कुपोषित हैं। जब अरबों रुपए अन्य बीमारियों के संक्रमण में लगाए जा सकते हैं तो एक अभियान के तहत बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए भी मैराथन प्रयास किए जाने चाहिए जिससे बच्चे तो कम से कम कुपोषित न हों। वैसे भारत कुपोषण के मामले में वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से भी पीछे है। उसका नंबर 101वां है।

बच्चों के कुपोषण की दर इतनी ज्यादा चिंताजनक हो गई है। कुपोषित बच्चे भी बड़े होते हैं तो वह कई बीमारियों को लेकर धीरे-धीरे बढ़ते हैं और इससे उनकी लंबाई तथा स्वास्थ्य पर बहुत ज्यादा असर पड़ता है। देश के 34 फीसदी कुपोषित बच्चों का कद औसत कद से बहुत कम हो जाता है। 21फीसदी बच्चे जो कुपोषण के कारण यदि वह बच भी जाते हैं तो उनका वजन अत्यंत कम हो जाता है। ऐसे कम लंबाई तथा कम वजन के बेचारे बच्चे देश का क्या भविष्य बना पाएंगे या देश में अपना योगदान क्या दे पाएंगे? इसीलिए भारत सरकार राज्य सरकारों को कम से कम बच्चों की तरफ तो ज्यादा से ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। वैश्विक भूख सूचकांक( ग्लोबल हंगर इंडेक्स) के आंकड़ों के हिसाब से 2021 में भारत 116 देशों में 101 वें स्थान पर पहुंच गया है। हर वर्ष कुपोषण के शिकार बच्चों की संख्या बेतहाशा बढ़ रही है। कुपोषण के मामले में भारत की राजधानी दिल्ली भी पीछे नहीं है। दिल्ली में ही 2 लाख बच्चे कुपोषित हैं, आंध्र प्रदेश में 2,70 लाख बच्चे कुपोषित हैं, कर्नाटक में 2,5 लाख बच्चे उत्तर प्रदेश में 19लाख बच्चे, तमिलनाडु में 1,80 लाख, असम में 1,80 लाख और तेलंगाना में 1,60 लाख बच्चे कुपोषण की स्थिति में जी रहे हैं। इस देश में जहां अरबों रुपए सरकार के 40 से ज्यादा विभागों में सालाना खर्च किए जा रहे हैं। देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए बच्चों के कुपोषण की दर जरूर कम है, लेकिन हर साल इनके कुपोषण की दर की वृद्धि चिंताजनक परिणाम देने वाली ना हो इस पर हम सबको ध्यान देना होगा।

**संजीव ठाकुर**

# देश विदेश

## ईरान की पुलिस ने उत्तर-पश्चिम में 137 लोगों को पकड़ा

तेहरान। ईरान पुलिस ने उन 137 लोगों को हिरासत में लिया है, जिन्होंने देश के नागरिकों से ईरानी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया था। पश्चिम अजरबैजान के उत्तर-पश्चिमी ईरानी प्रांत में कानून प्रवर्तन बलों के कमांडर रहीम जहानबख्श ने शनिवार को यह जानकारी दी। तस्नीम समाचार एजेंसी ने जहानबख्श के हवाले से कहा, वर्तमान में, 137 लोगों को सोशल नेटवर्क पर पश्चिमी अजरबैजान प्रांत में लोगों से दंगा करने का आह्वान करते हुए पाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 52 इंस्टाग्राम अकाउंट (रूस में चरमपंथी संगठन के रूप में नामित मेटा के स्वामित्व वाले) को ब्लॉक कर दिया गया और स्थायी रूप से हटा दिया गया।

# किम जोंग उन 6 दिन बाद रूस से उत्तरी कोरिया रवाना

■ पुतिन के निमंत्रण पर उत्तर कोरियाई नेता ने किया रूस का दौरा

सियोल, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन 6 दिन के दौरे के बाद रूस से रवाना हो गए हैं। रूसी मीडिया ने बताया कि किम जोंग उन रविवार अपने देश लौटने के लिए अपनी बुलेटप्रूफ ट्रेन से रवाना हुए। आरआईए नोवोस्ती समाचार एजेंसी के मुताबिक, किम जोंग उन को ले जाने वाली ट्रेन रूस के सुदूर पूर्वी शहर अर्टोम में रेलवे स्टेशन से रवाना हुई, और रूसी अधिकारियों ने उन्हें विदा किया। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर उत्तर कोरियाई नेता ने रूस का दौरा किया था। दोनों देशों के बीच संभावित सैन्य सहयोग को लेकर बढ़ती चिंता के बीच बुधवार को दोनों ने वोस्तोचिन अंतरिक्ष केंद्र में शिखर वार्ता की थी। इससे पहले, रविवार को उत्तर कोरियाई राज्य मीडिया ने पिछले दिन रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के साथ किम की बातचीत की रिपोर्ट दी थी। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, किम और शोइगु ने व्लादिवोस्तोक शहर में मुलाकात की और द्विपक्षीय सैन्य सहयोग और आदान-प्रदान को मजबूत करने के बारे में बात की। केसीएनए के अनुसार, उन्होंने दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच और उनकी राष्ट्रीय रक्षा, सुरक्षा के क्षेत्र में रणनीतिक, सामरिक समन्वय, सहयोग, आपसी आदान-प्रदान को और मजबूत करने में उत्पन्न होने वाले व्यावहारिक मुद्दों पर अपनी रचनात्मक राय का आदान-प्रदान किया।



## किम जोंग उन ने रूसी रक्षा मंत्री से की मुलाकात



प्योंगयांग। उत्तर कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रूस के सुदूर पूर्व शहर व्लादिवोस्तोक की अपनी यात्रा के दौरान रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से शनिवार को मुलाकात की। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सर्वश्री किम और शोइगु ने क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सैन्य और राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। साथ ही, दोनों देशों के सशस्त्र बलों और राष्ट्रीय रक्षा तथा सुरक्षा के क्षेत्र में रणनीतिक एवं सामरिक समन्वय, सहयोग तथा आपसी आदान-प्रदान को और मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस बीच रुस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता ने रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी। रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। श्री किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और

**क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय सैन्य और राजनीतिक स्थिति पर की चर्चा**

## नाटो 2024 में करेगा सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास

ब्रूसेल्स, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। नाटो शीत युद्ध के बाद 2024 में जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में 'स्टीडफास्ट डिफेंडर' नामक अपना सबसे बड़ा अभ्यास आयोजित करेगा। सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब बाउर ने शनिवार को यह जानकारी दी। नॉर्वेजियन सशस्त्र बलों के प्रमुख एरिक क्रिस्टोफरसन के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन बाउर ने कहा, 2024 में, गठबंधन शीत युद्ध के बाद से अपना सबसे बड़ा सामूहिक रक्षा अभ्यास आयोजित करेगा- स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर। गठबंधन के 40,000 से अधिक सैनिक जर्मनी, पोलैंड और तीन बाल्टिक राज्यों में अभ्यास करेंगे,। उन्होंने नाटो के हवाले से कहा गठबंधन सामूहिक रक्षा के नए युग में कदम रख रहा है। स्टीडफ़ास्ट डिफेंडर एक वार्षिक नाटो के नेतृत्व वाला अभ्यास है जिसे यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि गठबंधन की सेनाएं प्रशिक्षित हैं, एक साथ काम करने में सक्षम हैं, और किसी भी दिशा से किसी भी खतरे का जवाब देने के लिए तैयार हैं।



■ सैन्य समिति के अध्यक्ष एडमिरल रॉब ने दी जानकारी

## सुडोकू 6320

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 18 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 4

### राशिफल

मेष - आज का दिन गृहस्थ एवं दांपत्य जीवन के लिए बहुत अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय गुजरेगा। वहीं आप प्रेम का सुखद अनुभव पा सकेंगे। आर्थिक लाभ तथा प्रवास की भी संभावना है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। आपका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सारा दिन आप आनंद और उल्लास में गुजारने वाले हैं। दिन के सभी काम योजनानुसार पूरे होंगे। इनकम की संभावना रहेगी।

मिथुन - आप तन एवं मन की अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। आज नया काम शुरू करने की योजना बनेगी, हालांकि आज आप इंतजार करें। वाद-विवाद में मानहानि होने की आशंक है।

कर्क - आपके लिए आज का दिन मिश्रित फलदायी है। आज आपमें आनंद एवं स्फूर्ति का अभाव रहेगा। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। घर में झगड़े का वातावरण रहेगा। स्वजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है।

सिंह - आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा है। भाई-बंधुओं के साथ समय आनंदपूर्वक गुजरेगा। उनसे लाभ भी होगा। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाना हो सकता है।

कन्या - आज का दिन आपके लिए शुभ फल देनेवाला है। अपनी मीठी वाणी से किसी का भी दिल आप जीत सकते हैं। आपके काम सिद्ध होने की काफी संभावना है। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा।

तुला - आप का दिन शुभ फलदायी है। आज आपकी रचनात्मक और कलात्मक शक्ति निखरेगी। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें। विचार की दृढ़ता से आप काम को अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे।

वृश्चिक - आनंद-प्रमोद, मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा। मानसिक चिंता एवं शारीरिक कष्ट के कारण आप परेशान रहेंगे। बातचीत में किसी के साथ गलतफहमी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

धनु - आर्थिक, सामाजिक और पारिवारिक दृष्टि से आपके लिए आज का दिन लाभदायी है। गृहस्थजीवन का संपूर्ण आनंद ले पाएंगे। आप रोमांटिक बने रहेंगे। मित्रों के साथ किसी रमणीय स्थल पर घूमने जा सकते हैं।

मकर - आप का दिन संघर्षमय रहेगा। आज के दिन आग, पानी या वाहन सम्बंधित दुर्घटना हो सकती है, आप सावधान रहें। व्यापार में चिंता बनी रहेगी। व्यापार के लिए यात्रा करने से लाभ होगा। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ - आपका दिन मिश्रित फलदायी है। आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। फिर भी मानसिक शांति प्राप्त कर पाएंगे। काम करने का उत्साह मंद होगा। अधिकारियों से संभलकर चलना हितकर है। खर्च अधिक होगा।

मीन - आज आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। मानसिक तथा शारीरिक श्रम के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। सर्दी, सांस की तकलीफ, खांसी और पेट दर्द की परेशानी हो सकती है। खर्च में वृद्धि होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**



## ब्राज़ील के अमेजन विमान हादसे में 14 लोगों की मौत

साओ पाउलो, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तरी ब्राजील के अमेजोनस राज्य के अंतर्देशीय शहर बार्सिलोस में शनिवार को एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेज़ॅनस के गवर्नर विल्सन लीमा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, वे सभी पर्यटक थे जो मछली पकड़ने की यात्रा पर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि सभी पर्यटक ब्राजील के थे। यह बताया गया कि पायलट को मछली पकड़ने के खेल स्थल बार्सिलोस में लैंडिंग के लिए रनवे ढूंढने में परेशानी हुई। दुर्घटनाग्रस्त विमान एम्ब्रेयर ईएमबी 110 बैंडेइरेंटे कम्पनी के मालिक, मनौस एयरोटैक्सी एयरलाइन ने एक सोशल मीडिया बयान में दुर्घटना की पुष्टि की। बार्सिलोस के मेयर एडसन मेंडेस के अनुसार, नागरिक सुरक्षा टीमों को 14 शव मिले, जिनमें 12 यात्री, पायलट और सह-पायलट शामिल है।

# पाकिस्तान सरकार ने सार्वजनिक एयरलाइंस को बेलआउट पैकेज दिया

■ सरकार ने अब एयरलाइन के निजीकरण की योजना बनाई

इस्लामाबाद, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान की प्रमुख एयरलाइन वर्षों से सरकार के लिए एक बड़ी वित्तीय देनदारी बन गई है। इसका वित्तीय संकट हर साल गहराता जा रहा है और इसे चालू रखने के लिए अरबों पाकिस्तानी रुपये का बेलआउट पैकेज देना पड़ता है। हालांकि, अब सरकार ने सरकार ने अब एयरलाइन के निजीकरण की योजनना बनाई है। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) के सामने वित्तीय संकट के ताजे मामले में वह ईंधन आपूर्ति के लिए पाकिस्तान स्टेट ऑयल (पीएसओ) को भुगतान करने में विफल रही है, जिससे उड़ान में देरी हुई, उड़ान कार्यक्रम में व्यवधान आया और उड़ानें रद्द हो गईं।



## न्यायमूर्ति फैजा इसा ने पाकिस्तान के 29वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में ली शपथ

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के ऐवान-ए-सद्र में एक समारोह में राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने रविवार को न्यायमूर्ति काजी फैज इसा को देश के 29वें मुख्य न्यायाधीश की शपथ दिलाई। 'डॉन' समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, सेना प्रमुख असीम मुनीर,पूर्व सीजेपी इफ्तिखार चौधरी और तसद्दुक जिलानी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। रिपोर्ट में बताया गया है कि समारोह की शुरुआत पवित्र कुरान के पाठ से हुई और नियुक्ति की अधिसूचना पढ़ी गई। इसके बाद राष्ट्रपति ने जस्टिस इसा को मुख्य न्यायाधीश की शपथ दिलाई। इस दौरान उनकी पत्नी सरीना इसा उनके साथ खड़ी थी।

# रामास्वामी एच-1बी वीजा प्रणाली को खत्म करना चाहते हैं : रिपोर्ट

वाशिंगटन, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। बहुप्रतीक्षित एच-1बी वीजा प्रणाली को गिरमिटिया दासता बताते हुए भारतीय-अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने 2024 में सत्ता में आने पर इसे खत?म करने की बात कही है। यह जानकारी पोलिटिको ने दी।

अपनी फार्मा कंपनी के लिए उच्च-कुशल पेशेवरों को नियुक्त करने के लिए स्वयं इस प्रणाली का 29 बार उपयोग कर चुके रामास्वामी ने कहा कि अस्थायी कर्मचारी वीजा प्रणाली इसमें शामिल सभी लोगों के लिए खराब है, और अमेरिका को इस प्रकार के प्रवासन को खत्म करने की जरूरत है। पोलिटिको ने 38 वर्षीय उद्यमी के हवाले से कहा, लॉटरी प्रणाली को वास्तविक योग्यता प्रवेश द्वारा हटाने की आवश्यकता है। यह गिरमिटिया दासता का एक रूप है, जो केवल उस कंपनी को लाभ पहुंचाता है जिसने एच-1बी आप्रवासी को प्रायोजित किया था। मैं इसे खत्म कर दूंगा।



### NECC

| 18.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.10 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 525 सैकड़ा

दर्जन अंडा 70 रु.


मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

## टेक्सास के अटॉर्नी जनरल पैक्सटन भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी

टेक्सास, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका के टेक्सास प्रांत के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन को महाभियोग प्रक्रिया के बाद भ्रष्टाचार के आरोपों से बरी कर दिया गया है। बीबीसी ने रविवार को बताया कि श्री पैक्सटन से जुड़े मामले ने अमेरिकी राज्य पर शासन करने वाले रिपब्लिकन को विभाजित कर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगी श्री पैक्सटन मई में निलंबित होने के बाद अपने कार्यालय में फिर से अपने काम शुरू कर सकते हैं। श्री पैक्सटन ने कहा, सच्चाई को कीचड़ उछालने वाले राजनेताओं या उनके शक्तिशाली संरक्षकों द्वारा दबाया नहीं जा सकता। राज्य सीनेट में हुए मतदान में उन्हें 16 मतों से बरी कर दिया गया।

## वर्ग पहेली 6320



**बायें से दायें:-**

१. जिस दिन किसी का जन्म हुआ हो
४. चिढ़ाना, नकल उतारना, उपहास का विषय
६. माथा, ललाट
७. दबने यादबाए जाने का भाव
८. निर्लज्ज, बेहया
१०. गुलामी
११. 'शेयर होल्डर'
१३. दुष्ट व्यक्ति
१४. जीवावशेष
१५. प्राकृतिक, नैसर्गिक (उर्दू)
१७. ऊंट के नाक में डाली जाने वाली रस्सी
१९. जटा, सुई या किसी नुकीली चीज की नोक
२१. मूर्खता, नासमझी (उर्दू)
२२. के सहारे के द्वारा
२४. ओस (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. परशुराम के पिता
२. दो दिशाओं के बीच की जगह
३. बुद्धिमान
४. बेचैनी
५. पथिक, राहगीर
९. आंसू
११. लक्ष्मण के एक पुत्र का नाम
१२. भूमि, जमीन
१३. शत्रु, बैरी
१४. बहादुर, साहसी, हिम्मतवर
१५. वह पत्र या कागज जिसमें किसी संपत्ति को कुर्क करने संबंधी आदेश लिखा हो (उर्दू)
१६. चंद्रमा
१८. सिर्फ, मात्र
१९. स्वर्ण, सोना
२०. किस समय
२३. एवं और

### वर्ग पहेली-6319



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1180 – फिलिप अगुस्टस फ्रांस का राजा बना।
1615 – इंग्लैंड के राजा जेम्स प्रथम के एंबेसडर थामस रॉ जहाँगीर से मिलने सूरत पहुँचा।
1803 – अंग्रेजों ने ओडिशा के पुरी पर कब्ज़ा किया।
1809 – लंदन में रॉयल ऑपेरा हाउस खुला।
1851 – न्यूयार्क टाइम्स अखबार ने प्रकाशन शुरू किया।
1922 – हंगरी लीग ऑफ नेशंस में शामिल हुआ।
1926 – अमेरिका के मियामी में चक्रवाती तूफान से 250 लोगों की मौत।
1967 – नागालैंड ने अंग्रेज़ी को आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया।
1987 – अमेरिका और सोवियत संघ ने मध्यम दूरी के मिसाइल को हटाने के लिये हस्ताक्षर किये।
1988 – बर्मा ने अपना संविधान रद्द किया।
1986 – मुम्बई से पहली बार महिला चालकों ने जेट विमान उड़ाया।
1997 – सं.रा. अमेरिका ने %होलोग% नाम से भूमिगत परमाणु परीक्षण किया, ओज़ोन परत की रक्षा के लिए 100 देशों ने सन् 2015 तक मिथाइल ब्रोमाइड का उत्पादन बन्द करने का निश्चय किया।
1998 – सं.रा. अमेरिका के ऊपर संयुक्त राष्ट्र का 1 अरब डॉलर बकाये की घोषणा।
2003 – ढाका-अगरतला बस सेवा शुरू।
2006 – रूसी राकेट सोयूज अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना। संयुक्त राष्ट्र महासचिव पद की दौड़ में अफ़ग़ानिस्तान के पूर्व वित्तमंत्री अशरफ़ गनी शामिल।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजधानी में आज से...**

नवा रायपुर को दुल्हन की तरह छत्तीसगढ़ी संस्कृति से सजाया गया है। रायपुर एयरपोर्ट पर ठेठ छत्तीसगढ़िया अंदाज में इन विदेशी मेहमानों का स्वागत किया गया। छत्तीसगढ़ी लुगरा पहनी युवतियों ने सभी को तिलक लगाकर छत्तीसगढ़िया गमछा पहनाया। एयरपोर्ट के बाहर करमा ददरिया नृत्य करते गीत गाते कलाकार नजर आए।

नवा रायपुर में जी-20 के चौथे फ्रेमवर्क वर्किंग किबैठक 18 सितंबर से 19 सितंबर तक रखी गई है। इस बैठक में 20 देशों के साथ ही 9 विशेष आमंत्रित देश शिरकत कर रहे हैं। बैठक में जी-20 देशों की वित्तीय प्रणाली, भविष्य की योजनाओं और फंडिंग पर चर्चा की जाएगी।

**कांग्रेस चुनाव के लिए तैयार...**

अगले 2-3 महीनों में 5 राज्यों के चुनाव तय हैं। लोकसभा चुनाव महज 6 महीने दूर हैं। जम्मू-कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, हमें ये भी ध्यान रखना होगा। हमें वोटर के साथ लगातार संपर्क में रहना है। उनके सवालों का जवाब देना है। विरोधियों की झूठी बातों की हमें तुरंत काट करनी है। मुद्दों और तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखनी है। सोनिया गांधी ने कांग्रेस नेताओं को मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है। उन्होंने पार्टी के लोगों से कोई भी ऐसी टिप्पणी करने से बचने को कहा है, जिससे कांग्रेस को नुकसान पहुंचे।

**स्वर्णिम तेलंगाना के सपने को पुनर्जीवित करेंगे**

कांग्रेस ने यह कहते हुए कि वह तेलंगाना में इतिहास बनाने के लिए तैयार है, कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) ने रविवार को लोगों से अपील की कि वे आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में 'एक स्वर्णिम तेलंगाना के सपने को पुनर्जीवित करने के लिए' पार्टी को वोट दें। यह दावा करते हुए कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने 100 दिन के भीतर अपनी गारंटी पूरी की, उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी खोखले वादे या जुमले नहीं बनाती बल्कि इतिहास बनाती है। इसमें कहा गया है, 'कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में इतिहास रचने के लिए तैयार है।'

**तेलंगाना से 100 दिन में हटेगी ...**

तैयारी के लिए हम युवाओं को कोचिंग के लिए 5 लाख रुपए देंगे। बुजुर्गों को हर महीने 4000 रुपए की पेंशन, हर नागरिक को 10 लाख स्वास्थ्य बीमा, जिन लोगों के पास घर नहीं है, उन्हें 5 लाख रुपए की मदद। तेलंगाना राज्य की मांग के लिए लड़ने वाले लोगों को 250 स्कॉर्यर फीट का घर हमारी सरकार बनने पर मिलेगा। वहीं, किसानों को हर साल 15 हजार रुपए और मजदूरों को 12 हजार रुपए दिए जाएंगे। सोनिया गांधी ने भी संबोधन के दौरान राज्य की जनता को सरकार बनने पर यही गारंटियां पूरी करने का वादा किया। इसके अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी जनसभा को संबोधित किया।

**शालेय राज्य स्तरीय ताईचांडो में ...**

टनिर्मल बड़ा का चयन राष्ट्रीय स्तर में ताईचांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। वहीं जिले के युवराज कुमार, बिनेशन लकड़ा को रजत पदक मिला है। इसी प्रकार करण राम, मनीष भगत, रुद्र प्रताप सिंह, ईशप्रिया लकड़ा, नेहा नागवंशी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

ताईचॉन्डो कोच ने बताया कि नेशनल के लिए चयनित खिलाडी दिसंबर में मध्य प्रदेश के बैतुल में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जिसके लिए बच्चों को खेल में पारंगत किया जा रहा है। खिलाडी को हर छोटी-छोटी बारीकियों की जानकारी दी जा रही है। जल्द ही ताईचांडो खेल में जशपुर और भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को स्कूल के प्राचार्य, कोच सहित जिले के खिलाड़ियों व अभिभावकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

**मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना का...**

पोर्टल का उपयोग करके सामान्य सेवा केंद्रों के माध्यम से विश्वकर्माओं का नि:शुल्क पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें पीएम विश्वकर्मा प्रमाण पत्र और पहचान-पत्र, मूलभूत और उन्नत प्रशिक्षण से जुड़े कौशल उन्नयन, 15 हजार रुपए का टूलकिट प्रोत्साहन, पांच प्रतिशत की रियायती ब्याज दर पर एक लाख रुपये (पहली किश्त) और दो लाख रुपए (दूसरी किश्त) तक संपार्श्विक-मुक्त ऋण सहायता, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता के माध्यम से मान्यता प्रदान की जाएगी ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के द्वारका में भारत अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और एक्सपो केन्द्र 'यशोभूमि' के पहले चरण को राष्ट्र को समर्पित किया।

यशोभूमि 219 एकड़ में करीब 5400 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। कन्वेंशन सेंटर में 11000 से ज्यादा लोगों के बैठने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने आयोजन स्थल पर पहुंचने के बाद प्रदर्शनी 'गुरु-शिष्य परंपरा' और 'नई प्रौद्योगिकी' का अवलोकन किया और यशोभूमि के 3डी मॉडल का भी निरीक्षण किया। इससे पूर्व प्रधानमंत्री ने द्वारका सेक्टर-21 से एक नए मेट्रो स्टेशन 'यशोभूमि द्वारका सेक्टर-25' तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का उद्घाटन किया।

## दुनिया को जानें

# दुनिया भर में फैल रही है चीनी जैस्मीन की खुशबू

बीजिंग, 17 सितम्बर (एजेंसियां)। वर्ष 2023 हेंगचोउ जैस्मीन सांस्कृतिक महोत्सव 19 से 20 सितंबर तक चीन के क्वांगशी च्वाँग स्वायत्त प्रदेश के नाननिंग और हेंगचोउ क्षेत्रों में आयोजित होगा। इस बार महोत्सव का थीम है- हरित नेतृत्व, स्वास्थ्य और सौंदर्य। इस मौके पर उद्घाटन समारोह, वर्ष 2023 जैस्मीन (चाय) उत्पादन और बिक्री स्थिति विश्लेषण बैठक, पारिस्थितिक विकास थीम आदान-प्रदान बैठक, वर्ष 2023 जैस्मीन चाय उत्पाद गुणवत्ता और ब्रांड पहचान सर्वेक्षण गतिविधि आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बताया जाता है कि हेंगचोउ चीन में जैस्मीन का गृहनगर है। जैस्मीन के फूल और जैस्मीन चाय दोनों का उत्पादन दुनिया के कुल उत्पादन के 60 प्रतिशत से अधिक है, और इसे विश्व की जैस्मीन राजधानी की प्रतिष्ठा प्राप्त है। वर्तमान में, हेंगजोउ ने डिजिटल ग्रामीय पायलट निर्माण से लाभ उठाकर संपूर्ण जैस्मीन उद्योग श्रृंखला के सूचनाकरण निर्माण को बढ़ावा दिया।

# खेल जगत

## विश्व कप टीम के साथ कठिन निर्णय लेना होगा : बटलर

**नई दिल्ली,** 17 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया है कि जेसन रॉय और संभवतः जो रूट को अगले सप्ताह आयरलैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड भारत में 5 अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले अपने अनुभवी खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करना चाहता है। विश्व कप टीम में रॉय का स्थान संदेह के घेरे में दिखाई दे रहा था क्योंकि पीठ की ऐंठन के कारण उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला जीत में भाग लेने से रोक दिया गया था। अपनी फिटनेस साबित करने के लिए उन्हें आयरलैंड के खिलाफ अगले हफ्ते होने वाले एकदिवसीय मैचों के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है, क्योंकि इंग्लैंड को 28 सितंबर से पहले विश्व कप 15 की पुष्टि करनी होगी।



# सिराज के गेंद से 'छक्के' से भारत ने आठवीं बार जीता क्रिकेट एशिया कप

■ भारत ने फाइनल में श्रीलंका को दी दस विकेट से करारी शिकस्त

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 17 सितंबर (देशबन्धु)। 29 बरस के नौजवान तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (6/21) के गेंद से %छक्के' तथा इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी की असमाप्त अर्द्धशतकीय भागीदारी की बदौलत भारत ने पिछले विजेता श्रीलंका को वन डे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में उसके ही कोलंबो के प्रेमदास स्टेडियम में रविवार को दस विकेट से हरा कर खिताब जीत लिया। भारत ने कुल सबसे ज्यादा आठवीं बार खिताब जीत कर यह साबित किया कि वह एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। भारत ने सात बार एशिया कप वन डे फॉर्मेट में एक बार टी-20 फॉर्मेट में जीता। भारत के लिए अब से तीन हफ्ते बाद अपने घर में होने वाले वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले बहुत हौसला बढ़ाने वाली है। भारत के लिए इस खिताबी जीत के साथ सबसे बड़ी खुशखबरी चोट और ऑपरेशन के बाद फिट होकर विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की शानदार वापसी है ही तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी यह साबित किया कि वह वन डे विश्व कप के बड़े इम्तिहान के लिए भी तैयार है। मोहम्मद सिराज ने नई गेंद से रफ्तार के साथ धार दिखाकर इस बहस को भी खत्म कर दिया कि भारत ने उन्हें अनुभवी जसप्रीत बुमराह के साथ नए गेंद से गेंदबाजी के लिए मोहम्मद शमी की बजाय क्यो तरजीह थी।

मैन ऑफ द' मैच भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (6/21) ने बेहतरीन स्विंग गेदबाजी की बानगी दिखा अपने वन डे करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी कर %छक्का' जड़ उपकप्तान हार्दिक पांडया (3/3) के साथ



मिलकर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने वाली श्रीलंका को 15.2 ओवर में मात्र 50 रन पर ढेर कर उसकी फाइनल में जीत की नींव रख दी थी। मोहम्मद सिराज का गेंदबाजी का पहला स्पैल रहा 7-1-21-6। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की श्रीलंका के बल्लेबाजों को आगे आकर खिलाने की रणनीति कारगर रही। सिराज की यह गेंदबाजी एशिया कप फाइनल में यह किसी भी गेंदबाज का दूसरा सर्र्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। फाइनल बारिश होने के कारण 40 मिनट देर से जरूर शुरू हुआ लेकिन सिराज के गेंद से कहर ने इसकी कमी कतई खलने नहीं दी। सिराज ने सबसे वन डे अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज 50 विकेट पूरे किए। जवाब में इशान किशन और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी की 6.1 ओवर में 51 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने बिना कोई विकेट खाए यह फाइनल जीत लिया। इशान किशन 18 गेंद खेल कर तीन चौकों की मदद से 23 तथा शुभमन गिल 19 गेंद खेल कर छह चौकों की मदद से 27 रन बनाकर अविजित रहे।

भारत को पहली कामयाबी उसके तुरुप के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी मैच की तीसरी कोण बनाती गेंद पर कुशल परेरा(0) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों करा कर दिलाई थी। भारत के लिए श्रीलंका के खिलाफ सभी दस विकेट उसके तेज गेंदबाजों ने हासिल किए। श्रीलंका के मात्र दो बल्लेबाज दहाई के अंकों में पहुंच पाए विकेटकीपर कुशल मेंडिस (17 रन, 34 गेंद, तीन चौके) और दुशन हेमंत (अविजित 13 रन, 15 गेंद, एक चौका)। श्रीलंका की पारी में कुल पांच चौके लगे। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने बेहतरीन स्विंग गेदबाजी की बानगी पेश कर 16 गेंदों में पांच विकेट चटका कर मात्र 5.4 ओवर श्रीलंका के मात्र 12 रन पर छह विकेट चटका कर टॉस जीतने के फैसले को गलत साबित कर उसकी बल्लेबाजी की कमर ही तोड़ दी। मोहम्मद सिराज ने अपने दूसरे तथा श्रीलंका की पारी की चौथे ओवर में विकेट की झड़ी लगा- पहली ऑफ स्टंप पर गिर जरा बाहर जाती गेंद पर सलामी बल्लेबाज पथुम निशांका(2) को पुश कर शार्ट मिड विकेट पर रवींद्र जडेजा के हाथों कैच कराया, सिदारा समरविक्रमा(0) उनकी तीसरी ऑफ स्टंप पर गिर भीतर आती गेंद को खेलने से चूके और एलबीडब्ल्यू आउट हुए, चरित असालंका ने उनकी ऑफ स्टंप पर गिर जरा बाहर निकली गेंद पर खड़े खड़े बल्ला चलाया सीधे कवर पर खड़े इशान किशन(0) को कैच थमाया और धनजंय डिसिल्वा (4) उनकी गेंद गुडलेंग्थ गेंद को अपने शरीर से दूर खेलने की कोशिश में विकेटकीपर केएल राहुल को कैच करा अपने इस ओवर में चार विकेट चटका कर श्रीलंका स्कोर चार ओवर में 12 रन कर दिया। बुमराह ने अगला ओवर मेडन फेंका और सिराज ने अपने तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर कप्तान दसुन षणाका (0) को बोल्ड कर अपना पांचवां विकेट चटका श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 12रन कर दिया।

कुशल मेंडिस (17) सिराज के पांचवें ओवर की चौथी गेंद ऑफ स्टंप पर गिर कर जरा बाहर निकली गेंद पर बल्ला चलाया लेकिन विकेटकीपर केएल राहुल कैच लपकने से चूक गए। मेंडिस (17 रन ,34 रन, तीन चौके) को मोहम्मद सिराज ने अपने अगले और छठे ओवर दूसरी ऑफ स्टंप पर गिर भीतर आती गेंद पर बोल्ड कर श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 33 कर दिया। मोहम्मद सिराज का यह श्रीलंका की पारी में लगातार छठा विकेट था। उपकप्तान हार्दिक पांडया ने अपने दूसरे ओवर की चौथी गेद पर तेज बाउंसर पर दिनुथ वलालगे (8 रन,21 गेंद) को विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों कैच करा श्रीलंका का स्कोर 12.3 ओवर में आठ विकेट पर 40 रन कर दिया। श्रीलंका के स्कोर में दस रन और जुड़े थे कि हार्दिक ने अपने तीसरे ओवर की पहली ही गेंद पर प्रमोद मदुशन को पहली स्लिप में विराट कोहली के हाथों और अगली गेंद पर मतीशा पथिरना (0) को इशान किशन के हाथों कैच करा मात्र 15.2 ओवर में श्रीलंका की

## आपको वही मिलता है जो आपकी किस्मत में होता है : सिराज

'मैन ऑफ द' मैच भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाने के बाद कहा, मैं एकदम सहज रहा,। मैंने एकदम सही लाइन और लेंग्थ के साथ गेंदबाजी की। रविवार को मेरा श्रीलंका के खिलाफ छह विकेट चटकाना वाकई सपने की तरह था। मैंने पिछली बार श्रीलंका के खिलाफ तिरुवनंतपुरम में शुरू में जल्दी चार विकेट लिए थे लेकिन पांच विकेट नहीं चटका पाया था। मैंने अहसास किया कि आपको वही मिलता है जो आपकी किस्मत में होता है। मुझे लगा कि आज यानी रविवार को मुझे छह विकेट मिलना तय ही था। मुझे एशिया कप के पहले मैचों में ज्यादा स्विंग नहीं मिली थी लेकिन रविवार को मुझे स्विंग मिली। मैं बल्लेबाज को हर गेंद खिलाना चाहता था। मेरे लिए यह खासा संतोषजनक रहा कि मैंने आउटस्विंगर पर विकेट मिले क्योंकि आमतौर पर मैं वॉबल(डगमगाती) सीम गेंदों पर विकेट लेता हूं।

## युवा शूटिंग सितारे ऐश्वर्या-मेहुली अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। निशानेबाजों ने एशियाई खेलों के इतिहास में नौ स्वर्ण सहित 57 पदक जीतकर भारत के लिए संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक पदक अर्जित किए हैं। यह मुक्केबाजी के समान ही है, जिसने महाद्वीपीय प्रतियोगिता में भारत के लिए नौ स्वर्ण सहित 57 पदक जीते हैं। हालाँकि, 70 के दशक में कर्णी सिंह और रणधीर सिंह की ट्रैप में शुरुआती सफलता के विपरीत, शूटिंग में भारत की प्रोफ़ाइल पिछले कुछ दशकों में पिस्तौल, एयर राइफल और शॉटगन के विभिन्न वर्गों में सफलता के साथ बढ़ी है। रणधीर सिंह एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज थे और इस विरासत को जसपाल राणा, गगन नारंग, समरेश जंग, विजय कुमार, सोमा दत्ता, अंजलि भागवत और राही सरनोबत जैसे खिलाड़ियों ने जारी रखा। जकार्ता में 2018 खेलों में निशानेबाजों की एक युवा पीढ़ी ने विरासत को आगे बढ़ाया जब 16 साल और 101 दिन की उम्र में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में जीत हासिल करके सौरभ चौधरी खेलों में भारत के सबसे कम उम्र के स्वर्ण पदक विजेता बने। विश्व चैंपियनशिप और विश्व कप में युवा भारतीय निशानेबाजों की हालिया प्रगति को देखते हुए, भारत को चीनी शहर हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेलों में निशानेबाजों से अच्छे पदकों की उम्मीद करनी चाहिए। हालांकि भारतीय निशानेबाज राष्ट्रमंडल खेलों की तरह एशियाई खेलों में बड़ी उपलब्धि की उम्मीद नहीं कर सकते हैं, फिर भी यह पर्याप्त होनी चाहिए क्योंकि हांगझाऊ में अच्छा प्रदर्शन भारत की हालिया सफलता में एक और पंख जोड़ देगा।

# स्वर्ण पदक हॉकी पुरुष, महिला टीमों को पेरिस ओलम्पिक 2024 में जगह दिलाएगा

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में फील्ड हॉकी प्रतियोगिताओं में हमेशा एक अतिरिक्त आभा होती है क्योंकि विजेता को स्वर्ण पदक प्राप्त करने के अलावा अगले ओलंपिक खेलों में भी सीधे जगह मिलती है। आमतौर पर दो ओलंपिक खेलों के बीच में आयोजित होने वाली एशियाई खेलों की फील्ड हॉकी प्रतियोगिता न केवल विजेता को महाद्वीप में सर्वोच्चता प्रदान करती है, बल्कि ओलंपिक के लिए शीघ्र योग्यता का अतिरिक्त लाभ भी देती है, इस प्रकार मेगा इवेंट की योजना बनाने और तैयारी करने का मौका मिलता है। 23 सितंबर को चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले 19वें एशियाई खेलों में महिला और पुरुष हॉकी प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेता अगले साल के पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए अपनी जगह पक्की कर लेंगे और मेजबान फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के साथ चौथे स्थान पर रहेंगे। हांगझाऊ दोनों भारतीय टीमों के



लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि प्रतियोगिता ब्लू में पुरुषों और महिलाओं को यह पुष्टि करने का मौका देती है कि कुछ साल पहले टोक्यो ओलंपिक में सफलता कोई तुक्का नहीं थी। टोक्यो में, भारतीय पुरुष टीम ने ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता - चार दशकों में ओलंपिक में देश का पहला पदक। महिलाओं ने भी खुद को गौरवान्वित महसूस किया और टीम चौथे स्थान पर रही और कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूक गई। इस प्रकार, हांगझाऊ में पुरुष और महिला वर्ग में 12-टीम प्रतियोगिताओं के पास पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी जगह पक्की करने और साथ ही टोक्यो 2020 के बाद से अपनी किस्मत में उछाल को बनाए रखने का मौका होगा। हांगझाऊ में हॉकी प्रतियोगिताएं गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क स्टेडियम में आयोजित की जाएंगी, जिसमें पुरुषों की प्रतियोगिता में 12 और महिलाओं की प्रतियोगिता में 10 टीमें भाग लेंगी। उनकी वर्तमान ताकत को देखते हुए, विश्व नंबर 3 भारतीय पुरुष टीम एशियाई खेलों का खिताब जीतने के लिए पसंदीदा है, जो दक्षिण कोरिया के इंचियोन में 2014 संस्करण के बाद उनका पहला महाद्वीपीय स्तर का खिताब होगा, जब उन्होंने स्वर्ण जीतने के लिए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पेनल्टी शूट-आउट में हराया था।

## न्यूजीलैंड वनडे सीरीज के लिए बंगलादेश ने प्रमुख खिलाड़ियों को दिया आराम

**ढाका** 17 सितंबर (एजेंसियां)। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान में पहले दो एकदिवसीय (वनडे) के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का एलान किया है। जिसमें उसने अपने महत्वूपर्ण खिलाड़ियों को आराम देने का फैसला किया है।

आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए बंगलादेश ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए अपने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को आराम दिया है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शाकिब अल हसन की अनुपस्थिति में लिटन दास बंगलादेशी टीम की कप्तान का भार संभालेंगे। जिन खिलाड़ियों को आराम दिए गए उनमें मुशिफकुर रहीम, मेहदी



हसन मिराज और तस्कीन अहमद, हसन महमूद और शोरफुल इस्लाम की पेस बैटरी शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को आराम दिए जाने के बावजूद बंगलादेश टीम को तमीम इकबाल, महमूद उल्लाह, सौम्य सरकार और नुरुल हसन सोहन की वापसी से अनुभव की कोई कमी नहीं होगी।

बंगलादेशी टाइगर्स में तीन अनकैप्ड खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है जिनमें साउथपॉ जाकिर हसन, तेज गेंदबाज खालिद अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन हैं। तीनों खिलाड़ी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान डेब्यू के लिए उतारे जा सकते हैं। नईम शेख, अफीफ हुसैन और शमीम हुसैन एशिया कप टीम के दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी थे।

बंगलादेशी टीम में जिन खिलाड़ियों का जगह मिली है उनमें लिटन दास (कप्तान), तमीम इकबाल, सौम्य सरकार, अनामुल हक, तौहीद हृदोय, महमूद उल्लाह, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तनजीद हसन, जाकिर हसन, रिशाद हुसैन, खालिद अहमद हैं।

## डायमंड लीग फाइनल में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**यूजीन (अमेरिका),** 17 सितंबर (एजेंसियां)। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा डायमंड लीग 2023 फाइनल में भाला फेंक स्पर्धा में 83.80 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नीरज ने पिछले साल इतिहास रचा था क्योंकि वह डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। हालाँकि, वह शनिवार देर रात हेवर्ड फील्ड में खिताब बरकरार रखने में असमर्थ रहे। 2016 और 2017 में पूर्व डायमंड लीग चैंपियन, चेक गणराज्य के जैकब वाडलेच ने 84.24 मीटर के प्रभावशाली थ्रो के साथ अपनी तीसरी चैंपियनशिप हासिल की।

89.94 मीटर का भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड रखने वाले 25 वर्षीय




खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्थान पर 88.13 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। नीरज ने अपने पहले प्रयास में फाउल से शुरुआत की। वह अपने दूसरे थ्रो में 83.80 मीटर के साथ वाडलेच के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने 84.01 मीटर के प्रयास के साथ शुरुआत की थी।

तीसरे प्रयास में 81.37 मीटर थ्रो और उसके बाद नीरज के एक और फाउल ने वाडलेच को बढ़त बनाए रखने की अनुमति दी, जबकि वाडलेच पहले चार प्रयासों में सिर्फ एक वैध थ्रो ही फेंक पाए। टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता वाडलेच ने इस साल दूसरी बार नीरज चोपड़ा को हराने के अंतिम प्रयास के साथ रात का अपना सर्वश्रेष्ठ अंक हासिल किया। वाडलेच ने पिछले महीने ज्यूरिख डायमंड लीग में भी नीरज चोपड़ा को हराया था। फाइनल के रास्ते में, नीरज 2023 डायमंड लीग श्रृंखला के दोहा और लुसाने चरण में विजयी हुए, लेकिन ज्यूरिख में उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।

# डेविस कप में जीत के साथ बोपन्ना की विदाई, भारत 4-1 से जीता

**लखनऊ,** 17 सितंबर (एजेंसियां)। रोहन बोपन्ना ने रविवार को यहां डेविस कप विश्व ग्रुप -2 के युगल मुकाबले में अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ मोरक्को के खिलाफ जीत दर्ज कर प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपने शानदार करियर को अलविदा कर दिया वहीं सुमित नागल और दिग्विजय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिद्वंदियों को घुटनों पर बैठा कर अपने सीनियर के विदाई टूर्नामेंट को यादगार बना दिया। भारत इसके साथ मोरक्को के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्ले आफ में पहुंच गया है।

विजयंतखंड स्टेडियम के हार्ड कोर्ट पर बोपन्ना और युकी भांबरी ने एकतरफा मुकाबले में मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-2,6-1 से हरा दिया जबकि शीर्ष वरीय सुमित नागल ने रिवर्स सिंगल में यासीन डिलिमी को 6-3,6-3 से हरा कर डेविस कप ग्रुप-2 अभियान में भारत की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया। बाद में दिग्विजय सिंह ने आहूदा वलीद को 6-1,5-7,10-6 से हरा कर जीत के फासले को 4-1 कर दिया। नागल ने इससे पहले शनिवार को मोरक्को के प्रतिद्वंदी एडम माउंडिर को सीधे सेटों मे हराया था हालांकि शशिकुमार मुकुंद मोरक्को के यासीन डिलिमी के खिलाफ मैराथन एकल मुकाबले में उमस से हार मान कर




मुकाबले से हट गये थे जिसके चलते डिलिमी को उस मैच में जीत मिली थी। यह दूसरा मौका है जब नागल ने डेविस कप के किसी मुकाबले में अपने दोनों एकल मैच जीते। इससे पहले उन्होंने 2019 में कजाखस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मुकाबले में यह कारनामा किया था। इस जीत से भारत अगले साल होने वाले विश्व ग्रुप एक के प्लेऑफ में पहुंच गया है। 43 वर्षीय रोहन बोपन्ना का डेविस कप करियर में यह आखिरी मुकाबला था। उन्होने अपने जोड़ीदार युकी भांबरी के साथ विजयंत खंड हार्ड कोर्ट में खेले गये मैच में मोरक्को के खिलाड़ियों के पांव जमने से पहले ही उखाड़ दिये। अमेरिकी ओपन में युगल वर्ग का फाइनल खेल कर लखनऊ आये विश्व के नंबर सात खिलाड़ी ने कोर्ट में अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल किया और एक घंटे 11 मिनट तक चले मैच में अपने प्रतिद्वंदियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

जीत के बाद कोर्ट पर मौजूद प्रशंसकों ने खड़े होकर ताली बजाते हुये उनको विदाई दी। भावुक बोपन्ना ने कोर्ट पर भारतीय टीम की जर्सी उतार कर डेविस कप को अलविदा कहा। भारत के उम्रदराज खिलाड़ी ने डेविस कप के करियर के दौरान 13 युगल मुकाबलों समेत कुल 33 मैच खेले जिनमें से 23 में उनके खाते में जीत आयी। इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी कमजोर दिख रही मोरक्को पर पूरी तरह हावी रहे। मोरक्को के खिलाड़ी अपनी सर्विस बचाने के लिये संघर्ष करते नजर आये। भारत ने पहला सेट मात्र 34 मिनट में अपने नाम किया जबकि दूसरे सेट में भी मामूली संघर्ष के बाद मोरक्को ने घुटने टेक दिये।

## सार संक्षेप

### प्रीमियर लीग : ब्राइटन ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-1 से चौंकाया

**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड का 2023-24 सीजन बद से बदतर होता जा रहा है और प्रीमियर लीग में सीजन की उनकी तीसरी हार हो गई, क्योंकि ब्राइटन एंड होव अल्बियन एफसी ने शनिवार को मैनचेस्टर में उन्हें 3-1 से हरा दिया। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने जबरदस्त आक्रमण के साथ शुरुआत की और मैच की शुरुआत में कुछ करीबी शॉट देखे, लेकिन ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल करने में असफल रहे। इसके बाद उन्होंने मैच के 20वें मिनट में शुरुआती गोल स्वीकार कर लिया, पूर्व यूनाइटेड स्ट्राइकर डैनी वेलबेक ने डिफेंस को चकनाचूर कर दिया और मैच का पहला गोल किया। हालाँकि, यूनाइटेड के लिए बहुत देर नहीं हुई थी क्योंकि क्लब के लिए अपना पहला मैच खेल रहे रामसुज होजलुंड बराबरी कर सकते थे लेकिन रेफरी ने गोल को अस्वीकार कर दिया। रॉबर्ट डी ज़ेब्री के शक्तिशाली वोल्व्स ने दूसरे हाफ में पूरी तरह से आगे बढ़कर अपना दबदबा बनाए रखा और दूसरे हाफ की शुरुआत में ही दो हमले किए। पास्कल ग्रॉस और जोआओ पेड्रो ने शानदार गोल किए जिससे ब्राइटन को 3-0 की बढ़त मिल गई, और यूनाइटेड के समर्थक दर्शकों में निराशा बढ़ गई। केवल 18 मिनट शेष रहने पर, युनाइटेड के प्रतिस्थापन हैनिबल मेजब्री एक सांत्वना गोल करने में सफल रहे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

### चानू की नजर पहले एशियाड पदक पर

नई दिल्ली। भारत की टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई चानू और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन अचिंता शूली 23 सितंबर को चीन के हांगझाऊ में शुरू होने वाले एशियाई खेलों के लिए चार सदस्यीय भारतीय भारोत्तोलन टीम में शामिल होंगी। चानू जहां 49 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी, वहीं शूली 73 किग्रा वर्ग में नजर आएंगी। टीम में बिंद्यारानी देवी भी शामिल हैं, जिन्होंने 2021 कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। 24 वर्षीय बिंद्यारानी महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। मौजूदा राष्ट्रीय खेलों के चैंपियन एन अजित भारतीय टीम के अंतिम सदस्य हैं।

सुडोकू 6320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

# [ अर्थ जगत ]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

## सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59820 |
| बिटुर | 54850 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 47,600 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 71,900 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 82.98 | 83.20 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

## चीनी-गुड़

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 3500-4000 |
| परमल | 1500-1850 |
| चावल सेला | 3000-3100 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 8150-8250 |
| उड़द दाल | 11000-11100 |
| मूंग दाल | 10000-10100 |
| अरहर दाल | 10500-10600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# अकासा एयर की कानूनी कार्रवाई

## अचानक इस्तीफा देने वाले 40 से ज्यादा पायलटों पर मुकदमा

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अकासा एयर ने 40 से ज्यादा पायलटों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है, जिन्होंने हाल ही में दूसरी एयरलाइन में काम करने के लिए अकासा की नौकरी छोड़ दी थी। पायलटों की इस अचानक विदाई ने पिछले साल अगस्त में परिचालन शुरू करने वाली एयरलाइन को पिछले महीने से कई उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पायलटों के इस्तीफे का नतीजा यह हुआ कि इस साल अगस्त में अकासा की घरेलू बाजार हिस्सेदारी वित्तीय रूप से स्पाइसजेट से पीछे हो गई, जबकि जून में इसने स्पाइसजेट को पीछे छोड़ दिया था। अकासा कथित तौर पर राजस्व की हानि और अपनी प्रतिष्ठा को हुए नुकसान के लिए लगभग 22 करोड़ रुपये के मुआवजे का दावा कर रही है, क्योंकि 43 पायलट अनिवार्य




- पायलटों की इस अचानक विदाई से एयरलाइन को पिछले महीने से कई उड़ानें रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा
- दूसरी एयरलाइन में काम करने के लिए अकासा की नौकरी छोड़ दी थी

नोटिस अवधि में काम किए बिना छोड़कर चले गए। एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया, 'हमने केवल उन पायलटों के एक छोटे समूह के खिलाफ कानूनी उपाय की मांग की है, जिन्होंने अपना कर्तव्य नहीं निभाया और अपनी अनिवार्य अनुबंधात्मक नोटिस अवधि पूरी किए बिना चले गए। यह न केवल उनके अनुबंध का उल्लंघन था, बल्कि देश के नागरिक उड्डयन नियमों का भी उल्लंघन था।'

प्रवक्ता ने आगे कहा, 'यह न केवल कानूनन अवैध है, बल्कि एक अनैतिक और स्वार्थी कृत्य भी है, जिसने अगस्त में उड़ानों को बाधित किया और आखिरी मिनट में उड़ानों को रद्द करना पड़ा, जिससे हजारों ग्राहक फंस गए, जिससे यात्रा करने वाले लोगों को काफी असुविधा हुई।' प्रवक्ता ने कहा, 'सौभाग्य से अब हालत संभली है। कड़ी मेहनत के लिए सहयोगियों को धन्यवाद। एक नए स्टार्ट अप के रूप में हमें इस बात पर गर्व है कि प्रत्येक अकासियन ने हमारे संचालन के पहले वर्ष में हमारी मदद की है।'

## जेट एयरवेज के निवेशक फ्लोरियन फ्रिट्च की संदिग्ध धोखाधड़ी के लिए जांच

नई दिल्ली। लिकटेंस्टीन अदालत के एक आदेश ने भारत के जेट एयरवेज को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से निवेशकों में से एक से जुड़े धोखाधड़ी के आरोपों की जांच कर रहे अभियोजकों द्वारा जब्त की गई वस्तुओं में लक्जरी कारों और घड़ियों की एक बड़ी संख्या का खुलासा किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित जून के फैसले के अनुसार, लिकटेंस्टीन में सर्वोच्च न्यायालय ने संपत्ति को मुक्त करने की अपील को खारिज कर दिया, इसमें सात पोर्श कारें, पांच रोलेक्स 'बॉक्स' और 214,000 डॉलर मूल्य की क्लासिक कार सिम्युलेटर शामिल है। ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड के बीच स्थित छोटी सी रियासत में अभियोजकों द्वारा संदिग्ध धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फ्लोरियन फ्रिट्च की जांच की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने ईमेल और संदेश का जवाब नहीं दिया। मुख्य अभियोजक रॉबर्ट वॉलनर ने कहा, लिकटेंस्टीन जांच आगे बढ़ गई है, लेकिन इसे पूरा होने में और समय लगेगा।

## वोडाफोन आइडिया ने स्पेक्ट्रम नीलामी की 1,701 करोड़ रुपए की किस्त का भुगतान किया

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। वोडाफोन आइडिया ने 2022 स्पेक्ट्रम नीलामी की किस्त के रूप में दूरसंचार विभाग को 1,701 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि भुगतान 15 जून 2022 के आवेदन आमंत्रण नोटिस की शर्तों के अनुरूप है। वोडाफोन आइडिया ने इससे पहले 14 अगस्त को एक फाइलिंग में कहा था कि कंपनी को एक प्रमोटर समूह इकाई से एक संचार प्राप्त हुआ है, जिसमें पुष्टि की गई है कि कंपनी द्वारा अपने आसन्न भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए किसी भी फंड की आवश्यकता की स्थिति में वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दो हजार करोड़ रुपए की सीमा तक समर्थन वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।



केयर रेटिंग्स ने 24 अगस्त को परिकल्पित समयसीमा के विरुद्ध निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से धन जुटाने में देरी को स्वीकार करते हुए वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की दीर्घकालिक बैंक सुविधाओं और उपकरणों को दिए गए दृष्टिकोण को 'सकारात्मक' से घटाकर 'स्थिर' कर दिया था, जबकि रेटिंग की पुनः पुष्टि की गई थी।

रेटिंग कंपनी के बिगड़ते वित्तीय जोखिम प्रोफाइल पर टिकी हुई है, जिसमें वास्तविक निवल मूल्य में गिरावट आई है, इसका ग्राहक आधार लगातार घट रहा है और धन जुटाने में देरी हो रही है - ऋण और इक्विटी दोनों मामलों में। इससे 4जी सेवाओं के विस्तार और 5जी सेवाओं को समय पर शुरू कर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के इसके प्रयास कमजोर हो गए हैं।

# हवाई अड्डों, एयरलाइंस द्वारा राजस्व साझा करने से विमानन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा

**लखनऊ,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), लखनऊ और लिवरपूल विश्वविद्यालय के एक नए अध्ययन में पाया गया है कि हवाई अड्डों और एयरलाइंस द्वारा राजस्व साझा करने से उन्हें पर्यावरण-अनुकूल बनने में मदद मिल सकती है और विमानन क्षेत्र में विकास को स्थायी बढ़ावा मिल सकता है। आईआईएम लखनऊ के नेतृत्व में किया गया यह अध्ययन इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे एयरलाइंस और हवाई अड्डे विभिन्न समझौतों के माध्यम से सहयोगात्मक रूप से सतत विकास हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा, सरकार भी समग्र नेतृत्व प्रदान करते हुये कर लगाकर इस क्षेत्र को और अधिक हरा-भरा बनाने में सक्षम बना सकती है, जैसा कि अध्ययन में सुझाव दिया गया है। यह अध्ययन यूरोपियन जर्नल ऑफ ऑपरेशनल रिसर्च एंड ट्रांसपोर्टेशन रिसर्च में प्रकाशित हुआ है। आईआईएम लखनऊ के एसोसिएट प्रोफेसर सुरेश के. जाखड़ ने कहा, 'भारत में विमान सेवा कंपनियां ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए ईंधन दक्षता में सुधार पर काम कर रही हैं। इसमें अधिक ईंधन-कुशल विमान को अपनाना, उड़ान मार्गों को अनुकूलित करना और परिचालन प्रथाओं को लागू करना शामिल है जो ईंधन की खपत को कम करते हैं, विमानों के टैक्सी के समय को कम करते हैं, और लैंडिंग अनुमति में देरी के दौरान अनावश्यक ईंधन जलने को कम करने के लिए प्रक्रियाओं को लागू करते हैं।'

जाखड़ ने कहा, 'विमानन क्षेत्र को डीकार्बोनाइज करने की तात्कालिकता में तेजी आने के साथ, अध्ययन स्थिरता को आगे बढ़ाने में एयरलाइंस



और हवाई अड्डों के बीच सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका को संबोधित करता है। टीम ने सार्वजनिक रूप से उपलब्ध माध्यमिक स्रोतों से एकत्र किए गए डेटा का उपयोग किया, जिसमें एयरलाइन और हवाई अड्डे के कार्यक्रम और एयरलाइंस के पास उपलब्ध वित्तीय और अन्य दस्तावेज शामिल हैं।'

उन्होंने कहा, 'हमने बुनियादी सवालों का समाधान किया है कि कैसे एयरलाइंस और हवाइ अड्डों के बीच समन्वित समझौते अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और समाज के लिए बेहतर परिणाम ला सकते हैं। हमने हवाई अड्डे के शुल्क, टिकट की कीमतों और हवाई यात्रा की मांग पर पर्यावरणीय और सामाजिक कारकों के प्रभाव को भी दिखाया है।' अध्ययन हवाई अड्डों और एयरलाइंस के समन्वय में पारस्परिकता, निष्पक्षता और यात्रियों की पर्यावरण जागरूकता की भूमिकाओं पर प्रकाश डालता है।

यह ट्रिपल-बॉटम-लाइन विकास प्राप्त करने के लिए एक विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करता है। इस ढांचे में पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं में निवेश करने वाली एयरलाइंस, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल करने वाले हवाई अड्डे, दोनों सरकारी हस्तक्षेप के पूरक शामिल हैं। अध्ययन के अनुसार, विमानन उद्योग में एक एयरलाइन का प्रदर्शन हवाई अड्डे की मांग को निर्धारित करता है, जबकि हवाई अड्डे को आवश्यक बुनियादी ढांचा प्रदान करके एयरलाइन को सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। इस अंतर-निर्भरता को अच्छी तरह से समन्वित किया जाना चाहिए, जिसके विफल होने पर सीमित आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक विकास होगा।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्रष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर पर आ गई।

### दुनिया भर में फैल रही है चीनी जैस्मीन की खुशबू

बीजिंग। वर्ष 2023 हेंगचोउ जैस्मीन सांस्कृतिक महोत्सव 19 से 20 सितम्बर तक चीन के क्वांगशी च्वांग स्वायत्त प्रदेश के नाननिंग और हेंगचोउ क्षेत्रों में आयोजित होगा। इस बार महोत्सव का थीम है -'हरित नेतृत्व, स्वास्थ्य और सौंदर्य'। इस मौके पर उद्घाटन समारोह, वर्ष 2023 जैस्मीन (चाय) उत्पादन और बिक्री स्थिति विश्लेषण बैठक, पारिस्थितिक विकास थीम आदान-प्रदान बैठक, वर्ष 2023 जैस्मीन चाय उत्पाद गुणवत्ता और ब्रांड पहचान सर्वेक्षण गतिविधि आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बताया जाता है कि हेंगचोउ चीन में जैस्मीन का गृहनगर है। जैस्मीन के फूल और जैस्मीन चाय दोनों का उत्पादन दुनिया के कुल उत्पादन के 60 प्रतिशत से अधिक है, और इसे 'विश्व की जैस्मीन राजधानी' की प्रतिष्ठा प्राप्त है। वर्तमान में, हेंगजोउ ने डिजिटल ग्रामीय पायलट निर्माण से लाभ उठाकर संपूर्ण जैस्मीन उद्योग श्रृंखला के सूचनाकरण निर्माण को बढ़ावा दिया। जैस्मीन की फूल अवधि आम तौर पर एक से डेढ़ महीने तक बढ़ जाती है। और फूलों के प्रत्येक खेत से फूल किसानों की आय प्रति वर्ष 3,600 युआन से अधिक बढ़ सकती है। 'डिजिटल जैस्मीन' ग्रीनहाउस के निर्माण से लाभ उठाकर फूल किसान कार्यालय में बैठे हुए मोबाइल फोन और कंप्यूटर क्लाइंट के माध्यम से जैस्मीन के फूलों की वृद्धि का निरीक्षण कर सकते हैं, और इंटरनेट ऑफ थिंग्स और बिग डेटा तकनीक के उपयोग से प्रकाश, तापमान, आर्द्रता और सिंचाई आदि को नियंत्रित कर सकते हैं, जिससे जैस्मीन के फूलों की वृद्धि, उत्पादन और गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। साथ ही जैस्मीन उत्पाद अधिक से अधिक विविध होते जा रहे हैं, उदाहरण के लिये जैस्मीन भोजन और खानपान, जैस्मीन औषधीय उत्पाद और जैस्मीन स्वास्थ्य देखभाल उत्पाद जैसे उच्च मूल्य वर्धित उत्पाद विकसित किए गए हैं।

# फेड रिजर्व के निर्णय का बाजार पर रहेगा असर

साप्ताहिक समीक्षा

**मुंबई,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अर्थव्यवस्था के मजबूत आंकड़े से हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह करीब दो प्रतिशत की तेजी में रहे घरेलू शेयर पर अगले सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक में ब्याज दर को लेकर होने वाले निर्णय का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1239.72 अंक अर्थात 1.9 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 372.4 अंक यानी 1.9 प्रतिशत उछलकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20192.35 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 166.63 अंक की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 32505.37 अंक पर रहा। इसी तरह स्मॉलकैप 437.97 अंक लुढ़ककर 37828.56 अंक पर आ गया।

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्योगिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से निवेशक खासे उत्साहित रहे। इससे दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह बाजार गुलजार रहा। इसका असर बाजार पर आगे भी बरकरार रहेगा।

वैश्विक स्तर पर अगले सप्ताह 19 और 20



सितंबर को अमेरिकी फेड रिजर्व की ओपन मार्केट कमेटी की बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में ब्याज दरों पर होने वाले निर्णय की अगले सप्ताह बाजार को दिशा देने में अहम भूमिका रहेगी। इसके साथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह, डॉलर इंडेक्स और कच्चे तेल की कीमत भी बाजार का रुख तय करने वाले महत्वपूर्ण कारक होंगे। बीते सप्ताह बाजार में सभी पांच दिन तेजी रही। बैंक ऑफ जापान के नकारात्मक ब्याज दरों के दौर से बाहर निकलने के संकेत के बाद वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत सोमवार को सेंसेक्स 528.17 अंक की छलांग लगाकर 67127.08 अंक और निफ्टी 176.40 अंक उछलकर 19996.35 अंक पर रहा। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लिवाली होने से मंगलवार को सेंसेक्स 94.05 अंक चढ़कर 67221.13 अंक पर पहुंचा जबकि निफ्टी 3.15 अंक फिसलकर 19993.20 अंक पर सपाट रहा। विदेशी बाजारों में गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर जुलाई में औद्योगिक उत्पादन बढ़ने और अगस्त में खुदरा महंगाई घटने से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 245.86 अंक की तेजी लेकर 67466.99 अंक और निफ्टी 76.80 अंक मजबूत होकर पहली बार 20 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 20070 अंक पर रहा। विदेशी बाजारों के सकारात्मक रुख के प्रभाव से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत गुरुवार को सेंसेक्स 52.01 अंक की बढ़त लेकर 67519 अंक और निफ्टी 33.10 अंक चढ़कर 20103.10 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर रहा।

## निवेशकों का फोकस डेटा रिलीज, केंद्रीय बैंक की बैठकों पर

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। निवेशक का फोकस अब आने वाले हफ्ते में केंद्रीय बैंक की बैठकों और आगामी डेटा रिलीज पर है, जिसमें यूएस फेड रिजर्व, बैंक ऑफ इंग्लैंड के डेटा भी शामिल हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने ये बात कही है। कच्चे तेल की बढ़ी कीमतें और मुद्रास्फीति को लेकर चिंता का असर शुरू में बाजार पर पड़ा। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू औद्योगिक और विनिर्माण उत्पादन आंकड़ों के साथ-साथ मुद्रास्फीति में गिरावट से इस नकारात्मक भावना की भरपाई हो गई, जिसने बाजार को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। सकारात्मक वैश्विक संकेतों से भी बाजार को समर्थन मिला है। कुछ सकारात्मक वैश्विक संकेतों में चीन का डीफ्लेशन से उबरना, अमेरिका में कोर इंफ्लेशन का कम होना शामिल है।

उन्होंने कहा, हालांकि, मिड और स्मॉल-कैप सूचकांकों को दबाव का सामना करना पड़ा है। इसकी वजह मुनाफावसूली है जो ओवरवैल्यूएशन चिंताओं से प्रेरित थी। मोतीलाल



ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि अमेरिकी ब्याज दर पर फैसला होने वाला है, जहां फेड द्वारा कुछ विराम लेने की उम्मीद है, जिससे वैश्विक बाजारों को राहत मिल सकती है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के तकनीकी अनुसंधान विश्लेषक नागराज शेट्टी ने कहा कि निफ्टी का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। आने वाले सत्रों में इसमें और तेजी आने की संभावना है। अगला लक्ष्य 20,450 के स्तर पर देखा जाएगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा कि सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंचने से निफ्टी में मजबूती बनी रही। 20,100 पर मजबूत पुट राइटिंग ने बाजार में सकारात्मक धारणा को और मजबूत किया है।

## खाद्य तेल 2000 रुपए तक सस्ता

**नई दिल्ली,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के भाव 2000 रुपए तक गिर गये वहीं दालों में मिलाजुला रुख रहा।



तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का सितंबर वायदा सप्ताहांत पर 40 रिंगिट फिसलकर 3690 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.13 सेंट की तेजी लेकर 61.76 सेंट प्रति पौंड पर पहुंच गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल में 146 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल 147 रुपए, सूरजमुखी तेल 527 रुपए, सोया रिफाइंड 367 रुपए, पाम ऑयल 2009 रुपए और वनस्पति तेल 200 रुपए प्रति क्विंटल सस्ते हो गये।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 12820 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 20732 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 13113 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8866 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10933 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

## अरबपति निवेशक मार्क क्यूबन को क्रिप्टो घोटाले में 8.70 लाख डॉलर का नुकसान

**सैन फ्रांसिस्को,** 17 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी व्यवसायी, निवेशक, फिल्म निर्माता और टेलीविजन हस्ती मार्क क्यूबन को 15 सितंबर की देर रात एक क्रिप्टो घोटाले में लगभग 8,70,000 डॉलर का नुकसान हुआ। ऑन-चेन जासूस वाज़ ने सबसे पहले ईथरस्कैन पर 'मार्क क्यूबन 2' लेबल वाले मेटामास्क क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट में असामान्य लेनदेन को देखा। क्रिप्टोस्लेट की रिपोर्ट के अनुसार, वॉलेट पांच महीने से अधिक समय से निष्क्रिय था। वाज़ ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, 'माओ, क्या मार्क क्यूबन का बटुआ अभी खाली हो गया? बटुआ 160 दिनों के लिए निष्क्रिय था और सभी संपत्तियां बस चली गईं।' यह खबर सबसे पहले डीएलन्यूज ने प्रकाशित की थी।

क्यूबन ने पुष्टि की कि उसने पांच एथेरियम (ईटीएच) टोकन खो दिए हैं, जिनकी कीमत मौजूदा कीमतों पर लगभग 8,170 है। इसके अलावा उनके वॉलेट से कई यूएसडी कॉइन (यूएसडीसी), पॉलीगॉन (मैटिक), लिडो स्टेक्ड एथेरियम



(एसटीईटीएच), और सुपररेअर और एथेरियम नेम सर्विस के टोकन भी गायब हो गये हैं। हालाँकि, अरबपति आने वॉलेट से कॉइनबेस कस्टडी में लगभग 20 लाख यूएसडीसी स्थानांतरित करने में सफल रहे, जिससे अधिकांश संपत्ति चोरी होने से बच गई। क्यूबन का दावा है कि उसे 'पूरा यकीन' है कि उसने मेटामास्क का एक दुर्भावनापूर्ण संस्करण डाउनलोड किया है, जिसके परिणामस्वरूप हैक हुआ।

उन्होंने कहा, 'मैं कई महीनों में पहली बार मेटामास्क पर गया। वे अवश्य देख रहे होंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि उनका मेटामास्क एप्लिकेशन 'दो बार क्रैश' हुआ, जिसके बाद उन्होंने ओपनसी पर अपने नॉन-फंजीबल टोकन (एनएफटी) को लॉक कर दिया और अपने सभी मैटिक को खाते से हटा दिया। यह पहली बार नहीं है जब क्यूबन को क्रिप्टोकरेंसी में नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब 2021 में आयरन फाइनेंस की टाइटन स्थिर मुद्रा एक अफवाह के कारण ढह गई, तो उन्होंने एक अनिर्दिष्ट संपत्ति खो दी।

इस बीच, वैश्विक क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज कॉइनएक्स ने घोषणा की है कि उसके हॉट वॉलेट को हैक कर लिया गया है और बड़ी मात्रा में डिजिटल संपत्ति चोरी हो गई है, जिसका इस्तेमाल प्लेटफॉर्म के संचालन का समर्थन करने के लिए किया गया था। घटना 12 सितंबर को हुई, और प्रारंभिक मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि अनधिकृत लेनदेन में एथेरियम, ट्रॉन और पॉलीगॉन क्रिप्टोकरेंसी शामिल हैं।

# चित्रकला प्रतियोगिता में सोंढुर टीम अव्वल




**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में शनिवार को ईको क्लब के तत्वाधान में प्रश्न मंच और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रश्न मंच हेतु नवमी से बारहवीं तक के छात्राओ को शामिल करके चार टीम अरपा, पैरी, सोंढुर और महानदी बनाया गया। निर्णायक की भूमिका में व्याख्याता मनहरण लाल भट्ट, मनीषा तिर्की, श्रीमती निधी अग्रवाल एवं व्यायाम शिक्षक ओमप्रकाश जायसवाल रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता परस राम सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्रीमती टामेश्वरी साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रम और अन्य कार्यक्रम संस्था में सुचारू रूप से आयोजित होते रहना चाहिए। व्याख्याता श्रवण सिन्हा एवं श्रीमती अनुपमा मानिकपुरी बताया कि ऐसे आयोजन से छात्राओ में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु आत्मविस्वास में वृद्धि होगी और सामान्य ज्ञान बढेगा। इसके विजेता टीम सोंढुर के सदस्य रहे। सोंढुर टीम में ज्योति साहू, नीतू यादव, जया निषाद, गंगा डहरिया, गरिमा साहू, अलीशा बानो, पूनम निर्मलकर शामिल थे। चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओ ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता में साक्षरता, विज्ञान एवं पर्यावरण विषयों पर पोस्टर बनाये गए इसमे उर्मिला साहू, चंद्रसेनी, ओमिन बारले, मुस्कान परवीन, दुर्गेश्वरी यादव, गीतांजली साहू, तनुजा चन्द्राकर, अलका साहू, मोनिका साहू, योगिता चन्द्राकर शामिल रहे । कार्यक्रम में व्याख्यातागण संतराम साहू, चित्रसेन साहू शिक्षक श्रीमती रेणुका चन्द्राकर, महेन्द्र ध्रुव, भानेन्द्र सिंह बिसेन कार्यालयीन कर्मचारी केशव कन्नौजे, श्रीमती मनीषा राजपूत, श्रीमती दुलारी, श्रीमती सुरेखा मिश्रा उपस्थित रहे।

# नवागांव स्कूल में वीरगाथा प्रोजेक्ट पर विविध आयोजन



**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शिक्षा मंत्रालय एवं राष्ट्रीय शिक्षा मिशन के द्वारा चलाए जा रहे हैं अभियान के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नवागांव में वीरगाथा 3.0 प्रोजेक्ट का आयोजन प्रधान पाठक चमन लाल निर्मलकर के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक मेमन कुमार चंद्राकर के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में शाला के 32 छात्र.छात्राओ ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया। जिनके द्वारा वीर पुरुषों एवं वीर सेनाओ से संबंधित पेंटिंग, ड्राइंग एवं पैराग्राफलेखन का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक अरुण कुमार साहू, अमर साहू एवं छात्र.छात्राएं उपस्थित थे

# मणिकंचन में रंगोली बना दिया स्वच्छता का संदेश



**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत तुमाडबरी मणिकंचन केन्द्र में निर्मल शहर स्तरीय संघ के सदस्य एवं स्वच्छता दीदियों ने मिलकर रंगोली बना स्वच्छता का संदेश दिया। 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस श्रृंखला में नगर पालिका अधिनस्थ तुमाडबरी एसएलआर सेंटर से स्वच्छता दीदी रंगोली बनाकर लोगों को साफ .सफाई रखने का संदेश दिया। बाद सेंटर की सुपरवाइजर श्रीमती रमा महानंद ने सभी स्वच्छता दीदीयो को राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझकर नगर को अपने घर की तरह स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जमुना यादव, पद्मनी चन्द्राकर, यशोदा चन्द्राकर, अल्का चन्द्राकर, मीना चन्द्राकर, मालती निषाद, दुरपति यदु, लक्ष्मी निर्मल कर, बिन्दु विसाल, प्रभा चन्द्राकर, ज्योति यादव, सुमति कसना, शशि यादव, देवकी साहू, रीना क्षात्रे, अनुसुइया सांवरा, धरमीन यादव, पूजा साहू, सविता जगत,बुनकी सोनी, भुनेश्वरी भोई, लक्ष्मी जगत आदि उपस्थित रहे।

# गिरदावरी के कार्य को शत-प्रतिशत एवं त्रुटिरहित ढंग से करें पूरा : कलेक्टर



**धमतरी,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने राज्य शासन की विशेष प्राथमिकता वाले समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का की खरीदी कार्य के अंतर्गत गिरदावरी के कार्य को पूरी तरह से शुद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने 20 सितंबर तक शत-प्रतिशत गिरदावरी करने का लक्ष्य राजस्व अधिकारियों को देते हुए कहा कि गिरदावरी कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। त्रुटिरहित गिरदावरी से ही जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सकेगा। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने आज सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राजस्व, कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने किसान पंजीयन के कार्य की समीक्षा करते हुए किसान पंजीयन कार्य की गति बढ़ाने के भी निर्देश दिए। श्री रघुवंशी ने धान एवं मक्का के अलावा अन्य दलहनी फसलों के गिरदावरी के कार्य को पूरी तरह से त्रुटिरहित ढंग से कराने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जिले में 66.58 प्रतिशत गिरदावरी हो चुका है। इसी तरह तहसीलवार गिरदावरी में कुकरेल तहसील में 69.71, कुरूद में 64, धमतरी में 65.92, नगरी में 72.98, बेलरगांव में 68.18, भखारा में 69.94 और मगरलोड तहसील में 63.29 प्रतिशत गिरदावरी हुई है। बैठक में राजस्व एवं कृषि विभाग से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित हल्का पटवारियों द्वारा किए जाने वाले गिरदावरी का कार्य पूरी तरह से शुद्ध एवं समुचित होनी चाहिए। श्री रघुवंशी ने इस कार्य में लापरवाही बरते जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने सहकारी समितियों के ऑपरेटरों के द्वारा की जाने वाली एंट्री के कार्य को भी पूरी तरह से शुद्ध एवं सही तरीके से कराने को कहा। बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में किसान पंजीयन की प्रगति, बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी संबंध में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान उपार्जन के लिए बारदाने की व्यवस्था सहित खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में चांवल उपार्जन की प्रगति की समीक्षा की गई।

# महासमुंद क्षेत्र में 6 करोड़ 80 लाख की लागत से होगा सड़क निर्माण कार्य

**महासमुंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। क्षेत्र में 6 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत से तीन स्थानों पर सड़क निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति मिली है। जिस पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

यहां यह बताना लाजिमी होगा कि बेमचा.परसवानी मुख्य मार्ग से गोटियाखार तक डामरीकरण, महासमुन्द के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल तक पहुंच मार्ग व रामाडबरी से बावनकेरा तक सड़क निर्माण के लिए ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की मांग पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही प्रभारी मंत्री व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू का ध्यानाकर्षित कराया था। बाद इसके स ?क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत कराई है। जिसमें बेमचा.परसवानी मुख्य मार्ग से गोटियाखार तक डामरीकरण के साथ ही पुल पुलिया निर्माण के लिए 289.77 लाख रुपए, महासमुन्द के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 136.81 लाख तथा रामाडबरी से बावनकेरा तक सड़क निर्माण के लिए 253.71 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है।

राशि की स्वीकृति पर पर वीरेन्द्र चंद्राकर, संतोष चंद्राकर, देवेन्द्र चंद्राकर, हरिश्चन्द ध्रुव, डिगेश चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, अजय कहार, कोमल चंद्राकर, संदीप चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, योगेश कोटवार, अभिषेक चंद्राकर, पीताम्बर साहू, ओंकार चंद्राकर, लखन सेन, विनोद नाग, गौतम बंजारे, शत्रुघन कोसरे, तुकाराम कोसरे, भोलाराम विश्वकर्मा, रायसिंग दीवान, रविचंद बंजारे, खिलावन रात्रे, धनेश गायकवाड, मनोज कोसरे, रविन्द्र टंडन, विमल दीवान, विमलेश बंजारे, सनत कोसरे, नोहर बंजारे, लोहित गिलहरे, संजय भारती, मंगलू बारले, भुनेश्वर डहरिया, समारू सोनवानी, हेमकुमार गिलहरे, संतोष नारंग, आशाराम सोनवानी, हेमकूमार पटेल, राजू आवडे, लखन सोनटेके, शैलेन्द्र राम गेंदरे, राजू गिलहरे रमेश यादव आदि ने संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

# मेघा स्कूल में मतदाता जागरूकता रंगोली एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया




**धमतरी,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेघा में मतदाता जागरूकता जागो पोस्टर पंपलेट मोनू बना कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया द्यसंपूर्ण कार्यक्रम अभियान के अंतर्गत मतदाता संबंधित विभिन्न पोस्टर पंपलेट एवं रंगोली के माध्यम तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई साथ ही जागो वोटर जागो थीम पर मोनो बनाकर हाई स्कूल प्रांगण में छोड़ो अपने सारे काम पहले चलो करें मतदान, जाए वोट डालने जाएं अपना वोट काम में लाएं, युवा शक्ति के तीन है काम शिक्षा सेवा और मतदान द्य वोट करें गर्व करें जागो वोटर गतिविधि में प्राचार्य एसके साहू रेड क्रॉस काउंसलर अवध राम साहू स्कूल स्टाफ कीर्तिलता साहू अमितकंवर, प्रीतम साहू,भावना चावड़ा, दिलीप कुमार साहू, टुकेश्वरी, जयंत कुमार साहू, किरण साहू, दीपेश कोसरिया, एन.के. बनपेला एवं सन गीता संगीता साहू पुष्प लता चंचल साहू दीप्ति पटेल प्रिया विश्वकर्मा ऐश्वर्या सत्यम राजेश गोवर्धन चिरौंजी एवं समस्त छात्र छात्राओं का भरपूर सहयोग रहा।

# धमतरी शहर में किया गया तीजा मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन



## जम्मों तिजहारिन मतदान करिही ए दारी : स्वीप जिला नोडल

**धमतरी,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में आज तीजा मतदाता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन मां विंध्यवासनी स्कूल गोकुलपुर में किया गया। इस अवसर पर विंध्यवासिनी स्कूल की संचालिका श्रीमती यशोदा सोनकर, श्रीमती जानकी गुप्ता, श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव द्वारा महिला मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। जिसमें महिलाओ ने लाल साड़ी में फूलो से श्रृंगार कर मतदाता जागरूकता का संदेश मेहंदी लगाकर दिया। साथ ही स्वीप नोडल अधिकारी श्रीमती यादव ने 'जम्मो तिजहारिन मतदान करिही ए दारी' के संबंध में तिजहारिन महिलाओं को अपील की है।

इस अवसर पर धमतरी शहर में शत प्रतिशत मतदान के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम के लिए संचालिका विंध्यवासनी स्कूल श्रीमती यशोदा सोनकर द्वारा स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव, स्वीप सहायक नोडल अधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार गुप्ता एवं स्वीप सदस्य श्रीमती जानकी गुप्ता का सम्मान किया गया।

# नेशनल हाइवे की मररमत कार्य जल्द करे विभाग : कांग्रेस पार्षद

**धमतरी,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस पार्षदों ने नेशनल हाइवे की जल्द मरम्मत कार्य करने की मांग संबधित विभाग से की पार्षद सोमेश मेश्राम ने कहा कि धमतरी शहर के बीच से गुज़रती हुई नेशनल हाईवे में गड्ढों के नाम से आम पब्लिक को जो परेशानिया इस वर्ष हुई है वह आज तक कभी नहीं हुई लगातार नेशनल हाईवे के अधिकारियों को मार्ग की मरम्मत की बातें आम पब्लिक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा कही जा रही है किंतु इनके द्वारा मरम्मत के नाम पर अमानक मटीरियल गिट्टी मुरम डस्ट का उपयोग किया जाता है बारिश के बाद प भारी मात्रा में डस्ट धूल बन कर उड़ता है और गड्ढों से ज़्यादा परेशानी बाद में धूल की होती है लोगों को इस धूल के कारण आँखों में अनेक किस्मों की तकलीफ़ प्रारंभ हो जाती है। ज़िम्मेदार अधिकारियों से माँग की जाती है कि वे मार्ग की मरम्मत तत्काल करें और मानक मटीरियल से करें डामर या इमलसन से करे जिसे बरसात में भी किया जा सकता है ताकि धूल की परेशानी न हो और तत्काल नया डामरीकरण की माँग की जाए।

पार्षद राजेश पाण्डेय ने कहा बाईपास रोड को भी तत्काल प्रारंभ करने की माँग की बाईपास रोड के बनते तक पिछले दो साल ढाई साल में नेशनल हाईवे के अधिकारियों को हाई टेंशन तार का हटाने का ध्यान नहीं रहा आज रोड बन कर तैयार हो गया है तब इन्हें याद आ या कि हाई टेंशन तार हटाना है ये इनकी लापरवाही का सबसे बड़ा उदाहरण है यदि इनके द्वारा समय पूर्व ही इस संबंध में कार्रवाई की जाती तो आज यह रोड प्रारंभ हो गया होता इसलिए नेशनल हाईवे के अधिकारी नींद से जागें और तत्काल बाईपास रोड को प्रारंभ करें।

पार्षद केंद्र कुमार ने कहा कि पूर्व में भी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आफिस जाकर इस संबध में मांग की गई थी किंतु इनके लापरवाही को देखते हुए इन्हें हम नगर निगम कि कांग्रेस पार्षद इन्हें सख़्त शिकायत देते हैं कि इनके द्वारा जनहित में तत्काल क़दम नहीं उठाया जाता है तो इनकी अधिकारियों का घेराव कर इन्हें इनकी जवाबदेही याद दिलायी जाएगी।


**कार्यालय नगर पंचायत गुरूर, जिला- बालोद (छ.ग.)**

**छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65**

**ईशतहार**

**क्र./697/राजस्व विभाग/न.पं./2023**
**गुरूर, दिनांक 15.09.2023**

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक

01 हस्तांतरण का नाम पिता/पति का नाम- श्री चन्द्रप्रकाश गंजीर पिता श्री रघुनंदन गंजीर, किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता/पति का नाम- 1. श्रीमती गायत्री बैस, 2. श्रीमती पूनम बैस, खसरा नंबर/रकबा- 436/2 का टुकड़ा, पंचायत रिकार्ड क्र./सरल क्रमांक- 14, नामांतरण का आधार-

**टीप-** उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन/मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपना आपत्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर, जिला- बीजापुर (छ.ग.)**

क्रमांक/915/लो.नि.शा./न.पा.परि./2023-24 बीजापुर, दिनांक 15.09.2023

**महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क (UIPA) हेतु रुचि की अभिव्यक्ति**

नगर पालिका परिषद बीजापुर क्षेत्रांतर्गत महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रीय पार्क (UIPA) में युवाओं के स्व-रोजगार/स्टार्टअप गतिविधियों के लिए स्व सहायता समूह (युवा/महिला/पुरूष-मिश्रित) स्थानीय युवा क्लब, स्थानीय संगठन, प्राइवेट व्यक्ति, उद्यमी या व्यवसाय किये जाने के इच्छुक प्रतिभागियों से लघु एवं कुटीर उद्योग लगाये जाने एवं उत्पाद सामग्री के विक्रय सहित संपूर्ण जानकारी रूचि की अभिव्यक्ति के तहत विस्तृत प्रस्ताव पंजीकृत स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 29.09.2023 को सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो कि दिनांक 29.09.2023 को सायं 5.00 बजे कार्यालय में खोला जावेगा।

उपरोक्त रूचि की अभिव्यक्ति का नियम एवं शर्ते तथा विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के तकनीकी शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बीजापुर**
**जिला- बीजापुर (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, LAL CHAND JAIN S/O- RATAN LAL JAIN resident of HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441 have changed my old name LAL CHAND JAIN S/O- RATAN LAL JAIN, so in future I should be recognized by my new name that is LAL CHAND GUNDHAR S/O- RATAN LAL GUNDHAR in all Government and other documents.

**LAL CHAND GUNDHAR**
HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SHAKUN JAIN D/O- PUKHRAJ JAIN resident of HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441. have changed my old name SHAKUN JAIN D/O- PUKHRAJ JAIN, so in future I should be recognized by my new name that is SHAKUN GUNDHAR W/O- LAL CHAND GUNDHAR in all Government and other documents.

**SHAKUN GUNDHAR**
HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RITESH KUMAR JAIN S/O- LAL CHAND JAIN resident of HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441. have changed my old name RITESH KUMAR JAIN S/O- LAL CHAND JAIN, so in future I should be recognized by my new name that is RITESH GUNDHAR S/O- LAL CHAND GUNDHAR in all Government and other documents.

**RITESH GUNDHAR**
HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SONAL JAIN D/O- SURESH KUMAR BOTHRA resident of HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441. have changed my old name SONAL JAIN D/O- SURESH KUMAR BOTHRA , so in future I should be recognized by my new name that is SONAL GUNDHAR W/O- RITESH GUNDHAR in all Government and other documents.

**SONAL GUNDHAR**
HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RITESH GUNDHAR S/O LAL CHAND GUNDHAR resident of HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441 have changed my daughter old name AVANI JAIN D/O- RITESH KUMAR JAIN, so in future I should be recognized by my daughter new name that is AVANI GUNDHAR D/O- RITESH GUNDHAR in all Government and other documents.

**RITESH GUNDHAR**
HNO. 192, WARD-32, AZAD CHOWK, GAUSHALA ROAD. DISTRICT- RAJNANDGAON. PIN-491441

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RUKHASHAR BANOO D/O MOHAMMAD SHABBIR BATHI DHANKWALA resident of H NO-103 WARD NO-04 gurughasidas ward basna mahasamund c.g. 493554. have changed my old name RUKHASHAR BANOO D/O MOHAMMAD SHABBIR BATHI DHANKWALA, so in future I should be recognized by my new name that is RUKHSHAR memon W/O -IMRAN MEMON in all Government and other documents.

**RUKHSHAR MEMON**
H NO-103 WARD NO-04 GURUGHASIDAS WARD BASNA MAHASAMUND C.G. 493554

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, NIRMAL SINGH S/O JEET SINGH SAGGU resident of 25/1115/GH JEEVAN BIMA MARG NAKODA JWELLERS KE PICHE PAMDARI TARAI GURU GOVIND SINGH WARD RAIPUR 492001 C.G.. have changed my old name NIRMAL SINGH S/O JEET SINGH SAGGU, so in future I should be recognized by my new name that is NIRMAL SINGH SAGGU S/O JEET SINGH SAGGU in all Government and other documents.

**NIRMAL SINGH SAGGU**
25/1115/GH JEEVAN BIMA MARG NAKODA JWELLERS KE PICHE PAMDARI TARAI GURU GOVIND SINGH WARD RAIPUR 492001 C.G.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**ईशतहार**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**


**संदर्भ- जिला रायपुर, तहसील- रायपुर प.ह.नं.-00064 तेलीबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- आरडी202223440725100069**

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00064 के अंतर्गत ग्राम तेलीबांधा के वर्तमान भूमिस्वामी छ.ग. क्षेत्रीय गृह निर्माण सहकारी समिति मय्रादित द्वारा अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया पिता/पति राजकमल सिंघानिया पता सिविल लाईन रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15018/1(0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता आदित्य मोदी पिता/पति स्व. रविन्द्र मोदी पता रवि नगर रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.09.2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.09.2023 को जारी किया जाता है।

(सील) **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

देशबन्धु | रायपुर, सोमवार, 18 सितंबर 2023 3

# प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

## उल्टा पुल्टा

चंटी- बारिश होने की सबसे ज़्यादा खुशी घर के खिड़की दरवाज़ों को होती है।
बंटी- वो कैसे?
चंटी- खुशी के मारे फूल ही जाते हैं।

## संपादकीय

# फिल्मी संवाद हैं, असली नहीं

यह अपने आप में सचमुच चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिल्मी संवाद बोलने पर मारपीट कर दी जाये। पिटाई भी इस कदर कि किसी की मौत हो जाये। घटना भिलाई के कुर्सिपार की है जहां हाल ही में रिलीज़ हुई गदर-2 का एक संवाद बोलने पर कुछ लोग भड़क गये। बताया जाता है कि जिन्होंने मारपीट की वे लोग शराब के नशे में थे। इस घटना से न तो नाराज़ होने की आवश्यकता है और न ही इसे तूल देना चाहिये क्योंकि इसको उन लोगों ने अंजाम दिया है जो मूवी के संवादों को भी बड़ी गम्भीरता से लेते हैं और वे यह नहीं जानते कि ज्यादातर ऐसी फिल्में मनोरंजन का साधन मात्र होती हैं। वे फैंटेसी एवं केवल कल्पना पर आधारित होती हैं और उनका हकीकत से वास्ता नहीं होता। फिल्में जीवन नहीं वरन उसका कृत्रिम रूप है। पुलिस ने प्रशंसनीय रूप से तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया है। सम्भव है कि कुछ तत्व एवं संगठन इस वारदात का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से भी सावधान रहने की ज़रूरत है। पुलिस को चाहिये कि इसे लेकर अफवाह फैलाने वालों पर पहले से नज़र रखे।

खुर्सीपार गुरुद्वारा बेबे नानकी जी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह का पुत्र मलकीत सिंह आईआईटी ग्राउंड पॉवर हाऊस में शुक्रवार की रात अपने मित्र ओमप्रकाश उर्फ पलटू के साथ मोबाइल पर गदर-2 देख रहा था। फिल्म में पाकिस्तान वाला संवाद जब आया तो वह उसे जोर-जोर से बोलने लगा। इससे पास ही में शराबखोरी कर रहे 8-10 लोग नाराज़ हो गये और उन्होंने दोनों की पिटाई शुरू कर दी। ओमप्रकाश को उन्होंने घुटने के बल पर बैठा दिया, तो वहीं मलकीत को जमकर पीटने लगे। वह अधमरा हो गया तो सारे भाग खड़े हुए। पहले तो उसे खुर्सीपार के ही एक अस्पताल में ले जाया गया। हालत खराब होती देखकर उसके परिजन रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले गये परन्तु गम्भीर चोटों के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं अन्य की शिनाख्त कर ली गयी है तथा पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। समाज के नेता और अनेक राजनीतिक नेताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

यह निश्चित रूप से बहुत ही दुखद घटना है कि एक फिल्मी संवाद के कारण किसी युवक को अपनी जान गंवानी पड़े। पुलिस तो इस घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करती हुए दिख ही रही है, लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि इस मामले को राजनीतिक या साम्प्रदायिक रंग देने वालों के बहकावों में न आएं। सामाजिक सद्भाव बनाये रखना ही श्रेयस्कर है। मनोरंजन के लिये बनाई गई एक मूवी से, वह भी नशे में किये गये विवाद को बढ़ाना कतई समझदारी नहीं है।

# युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मनाया राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस



**पढ़े-लिखे युवा रोजगार न मिलने पर पकौड़े-चाय बेचते किया प्रदर्शन**

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शहर जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजय बिसाई के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस के रूप में मनाया एवं देश के समक्ष बेरोजगार युवाओं की पीड़ा को रखा। अजय बिसाई ने प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए बताया 2014 के चुनाव से पूर्व भारतीय जनता पार्टी के चुनावी सभाओं से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, परंतु प्रधानमंत्री मोदी की यह घोषणा जुमला बनकर रह गई। पिछले 9 साल से देश में मोदी की सरकार है इस हिसाब से मोदी को 9 सालों में 18 करोड़ रोजगार देना था, परंतु 9 साल में केवल 7 लाख रोजगार ही सृजन कर पाए प्रधानमंत्री मोदी,पिछले 45 साल का बेरोजगारी दर का रिकॉर्ड भी प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में टूटा है और जब देश के युवा प्रधानमंत्री मोदी से रोजगार की बात करते हैं तो प्रधानमंत्री मोदी पकोड़े तलने को भी रोजगार ही कहते हुए बातें टाल देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का ध्यान आकर्षित देश के बेरोजगार युवाओं की ओर करने के उद्देश्य से भारतीय युवा कांग्रेस देशभर में आज बेरोजगारी दिवस मना रहा है ।युवा कांग्रेस ने भी शहर के हृदय स्थल शहीद स्मारक (सिरहासार) के समक्ष सुबह 12 बजे से दोपहर 3 बजे तक राष्ट्रीय बेरोजगार दिवस मनाया जिसमें युवाओं ने पकौड़े तले,चाय बनाई,पंचर ठीक किया और आने जाने वाले लोगों को चाय पकौड़े खिलाकर मोदी जी के जन्मदिन पर मुंह खारा करवाया। प्रदर्शन में जावेद खान,सूरज कश्यप, अनुराग महतो, मानसिंह ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जॉर्ज टोप्पो, सोनारु नाग,गौरव अयंगर, दीपक सिंह, रोहित पानीग्राही, अंकित सिंह, अरुण गुप्ता, विशाल खम्बारी,आशय अग्रवाल, कुणाल पांडेय, अन्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजयुमो ने किया रक्तदान




**कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्त्रोत है नरेंद्र मोदी : किरणदेव**

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन सादगीपूर्ण ढंग से सेवा कार्य करते हुये मनाया। भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने जिला महारानी अस्पताल ब्लड बैंक में 11 यूनिट रक्तदान किया और मरीजों को फल वितरण कर उनका हालचाल जाना। रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं में रितेश सोनी हेमंत तिवारी, गजेंद्र डिकेश,श्याम लाल सेठिया, नाग, प्रताप, विकास पात्रो, विवेक साहू, नरेंद्र तुलेश शामिल थे। इस मौके पर पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की मंगलकामना के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य किया है। श्री मोदी भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के प्रेरणा स्त्रोत हैं। रक्तदान के मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अमर झा व गणेश नागवंशी, शिवनारायण पाण्डेय, नरसिंह राव, सुरेश गुप्ता, राजपाल कसेर, प्रकाश झा, शशि नाथ पाठक, गणेश काले, लक्ष्मण झा, श्रीश मिश्रा, सूर्य भूषण सिंह, विनोद पाण्डेय, रोहित खत्री, सूरज मिश्रा, रुपेश समरथ, अभिलाष यादव, रूपेश झा, राजेन्द्र सिंह, राज पाण्डेय, योगेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नगर निगम में हुआ भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।नगर पालिक निगम द्वारा रविवार को विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम के वाहनों एवं अन्य यंत्रों की विधिवत पूजा अर्चना शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी टाउन हॉल में महापौर सफीरा साहू के द्वारा किया गया । विश्वकर्मा जी के पूजा अर्चना में पार्षद योगेंद्र पांडे ,नरसिंह राव ,आलोक अवस्थी ,ललिता राव ,मनोनीत पार्षद अमर सिंह,प्रभारी स्वच्छता अधिकारी हेमंत श्रीवास, अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे ।

# विधायक ने दी सड़क की सौगात



**रेखचंद ने कुरंदी के जामगुड़ापारा में किया भूमिपूजन**

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शहर से लगे कुरंदी पंचायत के जामगुड़ापारा में वर्षों पुराने सड़क व पुलिया की मांग का पूरी हुई। रविवार को भूमिपूजन के लिए पहुंचे संसदीय सचिव व जगदलपुर विधायक रेखचंद जैन का स्वागत ग्रामीणों ने गर्मजोशी से किया। सड़क और पुलिया की सौगात मिलने से ग्रामीणों खुश नजर आए। गांव के बड़े- बुजुर्गों ने कहा कि च जामगुड़ापारा की सड़क को बनाने अनेकों बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाई गई लेकिन इसे पूरा नहीं किया गया। अब क्षेत्रीय विधायक रेखचंद जैन के प्रयास से उनका सपना पूरा हुआ है। मुंडा तालाब से मंदिर तक बनने वाली सड़क को तीन हिस्से में मंजूरी मिलने से इसकी उपयोगिता समझी जा सकती है। जनपद सीईओ ने सरपंच को आश्वस्त किया कि रकम यथाशीघ्र पंचायत को दे दी जाएगी। उन्होने सरपंच से 20 दिन के >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# आश्रम-छात्रावासों की समस्या को लेकर बस्तर जिला एनएसयूआई ने लखेश्वर बघेल को सौंपा ज्ञापन



**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिले के अंतर्गत आने वाले आश्रमङ्कछात्रावासों में गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री रोकने की मांग करते हुए लखेश्वर बघेल को बस्तर जिला एनएसयूआई (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया।एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप ने बस्तर विधायक को अपनी समस्या को अवगत कराते हुए कहा कि हमारे बस्तर जिला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी आश्रमङ्कछात्रावासों में प्रशासन के द्वारा अधिकृत निजी कंपनी द्वारा गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री का सप्लाई किया जा रहा है और इन खाद्य सामग्री के दामों में उचित मूल्यों से ज्यादा वृद्धि कर सप्लाई किया जा रहा है जिससे कि हमारी सरकार की महत्वकांक्षी योजना सी मार्ट धूमिल हो रही है। इस गुणवत्ताहीन खाद्य सामग्री आबंटन व खाद्य सामग्री में हो रही मूल्य वृद्धि की तत्काल जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर आवश्यक कार्यवाही करें। लखेश्वर बघेल ने मामले की >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# लखेश्वर बघेल ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल ने अंचल के कार्यकर्त्ताओं में जोश भरते हुए अपने चुनावी अभियान का आगाज किया ।चोकनार में कार्यकर्त्ताओं ने भव्य स्वागत कर बाईक रैली निकाली। इसके बाद 18 ग्राम पंचायतों के कार्यकर्त्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया। अंचल की 18 ग्राम पंचायतों के कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं के सम्मेलन में लखेश्वर बघेल के समक्ष 335 लोगों ने कांग्रेस प्रवेश कर बस्तर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस को और मजबूती प्रदान की। इसी तरह बस्तर के कई गांवों के लोग लखेश्वर बघेल के कार्यों और व्यवहार से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़ते जा रहे हैं। कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए लखेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी जैसी महत्वपूर्ण योजना शुरु की। राज्य सरकार की इस योजना की तारीफ अन्य प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के अलावा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। इस योजना से आज किसानों की आमदनी बढ़ रही है। साथ ही कई अन्य फायदे भी सामने आ रहे हैं। गौठान में मवेशी सुरक्षित रखे जाते हैं। आर्गेनिक खेती के लिये पर्याप्त मात्रा में खाद और पशुओं की देखभाल व उनके लिए पर्याप्त चारे की व्यवस्था हो रही है। गोबर खरीदने का सीधा फायदा किसानों को हो रहा है। आज किसान गोबर बेचकर बाइक और बड़ी गाड़ियां खरीद रहे हैं। पूरे देश में छत्तीसगढ़ के लोगों को सबसे सस्ती बिजली मिल रही है। जिन्होंने कोविड-19 की वजह से अपने माता-पिता को खो दिया है 'महतारी दुलार योजना' के तहत ऐसे बच्चों की पढ़ाई का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार वहन कर रही है। श्री बघेल ने कहा कि युवा शक्ति, राज्य के विकास के लिए बड़ी पूंजी है। युवा शक्ति को संगठित कर रचनात्मक कार्यों से जोड़ने क्रांतिकारी कार्य हो रहा है। युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, पर्यावरण, खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को इसका लाभ दिलाने में मदद मिल रही है।

# धर्मांतरण रोकने और पोलमपल्ली थाना प्रभारी को पद से हटाने ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन



**सुकमा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शनिवार को ग्राम पंचायत पोलमपल्ली के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर पुराने एसपी कार्यालय में धर्मांतरण रोकने और पोलमपल्ली थाना प्रभारी को धर्मांतरण का समर्थन करने का आरोप लगाते हुए पद से हटाने की मांग करते हुए कलेक्टर के नाम एएसपी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञात हो कि पोलमपल्ली ग्राम पंचायत के तीन आदिवासी परिवारों द्वारा धर्मांतरण करने व धर्मान्तरित परिवार द्वारा थाने में शिकायत करने व थाना प्रभारी निसार नियाजी द्वारा पोलमपल्ली के सरपंच पति किच्चे नंदा व स्थानीय नागरिक मड़कम भीमा की धमकी देते हुए सभी आदिवासी ग्रामीणों को जेल भेजने की धमकी दी गई जिसके बाद ग्रामीणों ने शुक्रवार को थाने का घेराव करते हुए पुलिस से सभी ग्रामवासियों को गिरफ्तार करने को कहा जिसके बाद शनिवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एएसपी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोग षड्यंत्र कर आदिवासियों का धर्मांतरण कर रहे हैं। जिसका समर्थन पोलमपल्ली के थाना प्रभारी निसार नियाजी कर रहे हैं जिसका खामियाजा आदिवासियों को भुगतना पड़ सकता है जिसके कारण ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को तत्काल हटाने व किसी भी आदिवासी क्षेत्र में नियुक्त नही करने का आग्रह किया है। पोलमपल्ली निवासी मड़कम भीमा ने कहा कि पोलमपल्ली के भी वरिष्ठ कल हुए धर्मांतरण मामले को लेकर आज सुकमा एसपी से निवेदन करने आए हैं कि जो भी आसामाजिक तत्व पोलमपल्ली क्षेत्र में धर्मांतरण करते घूम रहे हैं उन पर सख्त कार्रवाई किया जाए। इसके साथ ही थाना प्रभारी निसार नियाजी द्वारा इस मामले को लेकर गांव के प्रमुखों को जेल भेजने की धमकी दे रहे थे उन्हें भी पद से हटाने की मांग रखा गया है।

# संभाग के इकलौता विश्वकर्मा मंदिर में हुई पूजा-अर्चना



- **हवन के साथ हुआ भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद**
- **समाज के पदाधिकारी, सदस्यों के साथ अनुष्ठान में पहुंचे जनप्रतिनिधि**

**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।शहर के गंगानगर वार्ड में स्थित संभाग का इकलौता सृष्टि के रचनाकार भगवान विश्वकर्मा मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा अर्चना की। साथ ही हवन के साथ-साथ भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सहित अन्य लोगों ने शामिल हुए। इस पर भगवान विश्वकर्मा मंदिर में जनप्रतिनिधि किरण देव, विधायक रेखचंद जैन, कांग्रेसी नेता हेमु उपाध्याय, सुरेन्द्र झा आदि अनेक नेता पहुंचकर पूजा किया। सभी जनप्रतिनिधियों का विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बताया जा रहा है कि इस दिन शाम को भजन-कीर्तन एवं सुंदरकांड किया गया। इसमें समाज के पुरूष, महिला, युवा, बच्चे एवं बुजुर्ग शामिल हुए। पंडित आनंद शर्मा ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। इसलिए इस दिन उद्योगों, फैक्ट्रियों और हर तरह की मशीन की पूजा की जाती है, इसीलिए प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को देशभर में विश्वकर्मा जयंती मनाई जाती है।इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा की जाती है। विश्वकर्मा जी को ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में भी माना जाता है।कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ही ऐसे देवता हैं जो हर काल में सृजन के देवता रहे हैं एवं सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, जिनसे जीवन संचालित होता है वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं।इस दिन सभी कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में विश्वकर्मा जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है।

**बढ़ई महासभा की निकली शोभायात्रा:** समाज के बढ़ई महासभा की ओर से विश्वकर्मा मंदिर से शोभायात्रा निकाली, जिसमें विधायक श्री जैन ने पूजा कर शोभायात्रा शुरू की। शोभायात्रा मंदिर निकलकर गीदम रोड, गुरूगोविंद सिंह चौक, संजय बाजार चौक, दंतेश्वरी मंदिर से होते हुए >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# लोहार समाज का सामुदायिक भवन शहर में हो इसके लिए होगा प्रयास : कमलचंद्र भंजदेव



**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। विश्वकर्मा जयंती पर शहर के सिरहासार में आयोजित लोहार विश्वकर्मा समाज संघ के सामाजिक कार्यक्रम में कमलचंद्र भंजदेव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बस्तर ही नहीं पूरा देश भगवान विश्वकर्मा की जयंती मना रहा है। इसी अवसर पर बस्तर संभागीय विश्वकर्मा समाज के समस्त सदस्यों ने सिरहासार भवन में पूजा अर्चना उपरांत नगर में रैली के माध्यम से विश्वकर्मा जयंती समारोह मना रहा है। उक्त आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। समाज के प्रतिनिधियों एवं समस्त सामाजिक जनों ने अपने समाज के लिए जगदलपुर में भवन निर्माण की मांग की है। ऐसा समाज जो ऐतिहासिक विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के रथ निर्माण में अपनी विशेष भूमिका निभाने वाले ऐसे समाज के लिए आने वाले समय में जगदलपुर शहर में सामाजिक भवन हो इसके लिए माटी पुजारी होने के नाते पूरा प्रयास करेंगे। आज विश्वकर्मा जयंती के साथ ही देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है और अपने जन्मदिन >> शेष पृष्ठ 9 पर>

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**जगदलपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।कंगोली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती पर विद्यालय के सभी स्टाफ के द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा की गयी एवं विद्यालय के सभी वाहनों की भी पूजा की गयी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कुंवर राज बहादुर सिंह राणा, व्यवस्थापक डॉ. प्रतीक लागू, बी.एड. कॉलेज के प्राचार्य ईश्वर प्रसाद तिवारी, विद्यालय की प्राचार्य भारती देवांगन, प्रधान आचार्य सत्यनारायण जोशी, अवधेश पाण्डे एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

# 815 लोगों ने कांग्रेस में किया प्रवेश

## विधायक संतराम ने गमछा पहनाकर किया नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत



**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भूपेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व छग विधान सभा उपाध्यक्ष सह केशकाल विधायक संतराम नेताम की कार्यशैली से प्रभावित होकर गुरुवार को केशकाल विधायक निवास में केशकाल विधान सभा के 800 से अधिक लोगों ने कांग्रेस में प्रवेश किया है। विधायक संतराम ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं को चन्दन लगाकर व कांग्रेस का गमछा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। साथ ही आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को जीत दिलाने का संकल्प लिया।

इस दौरान विधायक संतराम नेताम ने कहा कि जिस प्रकार से पिछले पांच वर्षों में मुख्य मंत्री भुपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश का उत्तरोत्तर विकास हुआ है, इससे जनता खुश है। भूपेश बघेल ने किसानों का कर्ज माफ, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, गौठान योजना, बिजली बिल हॉफ, स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल आदि के माध्यम से लोगों को आर्थिक, सामाजिक व शैक्षणिक रूप से मजबूत किया है। इसी का परिणाम है कि केशकाल विधान सभा की जनता और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता स्व स्फूर्त कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी लगभग 815 लोगों ने कांग्रेस में प्रवेश किया है, जिसमें से कई ऐसे लोग हैं जो भाजपा के कार्यकर्ता रह चुके हैं। सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि वह आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित भाव से काम करेंगे और एक बार फिर केशकाल व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

विधायक संतराम ने भाजपा की परिवर्तन यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि 15 साल तक छत्तीसगढ़ की जनता से झूठ बोलकर उन्हें लूटा गया। फिर केंद्र में बैठी मोदी सरकार के छलावों और जुमलों से जनता को दिग्भ्रमित करने वाली भाजपा छत्तीसगढ़ में परिवर्तन यात्रा चला रही है, जिस प्रकार से मोदी सरकार ने प्रदेशवासियों से झूठ बोला है, उन्हें तो इस परिवर्तन यात्रा का नाम बदल कर क्षमा यात्रा रख देना चाहिए। क्योंकि छत्तीसगढ़ की जनता जागरूक है, जनता भाजपा के कुकर्मों की सजा जरूर देगी।

# माकड़ी ब्लाक मुख्यालय में तीज मिलन

## मंत्री मोहन मरकाम ने किया माताओं व दीदियों का सम्मान



**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधान सभा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री मोहन मरकाम ने 15 सितंबर को अपने जन्म दिवस के दिन माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय में माकड़ी ब्लॉक की माताओं दीदीयों हेतु तीज मिलन समारोह आयोजित कर क्षेत्र की लगभग 6000 से अधिक महिलाओं का सम्मान करते हुए, उन्हें तीजा साड़ी भेंट किया और कहा कि सभी बहनों के लिए भाई की ओर से यह भेंट है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से मंडी प्रांगण में शुरू हुई, जो कि शाम लगभग 06 बजे तक चलती रही। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने गाना गाकर, गीत सुनाकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। कार्यकम में महिलाओं, माताओं, दीदियों से सवाल भी पूछे गए, जिसमें सभी ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाली एवं सवालों के सही उत्तर देने वाली माताओं, बहनों को मंत्री मोहन मरकाम ने नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद महिला शक्तियों ने कहा कि आज का दिन यादगार हो गया है और पहली बार तीज मिलन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। हमारे क्षेत्र के विकास में आपने कोई कसर नहीं छोडी है, आज महिलाओं का सम्मान कर साबित कर दिया कि महिला सशक्तिकरण को आप वास्तव में गम्भीरता से लेते हैं। ऐसे आयोजन के लिए सभी माताओं बहनों की ओर तहेदिल से धन्यवाद, आपका स्नेह सदैव क्षेत्रवासियों पर बना रहे। हम बहनों का आशीर्वाद स्नेह सदैव आपके साथ रहा है, आगे भी यूं ही बना रहेगा। कार्यक्रम के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोतीबाई नेताम, जिला पंचायत सदस्य रमिला ब्रम्हा मरकाम, हेमलाल बघेल, जनपद उपाध्यक्ष गौतम साहू, सुकली पोयाम जनपद सदस्य पिंकी गजेंद्र राठौर, माकड़ी सरपंच हेमलाल वट्टी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकर मंडावी, शाकंभरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल, रामकुमार कश्यप, विनोद साहू सहित क्षेत्र के पंच, सरपंच व सम्पूर्ण ब्लॉक की महिलाएं भारी संख्या में मौजूद रही।

# कब-बुलबुल विभाग ने मनाया हिंदी दिवस

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कोंडागांव कब-बुलबुल विभाग द्वारा हिंदी दिवस मनाए जाने के क्रम में हिंदी दिवस पर मुख्य अतिथि के साथ शिक्षक एवं कब-बुलबुल के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक रूप से पुस्तक वाचन किया। भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के जिला संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी, राज्य आयुक्त एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार एवं जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त भीषभ देव साहू के मार्गदर्शन में तथा शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू, शास.प्राथ.शाला बाजारपारा कोंडागांव की फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव के नेतृत्व में अपनी-अपनी शालाओं में देश की राष्ट्रभाषा हिंदी दिवस मनाया गया। शास.प्राथ.शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी में सरपंच संजय उईके, विष्णु प्रसाद कश्यप अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, प्रधान अध्यापक एवं कब मास्टर पवन कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती उत्तरा साहू तथा प्राथमिक शाला बाजारपारा कोंडागांव के फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव, प्रधान अध्यापिका श्रीमती नेमी सिंहा, श्रीमती मंजूलता उईके, श्रीमती सुधा अवस्थी एवं कब बुलबुल टीम की उपस्थिति में हिन्दी दिवस मनाया गया। संजय उइके सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं हिंदी पुस्तक का वाचन किया और विद्यार्थियों को भी हिंदी पढ़ने एवं सुलेख लेखन हेतु प्रेरित किया। दोनों ही संस्थानों में विद्यार्थियों ने भी सुलेख लेखन एवं हिंदी पठन किया। फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव ने कविता के माध्यम से कहा कि ष्जन-जन की भाषा है हिंदी, भारत की आशा हिंदी, जिसने पूरे देश को जोड़ रखा है हिंदी, वह मजबूत धागा है हिंदी। कब मास्टर पवन कुमार साहू ने विद्यार्थियों को जानकारी दिया कि 14 सितंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा ने एक मत से निर्णय लिया कि हिंदी ही भारत की राष्ट्रभाषा होगी तथा पहला हिंदी दिवस 1953 में मनाया गया, तब से हिंदी को विशेष बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 सितंबर को हिंदी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।



**शिक्षक व कब-बुलबुल ने सामूहिक रूप से किया पुस्तक वाचन**

# तुमड़ीवाल में हुआ दो दिवसीय आयोजन

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय आरक्षण को लागू करने सहित आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में घट रही विभिन्न घटनाओं एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन 15 एवं 16 सितम्बर को जिला कोण्डागांव के संवेदनषील क्षेत्र में बसे ग्राम पंचायत तुमड़ीवाल में किए गए होने के सम्बन्ध में आयोजकों के द्वारा बताया गया है कि ग्राम पंचायत तुमड़ीवाल में 44 परगन बस्तर के मांझी-मुखिया एवं गांव के ग्रामीणजनों को आहुत करके उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया गया कि 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान के लागू होने के बाद भारत के हर नागरिक को जीवन के हर क्षेत्र में विकास करने का अवसर प्रदान किया गया है, लेकिन इसके बाद भी 3 मई से मणिपुर जल रहा है, इस आग में अभी तक सरकार के आंकड़ों के मुताबिक 150 से ज्यादा लोग मारे गए, सैकड़ों लोग घायल हुए, 275 गावों और 20 हजार घरों को जला दिया गया। लगभग 100 करोड़ की संपति ध्वस्त हो गई, लगभग एक लाख लोग अपने घरों से विस्थापित होकर राहत शिविरों में शरण लेने पर मजबूर हुए हैं और बेहद दहशत का माहौल है। भले आदिवासी बाहुल्य बस्तर संभाग में मणिपुर जैसे हालात नहीं है, लेकिन बस्तर सम्भाग के अंदरुनी क्षेत्रों में बसे ग्राम ताड़मेटला सहित अन्य ग्रामों में भी आए दिन या तो बेगुनाह ग्रामीणों को झूठे आरोप लगाकर या तो जेल में डाला जा रहा है, या फिर फर्जी मुठभेड में निर्दोश ग्रामीणों को मार दिया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र की पहाड़ियों में सुरक्षित खनिजों को बिना वैध ग्राम सभा प्रस्तावों के ही उत्खनन किया जा रहा है। क्षेत्र के मूल निवासी आदिवासीजनों को संविधान में दिए अधिकारों को छीना जा रहा है। देष के अलग अलग क्षेत्र के साथ बस्तर में भी सामने आ रहे उपरोक्त जैसे उदाहरणों के कारण ही हम ग्रामवासियों ने भारत का संविधान के तहत प्राप्त अधिकारों की रक्षा हेतु और पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय आरक्षण को लागू करने, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में घट रही विभिन्न घटनाओं पर रोक लगाने एवं विभिन्न समस्याओं के समाधान करने का प्रयास करने के लिए लोगों को जागरुक और संगठित करने का प्रयास करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



**पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय आरक्षण लागू करने सहित अन्य मामलों को लेकर**

# केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर ने शामपुर में आयोजित किया कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा ग्राम शामपुर में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के 9 वर्ष पर विशेष प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय कांकेर द्वारा 16 सितम्बर को कोण्डागांव जिले के ब्लॉक माकडी के ग्राम शामपुर में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण योजना के 09 वर्ष पर विशेष प्रचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि गजेन्द्र राठौड़, विशेष अतिथि ग्राम शामपुर के सरपंच श्रीमती टिकेश्वर नेताम एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता शास.उ.मा.विद्यालय शामपुर प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग कोण्डागांव के चिकित्सक राधेश्याम देवांगन ने आयुष्मान भारत योजना की, प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना एवं प्रधान मंत्री अन्न योजना की खाद्य निरीक्षक हितेश मानिकपुरी ने, कोंडागांव के यंग प्रोफेशनल करियर सर्विस के रवि कुमार शर्मा ने स्वरोजगार एवं रोजगार से संबंधित, अविनाश रात्रे कौशल विकास योजना एवं प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के बारे में, सूर्य प्रकाश साहू ने वित्तीय साक्षरता सम्बन्धी प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना की जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में मां शारदा लोक कला मंडली, जगदलपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता एवं प्रश्न मंच के विजेता प्रतिभागी को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर श्रीमती बेला रानी विश्वास ने पोषण माह पर, पोषण आहार स्टाल के माध्यम से पोषण आहार की जानकारी दी। कार्यक्रम में एक रैली भी निकाली गई जिसे सुरंजन आचार्य अध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ कोण्डागांव एवं प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विभाग के बी.एस.ध्रुव ने कार्यक्रम में दी गई जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उड़ान क्रीड़ा एवं युवा विकास संस्थान जिला कोंडागांव, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शामपुर, एनसीसी कैडेट्स का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में श्यामलाल नेताम, अमिताभ मिश्रा, सुकालू मरकाम, भारत मण्डावी, सहदेव सिदार, बिसलाल नेताम, गुलशन नेताम, रश्मि चंद्रवंशी आदि सहित बड़ी संख्या में आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं विद्यार्थीगंण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन अनिल कुमार मण्डावी ने किया।



**सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण योजना के 9 वर्ष पर**

# विश्व ओजोन दिवस पर बच्चों ने अपनी चित्रकला से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व ओजोन संरक्षण दिवस पर प्राथमिक शाला जोन्दरापदर में ओजोन परत के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से चित्रकला का आयोजन किया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी चित्रकारी के माध्यम से पर्यावरण ओजोन परत संरक्षण का सन्देश दिया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने कहा लगभग 10 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर पाई जाने वाली ओजोन परत हमे सूर्य से आने वाली अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाने का काम करती है। पराबैंगनी किरणों का पृथ्वी पर रहने वाले जीव जंतुओं और वनस्पतियों पर बुरा प्रभाव पड़ता है इससे तवचा का कैंसर मोतियाबिंद और समुद्री जीव जंतुओं को भी नुकसान हो सकता है ओजोन के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने 16 सितंबर को वर्ल्ड ओजोन दिवस मनाने की घोषणा की थी, हमे अपनी पृथ्वी को बचाने हेतु अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए, साथ ही फ्रीज, एयर कंडीशनर का सीमित उपयोग करना चाहिए, जहां तक हो सके कार्बन उत्सर्जन वाले वाहनों के स्थान पर आवागमन के लिए साइकिल एवं सार्वजनिक वाहन जैसे बस, टैक्सी आदि का उपयोग करना चाहिये।



**प्रा. शाला जोंदरापदर में हुआ आयोजन**

## सार-संक्षेप

### संजयपारा में बेटे ने मां के साथ किया मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर संजय पारा की महिला द्रोपति जैन ने पुलिस को बताया है कि मेरे एक पुत्र सुरेन्द्र जैन एवं 2 पुत्री झरना जैन, संतोषी जैन है। बडी पुत्री संतोषी जैन का कांकेर मे शादी हो गया है। मेरे पति का आज से लगभग 1 वर्ष पूर्व स्वर्गवास हो गया है। मेरा मकान संजयपारा भानुप्रतापपुर मे स्थित है। जहां पर 2 कमरे मे मेरे पुत्र सुरेन्द्र जैन अपने पत्नी बच्चों के साथ अलग रहता है एवं दो कमरे में मै एवं मेरी पुत्री झरना जैन के साथ रहकर जीवन यापन कर रहे है मेरा पुत्र आये दिन इस घर को मेरे नाम से कर दो कहकर वाद विवाद करते रहता है। पिछले 2 माह से मेरा तबियत खराब रहने से मेरे अपने बेटी दामाद के घर कांकेर में रहकर ईलाज करा रही थी। 15/09/2023 के दोपहर 2.00 बजे करीबन अपने घर पहुंची तो घर में मेरी बहु एकता जैन थी। मुझे देखकर मेरे कीचन रूम का ताला खोलने बोली मेरे द्वारा ताला खोलने से मना किया गया। कुछ देर बाद मेरा पुत्र सुरेन्द्र जैन घर आया और मुझे गाली-गलौच करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का से मारपीट किया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बालम की प्रेम कथा हास्य व्यंग्य संग्रह पुस्तक का हुआ विमोचन



**जगदलपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। बालम की प्रेम कथा हास्य व्यंग्य संग्रह इस पुस्तक के रचनाकार हैं साहित्यकार सुभाष पांडे। इस पुस्तक का विमोचन रविवार को वरिष्ठ साहित्यकारों की उपस्थिति में बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभाकक्ष में 17 सितंबर की दोपहर को हुआ। इस अवसर पर आयोजित परिचर्चा में साहित्यकारों ने पुस्तक के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस दौरान बस्तर क्षेत्र के प्रतिष्ठित साहित्यकार श्री रावल, श्री खान, डॉ योगेंद्र मोतीवाला एवं अन्य उपस्थित थे।

### ढाबा मालिक के कब्जे से 27 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

**जगदलपुर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। अवैध शराब विक्रय पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है। पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ था कि कुदालगांव दशमेश ढाबा में, ढाबा के मालिक के द्वारा अवैध शराब बिक्री किया जा रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम के द्वारा कुदालगांव दशमेश ढाबा में घेराबंदी कर दबिश दिया, जहॉ पर एक प्लास्टिक की बोरी के अंदर 80 नग अंग्रेजी शराब गोवा व्हीस्की प्रत्येक में 180 एमएल एवं प्लास्टिक बोरी में 70 नग कांच की पौवा गोवा व्हीस्की प्रत्येक पौवा 180 एमएल जुमला शराब 27 लीटर कीमती -19,500 रूपये/-तथा बिक्री के रकम 640 रूपया मिला।

## प्रादेशिकी का शेष...

### विधायक ने दी सड़क...

भीतर सीसी सड़क बनाने कहा। इस मौके पर एकत्रित लोगों को संबोधित करते विधायक जैन ने छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के अनेक योजनाओं की जानकारी दी। अधिकाधिक लाभ उठाने का आग्रह भी किया और भाजपा शासनकाल में जनता को होने वाली तकलीफ़ों को रेखांकित किया। स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल, धान खरीदी, कर्ज माफी, बिजली बिल हाफ योजना आदि के बारे में बताया गया।

### आश्रम-छात्रावासों की समस्या...

त्वरित जांच कर जिम्मेदार अधिकारी पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया और तुरंत बस्तर कमिश्नर को चिट्ठी लिख कर जांच करने निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से मानसिंह कवासी ,हेमराज बघेल, पिंटु तिवारी , पुरान सिंह, एनएसयूआई महासचिव मनीष कश्यप, राजेंद्र ठाकुर, हरदास बघेल एवं समस्त एनएसयूआई के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### संभाग के इकलौता विश्वकर्मा...

गोलबाजार आदि से होते हुए वापस विश्वकर्मा मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई।

वर्कशॉप व दुकानों में की गई पूजा

विश्वकर्मा जंयती पर नगर के दुकानों और वर्कशॉप में रविवार को शुभ मुहूर्त पर पूजा-अर्चना की गई। देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा के बाद कुछ जगह भण्डारा का आयोजन किया गया। वहीं दुकानों में पूजा के बाद मिष्ठान्न वितरण किया गया।

### लोहार समाज का सामुदायिक ...

के अवसर पर आदरणीय देश की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा समाज को एक नया सामाजिक सम्मान दिया है। इसके लिए बस्तर संभाग विश्वकर्मा संघ धन्यवाद ज्ञापित करता है । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, शंकर राव, अध्यक्ष जिला अध्यक्ष प्रदीप बघेल, ब्लाक अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, एकटागुडा स्थित माई हिंग्लाजिन पुजारी मुन्ना सिरहा सहित बड़ी संख्या में समाजिकगण उपस्थित रहे।

# स्क्रीनिंग प्लांट के पास पिकअप पलटने से कई लोग हुए घायल

## घायलों का बचेली अपोलो अस्पताल में चल रहा इलाज

**बचेली,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। आकाशनगर जाने वाली मार्ग पर मोड क्रं. 1 से पहले स्क्रीनिंग प्लांट निक्षेप 10,11 अ के पास 17 सिंतबर, रविवार को पिकअप वाहन पलटने से करीब 16 लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार यह घटना शाम करीब 6 बजे की बताया जा रही है। घायलों को तत्काल बचेली अपोलो अस्पताल लाया गया। समाचार लिखे जाने तक उनका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। 16 लोगो में 4 लोग गंभीर रूप से घायल है।

इन चार दंतेवाड़ा के त्रिनाथ यादव, चंदेनार से सहदेव कुमार, लखनपुरी कांकेर से राम कुमार यादव, कुआकोंडा से अविनाश मंडावी है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में करीब 20 लोग सवार थे। अन्य गंभीरो में शरण कुमार, भरतलाल, प्रेम यादव, चांदनी नाग, बुधरी कर्मा, निशा, सुशीला नाग, भीमे, पीताबंर यादव, निलेश कड़यामी, सन्नु हेमला है। पिकअप वाहन सीजी 18 क्यू 5650 जो कि गायतापारा टेटम के रहने वाला राधे राम यादव का गाड़ी है स्वयं गाड़ी चला रहा था। वाहन में सवार व्यक्ति ने बताया कि मोड़ के पास अचानक हैंड ब्रेक लगने के कारण वाहन घुमकर पलट गया जिसमे डाला में बैठे सभी लोग गिर गये। सभी विश्वकर्मा पूजा देखकर खनन क्षेत्र से वापस बचेली की ओर लौट रहे थे तभी यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस व सीआईएसएफ मौके पर पहुॅचकर जायजा लिया गया। एसडीओपी कमलजीत पाटले एवं भांसी नगर निरीक्षक जय सिंह अपोलो अस्पताल पहुॅचकर घायलो की स्थिति के बारे में जानकारी ली। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

# लौह नगरी में विश्वकर्मा पूजा देखने दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालु



**बचेली,** 17 सितंबर। लौह नगरी में धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा जयंती लाखो की संख्या में लौह नगरी पहुंचे श्रद्धांलु बता दे की साल में एक बार विश्वकर्मा जयंती के दिन एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा सभी श्रद्धांलुओं के लिए आकाश नगर तक जाने के लिए अनुमति प्रदान की जाती है जिसके चलते नगर में एक दिन पहले से ही लोग यहां पहुंचने लगते है इस दिन आकाश नगर की सुंदर पहाड़ियों को देखने जन सैलाब उमड़ता है जिसके चलते कई किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी लंबी कतारे देखने को मिलती है एनएमडीसी परियोजना के अलग अलग विभाग में कई तरह के मॉडल देखने को मिला जो की श्रद्धांलुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा था! जिसमे सिविल विभाग में चंद्रयान 3की झलक देखने को मिली वही लोडिंग प्लांट में स्थानीय आदिवासियों की पारम्परिक मुर्गा लड़ाई की दृश्य को मॉडल बनाकर दर्शाया गया, सेन्ट्रल वर्कशाप में जी 20 की झलक देखने को मिली जिसके सामने सभी श्रद्धालू खड़े होकर तस्वीर लेते दिखे वही सभी पूजा स्थल में जगह जगह खिचड़ी, बूंदी, व खीर प्रसाद का वितरण किया गया! आकाश नगर की सुंदरता व पूजा देखने के लिए हर वर्ष श्रद्धांलुओं की भीड़ लगातार बढ़ते जा रहा है ट्रेफिक व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने में सीआईएसएफ के जवान व पुलिस के जवान सुबह से ही व्यवस्था संभालने में अपनी अहम भूमिका निभाते दिखे।

विश्व ओजोन दिवस

# गर्मी से बचने के लिए ओजोन परत की सुरक्षा आवश्यक : प्राचार्य



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में शनिवार को ओजोन परत का संरक्षण एवं जलवायु परिवर्तन में कमी थीम पर विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह थे।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर हो रहे जलवायु परिवर्तन व बढ़ती वैश्विक गर्मी से बचने के लिए ओजोन परत की सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने ये भी बताया कि ओजोन परत हमारी पृथ्वी के समताप मंडल में एक आवरण की तरह हमें घेरे हुए हैं जो कि सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से होने वाली हानि से सभी मनुष्यों एवं प्राणियों का बचाव करती है।

वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया ने कहा कि ओजोन परत, गैस की एक नाजुक ढाल, पृथ्वी को सूर्य की किरणों के हानिकारक हिस्से से बचाते है, इस प्रकार ग्रह पर जीवन को संरक्षित करने में मदद करते है। विश्व ओजोन दिवस हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है। ओजोन परत की कमी के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने कहा कि सूर्य के प्रकाश के बिना पृथ्वी पर जीवन संभव नहीं है। यदि ओजोन परत नहीं होती तो फिर सूर्य से निकलने वाली ऊर्जा पृथ्वी पर जीवन के लिए बहुत अधिक होगी। यह स्ट्रेटोस्फेरिक परत सूरज की सबसे हानिकारक अल्ट्रावायलेट रेडिएशन से पृथ्वी को बचाती है। उन्होंने ओजोन घटाने वाले एजेंटों के उपयोग और ग्लोबल वार्मिंग की रोकथाम में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एमएससी के छात्रा नवोनिता रॉय और मोनिका सिन्हा ने किया।

इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापक आर. के. दर्रो, कमल किशोर प्रधान, एन.एस.एस. प्रभारी रितेश कुमार नाग, नंदिनी कश्यप, सुषमा चालकी, योगेश कुमार यादव, मुकेश कुमार डहरवाल, उपासना निषाद, स्नेहा रितेश नाग, डी. के. बांधे, ईश्वर लाल सिन्हा, जीवन साहु, टुपेश कोसमा सहित कॉलेज के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

**पोस्टर में नवोनीता और रंगोली में तुषारिका प्रथम**

इस अवसर पर ओजोन परत को बचाने के लिए पोस्टर प्रस्तुतिकरण, रंगोली प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने संदेश दिया। पोस्टर प्रस्तुतिकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नवोनीता रॉय, द्वितीय स्थान प्रीति गोस्वामी एवं तृतीय स्थान सरस्वती सहारे ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तुषारिका, द्वितीय स्थान वंदना नेताम एवं तृतीय स्थान पर युगेंद्र साहू रहे।

# नौकरी लगाने के नाम पर 21 लाख 50 हजार की धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल सर के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर तथा एसडीओपी भानु प्रतापपुर श्री प्रशांत पैकरा सर के मार्गदर्शन में भानु प्रतापपुर पुलिस के द्वारा कार्रवाई करते हुए नौकरी लगने के नाम पर 21 लाख 50000 रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी करण सिंह चक्रधारी उर्फ करण पांडे पिता मंकू राम उम्र 28 वर्ष निवासी बहीगांव जिला कोंडागांव के द्वारा थाना भानु प्रतापपुर क्षेत्र की पांच लोगों को कलक्टरेट कार्यालय में चपरासी पद पर नौकरी लगाने के नाम पर कुल 21 लाख 50000 रुपए लेकर धोखाधड़ी कर नौकरी ना लगवा कर फरार होने की सूचना पर थाना भानु प्रतापपुर पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 59 /2023 धारा 420 ,419 ,467, 468 , 471 भारतीय दंड संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा था। विवेचना के दौरान आरोपी अपने सकुनत से फरार चल रहा था जिस पर पुलिस टीम के द्वारा लगातार तकनीकी एकत्रित कर श्री प्रशांत पैकरा के सतत मार्गदर्शन में निरंतर आरोपी के लोकेशन की जानकारी लेकर दिनांक 16 /9 /2023 को आरोपी को महासमुंद जिले के सरायपाली से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के द्वारा प्रार्थियों से की गई धोखाधड़ी की राशि को अपने शादी और विभिन्न घूमने फिरने के कार्यों में खर्च कर दिया जाना बताया गया आरोपी के कब्जे से प्रार्थियो से धोखाधड़ी की गई राशि में से खरीदी गई बाइक और मोबाइल की जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिनके आदेश पर आरोपी को जेल दाखिल कर दिया गया।

# रासेयो विखं स्तरीय बैठक आयोजित



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विकासखंड स्तरीय बैठक आयोजित किया गया! राज्य स्तरीय तीन दिवसीय आवासीय चिंतन एवं प्रशिक्षण शिविर में जिला संगठक के रूप में सहभागी रहे रितेश कुमार नाग द्वारा अपने अनुभव समस्त कार्यक्रम अधिकारियों से साझा करते हुए प्राप्त दिशानिर्देश की जानकारी दी! प्रत्येक कार्यक्रम की गतिविधियों को सोशलमीडिया में प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया! सलाहकार समिति का गठन, बैठक, स्वयंसेवकों का शतप्रतिशत पंजीयन, नए स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान को संस्था के साथ सार्वजनिक स्थलों में चलाये जाने, मासिक प्रतिवेदन प्रेषित करने, कार्यक्रम रजिस्टर और अन्य दस्तावेजों को अपडेट रखने, राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के विकासखंड स्तरीय आयोजन आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई! बैठक में भागीरथी नायक (कार्यक्रम अधिकारी सेजेस भानुप्रतापपुर), सहदेव साहू (कार्यक्रम अधिकारी साल्हे), प्रवीण सिन्हा (कार्यक्रम अधिकारी सेजेस संबलपुर), हुमनलाल कोमरे (कार्यक्रम अधिकारी आसुलखार), लकेश साहू (कार्यक्रम अधिकारी भीरागांव), शोभित राम पाल (कार्यक्रम अधिकारी हाटकोंदल), टुपेश कोसमा (सहायक कार्यक्रम अधिकारी भानुप्रतापपुर महाविद्यालय), उपस्थित थे! अन्य कार्यक्रम अधिकारियों को फोन के माध्यम से बैठक की कार्यवाही से अवगत कराया गया! बैठक की अध्यक्षता रितेश कुमार नाग द्वारा किया गया!

# सामुदायिक भवनों के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए विस उपाध्यक्ष संतराम

## गांव के विकास के लिए नहीं होगी कमी, धन की : संतराम नेताम



**कोण्डागांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। केशकाल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत बड़ेराजपुर विकास खण्ड के ग्राम मारंगपुरी में कलार एवं साहू समाज के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन शनिवार की दोपहर क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधान सभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने किया। इस दौरान विधायक संतराम नेताम ने कहा कि हम सबको सर्व समाज को आगे लाने के लिए मिल-जुलकर प्रयास करना चाहिए। कोई भी समुदायिक भवन व्यक्तिगत किसी समाज का नहीं होता। इसे सर्व समाज के उपयोग लाया जाना चाहिए, जिससे सभी के कार्य संपन्न हो सकें, सभी वर्ग को इसका लाभ मिल सके। गांव के गणमान्य नागरिकों को और आम जनता को सभी जनप्रतिनिधियों का हमेशा सहयोग करना चाहिए, ताकि और अधिक ऊर्जा के साथ क्षेत्र के विकास की नई गाथा गढ़ी जा सके। मेरे विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत सभी गांव में सामुदायिक भवन रंगमंच और सभी प्रमुख समाजों की मांग पर सामाजिक भवन बनाया गया है। ऐसा कोई समाज नहीं है, जिन्होंने सामाजिक भवन की मांग की और वह पूरा नहीं हुआ हो। साथ ही छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण आज गांव में और किसानों में खुशहाली का माहौल है। भूपेश सरकार की सभी नीति गांव गरीब और किसानों के हित में है और सभी योजनाओं से आम आदमी को सीधे लाभ पहुंच रहा है।

# बेलगांव में फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**नारायणपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत बकुलवाही के ग्राम बेलगांव में स्वर्गीय अनिल मांझी की स्मृति में ग्रामवासियों द्वारा फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रजनू नेताम , विशिष्ठ अतिथि के रूप में देव समिति नारायणपुर के अध्यक्ष हीरा सिंह देहारी एवं एन.एस.यू.आई. के प्रदेश सचिव श्री जय वट्टी उपस्थित थे जिनका आयोजन समिति के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। फुटबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ में मुख्य अतिथि रजनू नेताम ने स्वर्गीय अनिल मांझी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। साथ ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाए देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से गांव में उत्साह का माहौल रहता है साथ ही खेलों से खिलाड़ियों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। सभी को खिलाड़ी भावना से खेल कर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के समस्त सियान सजन, ग्राम के पटेल, सरपंच एवं फुटबाल प्रतियोगिता आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थिति थे।

# नारायणपुर पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग में नई पहल



- खेल उत्सव 2023 फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन
- नारायणपुर खेल उत्सव फुटबॉल फाइनल में बड़ेजम्हरी विजेता
- कोचवाही उप विजेता व ओरछा की टीम ने तीसरा स्थान किया हासिल

**नारायणपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक नारायणपुर पुष्कर शर्मा (भापुसे.) के नेतृत्व में नारायणपुर पुलिस द्वारा बुनियादी पुलिसिंग की कार्यवाही किया जा रहा है! साथ ही नारायणपुर पुलिस के द्वारा आम जनता से समन्वय स्थापित कर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नारायणपुर पुलिस के तत्वाधान में खेल उत्सव 2023 फुटबाल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया है।

ज्ञात हो कि नारायणपुर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा के विशेष पहल से क्षेत्र के युवाओं में सकारात्मक सोंच एवं खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 01 सितम्बर 2023 से जिले के अनुभाग नारायणपुर, बेनूर, छोटेडोंगर, सोनपुर एवं कुकड़ाझोर क्षेत्र में फुटबाल प्रतियोगिता का लीग मैच आयोजित किया गया। उक्त लीग मैच में अनुभाग से विजेता और उप विजेता टीम कुल 10 टीमों के मध्य 14 सितम्बर से 16 सितम्बर तक क्वार्टर फाईनल एवं सेमीफाइनल मैच जिला मुख्यालय नारायणपुर में खेला गया। 17 सितम्बर को कुम्हारपारा स्थित खेल मैदान में प्रतियोगिता का फाईनल मैच ग्राम बड़ेजम्हरी और ग्राम कोचवाही के टीम के मध्य खेला गया। फाइनल मुकाबले में ग्राम बड़ेजम्बरी की टीम ने ग्राम कोचवाही की टीम को 1-0 से हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बड़ेजम्बरी की टीम जिसे पुरूस्कार स्वरूप विजेता कप. मेडल एवं नगद 31.000/- रूपये, द्वितीय स्थान कोचवाही की टीम जिसे उप विजेता कप, मेडल एवं नगद 21,000/- रूपये तथा तृतीय स्थान ओरछा की टीम जिसे पुरस्कार स्वरूप कप, मेडल एवं 11,000/- रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जिले के 110 टीमों ने भाग लिया एवं प्रतियोगिता में 115 से अधिक मैच आयोजित किया गया जिसमें करीब 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों एवं आयोजन में सराहनीय योगदान देने वाले वालेंटियर को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

# कोरर में आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस शिविर



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। श्री श्री रविशंकर जी द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग कर्यक्रम के तहत गुरुवर के परोक्ष सानिध्य में हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन 12 सितंबर से 17 सितंबर तक सामुदायिक भवन कोरर में आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के 35 लोगों ने भाग लिया इस कोर्स को लेने के लिए भिलाई से गुलाब देशमुख प्रशिक्षक , बीजापुर से देवेंद्र राठौर जी, कार्तिक जी बस्तर से पधारे। इस शिविर का आयोजक व संयोजन डॉ अंजली नरेटी ने किया। डॉ नरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कोर्स के माध्यम से जीवन में उत्साह, कार्यकुशलता, अपनापन, प्रेम, शरारिक स्वस्थता,मानसिक तनाव से मुक्ति का अनुभव किया जाता है तथा इस अनुभव को सभी 35 प्रशिक्षणार्थियों ने करते हुए आज के व्यस्ततम व तनाव भरे जीवन में कैसे अपने आप को सरल व तनाव रहित रहते हुए जीवनयापन किया जा सकता है इसका लाभ सुदर्शन क्रिया सीख कर प्राप्त किया। समापन संध्या पर संध्या 6.00 बजे भजन सत्संग का कार्यक्रम रखा गया ।जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जगह से संगीतकार द्वारा भजन संध्या गायन किया गया। भजन संध्या में भानुप्रतापपुर विधान सभा के विधायक सावित्री मनोज मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, बीरेश ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस के साथ-साथ कोरर के पबुद्ध नागरिकों की भी काफी उपस्थित रही। भजन संध्या में कोरर वासी सहपरिवार उपस्थित हुए । इस आयोजन को सफल बनाने की लिए ग्राम पंचायत कोरर के सरपंच सौरभ ठाकुर का विशेष योगदान रहा उन्होंने मंगल भवन को प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध करवाया। इस प्रशिक्षण में डॉ हेमंत चंद्राकर, डॉ गोल्डी लंझेवार, राजसिंग मंडावी, नवीन पांडेय, अम्बिका मंडावी, अर्चना ठाकुर, अशोक यादव, अनिल यदु, संजना यदु, डी आर ठाकुर, दुष्यंत सोनकर, शिवेंद्र सिन्हा, चमेली सिन्हा, लीलेश जैन, तिलक धनकर, मनीराम धृतलहरे, प्रियंका भदौरिया, गजेंद्र सिन्हा, मुन्ना लाल तेता, तनुजा रावटे, महेश सिंहा, गजेंद्र सिंहा, उमेंद्र ठाकुर, रश्मिका तेता, भावना यदु, भारत भूषण कुलदीप, हिमांशी यदु, टोमेश्वरी, मोनिशा, राधा रानी पांडे , धांसू तेता, कंचन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत रैली निकाली गई



**भानुप्रतापपुर,** 17 सितंबर। 15 सितम्बर को स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान पखवाड़ा, इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत् स्वच्छता के छत्तीसगढ़ मॉडल एवं सोर्स सेग्रीगेशन, प्लास्टिक बैन, नागरिक जिम्मेदारियॉ आदि के संबंध में रैली का आयोजन नगर पंचायत परिसर से मुख्य चौक होते हुए चौपाटी रोड से महाराणा प्रताप चौक से रेस्ट हाऊस के सामने तक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमंत नेताम, नगर पंचायत भानुप्रतापपुर, ब्रॉड अम्बेस्ड अनुराग शर्मा एवं नगर पंचायत के कर्मचारीगण द्वारा स्कूली बच्चों के साथ रैली में उपस्थित रहें।

# गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक



**चारामा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। गणेश उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक चारामा थाने मे रविवार 17 सितम्बर को आयोजित हुई। बैठक में तहसीलदार उमाकांत जायसवाल,थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता, नगर के पत्रकार एवं समितियो के पदाधिकारी एव सदस्य उपस्थित रहे। बैठक मे समितियो को पंडालो में विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये गये। बिजली की उचित व्यवस्था करने, पंडालो मे शांति पूर्वक तरीके से आयोजन, पुजा अर्चना करने, एवं किसी भी प्रकार का वाद विवाद नही किये जाने के निर्देश दिये गये। वही गणेश विसर्जन पर विशेष निर्देश देते हुए विसर्जन 29 एव 30 सितम्बर को तय समय अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 08 बजे तक करने के निर्देश दिये गये है। वही शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए समिति को जिम्मेदारी दी गई। विसर्जन की रैली के दौरान किसी भी प्रकार का नशा पान किये व्यक्ति पर कार्यवाही करने की बात कही गई। एव वार्ड के पार्षद, नगर के जनप्रतिनिधियो एंव प्रबुद्ध जनो को आयोजन मे हर संभव सहयोग करने की अपील की गई।

# होनावंडी में पदोन्नत शिक्षकों हेतु स्नेह विदाई कार्यक्रम आयोजित



**कोण्डागांव,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। संकुल की शालाओं से पदोन्नत होकर, स्थानांतरित हुए शिक्षकों और सेवानिवृत्त शिक्षक हेतु कन्या आश्रम शाला होनावंडी संकुल केंद्र होनावंडी विकास खंड बड़ेराजपुर जिला कोंडागांव में स्नेह विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम सभी शिक्षकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर उनको मंचासीन कराया और संकुल की शालाओं में नवनियुक्त शिक्षकों लालदीप मिंज व्याख्याता हाई स्कूल होनावंडी, श्रद्धा ध्रुव शिक्षक माध्यमिक शाला कुर्रुभाट को संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सगराम कोर्राम हाई स्कूल होनावंडी संकुल प्राचार्य के पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त हुए।

पदोन्नत होकर संकुल से बाहर गए शिक्षकों में शीतल मरकाम प्राथ.शाला होनावंडी से सहा.शिक्षक से शिक्षक, सहदेव नाग प्राथ.शाला डीहीपारा से सहा.शिक्षक से प्राथ.प्रधान पाठक, हेमलता शोरी सहा.शिक्षक कन्या आश्रम होनावंडी से प्राथमिक प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। योगेश कुंजाम सहा.शिक्षक प्राथ.शाला कुर्रूभाट से शिक्षक पद, विनीता नाग सहा.शिक्षक प्राथ.शाला होनावंडी युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल से बाहर स्थानांतरित हुए। संकुल से अन्यत्र गए सभी शिक्षकों ने अपने पूर्व पदस्थ संस्था और अपने शैक्षणिक जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा करते हुए कार्यक्रम आयोजन के लिए आयोजनकर्ता संकुल का आभार व्यक्त किया। सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षक सगराम कोर्राम ने उपस्थित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपने जीवन में अनुशासन को बनाए रखते हुए अपने अच्छे स्वास्थ्य के साथ जीवन में आगे बढ़िये और तरक्की करिए। सगराम कोर्राम को संकुल की ओर से शॉल, बस्तर आर्ट मोमेंटो, श्रीफल और डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया और विदाई दिए जाने वाले सभी शिक्षकों को बस्तर आर्ट मोमेंटो, डायरी और पेन देकर सम्मान दिया गया। योगेश कुंजाम ने संकुल को अपनी ओर से स्मृति स्वरूप सीनरी और सभी शिक्षकों को पेन भेंट किया, शीतल मरकाम और हेमलता शोरी द्वारा स्मृति स्वरूप संकुल को फलदार पौधे भेंट किए गए। संकुल समन्वयक जीवन मरकाम ने दुखी स्वर में संकुल से बाहर गए सभी शिक्षकों से कहा कि आप लोगों की कमी संकुल महसूस करती है और संकुल में आप सभी अपने में एक अलग विशेषता लिए हुए संकुल का हिस्सा थे और सभी शिक्षकों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संकुल में पदस्थ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात महिला की शव मिली



**चारामा**, 17 सितंबर। 17 सितम्बर की सुबह नेशनल हाईवे 30 पर ग्राम तारसगॉव मोड के पास एक अज्ञात महिला मृत अवस्था में पाई गई। जिसकी सुचना ग्रामीणो के द्वारा 108 को दी गई। 108 से महिला को चारामा अस्पताल लाया गया। एंव थाने मे महिला की जानकारी दी गई। महिला मृत अवस्था में थी। मृतक महिला के हाथ मे अमरिका नाम लिखा हुआ है और उसके हाथ मे कलाई के उपर गोदना मे विभिन्न आकृति भी बनी हुई है। हालाकि की आस पास गाँव मे पता करने पर अभी तक महिला की पहचान नही हो पाई है। वाट्सएप्प एंव सोशल माध्यमो से भी महिला की पहचान की जा रही है। थाना प्रभारी जितेन्द्र गुप्ता ने बताया कि फिलहाल महिला के शव को मंगलवार तक सुरक्षित रखा जायेग। अगर मंगलवार तक कोई परिजन नही आते है तो उसका अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा।

उल्टा पुल्टा

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कुली से पूछा-भाई साहब, पूछताछ कार्यालय कहां है? कुली ने जवाब दिया -मुझे भी नहीं पता! आगे जाकर left side में Enquiry Office है, वहां पता करो।

## संपादकीय

### फिल्मी संवाद हैं, असली नहीं

*यह अपने आप में सचमुच चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिल्मी संवाद बोलने पर मारपीट कर दी जाये। पिटाई भी इस कदर कि किसी की मौत हो जाये। घटना भिलाई के खुर्सिपार की है जहां हाल ही में रिलीज़ हुई गदर-2 का एक संवाद बोलने पर कुछ लोग भड़क गये। बताया जाता है कि जिन्होंने मारपीट की वे लोग शराब के नशे में थे। इस घटना से न तो नाराज़ होने की आवश्यकता है और न ही इसे तूल देना चाहिये क्योंकि इसको उन लोगों ने अंजाम दिया है जो मूवी के संवादों को भी बड़ी गम्भीरता से लेते हैं और वे यह नहीं जानते कि ज्यादातर ऐसी फिल्में मनोरंजन का साधन मात्र होती हैं। वे फैंटेसी एवं केवल कल्पना पर आधारित होती हैं और उनका हकीकत से वास्ता नहीं होता। फिल्में जीवन नहीं वरन उसका कृत्रिम रूप है। पुलिस ने प्रशंसनीय रूप से तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया है। सम्भव है कि कुछ तत्व एवं संगठन इस वारदात का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से भी सावधान रहने की ज़रूरत है। पुलिस को चाहिये कि इसे लेकर अफवाह फैलाने वालों पर पहले से नज़र रखे।*

*खुर्सीपार गुरुद्वारा बेबे नानकी जी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह का पुत्र मलकीत सिंह आईआईटी ग्राउंड पॉवर हाऊस में शुक्रवार की रात अपने मित्र ओमप्रकाश उर्फ पलटू के साथ मोबाइल पर गदर-2 देख रहा था। फिल्म में पाकिस्तान वाला संवाद जब आया तो वह उसे जोर-जोर से बोलने लगा। इससे पास ही में शराबखोरी कर रहे 8-10 लोग नाराज़ हो गये और उन्होंने दोनों की पिटाई शुरू कर दी। ओमप्रकाश को उन्होंने घुटने के बल पर बैठा दिया, तो वहीं मलकीत को जमकर पीटने लगे। वह अधमरा हो गया तो सारे भाग खड़े हुए। पहले तो उसे खुर्सीपार के ही एक अस्पताल में ले जाया गया। हालत खराब होती देखकर उसके परिजन रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले गये परन्तु गम्भीर चोटों के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं अन्य की शिनाख्त कर ली गयी है तथा पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। समाज के नेता और अनेक राजनीतिक नेताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।*

*यह निश्चित रूप से बहुत ही दुखद घटना है कि एक फिल्मी संवाद के कारण किसी युवक को अपनी जान गंवानी पड़े। पुलिस तो इस घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करती हुए दिख ही रही है, लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि इस मामले को राजनीतिक या साम्प्रदायिक रंग देने वालों के बहकावों में न आएं। सामाजिक सद्भाव बनाये रखना ही श्रेयस्कर है। मनोरंजन के लिये बनाई गई एक मूवी से, वह भी नशे में किये गये विवाद को बढ़ाना कतई समझदारी नहीं है।*

# भाठागांव चौक से बस टर्मिनल तक जल्द ही नो एंट्री

## यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने प्रशासन की योजना



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भाठागांव अंतराज्यीय बस टर्मिनल में आए दिन ओवरलोड वाहनों व सैकड़ों यात्री बसों के साथ ट्रकों के आवागमन के कारण भाठागांव चौक पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसके कारण रोज जाम की समस्या से रहवासियों के साथ ही शहर के लोग जूझ रहे हैं। इससे हर वक्त दुर्घटना का खतरा बना रहता है। इन समस्याओं को ध्यान में रखकर प्रशासन ने भाठागांव चौक से बस टर्मिनल तक नो एंट्री जोन घोषित करने की योजना बनाई है। जल्द ही इस संबंध में आदेश जारी किया जा सकता है। पिछले दिनों ही स्थानीय पार्षद और निगम के एमआइसी सदस्य सतनाम सिंह पनाग के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने जनदर्शन में कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे को ज्ञापन सौंपकर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। इस पर प्रशासन ने इसका प्रारूप तैयार करने के लिए यातायात पुलिस को निर्देश दिया है। भाठागांव में बस टर्मिनल शुरू होने के बाद से रिंग रोड एक पर लगातार यातायात का दबाव बढ़ता जा रहा है। संतोषीनगर से टाटीबंध चौराहे के बीच सड़क के दोनों ओर वाहनों की संख्या बढ़ गई है। एक तो अलग.अलग शहरों से आने वाली बसें टर्मिनल तक पहुंचने के लिए इसी सड़क से आ.जा रही हैं वहीं यात्रियों को भी बस पकड़ने के लिए इसी सड़क का उपयोग करना पड़ रहा है। इससे रिंग रोड पर हादसे का खतरा भी बढ़ गया है।

### सर्वे में कई पैच खतरनाक

पुलिस ने यातायात को व्यवस्थित करने के लिए रिंग रोड एक का दो साल पहले सर्वे किया था। इस सर्वे में रिंग रोड की सड़क के कई पैच को खतरनाक माना गया था। हादसे का खतरा कम करने संतोषीनगर से सुंदरनगर चौक के बीच सड़क को चौड़ा करने के साथ ही सर्विस रोड की चौड़ाई भी बढ़ाई गई।

अब रिंग रोड में बदलाव को अलग.अलग फेज में करने की योजना है। ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए पूरे हिस्से में बदलाव होने पर ही हालात सुधरने की उम्मीद है। चूंकि रिंग रोड होने की वजह से वाहन चालक पूरी रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं। इस वजह से हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है।

### नो इंट्री के कारण बढ़ा दवाब

यातायात के अधिकारियों के अनुसार भाठागांव बस टर्मिनल शुरू होने से पहले महादेव घाट से रायपुरा चौक तक नो इंट्री जोन घोषित होने के बाद से वाहनों की आवाजाही रिंग रोड पर बढ़ गई है। रिंग रोड पर लगातार हजारों की संख्या में भारी मालवाहकों के साथ यात्री बस ट्रेलर डंपर ट्रैक्टर आदि वाहनों की आवाजाही होने के कारण स्थिति बिगड़ रही है।

### नो इंट्री जोन घोषित कराने रहवासी लामबंद

भाठागांव क्षेत्र अति संवेदनशील होने के साथ करीब 40 हजार की जनसंख्या वाला घनी आबादी वाले क्षेत्र के रूप में विकसित हो चुका है। भाठागांव चौक के आसपास रोड से लगा शासकीय स्कूल सरकारी अस्पताल और सब्जी बाजार है। शास्त्री मार्केट के बाद दूसरा सबसे बड़ा सब्जी बाजार भाठागांव का है। ओवरलोड मालवाहक बस और ट्रकों की लगातार आवाजाही होने के कारण स्कूली बच्चों के साथ.साथ आम जनता और रहवासियों को आने.जाने में काफी दिक्कतों का सामना पड़ता है। अस्पताल की एंबुलेंस अक्सर ट्रैफिक जाम में फंस जाती है। इन्हीं सब समस्याओं से निजात पाने रहवासी भाठागांव चौक को नो इंट्री जोन घोषित करने की मांग करने लामबंद हैं।

# सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेगी कांग्रेस

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के

■ **सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जैन ने पोस्टर लांच किया**




सोशल मीडिया विभाग ने 2023 विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। विधानसभा ही नहीं, अभी तो लोकसभा की तैयारी भी कर रही है। सोशल मीडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज जैन ने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पोस्टर लांच किया।

संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा, हम छत्तीसगढ़ के समस्त लोगों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचेंगे। लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए आज सोशल मीडिया एक बड़ा माध्यम है। पुराने कांग्रेसी जो घर पर हैं, उन तक भूपेश सरकार की नीतियों को पहुंचाने का काम सोशल मीडिया के माध्यम से किया जा रहा है। हमारे पास कई आवेदन आ चुके हैं। बूथ लेवल तक इसमें सदस्य बना रहे हैं। उनको प्रशिक्षण दे रहे हैं, ताकि भूपेश सरकार की सफल नीतियों को आम जनता तक पहुंचा जा सके। भाजपा पर तंज -भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया विभाग पर तंज करते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी परिवर्तन यात्रा निकाल रही है। उसे भाजपा खोजो यात्रा निकालनी पड़ेगी।

# छत्तीसगढ़ को एक और राष्ट्रीय पुरस्कार



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रोगी सुरक्षा गतिविधियों को 'सकुशल' के माध्यम से लागू करने में उत्कृष्ट प्रतिबद्धता और स्व-मूल्यांकन के लिए छत्तीसगढ़ को सम्मानित किया है। विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राज्य को इसके लिए प्रोत्साहन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। रोगियों की सुरक्षा के बारे में दुनिया भर में लोगों को जागरूक करने और इसके लिए समन्वय व वैश्विक समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 17 सितम्बर को विश्व स्तर पर विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा नई दिल्ली में 15 सितम्बर को आयोजित कार्यक्रम में रोगी सुरक्षा के लिए अच्छा काम करने वाले राज्यों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री विशाल चौहान, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. नेहा गर्ग, नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसर्च सेंटर के कार्यकारी निर्देशक श्री अतुल कोटवाल, क्वालिटी एंड पेशेंट सेफ्टी नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसर्च सेंटर के सलाहकार डॉ. जे.एन. श्रीवास्तव तथा विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद थे।

■ **रोगी सुरक्षा गतिविधियों को उत्कृष्ट प्रतिबद्धता के साथ लागू करने के लिए किया गया सम्मानित**

कार्यक्रम में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री विशाल चौहान ने राज्यों के राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र प्राप्त अस्पतालों को गुणवत्ता मानक बनाए रखने को कहा। उन्होंने सभी राज्यों के अन्य शासकीय अस्पतालों को भी जल्द से जल्द गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए तैयारी करने को कहा जिससे देश के सभी सरकारी अस्पतालों में मरीज़ों को एक समान गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा सकें।'

# चला चली की बेला में कांग्रेस के नेता अर्श से लेकर फर्श तक पैसा समेटने में लगे हैं : ओपी चौधरी




**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओ.पी.चौधरी ने भूपेश बघेल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार की चलाचली बेला में है और कांग्रेस के नेता अर्श से लेकर फर्श तक पैसा समेटने में लगे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ही नहीं वरन् कांग्रेस के मंत्री ,विधायक अपना आपा खोकर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ को कांग्रेस सरकार ने भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है। छत्तीसगढ़ को भूपेश सरकार ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के लिए एटीएम बना दिया है। वहीं दूसरी ओर यहां के मंत्री विधायक लाखों ङ्क करोड़ों रुपये के घोटाले कर रहे हैं।

■ **जब मुख्यमंत्री खुद एटीएम बन सकते हैं तो विधायक भी कुछ पैसे निकाल सकते हैं**

उन्होंने भूपेश सरकार पर मफिया राज चलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कोयला,पीएससी, चावल, धान,आउटसोर्सिंग,तेंदूपत्ता, गोठान, शराब, ऑनलाइन सट्टा मफिया को खुला संरक्षण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में करीब 20 लाख युवाओं के खाते खुलवा कर महादेव एप जिसका संचालन दुबई से हो रहा है,में करोड़ों रुपये का खेल भूपेश सरकार के राज में चल रहा है। कोयला घोटाले में रायगढ़ के एक कांग्रेस विधायक के सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पूछा है कि क्या उनमें इस वीडियो को स्वीकार करने की हिम्मत है। क्या उस विधायक के खिलाफ कार्यवाही करेंगे।

श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ के कोड़ातराई में हाल ही में हुई भाजपा की विजय शंखनाद रैली को लेकर कांग्रेसी लगातार दुष्प्रचार करते रहे कि मोदी जी नहीं आएंगे। मोदी जी वर्चुअल सभा में शामिल होंगे,लेकिन इसके उलट रायगढ़ की जनता ने कांग्रेसियों के मुंह पर जमकर तमाचा जड़ा। भारी बारिश के बावजूद करीब 1 लाख से ज्यादा लोग मोदी जी को सुनने पहुंचे और भाजपा की विशाल विजय शंखनाद रैली में शामिल हुए। छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में जी 20 यूथ सम्मेलन को लेकर रायगढ़ की सभा में मोदी जी के बयान को लेकर कांग्रेस के अनर्गल आरोप को लेकर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम नवा रायपुर के आईएम में आयोजित हुआ था जिसमें करीब 15 देशों के यूथ शामिल हुए थे। यह आयोजन भारत सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय के द्वारा आयोजित हुआ था। इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर भी मौजूद थे। कांग्रेसियों का मोदी जी पर दिया गया बयान उनके मानसिक दीवालियेपन को दर्शाता है।

श्री चौधरी ने कहा कि मोदी जी के 9 सालों में विकास हुआ है यह नजर आता है। जबकि छत्तीसगढ़ की पौने 5 साल की कांग्रेस सरकार ने विकास का कोई कार्य नहीं किया है। वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक विकास ही विकास किया। पूरी दुनिया में भारत को नई पहचान दी। जी ङ्क 20 की बैठक की अध्यक्षता कर उन्होंने भारत की ताकत का लोहा मनवाया। आज मोदी जी की पूरे विश्व में जयजयकार हो रही है। देश मोदी जी के नेतृत्व में लगातार उन्नति कर रहा है।

प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, सोशल मीडिया सहसंयोजक मीतुल कोठारी भी उपस्थित थे।'

# सीएम बघेल व गृहमंत्री ताम्रध्वज के क्षेत्र में कानून व्यवस्था की दुर्गति : अरुण साव

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक युवक की हत्या की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि युवक वहां पर गदर फिल्म देख रहा था। हिंदुस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने के कारण उसकी हत्या की गई। इस घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए आज खुर्सीपार में अरुण साव ने कहा कि 32 वर्षीय युवक मलकीत सिंह की हत्या बेदर्दी और बेहरहमी से कर दी गयी। एक निर्दोष युवक की हत्या कर दी गयी। जो तथ्य सामने आये हैं पता चला है कि हिंदुस्तान जिंदाबाद पाकिस्तान मुर्दाबाद लरा नारे लगाए जाने पर यह घटना हुई है। इस हत्या की जितनी निंदा की जाए कम है।



साव ने कहा प्रत्यक्षदर्शियों से और परिजनों से बातचीत हुई है। घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति क्या है ?

प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह से बर्बाद हो गया है। जिस जिले से मुख्यमंत्री आते हैं, गृहमंत्री आते हैं उस जिले में एक 32 वर्षीय निहत्थे युवक की निर्मम हत्या छत्तीसगढ़ में जंगलराज चल रहा है,इसे स्पष्ट करता है।

### पीड़ित परिवार को मिले न्याय, दोषियों पर हो कार्रवाई

साव ने दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय मिले। जितने भी दोषी हैं,प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस प्रशासन को आठ लोगों का नाम बताया है। उन सभी के खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य और सहज घटना नही है। लोग बता रहे युवक की हत्या के बाद हत्या करने वाले अपराधी बॉडी के ऊपर नाचे कूदे हैं। यह घटना इन अपराधियों की तालिबानी सोच और मानसिकता को दिखाता है। ऐसे सोच और मानसिकता को कुचलने की आवश्यकता है। अरुण साव ने कहा कि इस घटना में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी उनके साथ है।

# मोदी सरकार महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित कराये : बैज



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ंग्रेस पार्टी पिछले नौ साल से मांग कर रही है कि महिला आरक्षण विधेयक, जो पहले ही राज्यसभा से पारित हो चुका है, उसे लोकसभा से भी पारित कराया जाना चाहिए। राज्यसभा में पारित किए गए विधेयक समाप्त नहीं होते हैं। इसलिए महिला आरक्षण विधेयक अभी भी जीवित है। महिलाओं को उनका हक देने केन्द्र सरकार लोकसभा के विशेष सत्र में विधेयक को प्रस्तुत करे। भाजपा का चरित्र महिला विरोधी है। अत-वह महिला विधेयक पारित कराएगी इसकी संभावना कम ही है। भाजपा हमेशा से ही महिलाओं के लिये दुर्भावना रखती है। भाजपा के पितृ संगठन आरएसएस में जो महिलाओं को पदाधिकारी नहीं बनाया जाता है।

श्री बैज ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से आधी आबादी को उसका पूरा अधिकार देने की पक्षधर रही है। कांग्रेस की सरकारों ने समय-समय पर इस हेतु प्रभावी कदम भी उठाया है। सबसे पहले राजीव गांधी ने 1989 के मई महीने में पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश किया। वह विधेयक लोकसभा में पारित हो गया था लेकिन सितंबर 1989 में राज्यसभा में पास नहीं हो सका। अप्रैल 1993 में तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने पंचायतों और नगर पालिकाओं में महिलाओं के एक तिहाई आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक को फिर से पेश किया। दोनों विधेयक पारित हुए और कानून बन गए। महिलाओं के लिए संसद और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई आरक्षण के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह संविधान संशोधन विधेयक लाए। विधेयक 9 मार्च 2010 को राज्यसभा में पारित हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों के प्रयास से ही आज देशभर में पंचायतों और नगरपालिकाओं में 15 लाख से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधि हैं।

# 12 एक्सप्रेस के बाद आज से 16 लोकल ट्रेनें भी रद्द

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में अंधोसंरचना के चल रहे काम की वजह से जहां दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 12 एक्सप्रेस ट्रेनों को रद कर दिया गया था, वहीं कल से सुरक्षा और ट्रैक के रख-रखाव के काम के चलते 16 लोकल ट्रेनों को अचानक से रद करने की घोषणा से यात्रियों पर दोहरी मार पडी है।

मुख्य एक्सप्रेस ट्रेनों के रद होने का असर दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब राज्य की ओर जाने वाले यात्रियों पर पड़ा है। इन ट्रेनों में सबसे अधिक यात्री सफर करते हैं। संपर्क क्रांति, गोंडवाना, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस कई दिनों तक नहीं चलेगी। इससे यात्रियों के सामने अब हवाई जहाज के अलावा दूसरा और कोई विकल्प नहीं बचा है। इन ट्रेनों के रद होने से हजारों यात्रियों का कंफर्म टिकट भी रद हो जाएगा।

इधर, रेलवे प्रशासन ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न सेक्शनों में गतिशीलता के उन्नयन और चल रहे विभिन्न सुरक्षा संबंधी रखरखाव कार्यों में सुधार और ट्रैक रखरखाव के काम के चलते रविवार से आगामी दस दिनों तक लोकल ट्रेनों को रद करने की घोषणा की है। इससे रायपुर से गेवरा रोड, बिलासपुर से शहडोल, रायपुर से डोंगरगढ़, रायपुर से दुर्ग, बालाघाट, गोंदिया, कटंगी, गोंदिया, वड़सा, वड़सा से चांदा फोर्ट,डोगरगढ़ से गोंदिया और रायपुर से गोंदिया जाने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा।जो दस ट्रेनें आज से रद्द की गई है इनमें 17 से 25 सितंबर तक रायपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल, बिलासपुर एवं शहडोल से चलने वाली ट्रेन नंबर 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल ,रायपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 08729 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी एवं बालाघाट से चलने वाली ट्रेन नंबर 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया एवं कटंगी से चलने वाली ट्रेन नंबर 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 08806 गोंदिया-वड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 08721 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल और डोगरगढ़ से चलने वाली ट्रेन नंबर 08723 डोगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।



वहीं छह ट्रेनें कल से रहेगी रद जिनमें 18 से 26 सितंबर तक गेवरा रोड से चलने वाली ट्रेन नंबर 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, डोगरगढ़ से चलने वाली ट्रेन नंबर 08730 डोगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, कटंगी से चलने वाली ट्रेन नंबर 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल, वड़सा से चलने वाली ट्रेन नंबर 08808 वड़सा-चांदा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल, चांदा फोर्ट से चलने वाली ट्रेन नंबर 08805 चांदा फोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल और गोंदिया से चलने वाली ट्रेन नंबर 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

### 13 दिन रद्द रहेगी कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस

उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन में वाशेबल अप्रोन का काम शनिवार से शुरू हो चुका है,जो 35 दिनो तक चलेगा।इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 12 एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने आगामी दस दिनों तक रद्द किया है।इन मुख्य एक्सप्रेस ट्रेनों के रद्द होने से दिल्ली,जम्मू कश्मीर, पंजाब राज्य की ओर जाने वाले यात्रियों को परेशान होना पड़ेगा।

रेलवे मंडल से मिली जानकारी के अनुसार कोरबा से चलने वाली ट्रेन नंबर 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस 16 से 28 सितंबर तक और अमृतसर से चलने वाली ट्रेन नंबर 18238 अमृतसर-कोरबा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को 18 से 30 सितंबर तक यानि कुल 13 दिनों तक के लिए रद्द किया गया है। पहले इस एक्सप्रेस ट्रेन को केवल दो दिन 16 और 28 सितंबर और 18 एवं 30 सितंबर को रद्द करने की जानकारी रेलवे प्रशासन ने दी थी।

### नहीं चली संपर्क क्रांति

दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 12823 दुर्ग-निज़ामुद्दीन संपर्क क्रांति एक्सप्रेस शनिवार को नहीं चली। इसके कारण यात्रियों को काफी परेशान होना पड़ा।यह ट्रेन अब 18, 21, 23, 25 और 28 सितंबर को रद रहेगी। निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 12824 निज़ामुद्दीन-दुर्ग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस 17, 19, 22, 24, 26 और 29 सितंबर को रद रहेगी।

दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 12549 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस 19 और 26 सितंबर को रद रहेगी। उधमपुर से चलने वाली ट्रेन नंबर 12550 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस 21 और 28 सितंबर को रद रहेगी।

निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 12410 निज़ामुद्दीन-रायगढ़ गोडवाना एक्सप्रेस 28 सितंबर को रद रहेगी। रायगढ़ से चलने वाली ट्रेन नंबर 12409 रायगढ़-निज़ामुद्दीन गोडवाना एक्सप्रेस 18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29 और 30 सितंबर को रद रहेगी।

दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 22867 दुर्ग-निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस 19, 22 और 26 सितंबर को रद रहेगी। निज़ामुद्दीन से चलने वाली ट्रेन नंबर 22868 निज़ामुद्दीन-दुर्ग एक्सप्रेस 20, 23 और 27 सितंबर को रद रहेगी।

दुर्ग से चलने वाली ट्रेन नंबर 20847 दुर्ग-उधमपुर एक्सप्रेस 20 और 27 सितंबर को रद रहेगी। उधमपुर से चलने वाली 20848 उधमपुर-दुर्ग एक्सप्रेस 21 व 28 सितंबर को रद रहेगी।'

**विद्यार्थियों ने हिंदी पखवाड़ा में लिखी कविताएं**

रायपुर, 17 सितंबर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में 14 से 29 सितंबर तक हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। हिंदी पखवाड़ा के दूसरे दिन आज यहां कृषि महाविद्यालय, रायपुर के परीक्षा कक्ष में कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



# नोटों के बंडल के साथ कांग्रेस विधायक

रायपुर, 17 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में चुनाव को लेकर सियासी पारा गरमाया हुआ है। रविवार को राजनीतिक गलियारों में एक वायरल वीडियो ने हड़कंप मचा दिया है। वीडियो कांग्रेस विधायक से जुड़ा हुआ है। वह नोटों के बंडलों के साथ नजर आ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री और पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी ने इस वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल किया है। वीडियो चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव है। वीडियो में विधायक नोटों के बंडल के करीब बैठे दिख रहे हैं और कुछ लोगों से बातचीत कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश की भूपेश सरकार को इस मामले में घेर रही है।



- छत्तीसगढ़ को लूट रहे, सीबीआई को सौंपने का साहस दिखाएंगे
- वीडियो में वायरल कांग्रेसी विधायक रामकुमार यादव

भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री ओपी चौधरी ने सोशल मीडिया ङ्ग पर इस वीडियो को पोस्ट करते हुए लिखा- कांग्रेस विधायक जी के सामने रखे नोटों की गड्डी वाले इस वीडियो को स्वीकार करेगी या वीडियो पर कोई संदेह है तो जांच के लिए ष्टक्चढ्ढ को सौंपने का साहस दिखायेगी या फिर कोयला वाले वीडियो की तरह मेरे ऊपर स्नढ्ढक्रदर्ज करायेगी बता दें कि पिछले साल कोयला चोरी का वीडियो पोस्ट करने पर ओपी चौधरी पर कांग्रेसियों ने केस दर्ज कराया था।

**छत्तीसगढ़ को पूरे 5 साल जमकर लूटा है**

ओपी चौधरी ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा- 'ये हैं कांग्रेस के छत्तीसगढ़ में चंद्रपुर के विधायक रामकुमार यादव। अपने आप को गरीब और बेचारा के रूप में प्रस्तुत करते हैं। विधायक बनने से पहले वे गरीब थे भी। प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान में रहते भी हैं। बाप दादा और खुद बैल चराते भी थे, जैसा कि वे खुद भी दावा करते हैं, लेकिन सोशल मीडिया में वायरल हो रहे इस वीडियो में देखिये सामने रखे नोटों की गड्डीज् कांग्रेस जवाब देने लायक नहीं रह गयी हैज् पूरे कांग्रेस के सभी लोगों ने छत्तीसगढ़ को पूरे 5 साल जमकर लूटा है। कांग्रेसी भ्रष्टाचार की संस्कृति और माफियाराजज् फ्लाई एश, रेत, कोयला, शराबज् सब में है माफियाराज'

**विधायक रामकुमार बोले- यह मेरे खिलाफ षड्यंत्र**

वायरल वीडियो मामले में कांग्रेस विधायक रामकुमार ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह मेरे खिलाफ षड्यंत्र है। पैसे के ऊपर मेरा ध्यान नहीं था, मैं तो खाली वहां बैठा हूं। वीडियो डालने वाले बता सकते हैं कि उनका उद्देश्य क्या है। उन्होंने आगे कहा कि मैं गरीब का बेटा हूं, गाय-भैंस चराने वाला हूं, मेहनत मजदूरी मैंने की है। गरीब का बेटा विधायक बना है तो बड़े लोगों के पेट में दर्द हो रहा है। कांग्रेस की टिकट मिलने के बाद भी मेरे बारे में वीडियो वायरल किया गया था। मैं विधायक बना हूं तो जनता के आशीर्वाद से बना हूं, वे लोग मेरे गरीब की छवि को खराब नहीं कर सकते हैं।'

## क्या किसी ने पैसा देने या लेने का आरोप लगाया ? : भूपेश

**कांग्रेस विधायक यादव के वायरल वीडियो पर मुख्यमंत्री का सवाल**



कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव के नोटों की गड्डियों के साथ वायरल वीडियो के साथ भाजपा नेता ओपी चौधरी के आरोपों पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पलटवार किया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने पैसा दिया है, या कोई ले रहा है।किसी के घर में बैठे हैं, ना कोई दावा कर रहा है देने का या लेने का।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हैदराबाद में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में शामिल होकर लौटे। उन्होंने एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में भाजपा नेता ओपी चौधरी पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि उन्होंने एस ई सी एलका वीडियो डाला था, अब भी बढ़-चढ़कर ट्वीट कर रहे हैं।ओपी चौधरी को जिम्मेदारी दी गई थी साइंस कॉलेज स्टेडियम भरने की, नहीं भर पाए। अब अपनी स्थिति सुधारने इस प्रकार के बयान दे रहे हैं।

हैदराबाद में हुई बैठक पर भूपेश बघेल ने कहा कि दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। हैदराबाद 17 सितंबर की 1948 को आजाद हुआ था।कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बैठक की खरगे जी ने अध्यक्षता की और सोनिया गांधी भी मौजूद रहीं।आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव के अलावा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।आज विस्तारित बैठक हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष और सेंट्रल एक्शन कमिटी के सदस्यों को बुलाया गया था।

## पारंपरिक कामों को बढ़ावा देने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की गई : रेणुका



**रायपुर,** 17 सितंबर। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के शुभारंभ अवसर पर आज राजधानी रायपुर में भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ (ट्राईफेड), रायपुर के संयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री श्रीमती रेणुका सिंह । इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी, रायपुर से विधायक बृजमोहन अग्रवाल, बीरगांव नगर निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, ट्रायफेड की प्रबंध निदेशक गीतांजलि गुप्ता और रायपुर के कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं के कारीगर भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेणुका सिंह ने कहा कि हमने पारंपरिक कामों को छोड़ दिया है और उन पारंपरिक कामों को बढ़ावा देने के लिए ही पीएम विश्वकर्मा योजना प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के शिल्पकारों और कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आज शुरू हुई पीएम विश्वकर्मा योजना से न सिर्फ शिल्पकारों- कारीगरों का सम्मान बढ़ेगा बल्कि उनकी आजीविका के अवसर बढ़ेंगे और उनका भविष्य उज्जवल होगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना के पहले चरण में स्थानीय प्रशासन और बैंकों के सहयोग से कामगारों को 5 प्रतिशत ब्याज दर से एक लाख रुपए का लोन मिलेगा, जिससे व्यवसाय के लिए जरूरी पूंजी की आवश्यकता पूरी होगी।

## रायपुर कलेक्टर ने ली कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**डॉ भुरे ने व्यवहार को लेकर दिए कड़े निर्देश**



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कल कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। डॉ भुरे ने कहा कि राजस्व विभाग के सारे अधिकारी आम जनता की संवेदनशीलता से व्यवहार करें।राजस्व कार्यालयों में गांव-दूरस्त क्षेत्रों से जरूरतमंद के साथ निर्धन वर्ग के लोग आते हैं। वे नामांतरण, सीमांकन, जमीन से जुड़े मामले सहित अन्य दैनन्दिनी विषयों को लेकर आते हैं। इनके कार्यालय आने पर स्वयं पहल करें और उनके प्रकरणों की जानकारी ले और समय सीमा के भीतर अवश्य समाधान करें। साथ ही यह ध्यान दें कि उन्हे अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय ना आना पड़े। राजस्व अधिकारी उनके प्रकरणों का फॉलोअप करते रहें और संबंधित को उनकी सटीक जानकारी दें।



**रायपुर।** प्रो जेएन पांडेय स्कूल के व्याख्याता राघवेन्द्र मिश्रा को जेसीआई नोबल पुरस्कार से वृंदावन हॉल में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेसीआई के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद थे।

## सिविल कांट्रेक्टर एसोसिएशन ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**रायपुर,** 17 सितंबर। जिला सिविल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा गांधी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना की गई स्थापना के बाद पुज वा आरती में कर्मकार मंडल के अध्यक्ष सनी अग्रवाल उपस्थित हुए उन्होंने कार्यक्रम की शुभारंभ किया उन्होंने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चन कर आरती उतारी एवं अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत की संगठन के अध्यक्ष शिवनारायण ताम्रकार ने बताया कि कार्यक्रम में आज मजदूर के लिए स्वास्थ्य शिविर एवं श्रमिक कार्ड और भंडारा का आयोजन किया गया छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध गायिका सीमा कौशिक ने रंगारंग कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर मौजूद सभी लोगों का मनोरंजन कर अपने गीतों से समां बांध इस अवसर पर संगठन के समस्त पदाधिकारी वह सदस्य उपस्थित रहे।

## न दरवाजा बनाकर दिया न एंडवास वापस किया, धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पांच वर्ष बाद भी फेब्रिकेटर ने न दरवाजा बनाकर दिया न एडवास में लिए 15 लाख रूपए वापस किया। इस धोखाधड़ी की पुलिस ने धारा 420 का अपराध दर्ज कर लिया है। देवेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फाफाडीह नाका देवेंद्र नगर निवासी विशाल गवरी 43वर्ष ने अपने साथ हुई इस धोखाधड़ी की रिपोर्ट कल शनिवार को दर्ज कराई ।

## निधन

### बिरेन्द्र वर्मा



**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर। ग्राम सैहा निवासी बिरेन्द्र वर्मा (कोंदा) 32 वर्ष का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे, वे नारायण के पुत्र एवं डागेश्वर और विमला के भाई थे।

### मंजू देवी अग्रवाल

**सरायपाली** 17 सितंबर। श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल गणेश बीड़ी कारखाना का आकस्मिक निधन रविवार की सुबह हो गया अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया स्व मंजू देवी नरेश चंद की धर्मपत्नी जगत नारायण की भाई बहू सुरेश ललित की भाभी नवीन नूतन की चाची व विभोर की मां थी।

### कुंती वर्मा



**पलारी,** 17 सितंबर। पलारी विकास खण्ड के ग्राम चूचरुंगपुर निवासी श्रीमती कुंती वर्मा पति नंद कुमार वर्मा जिसका आज रविवार को दोपहर 12बजे अकाश्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चुचरुगपुर में किया गया वह अरुण वर्मा ,अजय वर्मा ठेकेदार की माता मोतीलाल वर्मा पूर्व राजप्रधान की भाभी ,योगेश वर्मा शिक्षक की बड़ी मां थी। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

### निर्मल कुमार झा



**रायपुर,** 17 सितम्बर। विद्यापति भवन के सामने, पुरानीबस्ती, रायपुर निवासी निर्मल कुमार झा 80 वर्ष पिता स्व.जगदानंद झा (धनेली वाले) का आकस्मिक निधन आज रविवार 17 सितंबर को संध्या 6.15 बजे हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल सोमवार 18 सितंबर को निवास स्थान से मारवाड़ी मुक्तिधाम, रायपुर सुबह 11 बजे जाएगी। वे संजीव, राजीव, ऋषि एवं स्व.श्रीमती राखी मिश्रा के पिता थे।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव ने भिलाई में हुई हत्या पर कांग्रेस को घेरा

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी है. साव ने भिलाई में हुई हत्या को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार अपराधियों का संरक्षण कर रही है. इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया को लेकर बयान दिया है और भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर बताया कि यात्रा ऐतिहासिक रूप से सफल हो रही है.



**सरकार अपराधियों को दे रही संरक्षण : अरुण साव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अरुण साव ने दी बधाई और शुभकामनाएं. साव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज 73वां जन्मदिन है। छत्तीसगढ़ वासियों की ओर से मैं उन्हें बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं. वे स्वस्थ रहें और देश की जनता का इसी तरह से देश की जनता की सेवा करते रहे. दुनिया में भारत का मान सम्मान और परचम लहराते रहे. जिस तरह से उन्होंने अपने सामाजिक जीवन में अपनी एक अलग पहचान बनाई है. इमानदारी से कर्मठ होकर उन्होंने जनता की सेवा की है निक्कित रूप से हम जैसे कार्यकर्ताओं के किए प्रेरणा का विषय है. भिलाई के खुर्सीपार में हुए मर्डर की घटना को लेकर अरुण साव ने कहा कि हम शुरू से कहते हैं कि कानून व्यवस्था यहां लाचार हो चुकी है. लगातार घटनाएं हुई है अपराध बढ़ा है. सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है. अपराधियों का संरक्षण कांग्रेस की सरकार कर रही है. भिलाई की जो घटना है पाकिस्तान के खिलाफ बोलने पर जिस बेरहमी से युवक की हत्या की गई है. मैं मृतक के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. सरकार इस पर तुरंत संज्ञान ले. मृतक के परिवार को मुआवजा दे. भजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर अरूण साव ने कहा कि पहली परिवर्तन यात्रा को कल 5 दिन पूरे हुए हैं. मैं पांचवें दिन पूरे समय यात्रा में था आज भी रहने वाला हूं. जो 5 दिनों में यात्रा को जनता का समर्थन और स्वागत हुआ है, वह ऐतिहासिक है. निक्कित रूप से प्रदेश में परिवर्तन की हवा बह रही है. दूसरी यात्रा का कल दूसरा दिन था और वह यात्रा भी ऐतिहासिक रूप से सफल हो रही है. केंद्रीय नेताओं को लेकर कांग्रेस के दिए गए बयान पर अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि हर एक राजनीतिक दल के नेता दूसरे राज्यों में जाते हैं. ऐसा कौन सा दल है जिसके नेता छत्तीसगढ़ में नहीं आ रहे हैं. पर यह जो प्रश्न उठाने वाले लोग हैं, वह डरे और घबराए हुए हैं. जनता का सामना नहीं कर पा रहे हैं और इसलिए इस प्रकार की बातें करते हैं. हमारे अन्य राज्यों के नेता आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता है. जनता उन्हें देखना और सुनना चाहती है. इसका सकारात्मक असर हमारे अभियान पर हो रहा है. इंडिया गठबंधन को लेकर हो रही राजनीति पर अरुण साव ने कहा कि जब भारत का नाम आता है तो लगता है कि जो घमंडियां गठबंधन बनी है वह भारत के खिलाफ साजिश करने के लिए बनी है. ये गठबंधन सनातन के खिलाफ साजिश करने के लिए बनी है और यह उनकी मानसिकता को लगातार दर्शाता है।

## नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 25 चालकों के विरुद्ध कार्रवाई

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक रेंज रायपुर तनलाल डांगी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर प्रशांत कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु नशे की हालत में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर सचिन्द्र कुमार चौबे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एवं गुरजीत सिंह उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर के मार्गदर्शन में शनिवार रात से लेकर रविवार तक दिनभर यातायात पुलिस रायपुर के अधिकारी कर्मचारी के द्वारा श्री राम मंदिर के सामने खमतराई थाना के सामने एवं टाटीबंध चौक में नशेड़ी वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया ए जिसमें 25 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया सभी प्रकरण को कार्यालयीन दिवस में माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा एवं सभी नशेड़ी वाहन चालकों का लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी। सड़क दुर्घटना वर्तमान समय में सुरक्षित यातायात में सबसे बडी चुनौती बनी हुई हैं। सड़क दुर्घटना घायल व्यक्ति के साथ ही पीड़ित परिवार के लिए भी बहुत बड़ा अभिशाप है। सड़क दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण नशे की हालत में वाहन चलाना है जिस पर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्धेश्य से यातायात पुलिस रायपुर द्वारा समय.समय पर नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही किया जा रहा है। वर्ष 2023 में अब तक 403 नशेड़ी वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा चुकी है।



- सभी के लाइसेंस निलंबन किए गए

# विधायक के खिलाफ बोलने पर कांग्रेस पार्षद को नोटिस

**रायपुर,** 17 सितंबर। चुनाव में कुछ महीने ही बचे हैं और इससे पहले कांग्रेस में नेताओं के बगावती तेवर सामने आ रहे हैं। बगावत के बवाल से बचने के लिए कांग्रेस पार्टी ने ऐसे नेताओं पर कार्यवाही की रणनीति तैयार की है। रायपुर के एक पार्षद को इसी वजह से कारण बताओं नोटिस थमा दी गई। बेमेतरा में तो एक पुराने कांग्रेस नेता सौरभ निर्वाणी को एक साल के लिए पार्टी से निकाल दिया गया।

**नागभूषण राव को नोटिस दिया गया है**

पहला मामला रायपुर का है कांग्रेस पार्षद नागभूषण राव को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। नाभूषण राव ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर विधायक सत्यनारायण शर्मा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर दिया था। मामला कुछ दिन पहले का है, अपने क्षेत्र में पट्टा देने वाली सर्वे लिस्ट से सैकड़ों गरीब परिवारों का नाम हट जाने का विरोध करते हुए राव ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया था।

कांग्रेस पार्टी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदु ने यह नोटिस जारी किया है । नोटिस में लिखा है कि राव ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक और वरिष्ठ नेता सत्यनारायण शर्मा के विरुध्द अनर्गल टिप्पणी किये जाने की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है जिसे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गंभीरता से लिया है। वरिष्ठ विधायक के विरूध्द की गयी टिप्पणी अनुशासनहीनता की परीधि में आता है। प्रदेशाध्यक्ष के निर्देशानुसार कारण बताओं नोटिस जारी किया जाता है। जारी नोटिस का लिखित जवाब , स्पष्टीकरण पत्र प्राप्ति के 3 दिवस के भीतर प्रदेश कांग्रेस को देनी होगी ।

**मैंने विधायक पर नहीं की कोई टिप्पणी**

नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस पार्षद नागभूषण राव का कहना है कि मैंने कोई भी टिप्पणी अपने विधायक के खिलाफ नहीं की। मुझे कारण बताओं नोटिस मिला है 3 दिन के अंदर में इसका स्पष्टीकरण अपनी पार्टी को दूंगा। पार्टी की ओर से जो पत्र प्राप्त हुआ है उसमें वरिष्ठ विधायक पर टिप्पणी का जिक्र है मैंने विधायक के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की है। सकारात्मक रूप से इस पूरी घटना की जानकारी अपनी पार्टी को दूंगा । वो पूरा मुद्दा जनता का मुद्दा था मैं ऐसे ही मुद्दे अपने क्षेत्र में लगातार उठाता रहूंगा। पंकज शर्मा को टिकट देने की चर्चा के बीच इनका भी भीतरी तौर पर हो रहा है।



**बेमेतरा में नेता को पार्टी से निकाला**

दरअसल इस बार कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा ने चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है रायपुर ग्रामीण सत्यनारायण शर्मा की सीट मानी जाती है। ऐसे में सत्यनारायण शर्मा ने अपने बड़े बेटे पंकज शर्मा को टिकट दिया जाए इसकी मांग की है। रायपुर ग्रामीण सीट पर लंबे समय तक राजनीति करने वाले कई वरिष्ठ नेता हैं जो पंकज शर्मा के नाम के खिलाफ हैं नागभूषण राव भी उन्हीं में से एक माने जाते हैं।

असंगठित कामगार-कर्मचारी कांग्रेस में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बेमेतरा के सौरभ निर्वाणी को कांग्रेस ने निकाल दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत गेंदु द्वारा इसका रविवार को आदेश जारी कर दिया गया है। निर्वाणी को एक साल के लिए पार्टी से निष्काषित किया गया है। पार्टी की ओर से बताया गया कि निर्वाणी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के सामने बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के ऊपर अनर्गल आरोप लगाने, नारेबाजी करने में शामिल थे।

इस कार्रवाई को बेमेतरा के कांग्रेस नेता निर्वाणी ने हतप्रभ करने वाला बताया। निर्वाणी की पत्नी प्रज्ञा बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य हैं। बेमेतरा सीट से विधायकी का दावा कर रही हैं, जहां से इस समय आशीष छाबड़ा कांग्रेस विधायक हैं। सौरभ ने बताया कि हमे जब नोटिस मिला तो हमने जवाब दे दिया, छोटी सी बात के लिए पार्टी से निकालना हैरान कने वाला है, आम आदमी पार्टी और भाजपा के लोग संपर्क में हैं जो उचित होगा हम फैसला करेंगे।

खबर है कि निर्वाणी और क्षेत्र के कुछ लोग दीपक बैज से मिलने पहुंचे थे। ये सभी मांग कर रहे थे कि इस बार टिकट निर्वाणी की पत्नी प्रज्ञा को दिया जाए। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष के सामने नारेबाजी और हंगामा कर दिया। इस तरह की हरकत से नेता नाराज हुए और कार्रवाई की गई। निर्वाणी ने कहा कि मुझे लगता है कि इसके पीछे कुछ ताकतवर लोगों का हाथ है ताकि हमें दावेदारी की रेस से बाहर ही कर दिया जाए।

# सुहागिनें पति की दीर्घायु के लिए करेंगी निर्जला उपवास

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अखंड सुहाग की कामना को लेकर सुहागिनें सोमवार को तीजा पर्व का व्रत रखेंगी। व्रत से पहले रविवार को कड़ू भात यानी करेला.चावल का सेवन करने की रस्म निभाएंगी।40 घंटे तक निर्जला व्रत रखने के पश्चात गणेश चतुर्थी पर पूजा करके पारणा करेंगी। तीजा पर्व मनाने के लिए सुहागिन बेटियों का मायके पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। रविवार की शाम तक बेटियों के मायके आना.जाना जारी रहेगा।

**व्रत से पूर्व आज खाएंगी कड़ू भात**

महामाया मंदिर के पुजारी पंण् मनोज शुक्ला ने बताया कि तीजा व्रत रखने से पहले सुहागिनें कड़ू भात का सेवन करेंगी। करेले की सब्जी और चावल को कड़ू भात कहा जाता है। व्रत से पूर्व कड़ू भात का सेवन करने से व्रत वाले दिन ज्यादा प्यास नहीं लगती। चूंकि तीजा व्रत में लगभग



40 घंटे तक पानी भी नहीं पीते इसलिए कड़ू भात खाने का महत्व है।

**महंगा हुआ करेलाः** तीजा व्रत से पूर्व घर.घर में करेला.चावल का सेवन करने से बाजार में करेला की मांग बढ़ गई। कड़ू भात परंपरा से एक दिन पहले ही बाजार में करेला की खूब बिक्री हुई। आम दिनों में 40 रुपये किलो मिलने वाला करेला 60 से 80 रुपये तक बिका। रविवार को करेला की कीमत और बढ़ जाएगी।

हरतालिका पूजन प्रदोष काल में किया जाता हैं। प्रदोष काल अर्थात दिन रात के मिलने का समय। हरतालिका पूजन के लिए शिव पार्वती गणेश एव रिद्धि सिद्धि की प्रतिमा बालू रेत अथवा काली मिट्टी से बनाएं। चौकी पर अष्टदल बनाकर थाल रखें। रंगोली पुष्प से सजाएं। थाल में केला पत्ता रखकर उस पर प्रतिमा रखें। श्रीफल पर लाल कलावा बांधें। कुमकुमए हल्दीए चावल पुष्प चढ़ाकर पूजन करें। पहले कलश पूजन फिर गणेश पूजन इसके बाद शिव एवं माता गौरी की पूजा करें। भगवान शिव को बिल्व.पत्रए आम के पत्तेए चंपक के पत्ते एवं केवड़ा फूल अर्पण करें। आचार्यए पंडित से हरतालिका व्रत की कथा सुनें। रात्रि जागरण करके भजन.कीर्तन करें।

# घटिया सामान की आपूर्ति कर ठग लिए 15 लाख

**अहमदाबाद के सप्लायर के खिलाफ केस दर्ज**

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर के कारोबारी विशाल गावरी से अहमदाबादए गुजरात के सप्लायर जयदेव दुआ ने 15 लाख रुपये ठग लिए। आरोपित ने एल्युमिनियम के डोर स्ट्रक्चर की आपूर्ति के नाम पर बतौर अग्रिम 15 लाख रुपये लेकर निम्न स्तर का सामान दे दिया। कई बार सामान वापस ले जाने के निवेदन के बाद भी नहीं ले गया तब मजबूरन कबाड़ में बेचना पड़ा। पीड़ित की शिकायत पर देवेंद्रनगर पुलिस ने चार सौ बीसी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। देवेंद्र नगर थाना पुलिस के मुताबिक बिलासपुर मेन रोड फाफाडीह नाका निवासी विशाल गावरी 43 ने शिकायत दर्ज कराई कि सात मार्च 2019 से 22 अप्रैल 2019 के बीच विशाल बिल्डर ने एल्युमिनियम कंपोजिट पैनलए स्ट्रक्चर ग्लेजिंग एयुमिनियम दरवाजेए खिड़की आदि का काम करने आर्डर दिया था। इन सामान की आपूर्ति के लिए अहमदाबाद शहर के जवाहरनगर बसना निवासी जयदेव दुआ से बात हुई। सात मार्च 2019 को जयदेव ने एल्युमिनियम का डोर स्ट्रक्चर आपूर्ति करने के नाम पर पांच लाख रुपये एडवांस मांगा। विशाल ने उसके बताए गए बैंक खाते में आरटीजीएस कर दिया था। इसके बाद जयदेव ने कुछ सामान की आपूर्ति की। पूरा सामान घटिया होने पर विशाल ने जयदेव को उसे वापस ले जाने के लिए कई बार निवेदन कियाए पर नहीं ले गया। 24 मार्च 2019 को जयदेव ने 22 लाख 93 हजार 212 रुपये का इनवाइस भेजा। विशाल ने विश्वास करके 22 अप्रैल 2019 को 10 लाख रुपये अग्रिम राशि जयदेव के बैंक खाते में जमा करा दी। इसके बाद से जयदेव ने न तो कोई सामान भेजा और न ही साइट पर कोई काम किया। विशाल को यह काम अन्य ठेकेदार से करवाना पडा।

## धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। थाना माना कैम्प पुलिस की टीम द्वारा थाना माना कैम्प क्षेत्रांतर्गत 21 ब्लॉक पास हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित करते आरोपी केशव सोनी पिता पुरूषोत्तम सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी श्याम नगर थाना तेलीबांधा रायपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 1 नग धारदार चाकू जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना माना कैम्प में अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया ।

# ड्राइवर व हेल्पर से लूट, 4 आरोपियों में से 2 गिरफ्तार, दो फरार

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। बीते 13 सितंबर की अर्धरात्रि रावणभाठा मंदिरहसौद के पास गिट्टी भरने जा रहे डंपर को रोक ड्राइवर व हेल्पर को लूटने वाले 4 आरोपियों में से मंदिरहसौद निवासी 2 आरोपियों को मंदिर हसौद थाना अमला ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



बाकी 2 आरोपी गिरफ्तारी के भय से फरार हो गये हैं जिन्हें पकडने छापामारी जारी है। डंपर चालक ललित निषाद ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि बीते 13 सितंबर की रात डंपर में अपने हेल्पर के साथ एयरपोर्ट होते हुये गिट्टी भरने नकटी रोड गोयल गिट्टी खदान जा रहा था तभी रात्रि लगभग 2.30 बजे मंदिर हसौद रावणभाठा के पास 4 अज्ञात व्यक्तियों ने डंपर के सामने आ डंपर को रोक लिया और डंपर में घुस चाकू टिका जान से मारने की धमकी दे उसके सहित उसके हेल्पर से मोबाइल व नगदी लूट फरार हो गये। भारतीय दंड संहिता की धारा 392ध्34 का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सहित अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के साथ थाना प्रभारी रोहित मालेकर अपने स्टाफके साथ पतासाजी में जुट गये। पतासाजी के दौरान मंदिरहसौद के एक 19 वर्षीय सूरज सोनवानी के इस अपराध में संलिप्तता का पता चला। गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ करने पर 3 अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना में शामिल एक और आरोपी मंदिरहसौद के ही निवासी 18 वर्षीय राजू उर्फप्रदीप सारथी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# राजधानी वायरल फीवर की चपेट में

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण राजधानी समेत प्रदेशभर में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। शासकीय और और निजी स्वास्थ्य संस्थानों में शरीर दर्द और बुखार की समस्या लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ों के साथ बच्चे भी शामिल हैं। पहले वायरल फीवर दो.तीन दिनों में ठीक हो जाता था लेकिन अब पांच.छह दिन या हफ्तेभर का समय लग रहा है। वायरल का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। एक व्यक्ति को वायरल फीवर होने पर पूरा परिवार संक्रमित हो जा रहा है। बीमार पड़ने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री तक पहुंच जा रहा हैए जिससे पीड़ितों को भर्ती करने की जरूरत पड़ रही है। आंबेडकर अस्पताल और जिला अस्पताल का मेडिसिन और पीडियाट्रिक वार्ड भरा हुआ है। डाक्टरों का कहना है कि मानसून में खराब मौसम और नमी का स्तर बैक्टीरिया,वायरस, फंगस के पनपने व फैलने



के लिए आदर्श वातावरण बनाते हैं। वायरल फीवर के वायरस एक सीजन में तीन से चार बार स्वरूप बदलते हैं। चार.पांच वर्षों में वायरस का नया स्वरूप देखने को मिलता है। अस्पताल पहुंचने वाले ज्यादातर लोगों में शरीर में दर्द और बुखार की शिकायत है। ऐसे लोगों को इलाज के लिए भर्ती करने की आवश्यकता पड़ रही है।

**तेजी से बढ़ रही मरीजों की संख्या**

**डेंगू मरीजों का तापमान पहुंच रहा 106 डिग्री तकः** राजधानी समेत प्रदेशभर में डेंगू मरीजों के मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिकए प्रदेशभर में डेंगू के अब तक 645 मरीज मिल चुके हैंए जिसमें रायपुर के 25 शामिल हैं। रायगढ़ जिले में सबसे अधिक 267 और दुर्ग जिले में 197 केस मिले हैं। लेकिनए इससे ज्यादा मरीज होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों की सही जानकारी स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिल पा रही है। डेंगू के मरीजों के शरीर का तापमान 106 डिग्री तक पहुंच जा रहा है। ऐसे मरीज आंबेडकर अस्पताल में भर्ती हैं।

## वायरल फीवर के लक्षण

पसीना आना, शरीर में दर्दए ठंड लगना, मांसपेशियों में दर्द, थकान और कमजोरी, भूख में कमी, डीहाइड्रेशन और जी मिचलाना यह हैं कारण तापमान में उतार.चढ़ाव दूषित भोजन और पानी का सेवन करना। किसी संक्रमित व्यक्ति के स्पर्श या भोजन के माध्यम से संपर्क में आना। किसी संक्रमित व्यक्ति के वायरस युक्त ड्रापलेट को इन्हेल करना आदि।

# अवैध रूप से शराब का परिवहन, 3 गिरफ्तार

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। थाना तिल्दानेवरा पुलिस स्टाफअभियान कार्यवाही पर रवाना हुआ जरिये मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति स्कूटी पर भारी मात्रा में शराब ले जा रहा है सूचना तस्दीक पर ग्राम सिनोधा की ओर रवाना हुआ सुभाष चौक के पास एक व्यक्ति स्कूटी में कपड़ा के थैला में कुछ सामान रखा हुआ आते मिला जो पुलिस को देखकर घबराने लगा जिसे सुभाष चौक नेवरा के पास पकड़ा गया।



पकड़े गये स्कूटी चालक का नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रकाश सिरमौर पिता चन्द्रभूषण सिरमौर उम्र 24 साल सा0 वार्ड क्रमांक 03 तुलसी मानपुर थाना तिल्दा नेवरा जिला रायपुर का रहने वाला बताया जिसे मुखबिर सूचना से अवगत कराया गया एवं स्कूटी में रखे थैला में 100 पौव्वा देशी मशाला शराब होना बताया जिसे गवाहों के समक्ष बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। उक्त शराब रखने एवं परिवहन करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नही होना बताते हुये लिखित में दिया। आरोपी से 100 पौवा देशी मदिरा मसाला प्रत्येक पौव्वा में 180.180 शराब भरी हुई कुल मात्रा 18 000 लिटर कीमती 11000 रुपये एवं वाहन स्कूटी समक्ष गवाहन जप्त किया गया इधर एक अन्य मामले में थाना उरला पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति मो.सा.क्र सीजी 04 पीसी 8447 में अवैध शराब बिक्री हेतु रखकर परिवहन करते उरला भट्टी से सिंघानिया चौक उरला तरफ जा रहे है जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी उरला के नेतृत्व में थाना उरला पुलिस टीम वाहन एवं वाहन में सवार व्यक्तियों को पकड़ने हेतु क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान टीम के सदस्यों को उरला शराब भट्टी के पास मेन रोड में मुखबीर के बताये अनुसार दो व्यक्ति वाहन क्र सीजी सीजी 04 पीसी 8447 में प्लास्टिक बोरी में अवैध शराब रखकर परिवहन करते पकड़ा गया। जिससे पूछताछ पर अपना नाम बोदु उर्फ अजय शुक्ला पिता राजेन्द्र शुक्ला उम्र 28 साल साकिन ब्राम्हरण पारा उरला एवं मोनु माल्या पिता स्व0 धनुक माल्या उम्र 26 साल साकिन प्रज्ञा स्कूल के पीछे उरला थाना उरला जिला रायपुर का निवासी होना बताया।

टीम के सदस्यों द्वारा उनके मोटर सायकल में रखे प्लास्टिक के बोरी का तलाशी लेने परए शराब रखा होना पाया गया। आरोपियों से शराब जप्त कर उनके विरूद्ध थाना उरला में धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

# परिवहन विभाग का प्रदेश के सभी 16 चेक पोस्ट पर सघन चेकिंग अभियान

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 की तैयारी में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से निर्वाचन आयोग के निर्देशन में प्रदेश के सभी 16 टोल पोस्ट पर एवं 7 उड़नदस्तों के माध्यम से परिवहन विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए सभी चेकिंग प्वाइंट्स पर मुस्तैदी पूर्वक चारपहिया तथा माल वाहक वाहनों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के साथ ही निर्धारित मात्रा से अधिक नगद रकमए शराब बिना वैध दस्तावेज के परिवहन किए जा रहे सोना.चांदी व अन्य मूल्यवान सामग्री सहित चुनाव को प्रभावित करने वाले अन्य सामग्रियों की अवैध



रूप से परिवहन को रोकने एवं कार्यवाही करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा आवश्यक प्रयास किया जा रहा है निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी चुनावों को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश सभी विभागों को दिये गये थे जिसके तारतम्य में परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा द्वारा परिवहन विभाग के सभी प्रवर्तन प्रभारियों को वाहनों की सघन जांच तथा अवांछित सामग्रियों के परिवहन के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। परिवहन विभाग के राज्य के अपने सभी सीमाओं पर स्थित 16 परिवहन चेकपोस्ट तथा राज्य के भीतर संचालित 7 परिवहन उड़नदस्तों के माध्यम से सतत रूप से वाहनों की गहन चेकिंग की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुज शर्मा के साथ छात्र-छात्राओं ने मनाई फ्रेशर पार्टी



**जमाया रंग और नृत्य का आनंद लिया**

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। गांधी चौक स्थित महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय में आज चमकती धूप के बीच नए और पुराने छात्र-छात्राओं ने मिलकर फ्रेशर्स पार्टी में रंग जमाया शानदार वेशभूषा के साथ सजे धजे छात्र-छात्राओं ने रीमिक्स सहित छत्तीसगढ़ी गानों पर जमकर ठुमके लगाए और माहौल बना दिया वहीं आयोजन के दौरान छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा पहुंचे तो शानदार स्वागत हुआ स्वागत से आनंदित अनुज शर्मा भी स्वयं को रोक नहीं पाए और नए पुराने छात्र-छात्राओं की फ्रेशर पार्टी में छात्र-छात्राओं के बीच जाकर जमकर के ठुमके लगा दिए

अभिनेता ने छत्तीसगढ़ी गीत में गाना गया तो छात्र-छात्राओं का उमंग बढ़ गया और पूरे कॉरिडोर में माहौल ऐसा बना कि शिक्षक भी आनंदित दिखाई देने लगे यहां तक की ठुमके के दौरान छात्र-छात्राओं ने अभिनेता के साथ जमकर सेल्फी ली और अपनी यादगार को तरोताजा कर दिया आयोजन के दौरान अति उत्साह को बांधे रखने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने जबरदस्त व्यवस्था दी और घेरे बंदी के बीच छात्र-छात्राओं को दो हिस्सों में अलग-अलग प्रेशर पार्टी का लुफ्त बनाए रखने में व्यवस्था बनाए रखने दिया ऐसा अवसर था जब नए छात्र और छात्राएं अभिनेता अभिनेत्री को मात देते हुए शानदार वेशभूषा में पहुंचे और तारीफ बटोर ली

आयोजन की शुरुआत सम्मानित अतिथियों के उपस्थिति से हुई जिसमें पद्मश्री अनुज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे उन्होंने छात्र-छात्राओं की उत्साह के बीच दो पंक्तियों में अपनी बात रखी और कहा कि आने वाला दिन लोकतंत्र का एक महापर्व का दिन होगा जिसमें आप सभी को अवश्य भाग लेना चाहिए और मतदान करना चाहिए उनका कहना था कि छात्र जीवन में विकास के अवसर मिलते हैं जिसे अवश्य हर छात्र-छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरा करें और व्यक्तिगत विकास करें वही महाविद्यालय संचालन समिति में अध्यक्ष अजय तिवारी ने कहा की छात्र जीवन को कॉलेज में आकर प्रेरणात्मक बनाने के लिए छात्र छात्रों को अनुशासित रहना चाहिए

यह आयोजन छात्र-छात्राओं का है इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने आशीर्वचन में छात्रों के साथ जोश भरा और महाविद्यालय के अनुशासन के नियम पढ़ा दिए उन्होंने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा के लिए जाना जाता है अनुशासन के लिए जाना जाता है उमंग बनाएं लेकिन साथ में अच्छे से अध्यापन करके अपना व्यक्तिगत विकास भी अवश्य करें यह आपके माता-पिता के लिए और इस महाविद्यालय के योगदान के लिए बेहद आवश्यक है कार्यक्रम के अंत में रीमिक्स पर नाच कर थक चुके बच्चों को पुरस्कार दिए गए इसमें मिस्टर महंत कॉलेज मिस महंत कॉलेज सहित कई पुरस्कार दिए गए हैं

# विश्वकर्मा जयंती पर 250 श्रमिकों व मालिकों का किया गया सम्मान

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। बीरगांव के बुधवारी बाजार में विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें 250 से अधिक श्रमिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए इंटक के जिला अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीरगांव के बुधवारी बाजार में विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें श्रमिकों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया वहीं भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा पहुंचे हुए थे। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था बड़ी संख्या में मजदूर भाई सहित क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे हुए थे। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने लोगों को संबोधित



करते हुए कहा कि उक्त क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र है जहां बड़ी संख्या में भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई जाती है। यह किसी त्यौहार से कम नहीं होता। उन्होंने कहा कि मजदूरो की मेहनत से ही आज पूरा देश और प्रदेश विकास की ओर बढ़ रहा है। उनकी दिन रात मेहनत के कारण निरंतर बड़े-बड़े कारखाने और इमारतें तैयार हो रही हैं। इस कार्यक्रम में इन इंडस्ट्रीज़ के हजारों श्रमिकों ने भी भाग लिया। श्रमिक सम्मान समारोह में 250 ऐसे श्रमिकों का सम्मान किया गया जिन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन मेहनत और लगन से किया है।

**मजदूरों की मेहनत से देश और प्रदेश विकास की ओर बढ़ रहा : पंकज शर्मा**

समारोह में न केवल श्रमिकों का सम्मान किया गया, बल्कि उन इंडस्ट्रीज का भी सम्मान किया गया है जो न केवल अपनी व्यावसायिक उत्पादकता में सफल हैं, बल्कि जिन्होंने अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को भी बखूबी निभाया है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधो वर्मा, महापौर नंदलाल देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, सभापति कृपा राम निषाद मनोज वर्मा, मोहम्मद रियाज, संतोष साहू, चंदन पाल, बाबूलाल कुर्रे, कमलेश मिश्रा, बसंत साहू, राजेंद्र साहू, राकेश यादव, अरविंद सिंह, गौरव सोलंकी, पंकज मधेशिया, नंदू बंजारे, लक्ष्मीकांत तिवारी, अनूप सिंह, मुकेश तिवारी, आदि उपस्थित थे।

# पटखा फोड़ने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। आतिशबाजी और रोड पर खेल रहे बच्चों को मना करने के दो मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुरानी बस्ती पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम शैलेष लोधी, गोल्डी, भावेश और साथी गणेश प्रतिमा लेकर जा रहे थे लाखे दुर्गा मंदिर के पास के लोग आतिशबाजी कर रहे थे। स्थित संतोष साड़ी सेंटर के चंद्रप्रकाश ने फटाका फोडने से मना लिया। इस पर शैलेष और साथी गुस्से में आ गए और चंद्रप्रकाश से पहले गाली गलौज की और फिर हम मुक्के से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चंद्रप्रकाश ने तत्काल पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज उधर गुडियारी में महिलाओं ने बच्चों को लेकर विवाद पर एक दूसरे के खिलाफकटर रिपोर्ट कराना शिवनगर निवासी की मानू सागर राजू और मानसी साहू ने ज्योति पधारी के बच्चों को घर के सामने रोड पर खेलने से मना किया। इस पर विवाद बढ़ा और मारपीट हो गई मारपीट करने का रिपोर्ट की है न्यू राजेन्द्रनगर पुलिस ने धारा 294 506 122 का मामला दर्ज किया एक अन्य घटना अंटारी गांव में हुई। बीरनगर पुलिस के अनुसार ललित निषाद नाम के मजदूर ने ईमार निषाद के घर काम किया था तलित ने मजदूरी मांगी जो ईश्वर उससे गालीगलौज करते हुए हाथ से मारपीट की और फिर जाने की बौर नगर थाने में रिपोर्ट की हैं

# वामन बलिराव लाखे की 151वीं जयंती मनाई गई



**रायपुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। वामन राव लाखे विद्यालय हीरापुर में वामन बलिराव लाखे की151 जयंती उत्साह और जोश के साथ मनाई गई इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती भारती यादव तथा 2 की प्राचार्या श्रीमति मंजू साहु एवं एस.पी इंग्लिश मीडियम की प्राचार्या श्रीमति आशारानी बोस तथा महंत लक्ष्मीनारायण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय संसदीय सचिव विधायक रायपुर तथा विशिष्ट अतिथि दिलीप षडंगी ी तथा डा सुरेश शुक्ला आयुक्त भारत स्काउट गाइड डॉ जेपी रथ शुक्रदया विद्यालय के संचालक डॉ मानिकपुरी जी इस समारोह में उपस्थित थे।

उल्टा पुल्टा

रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ने कुली से पूछा-भाई साहब, पूछताछ कार्यालय कहां है?
कुली ने जवाब दिया -मुझे भी नहीं पता! आगे जाकर left side में Enquiry Office है, वहां पता करो।

## संपादकीय

# फिल्मी संवाद हैं, असली नहीं

*यह अपने आप में सचमुच चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिल्मी संवाद बोलने पर मारपीट कर दी जाये। पिटाई भी इस कदर कि किसी की मौत हो जाये। घटना भिलाई के खुर्सिपार की है जहां हाल ही में रिलीज़ हुई गदर-2 का एक संवाद बोलने पर कुछ लोग भड़क गये। बताया जाता है कि जिन्होंने मारपीट की वे लोग शराब के नशे में थे। इस घटना से न तो नाराज़ होने की आवश्यकता है और न ही इसे तूल देना चाहिये क्योंकि इसको उन लोगों ने अंजाम दिया है जो मूवी के संवादों को भी बड़ी गम्भीरता से लेते हैं और वे यह नहीं जानते कि ज्यादातर ऐसी फिल्में मनोरंजन का साधन मात्र होती हैं। वे फैंटेसी एवं केवल कल्पना पर आधारित होती हैं और उनका हकीकत से वास्ता नहीं होता। फिल्में जीवन नहीं वरन उसका कृत्रिम रूप है। पुलिस ने प्रशंसनीय रूप से तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार किया है। सम्भव है कि कुछ तत्व एवं संगठन इस वारदात का फायदा उठाने का प्रयास करेंगे। ऐसे लोगों से भी सावधान रहने की ज़रूरत है। पुलिस को चाहिये कि इसे लेकर अफवाह फैलाने वालों पर पहले से नज़र रखे।*

*खुर्सीपार गुरुद्वारा बेबे नानकी जी के प्रधान सरदार कुलवंत सिंह का पुत्र मलकीत सिंह आईआईटी ग्राउंड पॉवर हाऊस में शुक्रवार की रात अपने मित्र ओमप्रकाश उर्फ पलटू के साथ मोबाइल पर गदर-2 देख रहा था। फिल्म में पाकिस्तान वाला संवाद जब आया तो वह उसे जोर-जोर से बोलने लगा। इससे पास ही में शराबखोरी कर रहे 8-10 लोग नाराज़ हो गये और उन्होंने दोनों की पिटाई शुरू कर दी। ओमप्रकाश को उन्होंने घुटने के बल पर बैठा दिया, तो वहीं मलकीत को जमकर पीटने लगे। वह अधमरा हो गया तो सारे भाग खड़े हुए। पहले तो उसे खुर्सीपार के ही एक अस्पताल में ले जाया गया। हालत खराब होती देखकर उसके परिजन रायपुर के एक निजी अस्पताल में ले गये परन्तु गम्भीर चोटों के चलते उसे बचाया नहीं जा सका। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया वहीं अन्य की शिनाख्त कर ली गयी है तथा पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। समाज के नेता और अनेक राजनीतिक नेताओं ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।*

*यह निश्चित रूप से बहुत ही दुखद घटना है कि एक फिल्मी संवाद के कारण किसी युवक को अपनी जान गंवानी पड़े। पुलिस तो इस घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करती हुए दिख ही रही है, लेकिन नागरिकों को भी चाहिये कि इस मामले को राजनीतिक या साम्प्रदायिक रंग देने वालों के बहकावों में न आएं। सामाजिक सद्भाव बनाये रखना ही श्रेयस्कर है। मनोरंजन के लिये बनाई गई एक मूवी से, वह भी नशे में किये गये विवाद को बढ़ाना कतई समझदारी नहीं है।*

# 75 सीटों के साथ छत्तीसगढ़ में फिर बनेगी कांग्रेस की सरकार : हरमुख

## किसानों व महिलाओं में भूपेश बघेल का काफी क्रेज, भाजपा की जमीनी पकड़ ढीली पड़ रही

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व जनपद अध्यक्ष दुर्ग मोहनलाल हरमुख ने कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि एवं उपलब्धियों के बल पर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 75 सीटों के साथ फिर से सरकार बनाने जा रही है। श्री हरमुख ने कहा कि भाजपा ने अपनी जमीनी पकड़ और भी ढीली कर दी है। वह शहरी चकाचौंध से इंडिया साइनिंग, फील गुड जैसी शिगूफेबाजी कर सरकार में लौटना चाहती है वह कतई संभव नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में भूपेश बघेल की सरकार इतनी मजबूत अर्थव्यवस्था बना ली है कि भाजपा कुछ भी कर लें उसके वश में चुनाव जीतना इस बार संभव ही नहीं है।

श्री हरमुख ने बताया कि वे स्वयं किसान होने के साथ ही छत्तीसगढ़ के किसानों से भी संपर्क में है। आज प्रदेश की 80 प्रतिशत आबादी कृषि से सीधे जुड़ी है। शहरों में नौकरीपेशा, दूकानदार, फैक्टरी मालिक सहित सभी पेशे से जुड़े अधिकांश लोगों के पास खेती है। वह खेती का लाभ उठा रहे है। किसानों में सरकार द्वारा जा रही 25 सौ रूपये क्विंटल पर धान खरीदी सभी तरह के वनोपजों की समर्थन



मूल्य पर सरकारी खरीदी, अब 28 सौ रूपये क्विंटल धान खरीदी करने की घोषणा, गोबर और गौमूत्र खरीदी जैसी योजनाओं से विभिन्न समितियों के माध्यम से आर्थिक लाभ उठा रही है महिलाओं के बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जितनी कड़ी पकड़ व प्रभाव है वह स्पष्ट देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष जिस तरह नपे तुले अंदाज में वर्षा हो रही है, वह किसानोंके लिये जीवनदायी है। फसल अ भी इस वर्ष विगत कई वर्षो की तुलना में बम्पर है। अभी तक कही भी फसल में कीड़ा पड़ने व अन्य बीमारी की भी सूचना नहीं है। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ के लाखों करोड़ों मतदाता व प्रकृति कांग्रेस के पक्ष में है।

श्री हरमुख ने भाजपा पर आरोप लगाया कि अपने कार्यकाल में वह किसानों को दो सत्र का बोनस भी नहीं दे पाई थी। उसने अपने किसान विरोधी को उजागर कर दिया है। अभी भी केन्द्र की भाजपा सरकार ने किसानों से धान व अन्य अनाज खरीदी के लिये जिस तरह बायोमेट्रिक पद्धति लागू की है। वह भी काफी उलझाने वाली है। इस व्यवस्था के किसान नाराज हो रहे है। श्री हरमुख ने मांग की है कि केन्द्र सरकार इस व्यवस्था पेचीदगी हटाकर आसान बनायें। श्री हरमुख ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ ही नहीं भारतीय किसानों व भारतीय समाज की बुनियादी समस्याओं एवं व्यवस्थाओं को समझते हुए निर्णय करें। उसकी रेल बीमा, एयरपोर्ट व अन्य संस्थानों के निजीकरण की नीति भविष्य में और भी डुबाने वाली होगी।

# कांग्रेस ने सौरभ निर्वाणी को किया एक वर्ष के लिए निष्कासित

**बेमेतरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता सौरभ निर्वाणी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। उक्त आदेश प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु ने जारी किया है, पत्र की कॉपी जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री ललित विश्वकर्मा ने प्रेस को उपलब्ध कराया है, ज्ञात हो की गत 12 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी मलकी सिंह गेंदु ने सौरभ निर्वाणी को कारण बताओं नोटिस जारी किया था, जिसमें उनके ऊपर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष स्थानीय विधायक आशीष छाबड़ा के खिलाफ अनर्गल नारा बाजी का आरोप लगाया गया था, कांग्रेस कमेटी ने इसे गंभीरता से लिया था, और तीन दिनों के भीतर नोटिस प्रेषित कर जवाब प्रस्तुत करने कहा था, पश्चात आज 17 सितंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जवाब को संतोष पद नहीं मानते हुए सौरभ



निर्वाणी को पार्टी से एक वर्ष के लिए निष्कासित करने की घोषणा की है। ज्ञात हो कि कांग्रेस से निष्कासित सौरभ निर्वाणी की पत्नी और बेमेतरा जिला पंचायत की सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी को भी जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा ने पार्टी के विरुद्ध समाचार पत्रों में बयान बालाजी किए जाने को लेकर कारण बताओं नोटिस जारी किया था, साथ ही सात दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा था, इस परिपेक्ष में जब जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंसी पटेल से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि अभी तक उन्हें जवाब प्राप्त नहीं हुआ है, समय में जवाब प्राप्त नहीं होने पर एक पक्षी कार्रवाई की जाएगी।

# प्रकाशचंद पाटनी के नेत्रों से होगी दो लोगों की दुनिया रोशन

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सदर बाजार जैन गली दुर्ग निवासी प्रकाशचंद पाटनी (80) के निधन उपरांत उनके परिवारजनों की सहमति एवं नवदृष्टि फाउण्डेशन की पहल पर उनके नेत्रों का दान कर दिया। दिवंगत पाटनी के नेत्रों से अब दो लोगों की दुनिया रोशन होगी।

श्री पाटनी के निधन की सूचना मिलते ही नवदृष्टि फाउण्डेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, रितेश जैन, उनके निवास पहुंचे तथा श्री पाटनी की पत्नी पुष्पा देवी, पुत्र आशीष पाटनी पुत्री किरण, शांति, पायल भाई सुरेश, प्रमोद, सुबोध पाटनी से संपर्क कर नेत्रदान हेतु सहमति ली। इसके बाद श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज के डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह लहरें नेत्र सहायक विवेक कसार ने कार्निया कलेक्ट किया।

# 21 को दुर्ग में रहेगी परिवर्तन यात्रा, स्वागत की तैयारियां जोरों पर




**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन यात्रा 20-21 सितंबर को दुर्ग जिले में रहेगी। 21 सितंबर को यात्रा दुर्ग विधानसभा क्षेत्र (शहर) पहुंचेगी। यहां पर रोड शो एवं आमसभा होगी। यह निर्णय गत दिवस जिला भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित सभी वक्ताओं ने परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक को दुर्ग जिला संगठन प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधानसभा संयोजक कांतिलाल बोथरा, परिवर्तन यात्रा के दुर्ग जिला प्रभारी चतुर्भुज राठी, देवनारायण चंद्राकर ने संबोधित करते हुए भाजपा, भाजयुमो महिला मोर्चा सहित विभिन्न संगठनों के नेताओं से परिवर्तन यात्रा को तन मन धन समर्पण कर सफल बनाने की अपील की। श्री राठी ने कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ में सबसे एतिहासिक दुर्ग विधानसत्रा क्षेत्र में होगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र कौशिक ने किया। आभार प्रदर्शन अरविंदर सिंह खुराना ने किया।

बैठक में पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, डॉ. सुनील साहू, डॉ. राहूल गुलाटी, मनोज सोनी, राजा महोबिया, रजनीश श्रीवास्तव, संतोष सोनी, श्याम शर्मा, जीत यादव, दिव्या कलिहारी, गायत्री वर्मा, गजेन्द्र यादव, शिवेन्द्र परिहार, अनूप गटागट, डॉ. शरद अग्रवाल, एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सांसद सरोज ने किया गायत्री महायज्ञ भाजपाइयों ने किया रक्तदान सहित अनेक रचनात्मक सेवा कार्यक्रम



**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर आज जिला भाजपा सहित भाजपा के विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठों व संबंधित संगठनों द्वारा अनेक कार्यक्रम किये गये। गायत्री मंदिर कादम्बरी नगर में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय की उपस्थिति में विशेष यज्ञ हवन पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी की योजनाओं से लाभ उठाने वाले लाभार्थियों के अलावा पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, उषा टावरी, रामफल शर्मा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार उपस्थित थे। सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय ने यज्ञ उपरांत श्याम बाबा खाटू के मंदिर पहुंचकर दर्शन किये।

**56 यूनिट रक्तदान :** जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में जिला अस्पताल में नवदृष्टि फाउण्डेशन, छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउण्डेशन, डोनेट थोड़ा सा, माहेश्वरी रक्तदान, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जीत यादव के नेतृत्व में संयुक्त प्रयास से 56 यूनिट रक्तदान किया गया।

**पीएम विश्वकर्मा योजना :** दोपहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लांच की गई पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर भाजपा ओबीसी योजना को लेकर वर्चुअल कार्यक्रम किये गये। इस कार्यक्रम में गजेन्द्र यादव, गणेश निर्मलकर, ऋषि यादव, सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रहें। इसके बाद जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने पार्टी कार्यालय में लगे लिफ्ट का शुभारंभ किया।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक धमेन्द्र यादव और सहसंयोजक उदय शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में समरसता भोज का आयोजित किया गया।

**भाजपाइयों ने भरे सड़क के गड्डे किया रक्तदान :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा चंडी शीतला मंडल द्वारा शहर के विभिन्न हिस्सों में सड़कों पर हो गये बड़े बड़े गड्डों को बजरी डस्ट से भरा गया। इसके तहत फरिश्ता काम्पलेक्स से पोलसाय पारा चौक तक के गड्डे भरे गये। इस पूरे कार्यक्रम का निर्देशन पूर्व सभापति दिनेश देवांगन ने किया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष गजेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार, नितेश साहू, चंद्रशेखर चंद्राकर, गायत्री साहू, सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

# नगर निगम सहित विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर में आज विभिन्न कल कारखानों लोहे इत्यादि के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साथ ही नगर निगम के फिल्टर प्लांट एवं वाहन शाखा में धूमधाम से भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई।

नगर निगम के फिल्टर प्लांट एवं वाहन शाखा में विधायक अरूण वोरा महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चंद्राकर, सभापति राजेश यादव छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर.एन.वर्मा, प्रभारी भोला महोबिया ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कर शहरवासियों के लिये खुशहाली की कामना की। पूजा के उपरांत महाभोग प्रसाद का भी वितरण किया गया।

इस अवसर पर जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, मनदीप भाटिया, एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, कार्यपालन अभियंता राजेश पाण्डेय, गिरीश दीवान, आर.के.बोरकर, पार्षदगण अधिकारीगण उपस्थित थे।

विश्वकर्मा जयंती पर लोहे की दूकानों, वर्कशॉप, आदि के अलावा विश्वकर्मा परिवारों ने भी भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। साहू कंस्ट्रक्शन उरला में भी विश्वकर्मा पूजन धूमधाम से मनाया गया।

# 2 सट्टा खाईवाल सट्टा पट्टी के साथ गिरफ्तार, जेल भेजे गए

■ आरोपियों से 9970 नगदी जब्त

**बालोद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अवैध रूप से जुआ, सट्टा, शराब, गांजा की तस्करी को रोकने हेतु पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज के निर्देशन पर पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविषंकर पाण्डेय थाना बालोद के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक विषेष टीम तैयार किया गया। जिसके तारतम्य में 16 सितंबर को जुर्म जरायम पता साजी हेतु टऊन देहात रवाना हुआ था कि सूचना प्राप्त हुआ कि ग्राम निपानी के पास सट्टा पट्टी लिख रहा है कि सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ने पर संदेही का नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम अष्वनी कुमार सोनी पिता स्व हगरू राम सोनी उम्र 35 साल ग्राम निपानी ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# शीतल मुनि के सानिध्य में की जा रही सामायिक आराधना

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सामाजिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक गुरुदेव शीतल राज महाराज के सानिध्य में उल्लास के वातावरण में आध्यात्मिक वर्षा वास गतिमान है देश के विभिन्न शहरों से गुरुदेव के दर्शन वंदन के लिए गुरु भक्त परिवार दुर्ग पहुंच रहे हैं।

गुरुदेव शीतल मनी की प्रेरणा से 220 श्रावक स्राविकाओ, युवक यूवतियो ने एक साथ सामूहिक दया व्रत किया जिसमें एक साथ 11 समायिक की आराधना करनी होती है।



दया व्रत करने वाले तपस्वियों ने सामाजिक वेशभूषा में एक दिन जैन साधु साध्वियों की तरह जीवन जिया चर्तुमास लगने के बाद इतनी बड़ी संख्या में एक साथ दया व्रत करने वाले साधक जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में उपस्थित थे। जय आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में ताप एवं संयम साधना की तपस्या चातुर्मास लगने के बाद से ही चल रही है जिसमें 51, 31, 15,18, 11, 9, 8 उपवास की तपस्या गुरुदेव के सानिध्य में संपन्न हुई। छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक हर कोई किसी न किसी तपस्या के संकल्प के साथ जीवन जी रहा है।

➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# पर्वों की वजह से 19 को पशु वध गृह, मटन मार्केट बंद रहेगा

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में 19 सितम्बर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। उन्होने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करनेए 5 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूलने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिये है।

# जिला अस्पताल को मिली आधुनिक मशीन, कर्मचारी हुए सम्मनित

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर द्वारा जिला चिकित्सालय को प्रसूता महिलाओं के पेट की जांच में उपयोगी आधुनिक मशीन (फेटोस्कोपी) गर्भ में शिशु के हार्ट बिट ज्ञात करने की मशीन दान में दी गई है। साथ ही जीवनदीप समिति के सदस्य दिलीप ठाकुर, पुरूषोत्तम कश्यप, दुष्यंत देवांगन एवं प्रशांत डोनगांवकर द्वारा कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में उपरोक्त जीवनदीप समिति के सदस्यों द्वारा



जिला चिकित्सालय दुर्ग में मुस्कान लक्ष्य एवं एनक्यूएएस कार्यक्रम के सर्टिफिकेशन प्राप्त करने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उत्कृष्ठ कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया है।

# प्राचार्य ने विद्यार्थियों को दिलाई ओजोन दिवस पर पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**दुर्ग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। साइंस कॉलेज दुर्ग की एनएसएस एवं रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में ओजोन दिवस पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आर एन सिंह द्वारा विद्यार्थियों को ओजोन परत के संरक्षण पर संबोधन कर शपथ ग्रहण कराया गया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का सही तरह से पालन करें जिससे पर्यावरण संबंधी समस्या देश और समाज से दूर हो सके।

इस अवसर पर उन्होंने विशेष रूप से अनावश्यक रूप से चल रहे रिफ्रिजरेटर, पंखे तथा कूलर इत्यादि को अपने घरों तथा महाविद्यालय में बंद रखने को कहा। इसका ओजोन एवं पर्यावरण पर बड़ा गहरा असर पड़ता है। सभी उपस्थित विद्यार्थियों ने प्राचार्य के निर्देशानुसार महाविद्यालय में अनावश्यक रूप से चल रहे बिजली पंखे को बंद करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इतिहास विभाग से डॉ ज्योति धारकर ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि पृथ्वी हमारा एकमात्र घर है और हम इसे नहीं बदल सकते। इसलिए इसको बचाने का काम हम सब का है।



अर्थशास्त्र विभाग से डॉ अंशु माला चंदनगर ने बताया कि हमें जीवन में अनावश्यक रूप से संसाधनों का प्रयोग नहीं करना चाहिए, क्योंकि डिमांड पर ही चीजों का उत्पादन निर्भर होता है। इससे पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है।

मनोविज्ञान विभाग से डॉ रचिता श्रीवास्तव तथा वनस्पति शास्त्र विभाग से डॉ श्रीराम कुंजाम ने ओजोन परत पर अपना व्याख्यान देकर सम्बोधित किया। रेडक्रास प्रभारी डॉ मोतीराम साहू ने अपने वक्तव्य में कहा कि हर पृथ्वीवासी का दायित्व है कि पर्यावरण समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दें, जिससे हमारी पृथ्वी और हम सब सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्राध्यापक गण उपस्थित थे। जिनमें भौतिक शास्त्र विभाग स डॉ. आर एस सिंह, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, मुख्य लिपिक संजय यादव प्रमुख थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पोस्टर निर्माण में एनएसएस स्वयं सेवक लोकदीप, रोहित, सौरभ सहित रेडक्रॉस से स्वयं सेवक हरप्रीत का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान ने किया।

## रोहित को मिली संयोजक की जिम्मेदारी



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिंदू परिषद भिलाई नगर अध्यक्ष राजीव चौबे की अनुशंसा पर वि.हि.प के दुर्ग ज़िला अध्यक्ष अमर चंद सुराना, कार्याध्यक्ष पारस जंघेल, उपाध्यक्ष ठाकुर निहाल के संयुक्त हस्ताक्षर से बजरंग दल भिलाई नगर के संयोजक का दायित्व रोहित दुबे को सौंपा गया है। रोहित दूबे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बाल स्वयंसेवक रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर सहमंत्री रहे भाजयूमो सुपेला मण्डल में प्रशिक्षण सहप्रमुख तथा युवा मोर्चा सुपेला मण्डल के उपाध्यक्ष रहे। इनकी नियुक्ति पर आशुतोष तिवारी, रितेश दूबे, मनीष तिवारी, वैभव दिवाकर, पारस साहू, रुद्रकांत साहू, कुणाल राज निर्मलकार, सतनाम सिंह, सूरज यदु, नवजोत सिंह, अभिषेक परिहार, प्रवीण यादव, समर पवार, सुमित दूबे, आशुतोष चंद्रा और राहुल आदि ने बधाई देते हुए विहिप के अध्यक्ष राजीव चौबे के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# युवक की बेस बाल से पीटकर की हत्या



**भिलाईनगर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। वीते 24 घंटे में दो अलग-अलग स्थान में दो हत्या से नगर में सनसनी फैल गई है। खुर्सीपार में युवक मलकीत सिंह की हत्या के बाद अगली रात कोहका में फिर एक हत्या हो गई है। शनिवार की रात कोहका क्षेत्र में एक युवक को पिटाई से मौत के घाट उतार दिया गया है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। वहां भी माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। स्मृति नगर चौकी प्रभारी के अनुसार मृतक की पहचान चंद्रशेखर ठाकुर 38 वर्ष निवासी सुंदर नगर कोहका के रूप में हुई है। घटना वीति रात लगभग 9. 30 बजे सुंदर नगर की है। यहां रहने वाले सचिन चौधरी किसी लड़की से खड़े होकर बात कर रहा था। इसी दौरान वहां चंद्रशेखर का छोटा भाई युगल निकला। उसने सचिन को कहा इस तरह कहीं भी लड़की से बात करने से उसके घर के पास का माहौल खराब होता है। इसे लेकर सचिन युगल से झगड़ा करने लगा। झगड़ा बढ़ता देख चंद्रशेखर ठाकुर घर से बाहर आया और दोनों का विवाद शांत कराने लगा। इस पर सचिन ने अपने भाई को फोन करके बुला लिया। गोविंदा बेस बल्ला और डंडा लेकर आया और चंद्रशेखर को बुरी तरह पीटने लगा। उसकी छाती में संघातक वार के कारण गहरी चोट लग जाने से वो वहीं ढेर हो गया। सूचना पाकर 112 की टीम पहुंची। उसने चंद्रशेखर को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल



सुपेला पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्मृति नगर पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। मोहल्ले वालों ने बताया कि चंद्रशेखर और उसका भाई युगल राज मिस्त्री का काम करते हैं। दोनों के बीच विवाद हुआ।

### धरना स्थल पहुंचे सांसद

खुर्सीपार में दो दिन पहले हुई मलकीत सिंह की हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार की मांगों के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय खुर्सीपार थाना के सामने धरने पर बैठे हुए है। वीति रात को सांसद विजय बघेल भी धरनास्थल पहुंचे और कहा कि सिक्ख समाज द्वारा पीड़ित परिवार के लिए जो मांग की जा रही हैए वह जायज है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि कल रात मूवी देख रहे मलकीत सिंह की हत्या करने वाले फरार है उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जाये। मलकीत के परिजनों की मांग पुरी तरीके से जायज है। मलकीत के छोटे छोटे बच्चे के लालन पालन और पत्नी के लिए नौकरी की मांग की जा रही है। उसे शासन शीघ्र पुरे करे।

### प्रदेश भापपा अध्यक्ष ने की निंदा

आज रविवार सुबह धरना स्थल पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने कहा कि भिलाई की इस घटना में जिस निर्दयता और बर्बरता से निर्दोष युवक की हत्या की गई वे निंदनीय है छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था का क्या हाल है। अपराधी जिस तरह बेखौफ हो निर्दयता से अपराध को अंजाम दे रहे है। व्हीआईपी जिले में इस तरह की लगातार हो रही घटनाएं बताती हैं कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह खत्म हो चुकी है।

### विधायक ने की पीड़ित परिवार से की मुलाकात

आज रविवार सुबह भिलाई विधायक देवेंद्र यादव शोक में डूबे दुखी परिवार से मिलने पहुंचे। परिवार से मिलकर विधायक देवेंद्र यादव ने ढांढस बंधाया और परिवार का दुख बांटा। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने परिवार से कहा कि दुख की घड़ी में हर कदम साथ रहने की बात कही। इसी के साथ ही विधायक ने कहा कि न्याय व्यवस्था पर भरोसा रखिए। उन्हें न्याय जरूर मिलेगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट और मुआवजा के लिए सीएम भूपेश बघेल से बात की है। सरकार अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगी।

# अनिर्बान लाइफटाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित



**.भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के सहयोग से इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया भिलाई लोकल सेंटर द्वारा 56 वां इंजीनियर्स डे का संयुक्त रूप से आयोजन इंजीनियर्स भवन न्यू सिविक सेंटर में किया गया। इस आयोजन की थीम इंजीनियरिंग इनोवेशन फॉर अ मोर रेसिलिएंट वर्ल्ड थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर आईआईटीए भिलाइ डॉ राजीव प्रकाश, विशेष अतिथि और प्रमुख वक्ता के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी तथा इंजीनियर अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता को इंस्टीट्यूशन ऑफइंजीनियर्स द्वारा लाइफ टाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप शॉल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर भिलाई लोकल सेंटर के पूर्व अध्यक्षों एवं सचिवों का अभिनंदन किया गया। इंजीनियर और संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ अधिकारियों एच वी शर्मा, एम डी अग्रवाल, जी वी चाऊजी, ए पी मिश्रा का स्मृति चिन्ह, शॉल तथा श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही बीआईटी दुर्ग के प्रोफेसर सुब्रता नागपाल, डॉ निशांत यादव, डॉ अरूण साहू, डॉ संतोष कुमार मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस के मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी उपस्थित थे। निदेशक आईआईटी भिलाई डॉ राजीव प्रकाश ने कहा कि इंजीनियर्स की क्षमता और शक्ति को आज देश देख और महसूस कर रहा है। चंद्रयान हो या ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग का ही योगदान। यह इंजीनियरिंग प्रोफेशन के प्रति समाज में एक सम्मान और आकर्षण लाता है। उन्होंने अनिर्बान दासगुप्ता का उदाहरण देते हुए कहा कि यह मेरे सीनियर रहे है और मेटलर्जी में इंजीनियरिंग कर चुके हैं। हमने इंजीनियर बनने के पीछे पैकेज को कभी महत्व नहीं दिया। अपने व्यवसाय के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया है जिसका फल यह है कि आज वे भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रमुख के रूप में हमारे बीच उपस्थित है। उन्होंने इंजीनियर बनने वाले विद्यार्थियों और उनके पालकों को कहा कि आज मैं देखता हूं कि बच्चों में बहुत प्रेशर बना हुआ है हर कोई आईटी की ओर आकर्षित है। मेरा अनुभव कहता है कि इंजीनियरिंग की सभी ब्रांच में स्कोप है, आप सभी शुरूआत तो करिए। उन्होंने कहा कि समय बदल रहा है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर चर्चा करते हुए कहा कि समाज, परिवार और देश के प्रति हम सबका एक दायित्व है इसे समझना जरूरी है। यह बच्चों के परिजनों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को प्रारंभ से ही इसका ज्ञान करायें। पैकेज के पीछे भागमभाग न करें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं आज इस समारोह में शामिल हुआ और भिलाई बिरादरी के सदस्यों को सम्बोधित कर रहा हूं। उन्होंने डॉ विश्वेश्वरैया की स्मृतियों की चर्चा करते हुए कहा कि उनका योगदान हम सबके लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अभियंता दिवस पर पूरी भिलाई बिरादरी के अभियंताओं और बच्चों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। अनिर्बान दासगुप्ता ने अपने मुख्य संबोधन में चंद्रयान, मंगलयान और देश की आत्मनिर्भरता की चर्चा की उन्होंने कहा कि विगत 100.150 वर्षों में विज्ञान ने बहुत उन्नति की है। तकनीक ने जीवन में बहुत गति लाई है। हम सभी तकनीकी रूप से बहुत आगे बढ़ गये हैं। आज हम अपने सामने प्रकृतिए पर्यावरणए प्रदूषणए ग्लोबल वार्मिंगए नष्ट होती जा रही। आज हमारे सामने यह सब एक बड़ी चुनौती के रूप में मौजूद है। पी के तिवारी ने कहा कि इंजीनियर्स ने जीवन को एक दिशा प्रदान की है। इस अवसर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले इंजीनियरिंग और डिप्लोमा कॉलेज के छात्रों को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ नागेन्द्र त्रिपाठी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित दिया गया।

## विश्वकर्मा पूजा पर संयंत्र प्रबंधन ने दिया तोहफा घरों की होगी वाईटवॉश



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने अपने कार्मिकों और अधिकारियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक कदम उठाते हुए विश्वकर्मा पूजा पर एक उपहार प्रदान किया है। संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने एक निर्णय लिया है कि संयंत्र के कार्मिक और अधिकारी के यहां पुत्र या पुत्री का विवाह होने की स्थिति में विवाह के पूर्व नगर सेवा विभाग उनके आवास के अंदर क़ा वाईट वॉश (पोताइ) करवा कर देगा। पूर्व में यह योजना नहीं थीं और आवास आबंटन के समय आवश्यक मरम्मत और वाईट वॉश करवाया जाता रहा है। इस योजना में आंशिक परिवर्तन करते हुए कार्मिक और अधिकारी के यहां पुत्र या पुत्रि का विवाह होने की स्थिति में विवाह के पूर्व घर के अंदर का वाईट वॉश करवाया जायेगा। इस योजना का लाभ सिर्फ संयंत्र के कार्मिकों और अधिकारियों को ही मिलेगा। इस योजना का लाभ लेने के लिये आवेदन करना होगा और साथ में विवाह का निमंत्रण पत्र संलग्न करके नगर सेवाएं विभाग में जमा करना होगा। नगर सेवा विभाग का यह एक छोटा सा प्रयास है कि अपने कार्मिकों को अच्छी सुविधा प्रदान कर सकें। नगर सेवाए विभाग यह सुविधा अपने वर्तमान संसाधन और कांट्रैक्ट से ही करके प्रदान करेगा।

# एटीएम लूटने वाले आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**भिलाईनगर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भिलाई नगर थाना क्षेत्रों में घटित ए.टी.एम. नकबजनी के 03 मामलो का खुलासा आज पुलिस कन्ट्रोल रुम में पुलिस ने किया। इस मामले के 3 आरोपी मेवात हरियाणा से आकर नकबजनी की घटना को दिये थे अंजाम। आरोपी के कब्जे से 3 लाख रूपये नगद, ए.टी.एम. मशीन को काटने में इस्तमाल गैस सिलेन्डर, ऑक्सीजन सिलेण्डर व बर्नर एवं बलेनो कार बरामद कर 2 आरोपी गिरफ्तार किया है, शेष 02 फरार आरोपी की तलाश जारी। एन्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट, थाना भिलाई नगर एवं पद्यमनाभपुर की संयुक्त कार्यवाही।



26-27 अस्गत की दरम्यानी रात में बोरसी स्थित एसबीआई बैंक एवं हुडको भिलाई स्थित एस.बी.आई. बैंक के 2 एटीएम बूथ में अज्ञात चोरो ने मशीन के लोहे के पैनल को गैस कटर से काट कर कुल 70,01,800 रूपये को चोरी कर ले गये थे तथा ए.टी.एम. मशीनों में आग लगाकर लोक संपत्ति को नुकसान पहुंचाये। उपरोक्त घटनाओं पर से धारा 457, 380, 427, 436 3ए 04 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय शलभ कुमार सिन्हा द्वारा माल मुलजिम की शीघ्र पतासाजी कर माल बरामदगी एवं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु निर्देष प्राप्त हुये थेए जिसके परिपालन में नगर पुलिस अधीक्षक मणी शंकर चंद्रा नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, विश्व दीपक त्रिपाठी उप पुलिस अधीक्षक अपराधद्ध राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में एवं एण्टी क्राईम सायबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी भिलाई नगर निरीक्षक मनोज प्रजापति, थाना प्रभारी पद्यमनाभपुर निरीक्षक अनिल साहू के नेतृत्व मे ए.सी.सी.यू एवं थानो की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आने.जाने वाले रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज प्राप्त कर फूटेज का सुक्ष्मता से अवलोकन किया गयाए जिसमें घटना स्थल पर एक बलेनो कार में सवार होकर आये 3-4 व्यक्तियों के द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देना परिलक्षित हो रहा था। संदिग्ध वाहन का लगातार सीसीटीवी फूटेज के जरिये आने एवं जाने के रास्तों में फूटेज देखकर उनके आने एवं जाने के समय का निर्धारण किया गयाए भिलाई.दुर्ग से देवरी तक तकरीबन 250 सीसीटीवी कैमरो के फूटेज का अवलोकन किया गया। चोरी से संबंधित अंतर्राज्यीय गिरोहों के संबंध में डाटा एकत्रित किया गया, पूर्व के आदतन चोरो एवं संदिग्धों से पूछताछ कर पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थेए तकनीकी आधार पर भी आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में पतासाजी की जा रही थी। तकनीकी आधार पर घटना स्थल में कुछ दिगर प्रांत के संदिग्ध व्यक्तियों की उपस्थिति का होना पता चलाए जिससे घटना में प्रयुक्त वाहन के सीसीटीवी फूटेज के समय से और भी सुक्ष्मता से विश्लेषण करने पर इनकी उपस्थिति आने.जाने वाले मार्गो में दिखाई दी एवं घटना के बाद इनकी उपस्थिति हरियाणा मेवात में होना पता चला। अंतर्राज्यीय ए.टी.एम. चोर गिरोह के डाटा बेस का अवलोकन करने पर वर्ष 2022 में ठाणे मुम्बई पुलिस स्टेशन, असाम एवं तमिलनाडू में पकड़े गये मेवाती गिरोह के आरोपी निसार खान, नसीम खान निवासी हरियाणा की उपस्थिति घटना स्थल में होना पता चला जिसके आधार पर एसीसीयू प्रभारी के नेतृत्व में 02 टीमें बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मेवात हरियाणा रवाना किया गया। टीम द्वारा हरियाणा गुड़गांव मॉल के पास निसार को और दूसरे आरोपी सरबाज को भी गुड़गांव मॉल के आस.पास से ही गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## क्रिकेट प्रेमी को विधायक की बड़ी सौगात



**भिलाई,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव मूलभूत जरूरी सुविधाएं सड़क, नाली, पानी, गार्डन के अलावा शिक्षा और खेल को बढ़ावा देने के लिए भी लाखों रुपए के विकास कार्य करवाएं हैं। क्रिकेट स्टेडियम, फुटबॉल ग्राउंड, वॉलीबॉल ग्राउंड बना रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई के क्रिकेट प्रेमियों और भावी खिलाड़ियों के लिए एक और बड़ी सौगात देते हुए सेक्टर 10 में एक्सट्रोटर्फ युक्त क्रिकेट बॉक्स बनवा रहे है। यहां भावी खिलाड़ी अपने खेल का नेट प्रैक्टिस कर सकते हैं। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से 45 लाख रुपए की लागत से सेक्टर 10 वार्ड 65 सड़क 4 और 5 के बीच में शांति बेकरी के सामने बनाया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग आधे से ज्यादा काम हो भी गया है और बचा हुआ काम इस माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। यह एक मिनी स्टेडियम की तरह ही होगा। जहां स्ट्रोटर्फ होगा, चारो ओर नेट लगा होगा। यह क्रिकेट खिलाड़ी के प्रैक्टिस करने का प्रमुख जगह होगा। सेक्टर 10 के शांति बेकरी लाइन सड़क का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसका भी काम तेजी से चल रहा है। करीब 70 लाख रुपए की लागत से सड़क को बेहत और सुंदर तरीके से बनाया जा रहा है। सड़क के दोनों ओर सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके अलावा रात में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के लिए हाईमास्क लाइट लगाया जारहा है। साथ ही सुंदरता के लिए रोपलाइन भी लगाया जा रहा है। इस सड़क के सौंदर्यीकरण के बाद क्षेत्र की खूबसूरती में चार चांद लग जाएगा। इससे क्षेत्र की जनता में हर्ष और उत्साह का माहौल है। शिक्षाधानी, एजुकेशन हब कहलाने वाला हमारा मिनी इंडिया भिलाई स्पोर्टस हॅब भी है। यहां के खिलाड़ी अपने मेहनत का लोहा देश और विदेश में मनवा रहे हैं।

## सेंट थामस कॉलेज में हिंदी दिवस का आयोजन



**भिलाई नगर,** 17 सितंबर। सेंट थॉमस महाविद्यालय कैलाश नगर भिलाई दिनांक 16 सितंबर 2023 दिन शनिवार को हिंदी दिवस का आयोजन महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉक्टर जोशी वर्गीज एवं प्राचार्य श्रीमती डॉक्टर मरियम जैकब थी। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय प्रार्थना एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज प्रशासक फादर डॉक्टर जोशी वर्गीज मुख्य अतिथि के रूप में अपना वक्तव्य प्रस्तुत किए जिसमें उन्होंने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीए हिन्दी को पाठ्यक्रम तक सीमित न करें अपितु विचारों की अभिव्यक्ति करने के पक्ष में अपने विचार को प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी संकाय के छात्रों ने भाग लिया। वेल्विन सैम द्वारा हिंदी दिवस पर पीपीटी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा यादव द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन दिव्यांशु कुमार सिंह द्वारा ज्ञापित किया गया।

## 21 से राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी जोरो पर



**भिलाईनगर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। सिविक सेन्टर स्थित जयंती स्टेडियम के पास 21 सितंबर को राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आयोजन की तैयारियों की संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने आवश्यक तैयारियां हेतु विभागवार अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे हैं। कलेक्टर ने कहा की विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को मंच एवं स्टाल पर राशि का चेक एवं समाग्री वितरण किया जायेगा। विभागवार हितग्राहियों की पृथक.पृथक सूचि तैयार कर ली जाये। लाभान्वित हितग्राही संभाग व राज्यस्तर का हो यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होनें स्पष्ट किया की लाभान्वित हितग्राही महिला ही होना चाहिए। विभागीय स्टालों में उपलब्धियों का डेटा राज्य स्तरीय हो। कलेक्टर ने कहा कि विभाग द्वारा लोकार्पण, भूमि पूजन की जानकारी नोडल अधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। विभागीय स्टाल में गोधन समृध्दी, गौठान का मॉडल, गौठानो में अजिविका का उत्पाद, बाड़ी योजना, नरवा का मॉडल, रीपा एवं उत्पाद का प्रदर्शन, सी.मार्ट, संजिवनी, मिलेट कैफे, हमर लैब, हाट बाजार क्लीनिक, मितान, धनवंतरी दवाई दुकान, छत्तीसगढ़िया ओलंपिक आदि की प्रदर्शन पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को आयोजन की सम्पूर्ण तैयारियां हर हालात में 19 सितंबर तक पूर्ण कर लेने कहा है। बैठक में एडीएम अरविंद एक्का, निगम भिलाई के आयुक्त अपर कलेक्टर रोहित व्यास, निगम दुर्ग के आयुक्त लोकेश चंद्राकर, नगर निगम रिसाली के आ युक्त आशीष देवांगन, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, गोकुलराम रावटे, एसडीएम मुकेश रावट, जागेश्वर कौशल सहित समस्त विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## शासकीय कॉलेज में व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला का आयोजन



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार कि युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ के द्वारा शासकीय महाविद्यालय जामगाँव-आर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरर में व्यक्तित्व परिष्कार कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं को अपने लक्ष्य को निर्धारित करने, उस पर फोकस करने एवं व्यक्तित्व परिष्कार के विषय मे बताया गया। प्रवक्ता के रूप में पहुंचे दिव्या भारत युवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी.एल साव ने युवाओं को साधना प्रधान जीवन शैली को अपनाते हुए अपने समय एवं प्रतिभा का सही नियोजन करने कि प्रेरणा दी। श्रीमती अनीता साव ने प्रेरणाप्रद कहानियों के माध्यम से युवाओं को जीवन में संघर्ष करते हुए कभी हार न मानने कि प्रेरणा दी। डॉ. योगेन्द्र कुमार ने बच्चों को पढाई पर फोकस करने के तरीके बताये। उन्होंने युवाओं को एडिक्शन से बचते हुए अपने जीवन लक्ष्य को बनाने और उसे पूरा करने प्रेरणा दी। इंजिनियर युगल किशोर ने युवाओं को व्यक्तित्व परिष्कार के सूत्र बताये। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय महाविद्यालय जामगाँव आर के श्रीमती चेतना सोनी ने मुख्य भूमिका निभाई। 450 से अधिक युवाओं ने इस कार्यशाला भाग लिया।

# शंकराचार्य महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी, में मोलेकुलर बायोलॉजी इट्स एप्रोचेस एंडडेवेलपमेंटइन द रिसेंट एरा विषय परसी-कॉस्ट द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन जंतु-विज्ञान विभाग व माइक्रोबायोलाजी विभाग द्वारा किया गया। इस सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरूणा पलटा, गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमेन आई.पी. मिश्रा, विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. मोहम्मद मजरूल करीम प्रोफेसर, ढाका विश्वविद्यालय, बांग्लादेश उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बायोटेक्नोलाजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में प्रमुख रूप से महाविद्यालय की प्रयोगशाला में, मंदिरों में चढ़े हुए फूलों की मदद से गुलाब जल और सूखे हुए फूलों का उपयोग कर हवन धूप विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया है। इसके साथ ही साथ अलग-अलग औषधि पौधों का अर्क और असेंसियल आइल निकालकर बहुत सारे हर्बल प्रोटक्ट बनाए गए हैं। जिसमें जिसमे मच्छर भगाने कारिफ्लेन्ट, हर्बल साबुन, स्टेन रिमूवर, कंडीशनर, फ्लोरक्लिनर, हैंडवास, हर्बलस्ट्रबर, हर्बल शैम्पू, रूम फ्रेशनर, एंटी डेड्र फसीरम जैसे प्रोडक्ट तथा घर में दैनिक उपयोग में लाई जाने वाली वस्तुएं बनाई गई है। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. अर्चना झा, प्राचार्य शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी द्वारास्वागत भाषण दिया गया। श्री गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमेन आईपी मिश्रा ने अपने ने कहा कि कोरोना महामारी के समय कोरोना के बचाव में मोली कुलर बायोलाजी नें बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मेलन के ई-सोविनियर का विमोचन मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अरूणा पलटा ने बताया कि महारानी चक्रवती ने सबसे पहले माइक्रो बायोलॉजिकल की खोज की और उन्होंने बताया कि उबेक सिद्दीकी को फादर ऑफ माइक्रोबायोलॉजी के रूप में जाना जाता है। डॉ. पलटा ने क्लोनिंग, डीएनए, पीसीआर, जीन थेरेपी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के बारे में जानकारी प्रदान की। तकनीकी सत्र के प्रारंभ में इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की समन्वयक डॉ. सोनिया बजाज ने सम्मेलन का परिचय दिया। बांग्लादेश से आए डॉ. मोहम्मद करीम द्वारा जीवित जीवों के वर्गीकरण ह्यूमन जीनोम प्रोजेक्टत था पौधों पर वातावरण के परिवर्तन से होने वाले प्रभाव और उनमें तनाव जैसे लवण तनाव आदि का पौधों में हानि कारण तथा लाभदायक प्रभाव को विभिन्न शोध तकनीक की सहायता से विचार पूर्वक समझाया। सम्मेलन की द्वितीय सत्र मेंडॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, प्रोफेसर, वि.या.ता. स्व. महाविद्यालय दुर्ग द्वारा वातावरण में सूक्ष्म जीवों के द्वारा जलजनित तथा खाद्य जनित रोग के फैलने तथा उनके परीक्षण की विभिन्न तकनीकों का वर्णन किया। महाविद्यालय के द्वारा आमंत्रित अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हर्बल प्रोडक्ट, सीडबॉल एवं घोंसला प्रदान कर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन की सह-समन्वयक डॉ. रचना चौधरी ने तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना सिंह एव रचना तिवारी के द्वारा किया गया।



## भिलाई की बेटी को मिला सूडो में रजत पदक



**भिलाईनगर,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कराते के अंतर्गत तेंग सूडो प्रतियोगिता में भिलाई की उभरती हुई खिलाड़ी ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। रामनगर निवासी माही साहू को पिछले सप्ताह पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित तेंग सूडो राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर रजत पदक दिया गया है। माही के पिता आनंद साहू शासकीय मिडिल स्कूल जेवरा.सिरसा में शिक्षक है। इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से रेफरी शिप के लिए संतोष कुमार जंघेल, दिनेश साहू, डिगेश्वरी साहू, पर्णवी जंघेल, अंजलि कुमारी, एन.आयुष, शैलेश साहू, टीम मैनेजर लक्ष्मी जंघेल और खिलाड़ियों में राजीव देवांगन, आरव शर्मा, स्मित मेश्राम, शिवांशु बिसवाल, मेघा साहू, सोनालिका साहू, इंद्राणी साहू, वर्षा साहू, दया साहू, उन्नति यादव, सीता टंडन व शालू पाल शामिल थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी, सचिव संतोष जंघेल, कोच रंजन डे और राजेश सरकार ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

CMYK

**शहर में गणेश उत्सव शांतिपूर्वक मनाने पुलिस विभाग व गणेश समितियों की बैठक संपन्न**

**बालोद,** 17 सितंबर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक बालोद जितेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बालोद रविशंकर पाण्डेय व बालोद शहर के गणमान्य नागरिक के उपस्थित में शहर के विभिन्न गणेश समितियों के साथ पुलिस विभाग व राजस्व विभाग को गणेश उत्सव में ड्यूटी के दौरान लोगो का सहयोगात्मक व्यवहार बनाने के लिये थाना बालोद परिसर में सामूहिक मिटिंग रखा गया।



# साजा में भारी बारिश में 27 ग्रामों के 8 सौ से अधिक कृषकों को सुरक्षित पहुंचाया गया

## प्रभावित परिवारों के लिए खाद्य वितरण भी किया जा रहा व मेडिकल की टीम तो तैनात, कोई जनहानि की शिकायत नहीं

**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पिछले 14 तारीख़ की रात्रि से हो रही भारी बारिश के चलते पूरे ज़िले में नदी-नालों के किनारे बसे गांवों में जल भराव-बाढ़ की स्थिति निर्मित हुई।अब पानी उतार पर है। सुरही नदी चेकमेट क्षेत्र में अतिवृष्टि होने के कारण साजा विकासखण्ड अंतर्गत प्रभावित ग्रामों में जलभराव होने से व्यक्तियों / आमजनों को जनहानि न होने की स्थिति में जिला प्रशासन की टीमों द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सतत् निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। कलेक्टर पी.एस. एल्मा भी प्रभावित इलाक़ों का निरीक्षण कर रहे है। फ़ोन पर अधिकारियों से सतत संपर्क बनाये हुए है। साजा अधिकारियों द्वारा प्रभावित लोगों को खाद्य पदार्थों का वितरण, पीने की पानी की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, प्रभावित परिवारों के घरों में जलभराव होने से शासकीय स्कूल / सामुदायिक / आंगनबाड़ी भवनों में रहने की व्यवस्था की गई है। साजा विकासखंड के प्रभावित ग्रामों एवं परिवार थानखम्हरिया - 80, हाड़ाहुली - 30, साजन - 12, हड़दास - 27, समुंदवाड़ा - 36, श्यामपुरकांपाड़ा09, पेण्ड्रीकला - 03, तोरन - 06, पलेनी - 15, चीचगांव - 16, किरकी - 52, खपरी धोबी - 04, कुरूद - 03, घिवरी - 78, टुरा सेमरिया -01, तेंदुआ - 05, बगलेड़ी - 70, हरहुवा - 100, चुहका - 12, महीदही - 50, पदुमसरा - 25, रौद्रा - 50, मोतेसरा - 45, केचवई - 45, ढाप - 10, देउरगांव 05, भरमपुरी - 47 इस प्रकार कुल 27 ग्रामों व 831 कृषकों को सुरक्षित जगहों ले जाया गया। प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के लिये खाद्य वितरण भी किया जा रहा है व मेडिकल की टीम भी समय पर उपस्थित है। कोई जनहानि की शिकायत नहीं है।



साजा केबाढ़ प्रभावित ग्रामों में राहत शिविर भी आयोजित किए गए है इनमें ग्राम देउरगांव, ढाप, बगलेदी, गडुवा, चुहका में पंचायत / स्कूल / किसान भवनों में शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम तेंदुवा, रौद्रा, मोतेसरा, केछवई, दही मही, केशतरा व बरगांव में प्रभावित परिवारों को पास के रिश्तेदारों के पास व सुरक्षित मकानों में ले जाया जाकर कुल प्रभावितों की संख्या 352 कृषकों को ग्राम पंचायतों के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी की गई ।वही अतिवृष्टि से ग्रामों / कृषकों के कच्चा मकान में आंशिक क्षति होने से ग्राम बीजागोड़ 01, चिल्फी - 15, बेंदरची - 06, भेण्डरवानी - 06, करमतरा - 03, बगलेड़ी- 02, गाड़ाभांठा - 05, मोहतरा - 05, बोरतरा - 04 व ढाप - 04 इस प्रकार कुल 51 मकानों व कुछ ग्रामों में अतिवृष्टि से मकान पूर्ण रूप से बह गये या क्षतिग्रस्त है वह तेंदुवा -01, दही मही - 02 व सोनपुरी 01 इस प्रकार कुल 05 मकान पूर्ण क्षति होने से मुआवजा हेतु प्रकरण तैयार कर तत्काल कार्यवाही किये जाने हेतु तहसीलदार, साजा / देवकर को आदेशित किया गया है ।व सुवरतला में 01 मवेशी दो दिन पहले ही गुम होने से मुआवजा प्रकरण व अन्य मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में ले जाया जाकर पशु चिकित्सा की टीमों द्वारा उनकी देखभाल व खाने की व्यवस्था भी कराया जा है।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ



**बेमेतरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। आज 17 सितम्बर 2023 को बेमेतरा क्षेत्र में इंडियन स्वच्छता लीग टू पॉइंट जीरो के दुसरे सीजन का शुभारंभ किया गया है जिसका आगाज हमारे बेमेतरा नगर के धार्मिक स्थल मां भद्रकाली मंदिर प्रांगण से किया गया। जिसमें नगर पालिका के स्वच्छता दीदी सफाई कर्मचारी एवं निकाय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु रैली निकाल कर एवं श्रमदान कर स्वच्छता संदेश का प्रसारण किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने मोबाइल से क्यूआर स्कैन कर वालंटियर रजिस्ट्रेशन भी किया। इंडियन स्वच्छता लीग 2 अंतर्गत नगर पालिका बेमेतरा अध्यक्ष शकुन्तला मंगत साहू की उपस्थिति में निकाय के अधिकारी कर्मचारी सहित सफाई कर्मचारी, मिशन क्लीन सिटी के अंतर्गत स्वच्छता दीदी और स्वच्छता कमांडो सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय के केयरटेकर ने पुराना बस स्टैंड गुरुनानक चौक में उपस्थित होकर शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता ही सेवा का संदेश देकर प्रण किया कि वह अपने आसपास स्वच्छता रखेंगे और लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। रैली में उपस्थित लोगों ने स्वच्छता ही सेवा एवं अन्य नारों से जनसामान्य को संदेश देने का कार्य किया।

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र उपाध्याय, सौरभ सिंह लेखापाल, डॉ एस सी साहू होम्योपैथिक चिकित्सक, विनीत सिंह स्वच्छता प्रभारी, विनय शर्मा ए पी एम, देवेन्द्र बनाफर, संतोष वर्मा, ईश्वर वर्मा, उपेश सोनी, योगेन्द्र साहू, हरमन वर्मा, कामदेव वर्मा, राजेश पवार, निखिल थानेश्वर, प्रखर सोनी, राजकुमार बिसेन, रमेश सिन्हा, गुनित साहू, तोपेन्द्र गौतम, गरिमा परिहार, ताराचंद मानदेव एवं नगर के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धोबनपुरी में वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**गुरुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। ग्राम धोबनपुरी में गांव के युवाओं ने वृक्षारोपण अभियान चलाकर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गोवर्धन सोनबोईर, अश्वनी कुमार ने कहा कि हम सबको अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस अभियान में मुख्य मार्ग किनारे फलदार एवं छायादार प्रजाति के लगभग 20 पौधों को लगाया गया। इस दौरान गोवर्धन सोनबोईर, अश्वनी कुमार, वेंकट दास, चोवाराम, चुमन लाल मंडावी, परिमल, रेखराम, भेदराम, अनिल, हृदय लाल सहित गांव के अन्य युवा उपस्थित थे।

# दीपदान कर मतदान का दिया संदेश, नपा परिषद द्वारा रैली व शपथ का आयोजन

**बालोद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा करबो मतदान की थीम पर मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। भोजली तालाब स्थित आजादी के 75वां महोत्सव के शिलालेख परिसर में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बालोद के मिशन क्लीन सिटी की स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, नगर पालिका परिषद बालोद द्वारा संचालित बाल मंदिर के विद्यार्थियों, स्वामी आत्मानंद हिन्दी विद्यालय के एनसीसी कैडेट व स्काउट गाइड एवं नगर पालिका बालोद के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में नए मतदाताओं को पुष्प देकर प्रोत्साहित किया गया।

उन्हें मतदान का क्या प्रारूप है उसका क्या महत्व है यह समझाने का प्रयास किया गया। इसी प्रकार विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया कि वे अपने अभिभावकों को अनिवार्य रूप से मतदान कराए। स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो द्वारा कोई भी पात्र व्यक्ति जो 18 साल का है वह मतदान से वंचित न हो। शत.प्रतिशत मतदान कर एक बेहतर राष्ट्र का निर्माण करने में योगदान दे पाए इस हेतु आसपास के क्षेत्र में जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक रैली निकाली गई जिसमें मतदान की जागरूकता के गीत व नारों के बीच सभी मधु चौक पहुंचे जहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुनील अग्रहरि ने शपथ दिलाई।

कलेक्टर कुलदीप शर्मा व जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डाण् रेणुका श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में भोजली तालाब में संध्या 7:00 बजे स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो, उद्यान परिसर में आए पर्यटको, नगर पालिका के अधिकारियों कर्मचारियों एवं बाल मंदिर के शिक्षिकाओं ने दीपदान कर करबो मतदान का संदेश दिया। जीरो वेस्ट आधारित कार्यक्रम में सर्वप्रथम महिलाओं एवं नवीन मतदाताओं ने गोबर के दिए को जलाकर कागज के दोने पर रखकर करबो मतदान का लेखन किया। तत्पश्चात मतदान जागरूकता नारे लगाकर उन दोनों को भोजली तालाब में विसर्जित भी किया। सभी कार्यक्रमों में सहायक अभियंता मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, लेखापाल जासवंत साहू, राजस्व निरीक्षक प्रमोद शर्मा, स्वच्छता निरीक्षक पूर्णानंद आर्य, कार्यालय अधीक्षक संजय कल्याणी, कैशियर हेमलता जैन, गिरीश साहू, निर्देश योगी, मोहम्मद जिया खान, होमप्रदा मानिकपुरी, दीपक सोनी, अब्दुल लतीफ़ मनोज जैन, सुशांत चौहान, विशाल तिवारी, देवेंद्र सोनी, केतन नायक, अहमद खान, रोहन सोनकर, संदीप साहनी, संदीप वर्मा सहित गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# नपं गुरुर क्षेत्र में स्वच्छता की सेवा 2.0 अभियान की हुई शुरुआत



**गुरुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत गुरुर में स्वच्छता ही सेवा 2.0 लीग का आयोजन किया गया। आयोजन मे रैली निकाली गई, जंहा स्वच्छता ही सेवा एवं अन्य नारों से नगरवासियोंको संदेश दिया। साथ ही नगर पंचायत प्रांगण परिसर में विभिन्न खेलकूद का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो को स्वच्छता ही सेवा शपथ दिलाया गया। साथ ही उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं नगर वासियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए स्वयं शपथ ली। इस दौरान नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी गण, पार्षद गण एवं नगरवासी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### कुम्हारी पालिका में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 का शुभारंभ

**कुम्हारी,** 17 सितंबर। नगर पालिका परिषद कुम्हारी में शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंर्तगत इंडियन स्वच्छता लीग एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत स्वच्छता रैली एवम स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। शहरवासियो को स्वच्छता का संदेश देने नगर पालिका अध्यक्ष एवं कुम्हारी टीम के कप्तान राजेश्वर सोनकर की अगुवाई में स्वच्छता शपथ के साथ ही रैली निकाला गया एवं प्रदर्शनी लगाया गया जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा एवं यूनिसेफ वाश अफसर श्रीमती बिराजा सतपथी, नगर के आम नागरिक, निकाय सफाई मित्र, कर्मचारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# पूर्व ब्लॉक युकां अध्यक्ष अपने साथियों के साथ थामा भाजपा का दामन

## कांग्रेस देश आजादी के बाद से ही जनता को दिया धोखा : गजेंद्र ठाकुर

**डौंडी/दल्लीराजहरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति और विचारों व प्रधानमंत्री मोदी से सबसे ज्यादा प्रभावित होकर भाजपा के परिवर्तन यात्रा कार्यक्रम के सभा में युवा कांग्रेस डौंडी ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर ने अपने युवा साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। युवा कांग्रेस डौंडी ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र ठाकुर के साथ करीब 50 से अधिक संख्या में युवाओं ने भ्रष्टाचारी कांग्रेस पार्टी का दामन छोड़ भाजप में प्रवेश किया। गजेंद्र ठाकुर ने बताया की भाजपा परिवार में आकर काफी अच्छा महसूस कर रहा हू व पार्टी से प्राप्त निर्देशो का पालन करते हुऐ संगठन की मजबूती के लिए कार्य करूंगा।



उन्होने आगे कहा यह मेरा मानना है की सही मायने में देश 26 मई 2014 को आजाद हुआ जब देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ मोदी जी ने लिया। कांग्रेस की सोच हमेशा जनता को धोखा देने की रही है। उन्होने कहा की 2014 से पूर्व देश में रक्षा इसरो के विज्ञानिकों के किसी भी यंत्र के लिए नट बोल्ट भी विदेश से आता था। आज 9 सालों में मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है। विश्व के अनेकों देश का भारत में जी 20 का सफल सम्मेलन करवा कर भारत का पुरे विश्व में लोहा मनवा दिया है। मोदी जी के देश प्रेम के इन्ही सब बातो से प्रभावित हो कर में अपने साथियों के साथ भाजपा की सदस्यता लिया है।भाजपा प्रवेश करने वाले युवा साथियों में प्रमुख रूप से सृतिक शर्मा, चेतन ठाकुर, निखिल कडपति, मनीष निर्मलकर, तोमेश्वर खरांशु, जीवन, हनी कडपति,जसमीत सिंह, भावेश, कोशल, सुनील टेकाम, लखन साहू आदि शामिल है। भाजपा प्रत्याशी देव लाल ठाकुर ने कहा की भाजपा में सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होता है। पूर्व युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष के भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश करने से आने वाले विधानसभा सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को लाभ मिलेगा ।कांग्रेस पार्टी में आजादी के बाद से ही परिवार वाद चल रही है और यह भविष्य में भी चलेगी। जिसे हम सब को एक जूटता के साथ जनहित के लिए कार्य कर खत्म करना होगा।

# मंत्री प्रतिनिधि मिस्त्री यूनियन सदस्यों को भगवान विश्वकर्मा जयंती की दी शुभकामनाएं

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 17 सितम्बर। मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र के डौंडी ब्लॉक के ग्राम लिमऊडीह में विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पहुच कर मिस्त्री यूनियन के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मिस्त्री यूनियन के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पीयूष सोनी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा जी का पूजा अर्चना करके समस्त अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। तथा तीज पर्व की भी सभी बहनों को हार्दिक बधाई दी।



मंत्री प्रतिनिधि ने बताया की छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ी ओलंपिक का शुरुआत किया गया है जिसमे एक मुख्य खेल कबड्डी भी है जिसको आज यहां के खिलाड़ी ब्लॉक से लेकर जिला तथा संभाग लेकर राज्य स्तर तक अपना दमखम दिखा रहे हैं।अंत में छतीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा की हमारी कांग्रेस की सरकार ने जो वादा किया उसे पुरा किया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद पहली बार शिक्षकों की सीधी भर्ती की गई।14580 व्याख्याता शिक्षक एवं सहायक शिक्षक के पद के लिए सीधी भर्ती हुई। आप लोगों ग्रामिण क्षेत्र से है खेती किसानी से जूड़े हुए है पुरे देश में धान का सबसे ज्यादा कीमत छत्तीसगढ़ की सरकार दे रही है। यह बात आप अच्छी तरह जानते है जब भी हमे अवसर मिला कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों ने जनता को आर्थिक मजबूती के साथ ताकत देने का काम किया है उन्होने मंत्री व क्षेत्र की विधायक अनिला भेड़िय को विजय बनाने व प्रदेश में कांग्रेस की सरकार फिर से स्थापित के लिए ग्रामिणों किसानों महिलाएं श्रमिको युवा वर्ग से आशीर्वाद मांगा है ।कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती दुग्गा अतीक कुरेशी शोएब रजा, ग्राम के सरपंच सुखदेव पिस्दा, कमल प्रसाद कोरेटी, शिशुपाल नेताम, सुनील नेताम,ढालेंद्र कोरेटी सहित कबड्डी के खिलाड़ी एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## निधन

### बिरेन्द्र वर्मा

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर। ग्राम सैहा निवासी बिरेन्द्र वर्मा (कोंदा) 32 वर्ष का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे, वे नारायण के पुत्र एवं डागेश्वर और विमला के भाई थे।



### मंजू देवी अग्रवाल

**सरायपाली** 17 सितंबर। श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल गणेश बीड़ी कारखाना का आकस्मिक निधन रविवार की सुबह हो गया अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया स्व मंजू देवी नरेश चंद की धर्मपत्नी जगत नारायण की भाई बहू सुरेश ललित की भाभी नवीन नूतन की चाची व विभोर की मां थी।

### कुंती वर्मा

**पलारी,** 17 सितंबर। पलारी विकास खण्ड के ग्राम चूचरुंगपुर निवासी श्रीमती कुंती वर्मा पति नंद कुमार वर्मा जिसका आज रविवार को दोपहर 12बजे अकाश्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चुचरुगपुर में किया गया वह अरुण वर्मा ,अजय वर्मा ठेकेदार की माता मोतीलाल वर्मा पूर्व राजप्रधान की भाभी ,योगेश वर्मा शिक्षक की बड़ी मां थी। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### 2 सट्टा खाईवाल ...

थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी 01 नग डाट पेन नगदी रकम 5720 रू. बरामद कर अपराध कायम किया गया। दूसरा आरोपी डामन लाल टण्डन पिता तुलसी राम टण्डन उम्र 41 साल ग्राम निपानी थाना व जिला बालोद जिसके कब्जे से एक नग सट्टा पट्टी 01 नग डाट पेन नगदी रकम 4250 रू. बरामद कर अपराध कायम किया गया।

### शीतल मुनि के सानिध्य में ...

आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज का जाप अनुष्ठान

12 सितंबर सेपयुर्षण पर्व की आराधना प्रारंभ है उसी क्रम में प्रतिदिन रात्रि 8रू15 से 9रू15 बजे तक आचार्य सम्राट जयमल जी महाराज के जाप अनुष्ठान निर्विघ्न संपन्न हो रहा है जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के सभी वर्ग के लोग अपनी हिस्सेदारी निभा रहे हैं। शायर देवी उत्तमचंद भंडारी परिवार इस जाप अनुष्ठान के प्रायोजक हैं।

**1 अक्टूबर को अखिल भारतीय सामाजिक स्वाध्याय सम्मेलन**

सामाजिक स्वाध्याय के प्रबल प्रेरक शीतल मुनि जी के सानिध्य में सामायिक स्वाध्याय सम्मेलन दुर्ग शहर के अंदर आयोजित होने वाला है जिसमें भाग लेने वाले सभी साधक समायिक की वेशभूषा में उपस्थित रहेंगे देश के विभिन्न शहरों से भाग लेने गुरु भक्त परिवार दुर्ग आएंगे यह आयोजन जय आनंद मधुकर रतन भवन के प्रांगण में आयोजित होने वाला है।

# देश को कांग्रेस मुक्त करने का दंभ भरने वाली भाजपा भूपेश के सामने बौनी : रतन

**खैरागढ़,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ के एल्डरमैन रतन सिंगी ने भूपेश बघेल को देश के सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री बनने पर बधाई देते हुए कहा है कि भारत देश को कांग्रेस मुक्त करने का दंभ भरने वाली भारतीय जनता पार्टी के नेता भूपेश बघेल के सामने बौने साबित हो चुके हैं। सभी वर्ग के लोगों के कल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। यह बात आईएएनएस सी-वोटर एंगर इंडेक्स में सामने आई है। एल्डरमैन रतन सिंगी ने जारी बयान में कहा है कि बीते पांच वर्षों के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में नागरिकों को सीधा लाभ पहुंचाने वाली कांग्रेस सरकार ने अनेक तरह की योजनाओं का प्रभावी तरीके से क्रियान्वयन किया है। किसानों के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की गई जिसके तहत फसलों पर इनपुट सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना के तहत अभी तक 21 हजार 912 करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी दी जा चुकी है। राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 10 हजार 288 गौठानों का निर्माण कर उन्हें औद्योगिक पार्कों के रूप में विकसित किया जा रहा है। रीपा योजना के अंतर्गत 300 औद्योगिक पार्कों की स्थापना की गई है। इन पार्कों में छोटे-छोटे उद्योगों की स्थापना कर रोजगार के अवसरों का सृजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत 05 लाख 62 हजार लोगों को हर साल 7 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। इस योजना में अब तक 758 करोड़ 03 लाख रुपए का वितरण किया जा चुका है। राज्य के आवासहीन परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण आवास न्याय योजना संचालित की जा रही है। विभिन्न न्याय योजनाओं के माध्यम से पांच सालों में पौने दो लाख करोड़ रुपए का वितरण किया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार इसी अवधि में छत्तीसगढ़ के 40 लाख लोग गरीबी से बाहर आए हैं। बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर लगातार देश में न्यूनतम बनी रही। भूपेश बघेल सरकार की नीतियों के कारण कोरोना काल के दौरान भी राज्य की अर्थव्यवस्था गतिशील रही। योजनाओं के माध्यम से रोजगार के लाखों अवसरों का सृजन करने के साथ-साथ शासन ने 42 हजार शासकीय पदों पर भर्तियां निकाली। 30 हजार से ज्यादा शिक्षकों की नियुक्तियां की गई। शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए हर माह आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए बेरोजगारी भत्ता योजना शुरू की गई। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत अंग्रेजी और हिंदी माध्यम से उत्कृष्ट स्कूलों और अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट कॉलेजों की शुरुआत की गई।



# साप्ताहिक यज्ञ में आहुति देकर सुख समृद्धि की कामना



**गुरुर,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। गायत्री प्रज्ञा पीठ मोहारा में साप्ताहिक यज्ञ संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य यजमान हरिभजन साहू, दानेश्वरी साहू रायपुर द्वारा यज्ञ किया गया। यह कार्यक्रम अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में संपन्न हुआ। यहां प्रति सप्ताह यह आयोजन किया जाता है, जिसमें प्रति रविवार को नए मुख्य यजमान के रूप में बैठाया जाता है, अंतिम में महापूर्णाहुति की जाती है। जिसमें सभी परीजन यज्ञ में भाग लेते हैं। बहुत से साधक संकल्प लेकर यज्ञ के साथ गायत्री महामंत्र का नित्य जाप करते हैं। आयोजन में मुख्य रूप से डॉ हरिकृष्ण गंजीर के द्वारा प्रति रविवार को नए मुख्य अजमान यज्ञ में बैठाने का संकल्प लिया है, डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी परिजनों को संबोधित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ गोपाल साहू द्वारा साधना के संबंध एवं शांतिकुंज में चलने वाले निरंतर गतिविधियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। यज्ञ संचालन डॉ गोपाल साहू ने किया। इस अवसर पर परिव्राजक सालिक राम साहू, अनुसूइया साहू, बहुर सिन्हा, हेमबाई सिन्हा, शंकर लाल साहू, सोनिया साहू, गायत्री प्रज्ञा पीठ के सभी परिजन उपस्थित थे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**बालोद,** 17 सितम्बर। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी तथा मुख्य अस्पताल अधीक्षक के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बालोद में 17 से 2 अक्टूबर तक स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आम जनता, सामाजिक संस्थाओं, एवं जनप्रतिनिधीयों से जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्त दान करनें अपील की गई है।



# 73 साल के हुए प्रधानमंत्री, सेवा कार्य कर मनाएगें पीएम मोदी का जन्मदिन: भुनेश्वर चन्द्राकर

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाना है, जिसमें 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाए जाएंगे, इसके तहत भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला अस्पताल में रक्त दान शिविर लगाया जिसमे जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भुनेश्वर चन्द्राकर सहित युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर ने बताया कि हर साल जन्मदिन के अवसर को सेवा पखवाडा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें रक्त दान, किसानो का सम्मान, स्वक्छता के क्षेत्र में कार्य व अनेक कार्य सामाजिक क्षेत्र से जुड़े सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी युवा मोर्चा ने देश भर में रक्तदान शिविरों के माध्यम से रक्त संग्रहण का रिकार्ड बनाया था, इस वर्ष ऐसे शिविर जिले के विभिन्न स्थानों में सप्ताह भर तक लगाए जायेंगे, इस वर्ष युवा मोर्चा को रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, रक्तदान शिविर में क्रांति गुप्ता, वीरेंद्र साहू, संतोष पटेल, कैलाश चंद्रवंशी, मनी राम साहू, पीयूष टाटिया, पर्यटन वर्मा, रिंकेश



वैष्णव, संजय मिश्रा, उमंग पांडे, आदित्य जांगड़े सहित युवाओं ने रक्तदान किया, इस शिविर में चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील दोषी, योगेश चंद्रवंशी, तुकेश चंद्रवंशी, अजय ठाकुर, अनिल साहू, दीपक ठाकुर, योगेश ठाकुर, सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आयुष्मान भव के तहत होंगे विभिन्न आयोजन

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के विशेष अवसर को भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है. जिसमें 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक विभिन्न सेवा प्रकल्प चलाए जाएंगे. इस कड़ी में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला अस्पताल में रक्त दान शिविर लगाया जिसमे युवाओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया. इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवम मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने उपस्थित युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को सेवा पखवाड़ा के बारे में विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी युवा मोर्चा ने देश भर में रक्तदान शिविरों के माध्यम से रक्त संग्रहण का रिकार्ड बनाया था. इस वर्ष ऐसे शिविर जिले के विभिन्न स्थानों में सप्ताह भर तक लगाए जायेंगे.इस वर्ष युवा मोर्चा को अंगदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम में भी पार्टी ने जोड़ा है. जिसमें लोगों को मृत्यु उपरांत अंगदान के लिए प्रेरित करने एवम शपथ दिलाने के विभिन्न कार्यक्रम जिले भर में किए जाने हैं. युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने युवाओं को रक्तदान हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के लिए बिना रुके, बिना थके सेवा में लगे हुए है.इसी का नतीजा है की आज के युवा भी प्रधानमंत्री के बताए रास्ते में चलकर सेवा का काम कर रहे है . उन्होंने बताया की आज के शिविर में अभिषेक माग्रे , मुकेश चंद्रवंशी, अमर वर्मा, आदित्य जांगड़े, व रामबिलास चंद्रावशी सहित युवाओं ने रक्तदान किया.इस शिविर में शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष सुनील दोषी, महामंत्री योगेश चंद्रवंशी, मंत्री अजय ठाकुर,शहर मंत्री आनंद मिश्रा, मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष अनिल साहू, महामंत्री दीपक ठाकुर ,योगेश ठाकुर , आशीष सोनी, विधानसभा मीडिया सह प्रभारी मुकेश सेन सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# मोटर सायकल चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी से चोरी किये मोटर सायकल किया गया जप्त

**कवर्धा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रार्थी मनोज मानिकपुरी पिता स्व दुखी दास मानिकपुरी उम्र 36 साल साकिन छांटा हाल वार्ड नम्बर 01 पाण्डातराई थाना पाण्डातराई15.09.2023 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके मोटर सायकल हिरो होण्डा ष्टष्ठ डिलक्स क्रमांक ष्टत्र10श्वस्न9425 पुरानी इस्तेमाली लाल रंग कीमती 25000 रूपये को कोई अज्ञात व्यक्ति दिनांक 14.09.2023 के दरम्यानी रात्रि चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 209/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया चोरी गये मोटर सायकल एवं अज्ञात आरोपी का पतातलाश किया जरिये मुखबीर सूचना मिला कि ग्राम छांटा का रहने वाला अरविन्द ऊर्फ अनिल धुर्वे मोटर सायकल चोरी किया है एवं बिक्री करने ग्राहक तलाश रहा है कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी अरविंद ऊर्फ अनिल धुर्वे ग्राम छांटा का पतातलाश किया जो अपने सकुनत में उपस्थित मिला जिससे पूछताछ कर कथन लिया गया जो दिनांक 14.09.2023 के दरम्यानी रात्रि प्रार्थी मनोज मानिकपुरी के मकान के बाहर बरामदा मे रखे मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किया आरोपी के निशानदेही पर चोरी गये मोटर सायकल हिरो होण्डा ष्टष्ठ डिलक्स क्रमांक ष्टत्र10श्वस्न9425 जप्त किया गया एवं आरोपी अरविन्द ऊर्फ अनिल पिता गिरधारी लाल धुर्वे उम्र 23 साल ग्राम मडमडा को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां जेल वारंट बनने पर जेल दाखिल किया गया।



# टेकाडीह के छात्र का हुआ जवाहर उत्कर्ष योजना में चयन

**खैरागढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। टेकाडीह स्कूल का छात्र कुंदन जोशी राजनांदगांव के संस्कार सिटी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ेगा आदिम जाति व अनुसूचित जनजाति जवाहर उत्कर्ष योजना के अंतर्गत 2023 के लिये खैरागढ़ विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला टेकाडीह से कुंदन जोशी का चयन हुआ है। कुंदन परीक्षा दिलाकर अपनी मेहनत से पहुंचा है। बता दे कि राजनांदगांव जिले में अनुसूचित जाति वर्ग से 4 सीट निर्धारित थी। जिसमें टेकाडीह स्कूल से कुंदन जोशी का चयन हुआ है।जो खैरागढ़ अंचल के लिये गर्व की बात है। इससे पूर्व भी शासकीय प्राथमिक शाला टेकाडीह से 7 छात्रों का चयन जवाहर उत्कर्ष योजना में चयन हो चुका है। वहीं दो छात्रों का चयन दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुआ था। कुंदन की सफलता का श्रेय स्कूल में पदस्थ शिक्षक महदीप जंघेल, ज्योतिष बंजारे व प्रधान पाठक रोहित जांगड़े को दी है। शिक्षक महदीप जंघेल स्कूल के आलावा प्रति सप्ताह छुट्टी के दो दिन अपने घर में जवाहर उत्कर्ष से संबंधित तैयारी करवाते थे। शिक्षकों एवं छात्र के परिश्रम का उचित फल मिला है। कुंदन ने उक्त प्रतियोगी परीक्षा में 100 में 90 अंक हासिल कर पूरे राजनांदगांव जिले में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। छात्र कुंदन की सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी केवी राव, विखं शिक्षा अधिकारी नीलम राजपूत ने सौजन्य भेंट कर छात्र को शुभाशीष प्रदान करते हुये शुभकामनाएं दी है। बीआरसी सुजीत चौहान, संकुल समन्वयक हेमन्त वर्मा, संकुल के सभी शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति, पालकगण व टेकाडीह के ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये छात्र कुंदन जोशी व शिक्षकों को बधाई दी है।



■ राजनांदगांव के इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ेगा टेकाडीह का छात्र

# पैसे की लालच ने बनाया हत्यारा

**खैरागढ़/गंडई/पंडरिया,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। आज के समय मे पैसा कौन कमाना नहीं चाहता लेकिन पैसे गलत कार्यों से कमाया जाये या पैसों के लिए किसी की जान ली जाये तो क्या कहें एक ऐसा ही मामला मोहगांव थाना में आया है। जहां कुछ पैसों की लालच ने 50 वर्षीय अधेड़ को हत्यारा बना दिया। अधेड़ ने गेरूखदान थाना बकरकट्टा निवासी 41 वर्षीय युवक को पैसे की वजह से मार दिया गौरतलब है कि बीते 15 सितंबर को प्रार्थी रुतुम मेरावी पिता स्व. बिहारी मेरावी उम्र 35 वर्ष ने थाना मोहगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसके बड़े भाई रैइताम मेरावी पिता स्व. बिहारी मेरावी उम्र 41 वर्ष को गणेश गोंड पिता चतुर राम गोंड उम्र 50 वर्ष ने सब्जी काटने वाले धारदार हंसिया से उसके गले में मार कर हत्या कर दिया गया है। रिपोर्ट पर थाना मोहगांव में धारा 174 जा.फौ. मर्ग पंचनामा कार्यवाही में लिया गया था। मामला हत्या का होने पर धारा 302 क़ायम कर विवेचना में लिया गया था। केसीजी एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पाण्डेय के निर्देशन में एसडीओपी प्रशांत खाण्डे के नेतृत्व में निरीक्षक शिव शंकर गेंदले थाना प्रभारी गंडई, निरीक्षक जितेन्द्र बंजारे थाना प्रभारी छुईखदान व थाना मोहगांव की टीम तैयार कर प्रकरण में विवेचना करते हुये प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लिया गया जिन्होने अपने-अपने कथन में बताया कि मृतक ग्राम गेरूखदान थाना बकरकट्टा का रहने वाला है। कुछ दिनों से अपने परिवार के साथ ग्राम पटपर खार भावना जंगल में झोपडी बनाकर रहता था एवं जंगल के सुखी लकडी को बेचकर अपना जीवन यापन करता था। जिसके झोपडी में प्रतिदिन ग्राम बाबू नवागांव के गणेश राम गोड़ आता रहता था। मृतक के साथ में बैठकर महुआ शराब पिता था। कभी-कभी आरोपी द्वारा शराब के नशे में बोला करता था कि मै तुम सभी लोगो को यहां पे लाकर बसाया हूँ इसके बदले में मुझे पैसा दिया करो पैसा नही देने से मै कुछ भी अप्रिय घटना घटित कर सकता हूँ 14 सितंबर के सुबह 10 बजे आरोपी गणेश राम व मृतक रैइताम मेरावी शराब पी रहे थे। इसी दौरान पैसे कि लेन देन की बात को लेकर दोनो मे वाद विवाद हो गया। जिस पर आवेश में आकर आरोपी ने हत्या करने की नियत से अपने पास में रखे धारदार हंसिया से रैइताम मेरावी के गले के पास मारकर भाग गया मौके पर ही रैइताम की मृत्यु हो गई है।कथनो के आधार पर फरार आरोपी जिसके गांव के जंगल में होने की सूचना पर उसके मिलने के संभावित स्थान पर गये जहां वह छिपा हुआ था घेराबंदी कर हिरासत में लेकर थाना मोहगांव लाया गया आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर आरोपी गणेश राम गोड़ पिता स्व. चतुर राम गोड़ उम्र 50 साल निवासी ग्राम बाबू नवागांव थाना छुईखदान जिला केसीजी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्यवाही में सउनि नारायण लाल सिन्हा, प्रधान आरक्षक रणजीत तिर्की आसुतोष सिंह का सराहनीय योगदान रहा है।



■ आरोपी को गंभीर धाराओं में भेजा जेल

# तलवार से प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी शिशुपाल उर्फछोटे लोटिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बालोद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली थाना बालोद अंतर्गत प्रार्थी संजय दुबे पिता स्व एस.एन. दुबे उम्र 52 साल पता वार्ड क्रमांक 10 सदर रोड़ बालोद थाना व जिला बालोद ने 16 सितंबर को थाना बालोद पंहुचकर रिपोर्ट दर्ज कराया के 16 सितंबर रात्रि प्रार्थी अपने घर के पालतु डॉग को टहलाते हुऐ डॉ. क्लाडियस के क्लिनिक के पास पहुंचा था कि वहॉ पर उपस्थित षिषुपाल उर्फ छोटे लोटिया खड़ा था जो जोर जोर से अपषब्दों का प्रयोग कर चिल्ला रहा था जो संजय दुबे को सुनने में बहुत बुरा लगने पर मना करने पर षिषुपाल उर्फछोटे लोटिया के द्वारा संजय दुबे के साथ वाद विवाद कर अब तुम्हे निपटता हुं कहकर अपने घर से तलवार लेकर आकर प्रार्थी को बहुत ज्यादा मॉ बहन की गाली गलौच करते हुऐ प्रार्थी के ऊपर प्राणघातक हमला करने पर प्रार्थी के द्वारा अपना बीच बचाव करने से बांये हाथ के हथेली उंगली में चोंट आया है व कॉफी खुन बहना बताये। जिसकी सूचना पर बालोद थाने में अपराध कायम कर आरोपी षिषुपाल उर्फछोटे लोटिया का पता तलाष में लिया गया।



अपराध की गंभीरता को देखते हुऐ पुलिस अधीक्षक बालोद जितेन्द्र कुमार यादव के निर्देषन में तत्कालीन अलग अलग टीम बनाकर शहर के बाहर आने जाने वाले रास्ते को सीलबंद कर मुखबीर लगाकर आरोपी षिषुपाल उर्फ छोटे लोटिया का पता तलाष किया। तब मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि षिषुपाल उर्फ छोटे लोटिया घटना कारित कर बालोद शहर से भागने के लिये पुलिस से छुपते हुऐ गंजपारा मेन रोड़ बालोद के पास गाडियों को रोक रहा है कि सूचना पर षिषुपाल उर्फछोटे लोटिया पिता स्व. लीलाधर साहू उम्र 27 साल साकिन वार्ड क्रमांक 07 जवाहरपारा बालोद को पकड़ने पर घटना में प्रयुक्त तलवार को कांषीबंध तलाब के पास पौनी पसारी हेतु बने ठिहा के पास छुपाने की बात कहने पर मौके पर उपस्थित गवाह के समक्ष तलवार को जप्त कर कब्जा पुलिस लेकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# भगवान विश्वकर्मा हर काल में सृजन के देवता रहे हैं: योगेश तिवारी

**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। किसान नेता योगेश तिवारी ने शहर के वार्डों में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में शामिल हुए । जहां भगवान विश्वकर्मा की विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की समृद्धि व खुशहाली की कामना किया । इस अवसर पर किसान नेता योगेश तिवारी ने कामगारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देशभर में विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। विश्वकर्मा जी को ब्रह्मा जी के सातवें पुत्र के रूप में भी माना जाता है। कहा जाता है कि भगवान विश्वकर्मा ही ऐसे देवता हैं जो हर काल में सृजन के देवता रहे हैं व सम्पूर्ण सृष्टि में जो भी चीजें सृजनात्मक हैं, जिनसे जीवन संचालित होता है वह सब भगवान विश्कर्मा की देन है। इसी श्रद्धा भाव से किसी कार्य के निर्माण और सृजन से जुड़े हुए लोग भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते हैं। इस दिन सभी कारखानों और औद्योगिक संस्थानों में विश्वकर्मा जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं साथ ही व्यापार में तरक्की और उन्नति प्राप्त होती है। इस अवसर पर राजीव साहू, पेमन साहू, नेतराम, नर्सिंग, प्रवीण पटेल, प्रवीण पटेल, कृष्ण मानिकपुरी, ईश्वर मानिकपुरी, संतोष साहू, लोकेश ध्रुव उमेश,गोकर्ण,संतोष चौहान, टिकेन साहू, चेतन साहू, कोमल जांगड़े, अनिल, लेखन साहू, उमेश साहू, गणेश यदुप्रीत साहू, दिनेश साहू अश्विनी साहू, संतोष साहू, मनीष साहू, नंदु वर्मा, मंगतू देवांगन, दिलहरण वर्मा उपस्थित थे ।



# विश्वकर्मा जयंती के विविध आयोजनों में शामिल हुए विधायक आशीष छाबडा



**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विधायक आशीष छाबड़ा सृजन के देवता विश्वकर्मा जयंती के अवसर निनवा ,सिघौरी ,सहित विभिन्न जगहों पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए इस दौरान विधायक आशीष छाबड़ा ने भगवान विश्वकर्मा के पूजा अर्चना की तथा क्षेत्र के लोगों के लिए आशीर्वाद मांगा इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने इस जग को रचा है आज सभी मेहनत कश लोग अपने आराध्य भगवान विश्वकर्मा को पूजते हैं तथा उनसे आशीर्वाद मांगते हैं इस जगत के वास्तुकार निर्माता भगवान विश्वकर्मा ने पृथ्वी के रचनाकार है मकान समान इंजीनियरिंग सभी भगवान विश्वकर्मा द्वारा रचित है और इसका उपयोग आज हम मानवता के लाभ के लिए कर रहे हैं आज का दिन श्रम वीरों को समर्पित है विधायक आशीष छाबड़ा ने उपस्थित लोगों को विश्वकर्मा जयंती की बधाइयां प्रेसित की इस दौरान जिला पंचायत सदस्य टी.आर साहू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोकेश वर्मा पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अवनीश राघव प्रवीण शर्मा कमल वर्मा गोरेलाल साहू हेम सिंह साहू सिंदूराम साहू शोभाराम साहू सहित ग्राम नैनवा तथा सिंगोरी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## मोदी के जन्मदिन पर रक्तदान

**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। युवा मोर्चा जिला बेमेतरा के तत्वाधान में नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर 24 यूनिट किया रक्तदान किया गया जो हम सबके लिए बहुत हर्ष का विषय है इस मौक़े पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य निखिल साहू , प्रदेश कार्यसमिति विनय साहू , प्रदेश कार्यसमिति केशव साहू , महामंत्री समीर वर्मा , जिला उपाध्यक्ष नंदकुमार साहू , जिला उपाध्यक्ष अमित सिन्हा ,मंडल अध्यक्ष दिशांत साहू , मंडल अध्यक्ष भोज सिन्हा , मंडल अध्यक्ष आदर्श जोशी , मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ,महामंत्री नीलू , भूपेंद्र लोधी , नितेश सोनी ,तुषार साहू ,

महामंत्री नरेंद्र वर्मा ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू , महामंत्री पोषण वर्मा , मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा , पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष दीपेश साहू , संध्या परघनिया, विजय सिन्हा , जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, भीम वर्मा आदि कार्यकर्ता नेता उपास्थित रहे,

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर सफाई अभियान

**बेमेतरा**, 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिन के अवसर पर नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफ़ाई किया गया माननीय विकाश पुरुष दामोदर दास नरेंद्र मोदी जी ने आज विशकर्मा जयंती के पावन अवसर पर पी एम विश्वकर्मा लोन योजना लागू किया गया इस योजना से तीन लाख रुपए बैंक से लोन मिलेगा जिसकी सुरवात आज हुवा देश के यस्सवी प्रधानमंत्री ने किया इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू राकेश मोहन शर्मा धर्मेंद साहू स्नेह लता शर्मा कप्तान दुबे सहित मोहल्ले वासी उपस्थित रहे



# मितान हेल्थ केयर हॉस्पिटल रायपुर रोड कोबिया में तीन दिवसीय जांच परीक्षण का आयोजन

**बेमेतरा,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। ऑल इंडिया लीनेस क्लब प्रेरणा बेमेतरा हमेशा समाज सेवा कार्य करता रहा है मितान हेल्थ केयर हॉस्पिटल रायपुर रोड कोबिया मैं तीन दिवसीय जांच परीक्षण का आयोजन किया गया शुगर और बी पी 14 सितंबर से 16 तक जिस अवसर पर क्लब को आमंत्रित किया गया लीनेस क्लब द्वारा जच्चा बच्चा के लिए कपड़े बांटकर अपना योगदान दिया गया इस अवसर पर क्लब की सदस्य गण मौजूद थे अध्यक्ष विनोद राघव चेयर पर्सन शारदा तिवारी निम्मी पटेल चेयरपर्सन शशि तिवारी आरती साहू अस्पताल के ओनर रोमी पटेल निधि पटेल और डॉक्टर और नर्स स्टाफ मौजूद था।



# कर्ज लेना कोई बुरी बात नहीं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह

- कांग्रेस की घोटालेबाज सरकार को घर भेज दे
- परिवर्तन यात्रा से लोगों में खासा उत्साहः प्रमोद सावंत
- छत्तीसगढ़ में बनेगी डबल इंजन की सरकार
- गोबर घोटाले में जेल जायेंगे सीएम भूपेश बघेल

**राजनांदगांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की परिवर्तन यात्रा के तहत शहर पहुंचे गोवा के सीएम प्रमोद सावंत एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा उदयाचल में एक प्रेसवार्ता ली गई, जिसमें सीएम श्री सावंत ने कहा कि भाजपा के इस परिवर्तन यात्रा को लोगों का अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की कांग्रेस वाली घोटालेबाज सरकार को बदलना है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनेगी। छत्तीसगढ़ में पीडीएस घोटाला कोयला घोटाला, शराब घोटाला हुआ है कांग्रेस के लोगों ने गौ माता तक को नही छोड़ा है। सीएम सावंत ने कहा कि आज तक हमने राइस घोटाला सुना था, लेकिन छत्तीसगढ़ में गोबर घोटाला किया गया है। शराब घोटाला सबसे बड़ा स्कैम है, घोटाला करने वाले छुटेंगे नही। चारा घोटाले में लालू यादव जेल गए थे, अब भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के लोग जेल जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे घोटाले बाज सरकार को घर भेज दे। यहां के युवक युवतियाँ, महिलाएं, गांव के किसान, मजदूर, आदिवासियों सभी का कहना है कि सरकार बदलनी है। परिवर्तन यात्रा में यह स्पष्ट उजागर हो रहा है।

गोवा के मुख्यमंत्री श्री सावंत ने कहा कि बीजेपी की जहां जहां सरकार है वहां अपना रिपोर्ट कार्ड पेश करती है। एमपी के शिवराज सिंह ने अपने पांच साल के कार्यक्रम का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। उन्होंने स्वयं गोवा के रिपोर्ट कार्ड जारी किए है। तब क्यों नही छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अपने शासनकाल के रिपोर्ट कार्ड पेश करना चाहिए? लेकिन भूपेश का रिकार्ड कार्ड सम्मिट नही हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछले विधान सभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में 36 वादे किए थे जिसमें से एक भी पूरा नही किया। इसलिए रिपोर्ट कार्ड पेश नही कर रही है। श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस के सीएम भूपेश बघेल को जनता ने 5 साल सेवा करने का मौका दिया उसे जनता के समक्ष रखना चाहिए। जनता को रिपोर्ट कार्ड के बारे में भूपेश बघेल से जरूर पूछना चाहिए। श्री सावंत ने कहा कि कांग्रेस ने अभी तक अपने प्रत्याशियों की घोषणा नही की है, वे उलझन में है और डरी हुई है। कांग्रेस सरकार में प्रदेश में 2 लाख करोड का घोटाला हुआ है। श्री सावंत ने सनातन धर्म को लेकर कांग्रेस पर जमकर बरसे व कहा कि रामसेतु के अस्तित्व को नकार देने वाली कांग्रेस पार्टी के भुलावे में अब जनता नही आने वाली है। इनकी घोटालों व झूठे वादो को जनता पहचान चुकी है। श्री सावंत ने कहा कि मोदी जी छत्तीसगढ़ के लिए हमेशा काम करते आ रहे है। भाजपा के 15 वर्षों के शासन में यहां डेवलपमेंट के बहुत काम हुए है। मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारा देश कहां से कहां पहुंच गया है। चन्द्रयान व जी-20 के बाद भारत विश्वगुरू की ओर जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के शासन में जितना दिया गया उसे याद करने की जरूरत है। प्रदेश की चहुंमुखी विकास व डेवलपमेंट के काम को याद करने की जरूरत है। स्किल डेवलपमेंट में केन्द्र सरकार सबसे अच्छा काम कर रही है। रेल्वे इन्फ्र स्ट्रक्चर का डेवलपमेंट किया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार डेवलपमेंट पर ध्यान देती है, वह सरकार अच्छी है। उन्होंने विपक्ष पर करारा वार करते हुए कहा कि इडी नाम बदलने देने से नीति व नीयत नही बदलती हे। मोदी जी का आज पूरे देश में धूमधाम से जन्मदिन मनाया जा रहा है, सेवा सुशासन के पर्व मनाए जा रहे है। ब्लड डोनेशन जैसे कार्य पूरे देश में आयोजित है। प्रेसवार्ता के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, पूर्व कलेक्टर गौरीशंकर मिश्रा, पूर्व मंत्री शिवरतन शर्मा, सांसद संतोष पांडे, खूबचंद पारख, जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, सचिन बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी, अमित सवन्न, भरत वर्मा, नीलकंठ गढे आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## कांग्रेस के चार चिन्हारी- चोरी बेईमानी भ्रष्टाचार अऊ लबारी

- नरवा घुरूवा बारी के लिए जनता के पैसो को मिट्टी में मिला रही भूपेश सरकार
- बदलबो-बदलबो-ए दारी- कांग्रेस के सरकार बदलबो की धूम

भाजपा की परिवर्तन यात्रा के 6वें दिन उदयाचल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान डॉ. रमन सिंह ने कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल सरकार नरवा घुरूवा बारी के लिए जनता की गाढ़ी कमाई के पैसो को मिट्टी में मिला रही है। यही वजह है कि भाजपा के परिवर्तन यात्रा के दौरान लोगों का जमकर उत्साह दिख रहा है और उनके मुंह से बदलबो-बदलबो ऐ दारी कांग्रेस के सरकार बदलबो की आवाज निकल रही है। डॉ सिह ने उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह भंग है। महिला विधायक को चाकू मारकर घायल किया जा रहा है। उन्हे अपने मंगलसूत्र को भ्रष्टाचार के लिए देना पड़ रहा है। महिलाओं पर अपराध बढ़े है। रेप की घटनाएं बढ़ी है। प्रदेश का पूरा विकास अवरूद्ध है। डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस की राज में प्रवेश जनता यह कहने को मजबूर है कि डेवलेपमेंट मत करो, भाजपा शासन के समय बने इन्फ्र स्ट्रक्चर का रंग रोगन मत करो लेकिन गड्ढो से भरी सडको की मरम्मत तो करवा दो? राजनांदगांव के साथ बदला तो मत लो? डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा शासन के समय राजनांदगांव में मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय हाकी स्टेडियम आडिटोरियम नवीन दिग्विजय स्टेडियम क्या-क्या नही बनाए गए। 300 करोड से सडको का जाल बिछाया गया। 25 हजार किमी प्रधानमंत्री सडक योजना का काम हुआ। उन सडकों का गडढा तक भरा नही जा सका।

डॉ. सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने राजनांदगांव वालो से बदला लेने के लिए पाठय पुस्तक निगम का कार्यालय ले गए, प्रधानमंत्री सडक प्राधिकरण ले गए। अब जनता जाग चुकी है, गौठान घोटाला करने वाली सरकार को जनता बदलने वाली है। डॉ. सिंह ने छत्तीसगढ़ पर चढ़े कर्ज के बारे में जवाब दिया कि भाजपा के 15 साल के शासन काल की तुलना करें तो कांग्रेस शासन के 5 वर्ष में प्रतिवर्ष 15 से 18 हजार करोड कर्ज लिया है। उन्होंने टिकट वितरण के सवाल पर कहा कि भाजपा में टिकट वितरण दिल्ली से होता है, लेकिन यहां कांग्रेस में टिकट से लेकर कलेक्टर एसपी पटवारी तक के लिए आप्शन होता है। डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ कौशिल्या माता की भूमि है। कांग्रेस और विपक्षी दल देश से सनातन धर्म, हिन्दू धर्म को मिटाने की बात कह रहे है। प्रदेश के व देश की जनता इसका बखूबी जवाब देगी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस की घोटाले को लोगों को बताने के लिए भाजपा द्वारा परिवर्तन यात्रा निकाली गई है। दंतेवाड़ा बस्तर से मां दंतेश्वरी की पूजा आराधना कर निकाली गई परिवर्तन यात्रा को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। लोगों व कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### देशबन्धु समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ के सवाल

**सवाल**- छत्तीसगढ़ प्रदेश में काफी रिसोर्स है डॉक्टर साहब 15 वर्ष तक आप सरकार पर रहे और कई उपलब्धियां भी रही प्रदेश में इसके बावजूद 82 हजार करोड़ का कर्ज छत्तीसगढ़ पर आज है ?

और आप (प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री गोवा) जिस राज्य से आते हैं उस राज्य में 24 हजार करोड़ का कर्ज आज भी है इसके लिए आपके पास ऐसी कौन सी कार्य योजना है जिससे नागरिक कर्ज मुक्त हो सके,

**जवाब**-प्रमोद सावंत मुख्यमंत्री गोवा

आपने बात कही गोवा राज्य के कर्ज के संदर्भ में 10 साल के लिए माईनिंग पूरा बंद था कोरोना काल में भी टूरिज्म एक्टिवेटी बंद हो चुकी थी आगे आने वाले 5 सालों के कार्यकाल में हम निश्चित रूप से कर्ज कम कर सकेंगे बेहतर वित्तीय प्रबंधन और गोवा राज्य में टूरिज्म से लेकर माईनिंग के सभी इकोनॉमिकल स्रोतों को बेहतर तरीके से संचालित कर रहे है ताकि हमारा राज्य कर्ज के बोझ से बाहर हो सके।

### उपरोक्त सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह का जवाब

जहां तक सवाल है छत्तीसगढ़ के कर्ज की बात तो एक तुलनात्मक आंकड़े में बताना चाहूंगा छत्तीसगढ़ में 15 साल हमारी सरकार आई और 15 साल सरकार रहने के बाद भी हमने जो कुल कर्ज लिया था लोन लिया था 15 साल की अवधि में करीब करीब 60 से 62 हजार करोड़ जो 2003 मे जो कर्ज मिला था एवरेज लगाए तो कांग्रेस की भूपेश सरकार और भारतीय जनता पार्टी की सरकार की तुलना करें तो भूपेश सरकार ने पौने पांच साल भी नहीं हुए और 60 से 70 हजार करोड़ का कर्ज हो गया एवरेज में 15 से 18 हजार करोड़ का कर्ज लिया और हमने 4 से 5 हजार करोड रुपए का ही कर्ज लिया जो तुलनात्मक हमारा कर्ज बहुत कम था और हमने कर्ज की राशि से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट किया और भूपेश सरकार ने नरवा, गरवा, गुरुवा और गोबर की खरीदी मे कर्ज लिया। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में क्योंकि मैं वित्त मंत्रालय का भी काम देखता था मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि हमने जो कर्ज लिया उसका सदुपयोग किया और भूपेश सरकार ने जो कर्ज लिया वह दुरुपयोग किया है गोबर घोटाले और गौठान घोटाले इसका उदाहरण है।

# आशीर्वाद मंडल गंज चौक में गणेशोत्सव पर्व की भव्य तैयारी

**राजनांदगांव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शहर के गंज चौक स्थित आशीर्वाद मंडल में इस वर्ष भी अपनी भव्यता के अनुसार श्री गणेशोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से गंज चौक के युवा व्यवसायी आशीष गुप्ता च्मुन्नाज्ज को अध्यक्ष बनाया गया है। वही संरक्षक मंडल में सर्वश्री- दिनेश गुप्ता (पप्पू भैया) आत्मा राम कोशा च्अमात्यज्ज आलोक गट्टाणी जी के नाम शामिल हैं।







- गणेश चतुर्थी के दिन धूमधाम से निकलेगी विशाल शोभायात्रा
- रोजाना पूजा-अर्चना सहित धार्मिक/ सांस्कृतिक कार्यक्रमो की ? रहेगी धूम

मंडल के अध्यक्ष आशीष गुप्ता (मुन्ना) ने बताया कि गंज चौक में आशीर्वाद मंडल के गणेशोत्सव पर्व ?की भव्य शोभायात्रा से लेकर स्थल सजावट झांकी की धूम रहती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी आशीर्वाद मंडल में अष्ट विनायक गणेश मंदिर की भव्य एवं आकर्षक स्थल सजावट झांकी तैयार की जा रही है। वहीं श्री गणेश चतुर्थी के दिन 19 सितंबर मंगलवार को मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश को धूमधाम के साथ लिवा लाने ?के लिए गंज चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें धुमाल बाजा, डीजे साउण्ड सिस्टम सहित घोड़ा- बग्घी में चलते हिन्दू धर्म ध्वजा धारी शोभायमान होंगे। धार्मिक गीतों की धुन में झूमते नाचते भगवान श्री गणेश के भक्त जन विशाल शोभायात्रा के साथ नगर भ्रमण करते हुए मनोहारी श्री गणेश प्रतिमा को पुनः गंज चौक लिवा लाएंगे। मंडल अध्यक्ष श्री मुन्ना ने बताया कि पुजारी पं0 अनिल शुक्ला द्वारा पूजा-पाठ उपरांत लंबोदर महराज की स्थापना पश्चात विभिन्न धार्मिक एवं लोक सांस्कृतिक आयोजनों की धूम बनी ?रहेगी। गणेशोत्सव पर्व ? के ग्यारह दिनों तक एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों का सिलसिला चल पड़ेगा। समिति के वरिष्ठ दिलीप गट्टाणी, संतोष श्रीवास, अर्जुन साहू, मोनू, परमेश्वर आदि ने बताया कि आशीर्वाद गणेशोत्सव मंडल में रोजाना दोनों प्रहर पूजा -पाठ उपरांत भक्त जनों में प्रसादी वितरण होता है जिसे ग्रहण करने लोगों की भीड़ उपस्थित रहती है। बता दें कि शहर में कुछ ही समय में बड़े बड़े गणेशोत्सव समितियों के बीच अपना स्थान बनाने वाले आशीर्वाद गणेशोत्सव मंडल की 19 सितंबर श्री गणेश चतुर्थी के दिन निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा में भक्त जनों को अधिकाधिक संख्या मे शामिल होने की अपील की गई है।

# कांग्रेस के किए गए सभी वादे अधूरेः साव

**डोंगरगढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश के दंतेवाड़ा से निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा रविवार शाम मां बमलेश्वरी की नगरी डोंगरगढ़ पहुंची जहां आमसभा को संबोधित करते हुए सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के समय गंगाजल को हाथ में रख जनता से बिजली बिल हाफ जैसे कई वादे किए थे जो आज तक अधूरे हैं एक ओर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश गांव गरीब और किसानों के लिए कई प्रकार की योजनाएं शुरू करके उन्हें लाभ दे रही है और दुनिया भर में देश का मान सम्मान बढ़ा रहे हैं वहीं दूसरी ओर प्रदेश में कांग्रेस की भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने के साथ ही प्रदेश को दोनों हाथ से लूटने का काम कर रही है यह सरकार किसान, माता बहने व युवाओ को ठगने और धोखाधड़ी करने का काम कर रही है। विगत 5 साल में यह सरकार प्रदेश में एक भी प्राथमिक स्कूल नहीं खोली है। ना सड़क पुल न पुलिया एक भी विकास कार्य नहीं किए गए यह सरकार केवल एक ही कार्य केवल भ्रष्टाचार करने का कार्ययह सरकार केवल एक ही कार्य केवल भ्रष्टाचार करने का कार्य कर रही है।



- भाजपा की परिवर्तन यात्रा पहुंची डोंगरगढ़

**बमलेश्वरी के धाम को अपवित्र कर रहे**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव ने मंच के माध्यम से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यहां का विधायक नवाज खान है जिसके चलते क्षेत्र में दारू सट्टा, जुआ व भ्रष्टाचार आज डोंगरगढ़ को दोनों हाथ से लूटने का काम किया जा रहा है। डोगरगढ़ मां बमलेश्वरी के इस पवित्र धरती को कोई बदनाम एव अपवित्र करने का कार्य नवाज कर रहा है इसे सभी को समझने की जरूरत है उन्होंने मंच के माध्यम से आह्वान किया कि अब छत्तीसगढ़ को बचाने के लिए यह सरकार को बदलना जरूरी है जिसके लिए आने वाले चुनाव में सभी को एकजुट होकर प्रदेश और डोंगरगढ़ में कमल खिलाना है। इस दौरान भाजपा परिवर्तन यात्रा प्रभारी विद्या भसीन शर्मा, पूर्व मंत्री महेश गागडा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव पूर्व सांसद प्रदीप गांधी पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, जिला जनपद अध्यक्ष प्रतीक्षा भंडारी खूबचंद पारख भारत वर्मा हरविंदर सिंह मंगे सुरेंद्र सिंह बनोवाना शशिकांत द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल चीकू जैन प्रकाश चौडरीया राजेश श्यामकर पवन मेश्राम किरण साहू मंडल अध्यक्ष अमित जैन, ग्रामीण अध्यक्ष जैन कुमार मेश्राम, महेंद्र भाई पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, अचला ठाकुर, रवि अग्रवाल, राकेश अग्रवाल संतोष राव, मधुसूदन अग्रवाल पन्नालाल बाफना द्वारका प्रसाद शर्मा कमलेश उजवने, जितेंद्र गेंडरे, राजकुमार द्विवेदी, छबील साहू श्याम तिवारी, सुमित मिश्रा, अशोक साहू, हेमिन लाउत्रे, सुलभा सिंग, गीता दुबे, उमरवती शाह, शशि काले, इंदु यादव, तारा गोरले, सं गीता यादव, संतोषी यादव, पार्वती सोलवांश, ममता बहेकर, नमिता चौबे, संगीता राजपूत और हेमलता तिवारी सहित बड़े संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# विधायक बघेल दोबारा जीतबो डोगरगढ़ कांग्रेस के सरकार बनाबो जनसंपर्क अभियान जोरों पर

**डोंगरगढ़,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं अध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण माननीय भुनेश्वर बघेल जी डोगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम संडीडिह देवकट्टा, कन्हरगांव और घोटिया पहुंचे जनसंपर्क दोबारा जीतबो डोगरगढ़ अऊ कांग्रेस के सरकार बनाबो थीम के साथ गांव गांव पहुंचकर नये मतदाताओं का सम्मान किया और गांव में बूथ कमेटियों के साथ बैठक तथा घर-घर कांग्रेस के झंडा लगाने कांग्रेस के काम की उपलब्धि वाला पर्ची आम जनता को देकर सरकार की उपलब्धि को बताया तथा कन्हरगांव पहुंचे और कार्यक्रम के पश्चात विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा ग्राम घोटिया पहुंचे जहां नए मतदाताओं का सम्मान लोगों से घर-घर जाकर मुलाकात की तथा सीसी रोड निर्माण 5,5 लाख के निर्माण कार्य का भूमि पूजन की इस अवसर पर उपस्थित थे डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, मंडी सदस्य फिरंगी पटेल, जिला कांग्रेस संयुक्त महामंत्री चुंम्मन साहू, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहेल खान, महिला ब्लॉक अध्यक्ष लता साहू, महामंत्री राजू सिंह राजपूत, सेक्टर प्रभारी योधन दास साहू, श्यामसाय टांडेकर, दिनेतू प्रकाश जांगड़े, विधायक प्रतिनिधि आरती वर्मा, सरपंच संजय उईके, नंदू वर्मा, गौतम वर्मा, कार्तिक वर्मा, ज्योति मेश्राम, चंद्रेश वर्मा, चिंताराम सोने, जयकरण साहू, देवकरण चतुर्वेदी, श्याम दास कुर्रे, कमल नारायण जांगड़े, मंगेश जांगड़े, घनश्याम साहू, योगेश कुमार लोधी, सतानंद कंवर, हरक पटेल, प्रीतम साहू, चंद्रेश वर्मा, गंगाधर साहू धनु पटेल, कीर्तन कंवर, एवं अन्य ग्रामीण जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# ग्राम-सोमनी में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

**राजनांदगाँव,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षकों से यही आह्वान करूंगा कि इनको और पढ़ाएं साथ ही मोटीवेट करें कुछ अच्छा करने के लिए कुछ बनने के लिए अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव शिक्षक दिवस के अवसर पर जन कल्याण सामाजिक संस्थान, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ग्राम पंचायत सोमनी के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, ग्राम-सोमनी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैलचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात स्वागत गीत एवं अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। श्रीमती विधिका साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला-सोमनी द्वारा प्रतिवेदन का वाचन किया गया एवं स्कूल की उपलब्धियों के विषय में सभी को जानकारी प्रदान करते हुए कहां कि शिक्षक दिवस डॉ. एस राधाकृष्णन का जन्म 05 सितंबर 1888 को हुआ था, सन् 1962 में जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो उनके छात्र 05 सितंबर को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति मांगने के लिए उनके पास पहुंचे इसके बजाय, उन्होंने समाज में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को स्वीकार करने के लिए 05 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का अनुरोध किया इसलिए प्रतिवर्ष इस दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अभिषेक मीणा, पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव, अध्यक्षता भूषणलाल ठाकुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजनांदगांव, विशेष अतिथि मनोज कुमार नायक, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड, श्री प्रवीण कुमार मल एवं महेश कुमार देवांगन, डिप्टी लिगल एंड डिफेंस काउसिंल, राजनांदगांव, अमलेंदु हाजरा, पूर्व लोकपाल एवं अधिवक्ता, अंगेश्वर देशमुख, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति व सदस्य, जिला पंचायत राजनांदगांव, श्रीमती लता यादव, सरपंच सोमनी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक, श्री अभिषेक मीणा जी द्वारा संबोधित करते हुए कहां कि जब मैं स्टूडेंट्स से मिलता हूँ तो एक अलग फिलिंग होती है सभी के आंखों में एक चमक होती है, सभी के आँखों में उनके सपने दिखायी देते है कि क्या वो बनना चाहते है




आगे जाकर क्या करना चाहते हैं। क्या उनकी उमंगें है क्या आशाएं है यह सभी आपकी आँखों में और आशाओं में दिखायी देता है। जो आपकी आँखों में उमंग है वहीं देश का भविष्य है। आपकी जो आशाएं है वहीं देश का भविष्य गढ़ने वाला है। आप अपनी आशाओं को जिंदा रखे इसे कभी मरने न दें। शिक्षकों से यही आह्वान करूंगा कि इनको और पढ़ाएं साथ ही मोटीवेट करें कुछ अच्छा करने के लिए कुछ बनने के लिए। एक इंसान जो होता है जब उसको सफलता मिलती है तो वह उसकी स्वयं की सफलता होती है लेकिन जब एक शिक्षक को सफलता मिलती तो हजार बार सफलता मिलती है। जब भी शिक्षक का कोई छात्र कुछ बनता है या अच्छा कार्य करता है तो उस वक्त उस शिक्षक को गर्व होता है। मेरे शिक्षक आज भी मुझे टेलीफोन करके बात करते है और उनकी बातों में गर्व का भाव होता है कि हां हमने आपकों पढ़ाया था। आपकी सफलता में हमारा भी हिस्सा है। कार्यकम के अध्यक्ष श्री भूषणलाल ठाकुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अपने जीवन का अनुभव बताते हुए कहा कि हम आज जो भी है वे अपने गुरु के कारण है आज मुझे और मेरे शिक्षकों को भी गर्व होता है कि मैं इस पद पर पहुंचा हूँ। मैंने भी 10 वर्षों तक शिक्षक के रूप में कार्य किया है। इसलिए शिक्षक हमेशा सम्मान के पात्र है और हमें हर स्तर पर उन्हें सम्मान प्रदान करना चाहिए। विशेष अतिथि श्री मनोज कुमार नायक, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड ने बताया कि शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ता है आप सभी को भी अपने शिक्षकों का सम्मान एवं आदर करना चाहिए उनकी कही गयी बातों को अपने जीवन में लाकर ही हम सफलता प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सेवानिवृत्त व्याख्यता श्री तोरणलाल चन्द्राकर एवं कार्यक्रम का संचालन श्री महेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यकम में प्राचार्य श्रीमती विधिका साहू के साथ शिक्षकगण श्री सुरेश कुमार साहू, श्रीमती ईश्वरी कोर्राम, श्री चितेन्द्र कुमार वर्मा, श्रीमती सावता अवस्थी, श्रीमती पूणिमा चीब, श्रीमती निमला राजपूत, सुश्री गारमा शुक्ला, श्रीमती सुरखा देवांगन, श्रीमती ललिता पगारे, श्री प्रभात कुमार साहू, श्री गंगाधर गुरू, श्रीमती झामिन साहू, श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा सिंह, श्रीमती किरण राणा, श्रीमती श्वेता, श्रीमती खिमावती भगत, श्रीमती जितेश्वरी देशमुख, श्रीमती अनिता साहू, श्रीमती गौरी देशमुख, श्रीमती कामिनी झा, श्रीमती अनिता वर्मा जी, श्रीमती सीमा गुप्ता, श्रीमती खुमेश्वरी शर्मा, श्रीमती शैल तिवारी, श्रीमती ममता सिंह, श्रीमती चमन देवी सिंह, श्रीमती बबीता गिरी, श्री सुमीत सोनवानी, श्रीमति लक्ष्मी तिरपुडे, श्रीमति पुष्पलता राजपूत, श्रीमती नमेश्वरी धारगावे, श्री ओमप्रकाश देवांगन, श्रीमती रेणुका यादव, श्री टी.एल. चन्द्राकर, श्री जवाहर लाल देवांगन, श्री भरत सिंह ठाकुर का साल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह के द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह, श्री रमन सिंह राजपूत, श्री सोमेश जैन, श्री नवीन जैन, श्री कृष्ण कुमार तिवारी, श्री पंकज तिवारी, श्री ताम्रध्वज साहू, श्री अश्वनी बांधे, श्री सुखदेव साहू, श्री गजेन्द्र बंजारे श्री उमेश साहू, श्री नोहर साहू, श्रीमती संजना सिंह, श्रीमती लक्ष्मी सोनी, श्रीमती पार्वती साहू, श्रीमती मधु यादव, श्री जितेन्द्र कुमार जंघेल, श्रीमती खिलेश्वरी साहू, श्रीमती किरण साहू, श्रीमती चित्ररेखा साहू एवं शाला के छात्र-छात्राएं साथ ही गणमान्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गितकेरा में सेवानिवृत्त शिक्षकों का हुआ विदाई समारोह

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड पलारी के अंतर्गत संकुल केन्द्रों गितकेरा, गुमा एवं चुचरुंगपुर तीनों के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय हाई स्कूल गितकेरा में शुक्रवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शासकीय प्राथमिक शाला गितकेरा के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रेवाराम नवरंगे तथा शासकीय प्राथमिक शाला गुमा के सेवानिवृत्त प्रधानपाठक नारायण राम वर्मा को ससम्मान विदाई दिया गया। इस कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के.एन. वर्मा, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एन.के. वर्मा, बी.आर.सी.सी., जे.एल. जोशी, नारायण लाल चंद्राकर, यू.आर.ध्रुव, बी. आर. साहू एवं ग्राम पंचायत गितकेरा के सरपंच श्रीमती ओम कुमारी वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्राथमिक शाला के शिक्षकों की भूमिका अति महत्वपूर्ण होती है। बच्चों को आगामी कक्षा के लिए तैयार




करना कोई आसान काम नहीं होता। जिस तरह गीली मिट्टी को कुम्हार आकार देकर उसे मूल्यवान बना देता है, उसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक बच्चो के सर्वांगीण विकास करने में महत्वपूर्ण योगदान करते हुए बच्चों को आगे की कक्षाओं के लिए तैयार करते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों से यह भी कहा कि वे समाज में मर्यादित व्यवहार रखें, ताकि समाज के अन्य लोग आपका अनुकरण कर सके। सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एन.के. वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक विभाग से भले ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, लेकिन समाज से कभी नहीं। वे समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका आजीवन अदा कर सकते हैं। संबोधन की कड़ी में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक नारायण राम वर्मा ने कहा कि समाज से सहयोग लेकर उन्होंने अपनी शाला के विकास हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। सामुदायिक सहभागिता लेकर अपने विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय के रूप में स्थापित करने का प्रयत्न किया। इसी का परिणाम रहा कि वे स्वयं भी मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से सम्मानित हुए। अपने सेवा काल के शैक्षिक अनुभवों को साझा करते हुए उन्होंने कई रोचक बातें कही। इस कार्यक्रम में संकुल के विभिन्न स्कूलों में पदस्थ नव प्रधान पाठकों एवम् पदोन्नत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन भोजराम वर्मा एवं राजेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में सीमा कोसले संकुल प्राचार्य, तीनों संकुल समन्वयक-प्रमोद कुमार साहू, छन्नूलाल साहू, राजेंद्र रात्रे व शिक्षकों में प्यारेलाल वर्मा, टेकराम वर्मा, विष्णु ध्रुव, कुंजबिहारी, नेतराम, एस.एल. अली, दीपेश, मिलित, भिलेश्वर, चूरामन, कमल, संतलाल, हेमलाल, पुनीत राम, मुरलीधर, लखेश्वरी प्रमिला, ममता, कु. लक्ष्मी, पबित, ललिता, राधिका, कु. मनीषा, रमा, सालिकराम, देवचरण, संजय, चौनलाल, विजेन्द्र, कमल, लेखराम, जगमोहन, होरिलाल, गिरीश, सविता वर्मा, संतूराम, थनेश्वर, सुरेश, सीमा वर्मा, विजय ध्रुव, अर्जुनराम, राजेश, दिलीप, दुर्गेश्वर, अर्चना माधव, रामनारायण, धनंजय, मनीष, संतोष आदि के साथ ग्रामीण जन भी उपस्थित थे।

# कसडोल के शिक्षक मुरीत श्रीवास उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शिक्षक प्रतिभा अकादमी कबीरधाम के संयोजन मे छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलो से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस सम्मान मे कसडोल के शिक्षक मुरीत श्रीवास को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा कवर्धा के ऑडिटोरियम हाल में 11 सितंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान कार्यक्रम



मे शिक्षक प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद अकबर व अध्यक्षता ममता चंद्राकर विधायक पंडरिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र गुप्ता कवर्धा के अलावा प्रदेश भर के शिक्षक, शिक्षिकांए सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने गुरु की महिमा का गुणगान करते हुए प्राथमिक शिक्षकों का स्थान शिक्षा जगत में सर्वोपरि बताया। इस कार्यक्रम के संस्थापक एवं संयोजक भरत कुमार डोरे एवं उनके टीम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रदेश के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी गई।

उल्लेखनीय है कि शिक्षक मुरीत श्रीवास ने अपने विद्यालय को पुरे विकासखंड कसडोल में एक अलग पहचान देने, मॉडल स्कूल बनाने व प्राइवेट स्कूल गणवेश जैसे बाह्या वातावरण निर्माण करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। अपने स्कूल के कई निर्माण कार्य में व्यक्तिगत आर्थिक सहयोग देने के साथ-साथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने गरीब बच्चों को स्कूल सामाग्री वितरण करने व समुदाय को शाला परिवार से जोड़ के रखने में श्री श्रीवास ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए बहुत बड़ा योगदान दिया हैं उनके इस कार्य व सम्मान के लिए उसके स्टाफके कमलेश कुमार पैकरा, जगदीश प्रसाद साहू मित्र महादेव जायसवाल, राजेंद्र पैकरा, योगेश्वर साहू, सुनीता जायसवाल इत्यादि लोगों ने शुभकामनाएं दी है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को तीज त्यौहार के पहले दी बड़ी तोहफा: द्वारिकाधीश यादव

**बागबाहरा,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को प्रदेश के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को आयु में 62 से बढ़ाकर 65 वर्ष कर तीज त्यौहार के पहले महिलाओं को एक बहुत बड़ी तोहफा दिया है। जिससे प्रदेश की महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। आंगनबाड़ी में नौकरी कर रहे कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के सेवानिवृत्ति में आयुसीमा में तीन साल की वृद्धि कर मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेश की महिलाओं को सशक्त एवं ऊर्जावान बनाने का एक ठोस पहल किया है। वहीं मुख्यमंत्री बघेल ने आंगनबाड़ी के 50 प्रतिशत रिक्त पदों पर आंगनबाड़ी के सहायिकाओं के पद पर भर्ती करने एवं भर्ती के लिए सहायिकाओं के 10 वर्ष के अनुभव को 5 वर्ष कर महिलाओं के हित में तीज त्यौहार के पूर्व एक ऐतिहासिक कदम लिया है। जिससे छत्तीसगढ़ की महिलाएं खुशहाल एवं प्रसन्नचित्त हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिए गए इस ऐतिहासिक सकारात्मक महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं खल्लारी क्षेत्र के लोकप्रिय युवा विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया है।



संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक श्री यादव ने कहा कि जब तक छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है, तब तक पूरा भरोसा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के महिलाओं, किसानों, युवाओं, मजदूरों, छात्र-छात्राओं, दिव्यांगों, अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधियों के लिए बहुत कुछ प्रशंसनीय कार्य किया है। जिससे सभी वर्ग के लोग खुश हैं। छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार ने हमेशा प्रदेश की जनता को खुशहाल रखने का भरपूर प्रयास किया है। कांग्रेस सरकार ने साढ़े चार साल में छत्तीसगढ़ का कायाकल्प कर दिया है। चारों तरफ विकास की गंगा बह रही है। ढेर सारी जनकल्याणकारी योजनाएं प्रदेश में संचालित है। जिससे लोगों को अच्छा खासा लाभ मिल रहा है। इसके पूर्व 15 सालों तक लगातार छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार रही। लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के सरकार ने प्रदेशवासियों के लिए कुछ नहीं किया। प्रदेश में जनकल्याणकारी एवं विकास कार्यों की गति पूरी तरह ठप्प रही। जनता विकास के लिए तरसती रही। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता सत्ता में रहते हुए अपनी जेबे गरम करती रही। उन्होंने कभी किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं छात्र-छात्राओं का हित नहीं किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत जिला पंचायत सभापति एवं कांग्रेसनेत्री श्रीमती बसंता ठाकुर, शहर कांग्रेस कमेटी बागबाहरा के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हीरा सेतराम बघेल, महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री दुर्गा सागर, पार्षद मंताराम यादव, आशाराम बांधे, एल्डरमैन नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, ग्राम पंचायत खुर्सीपार के सरपंच दिलीप चक्रधारी, ग्राम पंचायत करहीडीह के सरपंच खेमराज ठाकुर, ग्राम पंचायत खट्टी की सरपंच श्रीमती मीना बाई तीरथ राम पटेल, ग्राम पंचायत घोयनाबाहरा की सरपंच श्रीमती सविता युवराज ठाकुर, ग्राम पंचायत कमरौद की सरपंच श्रीमती प्रेमीन बाई तातू राम ध्रुव आदि ने किया है।

# बागबाहरा में कांग्रेस के लोकसभा पर्यवेक्षक ने कार्यकर्ताओं को दी चुनाव में जीतने का मंत्र

**बागबाहरा,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पर्यवेक्षक मनमोहन कटोच खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने सुबह खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायिक नगर बागबाहरा के सांस्कृतिक भवन में पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की दिनभर कड़ी बैठक लेकर चुनाव में जीतने का गुर सीखाया। वहीं उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश, ऊर्जा एवं शक्ति प्रदान कर हर हालत में विधानसभा चुनाव जीताने के तरीके बताए। बागबाहरा पहुंचकर उन्होंने सर्वप्रथम जहां खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक ली।बैठक के दौरान संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने की अपील की है। साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस लेने की बात कही है। बागबाहरा के सांस्कृतिक भवन में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी मनमोहन कटोच ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनाव की कमान संभालने के लिए आह्वान करते हुए कहा कि पिछली बार की भांति इस बार भी अधिक से अधिक मतों के साथ कांग्रेस पार्टी के द्वारा घोषित प्रत्याशी को जीताकर राजधानी भेजना है। ताकि छत्तीसगढ़ में संपूर्ण बहुमत के साथ कांग्रेस पार्टी की स्पष्ट सरकार बन सके। बैठक के पश्चात लोकसभा प्रभारी श्री कटोच ने कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता व पदाधिकारी से एक ङ्क एक करके भेंट की। तथा कार्यकर्ताओं की मनोदशा का आंकलन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित महेंद्र चंद्राकर, उषा पटेल, मोहित ध्रुव, केशव चंद्राकर, भूपेंद्र ठाकुर, रवि निषाद, संतोष पटेल, करण दीवान, बसंता ठाकुर, दुर्गा सागर, ताम्रध्वज बघेल, रामेश्वर चक्रधारी, लखबीर छाबड़ा, मनमोहन ठाकुर, राजेश सोनी, जयंतीलाल चंद्राकर, उत्तम शर्मा, गणेश शर्मा, भक्त राम मांझी, फूलसिंह ध्रुव, बालेश साहू, टेनूराम साहू, चंद्रहास साहू, फिरोज़ मेमन, देवेश साहू, शहजान पाशा,पवन चंद्राकर, तारेश साहू, मोहन कुलदीप, एडिशन ठाकुर, मनोज चन्द्राकर,देवनाथ साहू, ओमप्रकाश साहू, शंकरलाल कौशिक, घसनीन यादव, मोहन पटेल, जगन पटेल, नवनीत नाग, रवि शंकर यादव, मोहित साहू, धनराज चंद्राकर, दिनेश मांगते, रिंकू चंद्राकर ,समालिया यादव, ललित नारंग, चंदूलाल साहू, ताम्रध्वज साहू, राजेश त्रिपाठी, सुनील तांडी, सेवती ध्रुव, डुमरौतीन ठाकुर, अंजोर ठाकुर, कांति प्रसाद तिवारी, मंता राम यादव, कोमल महानंद, लखन बघेल, बंसी चंद्राकर ,मनोहर पटेल, अभिषेक चंद्राकर, नोखेलाल ध्रुव ,लोकेश दीवान, भुवन लाल साहू, शिव प्रसाद उपाध्याय, राजेंद्र शर्मा, कुमार ढीढ़ी सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश, जिला एवं विकासखंड स्तरीय प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थें। इस कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया।



# नर्रा क्षेत्र के स्कूलों में कबाड़ से जुगाड़ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**बागबाहरा,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ एवं च्जि प्रतियोगिता का आयोजन संकुल केंद्र नर्रा में शुक्रवार को विकास खंड स्त्रोत समन्वयक केवलराम टंडन, संकुल प्रभारी सुबोध कुमार तिवारी, नर्रा संकुल समन्वयक खगेश्वर साहनी, परसुली संकुल समन्वयक भारत सिंह ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। इस प्रतियोगिता में नर्रा , परसुली एवं बोईरगांव संकुल के प्राथमिक



एवं पूर्व माध्यमिक शाला के छात्रो ने भाग लिया। वही गणित एवं विज्ञान के अनेक प्रकार के मॉडलों का प्रदर्शन किया गया । प्राथमिक शाला से गणित मॉडल में प्रथम पुरस्कार बिंद्रावन स्कूल से दिशा, द्वितीय कोमल एवं शालिनी, तृतीय पंडरीपानी स्कूल से राकेश और विज्ञान मॉडल में प्रथम पुरस्कार बिंद्रावन से सुमन एवं जागृति, द्वितीय नर्रा से वीरेंद्र तृतीय, परसुली से कुंदन 7 प्राथमिक स्तर में गणित मॉडल में लोंदामुंडा से रीना, द्वितीय बालक नर्रा से कृष, तृतीय परकोम से एकता, विज्ञान मॉडल में प्रथम कोकड़ी से दामिनी पटेल, द्वितीय बिंद्रावन से आर्या ठाकुर, तृतीय नक्टापार से संजना पांडे । च्जि प्रतियोगिता में प्रथम नर्रा से युवराज पटेल, द्वितीय वीरेंद्र पटेल, तृतीय धारिणी विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया 7 इस मौके पर संकुल प्रभारी सुबोध तिवारी द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं कबाड़ से जुगाड़ के संबंध एवं अटल टिंकरिंग लैब के संबंध में बच्चों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बीआरसी केवल राम टंडन के द्वारा कबाड़ से जुगाड़ रूम टू रीड वीरगाथा आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से बच्चो को जानकारी दिया । इस प्रतियोगिता के अंतर्गत विजेता छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर शिक्षकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राम प्रसाद साहू ने किया । इस अवसर पर नर्रा, बोईरगांव एवं परसुली तीनों संकुल के शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पांडे, भारत सिंह ठाकुर, गेंदलाल यादव,रामप्रसाद साहू, वैशाली ब्यौहार, शिव पांडे, पीतांबर दीवान, सेतराम राणा, सेवाराम बेलदार, श्रवण ठाकुर, नोमेश यादव, डिगम साहू ,अशोक बरिहा आदि उपस्थित थें।

# शा महाविद्यालय में नये स्वयंसेवको के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम

**सरायपाली,** 17 सितंबर (देशबंधु )राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य एवं महिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की रुपरेखा कार्यक्रम अधिकारी यूके बरिहा और प्राची गुप्ता के निर्देशन में किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक डॉ.पी.साहू, अध्यक्षता विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. संध्या भोई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक प्राध्यापक गणित राज किशोर पटेल मंचासीन थे। सर्वप्रथम विद्या की देवी सरस्वती एवं प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।सरस्वती वंदना की प्रस्तुति अर्पिता कर एवं लक्ष्य गीत की प्रस्तुति राजेश्वरी बारिक के द्वारा किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के गतिविधियों के बारे में संक्षिप्त विवरण सामान्य इकाई के दलनायक सेत कुमार कोसरिया के द्वारा किया गया ।विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजमान राज किशोर पटेल ने कहा कि जीवन में अनुशासन एवं समय महत्वपूर्ण होता है, किसी भी चीज को प्राप्त करना चाहते हैं तो पूरी तैयारी एवं जी जान लगाकर कर्म करना चाहिए, नकारात्मक चीजों को त्याग कर अच्छे विचारों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा स्वामी विवेकानंद और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम उनके जीवन के आदर्श हैं ,उन्हीं के विचारों और



सिध्दांतों को आत्मसात करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विभागाध्यक्ष हिंदी डॉ. संध्या भोई ने कहा-जीवन में शब्दों का बड़ा ही महत्व होता है,उन शब्दों को समझने एवं जानने का प्रयास करें। ज्ञान की सारी चीज़ें हमारे आसपास मौजूद है, समय बहुत कम है जितनी जल्दी से जल्दी सीखोगे लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हो। माता-पिता के द्वारा बच्चों को साहस प्रदान किया जाता है ,ऐसा कार्य करें जिससे कि माता-पिता का सर गर्व से ऊंचा हो ।गुरु बीज डालता है ,वह बीज एक विशाल वृक्ष का रूप धारण कर फल और शीतलता से वातावरण को शुद्ध एवं पवित्र करता है ।रामकृष्ण परमहंस ने स्वामी विवेकानंद पर बीज का ऐसा विराट स्वरूप प्रदान किया कि वह विश्व धर्म संसद में भारत की संस्कृति एवं ज्ञान को आलोकित किये। गुरु की महिमा उनके द्वारा बताया गया ज्ञान जीवन को नई दिशा प्रदान करता है तथा दशा को सुधारने का कार्य करता है। अत: हमें सीखने के लिए जो भी अवसर प्राप्त होता है उसका सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ.पी. साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अभिमुखीकरण कार्यक्रम के संबंध में बताये कि युवा वर्ग की मानसिकता को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों में आगे बढ़ना ही राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य है ।जिस प्रकार से हंस खीर और नीर को अलग कर देता है, वैसा ही ज्ञान गुरु के सानिध्य में प्राप्त होता है ।वर्तमान युग अंधानुकरण की ओर ले जा रहा है ,जहां दुख ही दुख का मिलेगा ।आज लोगों के पास गाड़ी और कार से जीवन को सुविधा प्रदान किया जा रहा है लेकिन जीवन जीने के लिए हमको संस्कार चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करता है ,सामाजिक सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का अवसर प्राप्त होता है, हारे हुए मन को उत्साह की ओर ले जाता है। जहां जीवन में विवेक है वहां आनंद ही आनंद है ,हमारा विवेक शून्यता की ओर जाने पर पतन होना अवश्यंभावी है। उन्होंने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से सारगर्भित उदाहरण प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय सेवा योजना सीखाता है कि असफलताओं के बीच में ही सफलता के फूल खिलते हैं। अत: किसी भी कार्य में निराश न होकर निरंतर कर्तव्य पथ पर बढ़ते रहना चाहिए ।राष्ट्रीय सेवा योजना सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारी यू के बरिहा ने भी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के गतिविधियों सिद्धांतों एवं स्वामी विवेकानंद के आदर्श को अपने पर जोर दिया तथा एक सशक्त एवं ज्ञान से परिपूर्ण भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए अपील किया। इस कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक अर्पिता कर एवं नमेश कुमार डडसेना के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन सामान्य इकाई के कार्यक्रम अधिकारियों यूके बरिहा ने किया ।इस अवसर पर महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्राची गुप्ता, सहायक प्राध्यापक हेमलता पटेल, पीतांबर बाघ, सामान्य इकाई के दलनायक सेतकुमार कोसरिया,उपदलनायक भूपेंद्र सिंह, महिला इकाई के दलनायक पूजा बाघ ,उप दलनायक शिवानी सिन्हा, कैंपस एंबेसडर सिंधु जगत, शिविर संगठक राहुल चौहान एवं मेघा दास, सविता भोई, हेमलता पटेल सहित बड़ी संख्या में दोनों इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर ने ली बैठक

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। भाजपा की विजय परिवर्तन यात्रा की जानकारी देते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने बताया कि 12 सितंबर को दंतेश्वरी मंदिर माता का आशीर्वाद लेकर यात्रा प्रारंभ किया गया। यात्रा पूरे छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुजरेगी, यात्रा के प्रभारी भाजपा के वरिष्ट नेता डॉ रमन सिंह एवं सह प्रभारी प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के नेतृत्व में परिवर्तन यात्रा प्रारंभ की गई। परिवर्तन यात्रा विभिन्न जिलों के विभिन्न विधानसभा से गुजरते हुए 24 सितंबर को बसना पहुंचेगी जहां स्वागत सभा का आयोजन है, पिथौरा में रात्रि विश्राम कर 25 सितंबर को सुबह 10 बजे पिथौरा से कसडोल विधानसभा के लिए रवाना होगी जहां बिलाईगढ़ विधानसभा के बया में स्वागत सभा का आयोजन है, बया से कसडोल विधानसभा में प्रवेश करते ही बरघाट से एक हजार मोटर साइकिल से रैली के रूप में कसडोल नगर प्रवेश करेगी। समन्वय समिति में महासमुंद जिले से रूप कुमारी चौधरी, बिलाईगढ़ से सुभाष जालान, कसडोल से सनम जांगड़े है।

ज्ञात हो कि गौरीशंकर अग्रवाल को



**भ्रष्टाचार में लिप्त है कांग्रेस की सरकार :अग्रवाल**

यात्रा के 14 दिनों का दायित्व मिला है जिसमें प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय राव साथ में रहेंगे। बया से कसडोल के बीच जगह जगह परिवर्तन यात्रा के स्वागत किया जायेगा और 12 बजे कसडोल में बड़ी आमसभा होगी। जहां करीब 10 हजार से भी अधिक लोगों के आने के संभावना है। इन सभी कार्यों के लिए माडल के सभी प्रकोष्ठों और पदाधिकारियों में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल सहित कार्यकर्ताओं को अलग अलग दायित्व सौंपा गया है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को ठगकर भ्रष्टाचार में लिप्त कांग्रेस की सरकार किसानों को वर्मी कमपोष्ट के नाम पर मिट्टी युक्त खाद लेने पर मजबूर किया जा रहा है। वही रासायनिक खाद का कृत्रिम संकट पैदा कर व्यापारियों को लाभ पहुंचाया है इसी तरह प्रदेश के दैनिक कर्मचारी, सविदा कर्मचारी, शिक्षक कर्मचारियों को नियमित करने की वायदा को भुला दिया साथ ही छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराब बंदी का वायदा किया था वह तो हुआ नही बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के गांव गली कूंचे में अवैध शराब का कारोबार बेखौफचलने लगा है। उन्होंने कहा कि चाकू बाजी की घटना, बलात्कार, छेड़छाड़, जुआ सट्टा इनके कार्यकाल में फूल फल रही है। वही रेत माफियाओ द्वारा बेखौफउत्खन और परिवहन किया जा रहा है जिसे स्थानीय नेताओं का सरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि अटल जी के सपनो का छत्तीसगढ़ को रमन सिंह ने तेज गति से प्रारंभ किया था लेकिन कांग्रेस के सरकार के मुखिया न केवल विधायक और गांव स्तर के नेता अपनी मन मर्जी काम करने का धौंस देकर काम कराने में लिप्त हैं। भाजपा के विधानसभा कसडोल के पर्यवेक्षक पश्चिम बंगाल के विधायक डा अजय पोद्दार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में परिवर्तन की लहर है जहां सरकार के भ्रष्टाचार से लोग त्रस्त है उन्होंने सरपंच लोगों का काम ठेकेदारों से करा रही हैं जिसमे खुलकर बंदर बांट किया है जिसके कारण भारत के इतिहास में यह पहला राज्य है जहां सरकार के विरोध में सरपंचों को आंदोलन करना पड़ रहा है।

# हिन्दी राजभाषा ही नहीं जनसंपर्क भाषा भी है

**सरायपाली** 17 सितंबर( देशबंधु)शासकीय हाई स्कूल रोहिना में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। हिंदी भाषा की उपदेयता एवं हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता विषय पर शिक्षक एवं छात्रों ने अपने विचार प्रकट किये। व्याख्याता कमलेश साहू ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली तीसरी बड़ी भाषा है। हिंदी संस्कृत से उत्पन्न होकर पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, खड़ीबोली होते हुए राजभाषा के रूप में 14 सितंबर 1949 को स्थापित हुई है। हिंदी राजभाषा ही नहीं बल्कि जनसंपर्क भाषा भी है। इस भाषा से हम अपने भावों को सहज एवं सरल रूप से अभिव्यक्त कर पाते हैं। प्राचार्य एके जायसवाल ने कहा हिंदी अन्य भाषा के शब्दों को अपने में समाहित करने के कारण एक लोकप्रिय भाषा मानी जाती है। हिंदी भारत में सर्वाधिक बोली जाने वाली एक वैज्ञानिक भाषा है। जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है और जो लिखा जाता है वही पढ़ा जाता है। एके पटेल ने कहा कि हिंदी एक समृद्धशाली भाषा है। अंग्रेजी में मूल शब्द करीब 10 हजार है तो हिंदी शब्दकोश में करीब ढाई लाख शब्द मौजूद हैं। एक-एक शब्द के कई पर्यायवाची शब्द मौजूद है। एस के पटेल ने कहा कि हिंदी भाषा में जितनी पकड़ मजबूत होगी उतनी ही दूसरे विषय को समझ पाएंगे। इस अवसर पर छात्रा दिव्या, प्रेमादिनी, टिंकल, प्रिया, जागृति, कामिनी, सिंधु, सुमित्रा, रोशन, धनेश, प्रियंका, खुशबू, दिव्या राणा ने गीत भाषण प्रस्तुत किये ।इस अवसर पर हिंदी व्याख्याता कमलेश साहू ने छात्रों को स्कूल परिसर में हिंदी में ही बात करने के लिए प्रेरित किया गया। छात्रों ने आपस में हिंदी में ही बात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रधान पाठक टीआर पटेल, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, एसआर साहू कन्हैया बरिहा सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छात्र नीता जगत एवं आभार व्यक्त दिव्या गंधेल ने की।



**श्री मद्भागवत् सप्ताह 24 तक**

**पिथौरा,** 17 सितंबर। अग्रसेन भवन पिथौरा में चिड़िया वाला गर्ग परिवार द्वारा आयोजित श्री मद भागवत सप्ताह का शुभारंभ आज से। 17 से 24 सितंबर तक चलने वाले श्री मद भागवत कथा का वाचन पंडित हरिवल्लभशरण जी महाराज वृंदावन वाले करेंगे।



# लौटे निलंबित स्वास्थ्य कर्मियों को तीन दिन बाद भी नहीं मिली ज्वाइनिंग

**गरियाबंद,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित होने के बाद काम में लौटे जिले के 98 निलंबित स्वास्थ्यकर्मियों को तीन बाद भी ज्वाइनिंग नहीं मिली। कलेक्टर और स्वास्थ्य विभाग ने भी दो टूक कह दिया है कि जब तक शासन से आदेश नहीं मिलता तब तक वे इंतजार कर रहे। ज्वाइनिंग नहीं मिलेगी। इसके चलते अब निलंबित स्वास्थ्यकर्मी आदेश आने तक घर में बैठे इंतजार करेंगे।

इधर, गुरुवार को दिनभर भारी बारिश के बीच स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर के बाहर ज्वाइनिंग के लिए इंतजार करते रहे गैर निलम्बित स्वास्थ्यकर्मियों ने शुक्रवार को बीएमओ को उपस्थिति देकर फिर से ड्यूटी ज्वाइन कर ली। गुरुवार को उनकी सारी कोशिश नाकाम रही। जिला स्तर से उन्हें विधिवत ज्वाइनिंग नहीं मिली।

**स्वास्थ्य विभाग की दो टूक, आदेश आने तक नहीं मिलेगी ज्वाइनिंग**

इसके पहले स्वास्थ्य कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित होने के बाद गरियाबंद जिले के स्वास्थ्य विभाग में अफसरों और काम में वापस लौटे हड़ताली स्वास्थ्य कर्मचारियों के बीच जबर्दस्त सियासी ड्रामा देखने को मिला। हड़ताल स्थगन के बाद स्वास्थ्यकर्मी गुरुवार से वापस काम में तो लौटे लेकिन जिले के स्वास्थ्य विभाग ने हड़ताली स्वास्थ्यकर्मियों को पूरे दिन ज्वाइनिंग ही नही दी। दिनभर स्वास्थ्यकर्मी भारी बारिश के बीच अफसर के आने का इंतजार करते रहे। वहीं जिम्मेदार अफसर है कि उनसे बात तक करने तैयार ही नहीं हुए। उल्टा पूरा दिन दफ्तर से नदारत रहे। बताया जाता है कि हड़ताल से क्षुब्ध सीएमएचओ और विभाग के उच्च अधिकारी ही उन्हे ज्वाइनिंग देना चाहते थे।जब बात मीडिया तक पहुंची तब देर रात 8 बजे बीएमओ के माध्यम से ब्लॉक स्तर में ज्वाइनिंग करने कहा गया। जिले स्तर में न सूचना स्वीकार की और न ही ज्वाइनिंग ली। इन सब के चलते जिले में स्वास्थ्य विभाग की जमकर किरकिरी हुई।

ज्ञात हो की बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आश्वासन के बाद स्वास्थ्य फेडरेशन ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित कर दी थी। गुरुवार से प्रदेशभर के हड़ताली स्वास्थ्यकर्मी काम में लौट आए है और ज्वाइनिंग भी ले ली। वहीं इसके उलट गुरुवार सुबह जब गरियाबंद जिले के हड़ताली स्वास्थ्यकर्मी वापस काम में लौटे तो स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें ज्वाइनिंग ही नही दी। भारी बारिश के बीच स्वास्थ्य कर्मचारी पूरे दिन दफ्तर के बाहर खड़े खड़े अफसर के आने का इंतेजार करते रहे। फोन भी किया लेकिन अफसर ने फोन ही रिसीव नहीं किया। कर्मचारियों ने उच्च अमले से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहें। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने तो सीधा आरोप लगाया कि जिला स्वास्थ्य अधिकारी जानबूझ कर परेशान कर रहें है। कारण कि न वे सुबह से दफ्तर आए हैं और न ही किसी भी कर्मचारी का फोन उठाये। यहां तक हड़ताल स्थगन की सूचना के बाद भी दफ्तर में या स्थापना शाखा में किसी प्रकार का निर्देश उन्होंने दिया। इधर, निलंबित कर्मचारी दूसरे दिन शुक्रवार को भी हड़ताली स्वास्थ्यकर्मी सुबह से स्वास्थ्य विभाग के दफ्तर के बाहर डटे रहें। लेकिन जिम्मेदार अफसर है कि न दफ्तर पहुंचे और न हीं किसी तरह की बात की। दोपहर बाद थक हार कर कर्मचारियों ने कलेक्टर आकाश छिकारा की ओर रुख किया। लेकिन कलेक्टर भी इतना ही कहा की शासन से आदेश आने का इंतजार करें।

# सिहावा विस जितना है तो कांग्रेस से बनाए उमेश देव को उम्मीदवार : मोहन चक्रधारी

**मगरलोड,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। यूं तो छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव 2023 का बिगुल बच चुका है और कांग्रेस बीजेपी सिहावा विधानसभा को अपने-अपनी झोली में डालने कमर कसने लगा है सिहावा विधानसभा क्षेत्र 56 सदाबहार वनों से अच्छादित आदिवासी बहुल क्षेत्र के साथ वर्तमान में कांग्रेस के शासनकाल में विकास की बढ़ती धारा को प्रवाह मान करने उसे और गतिशील बनाने सिहावा श्रृंगी ऋषि के तपोवन क्षेत्र में अपनी निरंतर क्षेत्र की जनता जनार्दन की सेवा भावी रहे वर्तमान में दो बार लगातार जनपद सदस्य जनपद पंचायत नगरी के रतावा जनपद क्षेत्र के 90 फीसदी वोट हासिल कर कांग्रेस के जन नेता के रूप में अमित छाप छोड़ने वाले पत्नी रतावा की सरपंच के रूप में सेवा देने वाली सिहावा विधानसभा क्षेत्र में अपनी सरल सहज मृदु भाषी आम जनताओ के मन में बसने वाले तथा मजदूर वर्ग, किसान वर्ग, गरीब वर्ग, आदिवासियों, छोटे व्यापारियों, स्थानीय कर्मचारी के दिलों में राज करने वाले उमेश देव सिहावा विधानसभा क्षेत्र में लगातार सेवा देने से लोकप्रियता बढ़ने लगी है।



सिहावा विधानसभा क्षेत्र रतावा में लगातार दूसरी बार जनपद सदस्य कांग्रेस की लोकप्रिय नेता के रूप में उमेश देव की कार्यशैली मिलनसार सरल सहज स्वभाव से भाजपा के नेताओं को भी सोचने पर विवश कर दिया है सिहावा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 56 में भाजपा से उम्मीदवार तय किया जा चुका है वहीं कांग्रेस में लगातार कई नेताओं का उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है जिसमें सिहावा विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय निवासी पारिवारिक कांग्रेसी पृष्ठभूमि व वर्तमान में दूसरी बार जनपद सदस्य और नगरी जनपद पंचायत के कृषि सभापति उमेश देव किसी परिचय के सिहावा विधानसभा में मोहताज नहीं है वर्तमान स्थिति पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का मनोबल बना हुआ है जिसमें सिहावा विधानसभा क्षेत्र में लगातार नया चेहरा का मांग कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है सिहावा विधानसभा चुनाव 2023 के लिए अगर कांग्रेस से उम्मीदवार बनाने की बात हो तो कार्यकर्ताओं का पहली प्राथमिकता उमेश देव जैसे कर्मठ कांग्रेसियों का नाम सामने आया है सरल सहज उच्च शिक्षित मृदु भाषी जुझारू कर्मठ कांग्रेसी सरल व्यक्तित्व के धनी उमेश देव पर आम जानतओ की भी सहमति बनी हुई है कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान जरूरी है वर्तमान में उमेश देव की कर्मठता व सहजता व उनकी सक्रियता को देख कर आम जनताओ ने कांग्रेस की युवा व कर्मठ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस उम्मीदवार बनाने की मांग कर रहे हैं जिससे यह सीट कांग्रेस का बरकरार रहे ऐसे भी उमेश देव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उपमुख्यमंत्री बाबा टी एस सिंहदेव की करीबी माने जाते हैं सिहावा विधानसभा क्षेत्र के कई लोक कल्याणकारी कार्यों को लाने व कराने में क्षेत्रीय कांग्रेस नेता उमेश देव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है उमेश देव को जनमानस की सेवा करने व राजनीति की सीख पिता से मिला है और जमीनी स्तर के कांग्रेस कार्यकर्ता उसे माने जाते हैं लगातार जनहितैसी कार्य उसके क्षेत्र में कार्य उसके पिता के तीन चार बार सरपंच बनने के दौरान कराया गया वर्तमान में वह खुद नगरी जनपद में सभापति के बतौर जमीनी स्तर पर घूम कर आम जानतओ की समस्याओं को निराकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान स्थिति पर जनमानस के नजरों में उमेश देव की क्षेत्र के विकास के लिए कांग्रेस उम्मीदवार बनाने की मांग कार्यकर्ताओं के साथ आम जनता भी कर रहे हैं। वैसे संकल्प शिविर, नगरी रामायण आयोजन के दिन भी उमेश देव की बात मीडिया के साथ कई कांग्रेसी नेता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने रखी है विधानसभा को जिताना है तो उमेश देव पर विश्वास कर उस पर अपना सहमति कांग्रेस हाई कमान को देने की भी बात कही गई जिससे कि क्षेत्र की विकास की धारा के साथ एक सरल सहज मृदु भासी आम कार्यकर्ताओं में अपना जगह बनाने वाले को मौका मिले वैसे वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं जिसमें मगरलोड नगरी बेलरगांव सिंगपुर मारागांव मोहेरा खिसोरा सहित सुदूर वनांचल क्षेत्र के लोगों के भी चिर परिचित है उमेश देव। वर्तमान में सर्व आदिवासी समाज नगरी का दूसरा कार्यकाल बखूबी से उमेश देव निभा रहे हैं।

# अमेरा में विश्वकर्मा पूजा आयोजित



**अमेरा/बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर सहित ग्रामींण क्षेत्र में भी विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर निर्माण कार्य ठेकेदारों द्वारा विभिन्न स्थानों में पूजा अर्चना पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार ग्राम अमेरा में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। दर्रीपारा सरस्वती चौक में भक्तों द्वारा विश्वकर्मा भगवान की मुर्ती स्थापित किया गया। वहीं घर घर में पूजा अर्चना किया गया। इसके अतिरिक्त शिल्प काम में आने वाले विभिन्न प्रकार के उपकरणों का पूजा किया गया। भगवान विश्वकर्मा को संसार के रचयिता और देवताओं का गुरू शिल्पकार माना जाता है। इस दौरान चेतन साहू ठेकेदार, भुनेश्वर साहू, गुलाल साहू, जगजीवन साहू, संतोष साहू, मनी यादव, घनस्याम ध्रुव, सुकदेव साहू, नेतराम फेकर, हेमू फेकर, रामधन फेकर, लाकेश यादव, सोनू साहू, परमेश्वर साहू, मंशा फेकर, गोलू, लल्लू, भूषण साहू अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

# शिवा आईटीआई में दीक्षांत समारोह

**पिथौरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। शिवा आईटीआई पिथौरा में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कोपा तथा विद्युतकार ट्रेड के विभिन्न भूतपूर्व छात्रों को नेशनल ट्रेड सर्टिफिकेट (एन टी सी ) प्रदान किया गया दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष स्वप्लिल तिवारी अध्यक्षता रिटायर्ड शिक्षक जी आर टंडन विसिष्ठ अतिथि समाज सेवी पी सी सामंत राय व युवा व्यवसायी संजय गोयल बतौर अतिथि उपस्थित थे।, मुख्य अतिथि के आशंदी से श्रमजीवी पत्रकार संघ के ज़िला अध्यक्ष स्वप्लिल तिवारी ने सभी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओ को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाये देते हुवे कहा की इस दिन कि स्मृति आपके जीवन यात्रा के सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहेगी। लेकिन सिर्फ़ डिग्री प्राप्त कर लेना पर्याप्त नहीं है इस आधुनिक दौर में प्रतिदिन हर क्षेत्र में नया अपडेट आ रहा है तो हमे अपने अपने कार्य क्षेत्रों में डटकर कार्य करना होगा।आज उपाधि प्राप्त करने के बाद आप सबकी ज़िम्मेदारी और बढ़ गयी हैं आप सब जहां भी जिस भी क्षेत्र में जाये उस कार्य को बहुत निष्ठा से करे तभी आपकी शिक्षा सार्थक होगी। आप अपने ज्ञान से समाज व क्षेत्र को लाभान्वित करेंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सेवानिवृत्त शिक्षक जी आर टंडन ने कहा की मैं आप सबको बधाई देता हूँ आप सबका सपना साकार हुवा है आपकी शिक्षा में आप सबकी सहायता करने वाले माता पिता और अभिभावकों व शिक्षकों को भी मैं बधाई देता हूँ जो आपकी सफलता में ही अपनी खुशी देखते है। कामिनी चौहान तथा मयंक सिन्हा ने क्रमश: कोपा तथा विद्युतकार में प्रथम स्थान प्राप्त किया मंच का संचालन संस्थान के अधीक्षक अनुराग रावल तथा चंद्र प्रकाश चंद्राकर ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के प्रबंधक श्योगेश्वर डडसेना पवन अग्रवाल तेजाप्रताप पटेल, रंजना ठाकुर, संतोष साहू, किशन साहू, मनीष बसंत, कोमल सभी अन्य स्टाफ उपस्थित थे।




# पलारी महाविद्यालय में मनाया गया हिन्दी दिवस



**पलारी/ बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में हिन्दी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात रचनादायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र में दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात् हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष एल.एन.जलहरे, महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आत्मा राम वर्मा, तुलसी पैकरा, ने हिन्दी दिवस के आयोजन के संबंध में छात्र छात्राओं के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आत्मा राम वर्मा हिन्दी दिवस आयोजन के लिए महाविद्यालय को शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी बिरेन्द्र कुमार खरे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन लकेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ईशाज्ञा मेश्राम, अतिथि व्याख्याता डॉ. कंचन गिलहरे, त्रैयम्बिका साहू, प्रियंका वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक दीपक कुमार वर्मा गेंदराम धीवर योगेश, अजय, किशन, सुरेन्द्र, नवीन सत्यप्रकाश, मनीषा वर्मा, दीपिका, पुनेश्वर एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए।

## सार-संक्षेप

### उप संचालक कृषि में विभिन्न पदों के लिए पात्र व अपात्र सूची का प्रकाशन, दावा आपत्ति 21 तक

**गरियाबंद,** 16 सितंबर। कार्यालय उप संचालक कृषि अंतर्गत तकनीकी विशेषज्ञ, लेखापाल, जलग्रहण विकास दल (यांत्रिकी) जलग्रहण विकास दल (आजीविका) एवं जलग्रहण विकास दल (समूह विकास) के रिक्त पदों (संविदा) हेतु आए आवेदनों के परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। दावा आपत्ति के लिए 21 सितंबर की तिथि निर्धारित की गई है। उप संचालक ने बताया कि सूची का अवलोकन जिला गरियाबंद के वेबसाइट एवम कार्यालय के सूचना पटल में किया जा सकता है। जिसमें आवेदकों के नाम, पिता का नाम, जाति, जन्मतिथि, निवास, लिंग, शैक्षणिक योग्यता आदि उल्लेखित है। दावा आपत्ति हेतु आवेदक 21 सितंबर शाम 5 बजे तक (शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर) स्वयं उपस्थित होकर मय संबंधित दस्तावेज सहित कार्यालय उप संचालक कृषि गरियाबंद में आवेदन कर सकते है।

# भाजपा में प्रत्याशी नहीं, केवल फूल होता है चुनाव चिन्ह... बोले पश्चिम बंगाल से आए प्रवासी विधायक

**बिलाईगढ़,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ़ में पश्चिम बंगाल से आय भाजपा केंद्रीय प्रवासी विधायक नदियार चंद बौरी 7 दिन के प्रवास पर बिलाईगढ़ विधानसभा आए है। इसी बीच उन्होंने शनिवार की सुबह मंडल बिलाईगढ़ की बैठक पूर्व प्रेस वार्ता का आयोजन किया। वही भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेश साहू ने प्रवासी विधायक का शाल श्रीफल से सम्मानित किया। मंडल कार्यक्रम प्रभारी रामनारायण देवांगन व प्रेस वार्ता प्रभारी खूबचंद मिरी के उपस्थिति में विधायक बोरा ने वार्ता के दौरान पार्टी के कार्यक्रमों के तहत 7 दिनों का लेखा जोखा रखा।

**7 दिन के प्रवास में 8 कार्यक्रम**

साहू भवन बिलाईगढ़ में शनिवार की सुबह को वह मीडिया से रूबरू हुए। इससे पहले उन्होंने पिछले 7 दिनों से भाजपा पार्टी के कार्यक्रम का क्रियान्वन भी किया। पश्चिम बंगाल के पोडा विधायक की बिलाईगढ़ विधानसभा से प्रवासी के रूप में आए नादियार चंद बौरी ने में मीडिया से प्रेस वार्ता की।

प्रेस वार्ता के दौरान उन्होने इस क्षेत्र की सबसे बड़ा मुद्दा रोड की खराब जर्जर स्थिति यहा की रोड ज्यादातर गड्ढों में तब्दील हो गए है। बिजली से आम जनता को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है बिजली अचानक गोल हो जाती है और घंटों गायब रहती है। अन्य क्षेत्रो में तो बिजली ही नहीं पहुंच पाई है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार, क्षेत्रिय विधायक की वादाखिलाफी, तानाशाही, अवैध वसुली शराब, जुआ, सट्टा आदि को बताया है।

साथ मंडल बिलाईगढ़ बैठक उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और हम पंडित दीनदयाल जी उपाध्याय के अंतोदय के सपनों को साकार करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बूथ समिति के अध्यक्षों को काम करने और अपना बूथ जीता चुनाव जीता का मंत्र दिया। भाजपा में प्रत्याशी नहीं, केवल फूल होता है चुनाव चिन्ह।



समाज का कोई भी व्यक्ति विकास की दृष्टि से पीछे नहीं रहना चाहिए ऐसा हमारा लक्ष्य है। भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ जीता चुनाव जीता का जो लक्ष्य दिया है उसको हर हाल में हासिल करना है साथ ही भारतीय जनता पार्टी को विजय बनाने के लिए मतदान समिति पन्ना प्रमुख एक-एक कार्यकर्ता सक्रिय होकर भाजपा की विजय सुनिश्चित करें।

वही भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष जालान ने प्रदेश की भूपेश सरकार की जनविरोधी नीतियों से अवगत कराते हुए कहा कि छत्तीसगढ प्रदेश आज महिला दुष्कर्म के मामलों में अव्वल नंबर पर है तो वही भ्रष्टाचार दलित अत्याचार सहित किसानों और युवाओं के भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया है वह अन्य किसी प्रदेश में नहीं है।

आगे कहा की 2023 के होने वाले विधानसभा चुनाव सेमीफाइनल है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव फाइनल है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी तरह तैयार हो जाएं। हमें सेमीफाइनल और फाइनल दोनों चुनाव ऐतिहासिक मतों से जीतना है। 2003 के पहले का छत्तीसगढ और 2014 के पहले का भारत कैसा था हम सब जानते हैं। भाजपा सरकार ने जो विकास और जनकल्याण के कार्य किए हैं, उन्हीं को लेकर हमें आमजनों के बीच में जाना है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ और केंद्र में बने, इसके लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ इस चुनावी कार्य में जुट जाएं। हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर विधानसभा में कमल का फूल खिलाना है। कार्यकर्ता सकारात्मक सोच रखे, हम सबका प्रत्याशी कमल का फूल है।

**इन मुद्दों से जुड़े हैं कार्यक्रम**

इन कार्यक्रमों में मंडल कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, शक्ति व बूथ केंद्र अध्यक्ष के साथ बैठक, चुनावी रणनीति तैयार करना, सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से मिलना, पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना, दलित समाज के घर पर भोजन, सामाजिक जनप्रतिनिधोंयो के साथ बैठक आदि जैसे कार्यक्रम शामिल है।

बैठक में द्वारिका साहू, रामनारायण देवांगन, मनोहर सरजाल, त्रिलोकचन्द देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष धनेश साहू, गिरवर निराला, भरत लाल साहू, शंकर लाल नायक, सुकदेव साहू, डॉ. दिनेश जांगड़े, डीपी कुर्रे, पुरेंद्र मनोत्तरा, राजेश बारटे, बैजू सोनवानी, खूबचंद मिरी, सतीश रात्रे, संजय सोनवानी, देवानंद मार्कंडेय, राधा राकेश, हेतराम साहू, संतोषी साहू, चंचला महिलाने, ललिता राजू निराला, गणेशी राकेश, टीकाराम जायसवाल, प्रभु जाटवर, राजेश शर्मा, सत्य देव साहू, सहदेव साहू, जनक साहू, जय सिंग नाग, लोकनाथ साहू, नंदू साहू, गोसाई भारद्वाज, कार्तिक जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, हरी देवांगन, सहित समस्त भाजपा पदाधिकारीगण एवम कार्यकर्तागण मौजुद रहे।

## निधन

### बिरेन्द्र वर्मा

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर। ग्राम सैहा निवासी बिरेन्द्र वर्मा (कोंदा) 32 वर्ष का गत दिनों आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे, वे नारायण के पुत्र एवं डागेश्वर और विमला के भाई थे।




### मंजू देवी अग्रवाल

**सरायपाली** 17 सितंबर। श्रीमती मंजू देवी अग्रवाल गणेश बीड़ी कारखाना का आकस्मिक निधन रविवार की सुबह हो गया अंतिम संस्कार शाम 4 बजे स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया स्व मंजू देवी नरेश चंद की धर्मपत्नी जगत नारायण की भाई बहू सुरेश ललित की भाभी नवीन नूतन की चाची व विभोर की मां थी।

### कुंती वर्मा

**पलारी,** 17 सितंबर। पलारी विकास खण्ड के ग्राम चूचरुंगपुर निवासी श्रीमती कुंती वर्मा पति नंद कुमार वर्मा जिसका आज रविवार को दोपहर 12बजे अकाशिमक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार गृहग्राम चुचरुगपुर में किया गया वह अरुण वर्मा ,अजय वर्मा ठेकेदार की माता मोतीलाल वर्मा पूर्व राजप्रधान की भाभी ,योगेश वर्मा शिक्षक की बड़ी मां थी। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### पुलिस कर्मियों पर पैसे लेने...

टीम कर रही है। आपको बता दे कि एसएसपी की टीम बीते माह हुई लाखों रुपयों की सौदे की जाँच सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सबूतों को खंगाल रही है, जिससे यह पता चल सकें कि लगातार थाना अंतर्गत किसके संरक्षण में अवैध कार्यों को पनाह और उगाही का काम किया जा रहा था फिलहाल सूत्रों ने यहाँ तक दावा किया कि अब भेद खुलने के बाद खाकी सतर्क हो चुकी है, और अपने बचाव के लिए दूसरे कंधा का सहारा लेना चाह रही ही। बहरहाल अब जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इन कामों में कौन कौन शामिल रहे और कार्रवाई किस पर होती है।

इनका कहना है- मेरे पुत्र को धमकाकर आरक्षक अनुराग और शैलेन्द्र द्वारा पैसा नगद और फोन पे के माध्यम से लिया गया है, और मामला भी बना दिया गया। जबकि मुझे पता भी नही चला। शिकायत किया हूँ कार्रवाई होना चाहिए-कंसराम देवदास, शिकायतकर्ता।

पूर्व में 2 पुलिसकर्मियों की पैसे लेने की शिकायत मिला था जिसपर 2 आरक्षकों को लाईन कर दिया गया है, इसके अलावा आरक्षक शैलेंद्र बंजारे के खिलाफ जांच हो रही है, अभी एक नया आवेदन भी मिला है साथ ही गांव के लोग भी शिकायत किये है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी-दीपक झा, एसएसपी, बलौदाबाजार।

# राम कथा वाचक राजन महाराज के सम्मान पर कसडोल क्षेत्र वासियों ने दी बधाई

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। पूरे विश्व में श्री राम कथा का गायन करने हेतु पूज्य प्रेमभूषण महराज के कृपा पात्र पूज्य राजन जी महाराज को हाउस ऑफ लार्ड्स द ब्रिटिश पार्लियामेंट लंदन में विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। जिससे कसडोल नगर सहित वन्य क्षेत्र के ग्राम गनियारी, सुखरी देवरी राज के श्रोताओं में हर्ष व खुशी की लहर है, इसके लिए श्रोताओं ने श्री महराज जी को शुभकामनाएं प्रेषित की है।



ज्ञात हो कि श्री राम कथा के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पूज्य राजन जी महराज को मेंबर ऑफहाउस ऑफ लार्ड्स लेडी बैरोनेस क्रमर, मेयर ऑफ साउथक लंदन सुनील चोपड़ा, एवम् सीनियर मेंबर ऑफ कंजरवेटिव पार्टी डा रेणु राज द्वारा विश्व की कई विभूतियों की उपस्थिति में यह सम्मान दिया गया। इस शुभ अवसर पर बिहारी कनेक्ट ग्लोबल के चेयर मैन डा उदेश्वर सिंह भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि पूरे विश्व में श्री राम कथा का वाचन करने वाले पूज्य राजन जी महराज ने वर्ष 2015 में कसडोल नगर में, 2018 में कसडोल विकास खंड के वन्य क्षेत्र के ग्राम गनियारी एवम 2021 में सुखरी देवरी राज में अपनी मीठी वाणी से अमृत तुल्य कथा का रसपान क्षेत्र के श्रोताओं को करा चुके हैं। श्री महराज जी के इस सम्मान को सुनकर लोगों में खुशी की लहर फैल गई है। श्री महराज जी को कसडोल नगर के कथा प्रेमी दिनेश मिश्रा, देवेंद्र साहू, विष्णु पटेल, धनंजय साहू, कमलेश साहू, सुनील तिवारी, देवरी राज के भगत राम नायक, सुरेश नायक, टीकम चंद नायक, उसत राम पटेल, नल कुमार पटेल एवम विजय पटेल सहित देवरी राज प्रखंड समिति के सदस्यो ने सादर शुभकामनाएं दी है।

# अवैध गांजा बिक्री करने वाले दो शातिर गिरफ्तार



**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 710/2023 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के आरोपीगणों कृष्णी नवरंगे पति तारक राम नवरंगे उम्र 35 वर्ष ग्राम रिसदा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार, हिमालय वर्मा उर्फप्रिंस पिता खिलावन वर्मा निवासी इंदिरा कालोनी सोनपुरी रोड बलौदाबाजार के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है। मामला इस प्रकार है कि 15 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर आरोपी कृष्णी नवरंगे पति स्व. तारक राम नवरंगे उम्र 35 वर्ष ग्राम रिसदा थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार के पास से 1.500 किलोग्राम गांजा कीमती 15000 को जप्त किया गया। आरोपियो का मेमोरण्डम कथन के आधार पर आरोपी हिमालय वर्मा उर्फप्रिंस पिता खिलावन वर्मा निवासी इंदिरा कालोनी सोनपुरी रोड बलौदाबाजार के द्वारा गांजा को लाकर छोडने की बात बताने पर, हिमालय वर्मा को थाना लाकर पुछताछ करने पर जुर्म घटित करना स्वीकार करने से आरोपीगणों के विरूद्ध 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि सीआर साहू, प्र.आर अंशुमान पाण्डेय, आरक्षक अकरम मोहम्मद, रमाकांत भारद्वाज, नंदकुमार कांत, म.आर. मंजू वर्मा, सरिता यादव एवं साइबर सेल से प्रधान आरक्षक अंजोर मांझी, नरेश खूंटे, आरक्षक अजय यादव, गोपाल पाल, हेमंत नायक एवं टीकाराम साहू का विशेष योगदान रहा।

# जहां मनाही, वहीं खूब

## कीमत 140 से 150 रुपए किलो



**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। नियम प्रभावशाली है लेकिन नियंत्रण की कोशिश बेहद ढ़ीली है द्य यही वजह है कि तम्बाकू की रोज की खपत 10 किलो के आसपास जा पहुंची है द्य इसमें बढ़त के आसार अब बनते नजर आ रहे है क्योंकि शीतऋ्रतु के लिए बाजार ने तैयारी चालू कर दी है द्य

चर्चा में है तम्बाकू नियंत्रण के लिए किये जा रहे आयोजन लेकिन बढ़ती खपत, साफ बताती है कि कोटपा एक्ट का नियम मैदान से लगभग बाहर ही है द्य नियम तो है लेकिन गंभीरता की साथ कार्रवाई का नहीं होना या नहीं किया जाना नियमों को कमजोर बना रहा है द्य स्कूलों के आस पास चलती हर दुकानों से तम्बाकू या तम्बाकू उत्पाद ख़रीदे और बेचे जा रहे है।

### जहाँ मनाही, वहीं खूब

स्कूलों के 100 यार्ड के भीतर विक्रय करने वाली, दुकानें नहीं होना चाहिए द्य नहीं माने जाते यह नियम द्य ऐसी ही जगहों पर सबसे ज्यादा विक्रय करने वाली दुकानें हैं द्य कार्रवाई होती हुई कभी देखी नहीं गई द्य स्कूल प्रमुखों को सूचना देने के निर्देश हैं लेकिन पालन को लेकर गंभीरता का अभाव देखा जा रहा है द्य इसलिए यह काम नित नए अंदाज में बढ़ रहा है।

### मानने से इंकार

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यकम के अन्तर्गत तम्बाकू या तम्बाकू उत्पाद के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष विज्ञापन पर प्रतिबंध है द्य विक्रय करने वाले काउंटर पर 60 गुणा45 सेंटीमीटर के आकार में बोर्ड का लगाया जाना आवश्यक है, इसमें तम्बाकू के सेवन से होने वाली हानि की जानकारी लिखित में होती है द्य 90 प्रतिशत संस्थानों में ऐसे सावधानी सूचक बोर्ड या जानकारी नहीं मिलती द्य

### बंदिश फिर भी

कोटपा एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम आयु के नाबालिग को तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद का विक्रय नहीं किया जाना हैं लेकिन दुकानें इस नियम को भी मानने से इंकार कर रहीं हैं द्य कुल दैनिक उपभोक्ताओ में लगभग 40 प्रतिशत हिस्सेदारी इसी उम्र वर्ग के उपभोक्ता रखते हैं द्य अर्थदंड और कैद के नियम हैं लेकिन बेखोफ होकर यह काम भी किया जा रहा है द्य

### बढ़ रही कीमत, बढ़ रही खपत

गुजरात, आन्ध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश और कर्नाटक द्य इसमें गुजरात प्रथम स्थान पर हैं द्य सीजन की तैयारी कर रहे बाजार में इस समय चौतरफा मांग निकली हुई है द्य इसलिए खैनी और गुटखा में उपयोग किया जाने वाला तम्बाकू 140 से 150 रूपए किलो की दर पर विक्रय किया जा रहा है द्य बीड़ी के लिए जो तम्बाकू बेची जा रही हैं उसकी कीमत 150 से 160 रूपए किलो बोली जा रही हैं।

# वेदराम मनहरे के संयोजन में लगभग 15 हजार लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन को लेकर की कामना



**प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नगर व ग्राम में हुआ पूजा-पाठ व प्रसाद वितरण**

**आरंग,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिवस 17 सितंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी आरंग विधानसभा द्वारा विविध कार्यक्रम संपन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री व नशामुक्ति अभियान के प्रदेश प्रभारी वेदराम मनहरे ने जानकारी देते हुए बताया कि, मोदी जी के जन्मदिवस पर उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाओं को लेकर आरंग विधानसभा के प्रत्येक नगर व ग्राम के प्रमुख धार्मिक स्थल पर दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं, नगरवासी, ग्रामवासी व विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्था व संगठन के लगभग 15 हजार लोगो ने पूजन पाठ किया। विधानसभा मुख्यालय के आरंग नगर में श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में मनहरे ने परिवार सहित नगरवासियो के साथ महादेव की पूजा अर्चना की, साथ ही सभी जगहों पर प्रसाद वितरण भी किया गया ।मोदी के जन्मोत्सव पर आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओ व क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह देखने को मिला। अन्य कार्यक्रमों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा प्रात: 7 बजे से श्री पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर आरंग सहित अन्य जगहों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया । भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग में मरीजों को फल वितरण तथा विधानसभा के विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण भी किया गया।

बता दे नरेन्द्र मोदी ने इस साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विश्वकर्मा योजना की घोषणा की थी। यह योजना भी आज ही विश्वकर्मा जयंती पर शुभारंभ किया गया है,यह योजना पारंपरिक शिल्प में लगे लोगो को सहायता और कौशल प्रदान करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित है, इस योजना के बारे में केंद्रीय बजट 2023-24 में ऐलान किया गया था। मोदी सरकार इस योजना में 13,000 करोड़ रुपये खर्च करेगा। पूजन उपरांत श्री मनहरे ने आरंग विधानसभा क्षेत्रवासियों को विश्वकर्मा जयंती पर बधाई व शुभकामनाए देते हुए सभी के लिए भगवान विश्वकर्मा ,व भोलेनाथ से सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की और मोदी जी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य व लंबी उम्र की कामना की। पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अपने अपने नगर व ग्राम में भाजपा पदाधिकारी , कार्यकर्ता, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठन के प्रमुखगण , व्यापारीगण भी शामिल हुए।

# मिस्त्रियों ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**सिमगा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आज नगर के मिस्त्रियों ने पूरे विधि विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना किया गया । भगवान विश्वकर्मा को देव शिल्पी भी कहा जाता है ।

भगवान विश्वकर्मा के पंडाल में शाम को सेवा गीत कभी आयोजन किया गया जहां नगर के भक्तजन बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सेवा कार्यक्रम में शामिल हुए ।

# सेवानिवृत्त होने पर पोस्टमास्टर कुलेश्वर पैकरा को दी गई विदाई

**खरोरा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)।बैकुंठ शाखा अंतर्गत डाकघर मढ़ी में पदस्थ पोस्टमास्टर कुलेश्वर प्रसाद पैकरा के सेवानिवृत्त होने पर गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान शाखा पोस्टमास्टर के पद से सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।इस दौरान वे समारोह से अभिभूत हो गए और माहौल भावुक हो गया। इस अवसर पर मढ़ी में बाजे-गाजे के साथ उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। जब वे गांव पहुंचे तो लोगों ने उन्हें फूलों, मालाओं से लाद दिए।उल्लेखनीय है कि, 1988 से 2023 तक 35 साल सेवा देने के बाद पैकरा सेवानिवृत्त हुए हैं।विदाई समारोह के दौरान परिवारजनों ने आत्मीय स्वागत किया। सर्वप्रथम डाक विभाग के कर्मचारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।गांव पहुंचे तो लोगों ने गुलाल लगाकर आरती उतारी और आगामी पड़ाव के लिए बधाई प्रेषित किए। इस दौरान



डाकघर के अधिकारियों ने कहा कि, पोस्टमास्टर कुलेश्वर पैकरा का व्यवहार सहज, सरल व कुशल रहा है।उनकी सेवा सराहनीय रही है।अच्छे लोगों का हर जगह सम्मान होता है। चाहे वे जिस क्षेत्र में हो। आपके काम की जितनी तारीफ किया जाय वह कम होगी। पदाधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपने कार्य के बदौलत अमिट छाप छोड़ते हैं।जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं।सेवानिवृत्त होने पर पैकरा ने अपने सफर के खट्टे मीठे पलों को याद करते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि, अपने सेवाकाल मुझे सभी अधिकारियों कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला।जिसका मैं हमेशा ऋ्रणी रहूंगा। विदाई समारोह से मैं अभिभूत हूँ। भविष्य में भी आप सभी का साथ मुझे हमेशा मिलता रहेगा। आयोजन हेतु आप सभी का आभारी हूँ।

इस अवसर पर डगरूलाल पैकरा, हरिप्रेम पैकरा, मनोज वर्मा, गिरवर वर्मा, ज्ञान पैकरा, दिलीप पैकरा, सावित्री पैकरा, अलख अहार वर्मा, ज्योति अहार वर्मा, गजेन्द्र साहू सहित डाक विभाग के अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# होगा शुगर कंट्रोल, 'वॉटर कैल्ट्रॉप' से... !

**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। खुलासा। खाएंगे सिंघाड़ा तो खत्म होगी एसिडिटी की समस्या। नियंत्रण में रहेगी शुगर की मात्रा। दिलचस्प यह कि यदि इसका पेस्ट बनाकर फटी हुई एड़ियों में लगाया जाए तो च्क्रैक हीलज्जैसी समस्या भी दूर की जा सकेगी।

इस मौसम में आने वाली, जलीय सब्जी सिंघाड़ा भी अपनी भरपूर मौजूदगी दिखाने लगा है।कम- से- कम सात ऐसी बीमारियां इसके सेवन से दूर की जा सकेंगी, जिससे लगभग हर कोई किसी ना किसी रूप में परेशान है। कीमत क्रय शक्ति के भीतर है। इसलिए सेवन की सलाह, कृषि वैज्ञानिकों ने दी हुई है, ताकि कम-से-कम सात स्वास्थ्यगत बीमारी से दूर रहने में मदद मिल सके।होते हैं यह तत्व च्वाटर चेस्टनटज् या च्वॉटर कैल्ट्रॉपज्के नाम से पहचाने जाने वाले सिंघाड़ा में कैल्शियम, विटामिन-ए और सी की भरपूर मात्रा का होना पाया गया है। बोंहाइड्रेट और प्रोटीन की प्रचुर मात्रा, सिंघाड़ा को कम-से-कम सात ऐसी बीमारियों को दूर करती है, जिससे लगभग हर कोई परेशान होता आ रहा है। बचाव,



**7 औषधीय तत्व के होने की सामने आई जानकारी**

खराश और टॉन्सिल से सिंघाड़ा में एंटी ऑक्सीडेंट तत्व की मात्रा भरपूर होती है। यह मात्रा ही इसे, गले की खराश और टॉन्सिल जैसी बीमारी को दूर रखने में मदद करती है। शीत ऋ्रतु में इन दोनों बीमारियों का प्रकोप अन्य मौसम की तुलना में कुछ ज्यादा ही रहता आया है। इसलिए मानक मात्रा में सेवन से इन दोनों बीमारियों से बचा जा सकता है।

राहत अस्थमा और मधुमेह से अस्थमा और मधुमेह की बीमारी से लगभग हर दूसरा व्यक्ति ग्रसित है। दवाइयां तो हैं लेकिन जैसा परिणाम, सिंघाड़ा के सेवन से मिला है, वह हैरत में ही डालता है। फसल की आवक के दिनों में सेवन से यह दोनों बीमारी नियंत्रण में रखी जा सकती है।सीजन की वापसी के बाद सूखा सिंघाड़ा उपयोग में लाया जा सकता है। छुटकारा क्रैक हील से भी शीत ऋ्रतु में एड़ियों के फटने की शिकायत आती है।इसका पेस्ट बनाकर लगाने से क्रैक हील से आराम तो मिलता ही है, साथ ही दर्द वाले हिस्से पर लगाने के बाद दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है। गैस और अपच जैसी समस्या दूर रखने में सक्षम, सिंघाड़ा में कैल्शियम की मात्रा भरपूर होने की वजह से गर्भवती महिलाओं के लिए आदर्श खाद्य पदार्थ माना गया है।सेहत के लिए वरदान सिंघाड़ा को च्पानी फलज्भी कहा जाता है।यह स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक माना जाता है। यह आपको कई बीमारियों से बचाता है। इस फल में विटामिन-सी, मैंगनीज, प्रोटीन, थायमिन, और कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद है।

**- अजीत विलियम्स**
**साइंटिस्ट ( फॉरेस्ट्री )बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# पानी से प्रभावित किसानों से मिलने पहुँचे सुशील शर्मा

**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कॉंग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा ने लगातार वर्षा से प्रभावित भाटापारा विधान सभा के ग्राम सेमरिया घाट और कुलीपोटा गाँव में अल सुबह पहुँच कर किसानों और मतदाताओ से रूबरू जन सम्पर्क कर अत्याधिक पानी से होने वाले फ़सलों के नुक़सान की जानकारी विस्तार पूर्वक ली,



सुशील शर्मा ने बताया की ग्राम सेमरिया और कुलीपोटा सहित दौरेंगा,मर्राकोना गाँव के किसानों की सैकड़ो एकड़ ज़मीन में लगी सब्ज़ी और धान की फसल पानी में डूब चुकी है,अधिक पानी की वजह से सब्ज़ी की फसल को भारी नुक़सान होने की संभावना दिखाई दे रही है,गाँव के किसान मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा के आने पर उत्साहित होकर पूरे गाँव की गलियों का भ्रमण कराते हुये ग्राम वासीयो से मुलाक़ात कर अत्यधिक पानी से होने वाले नुक़सान की भरपाई कराने यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू से चर्चा करने की बात कही, डुबान में आने वाले गाँव का दौरा करने मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा मोटर सायकल से गाँव पहुँच कर लगभग 3 से 4 फिट बहते पानी में चलकर पार करने के बाद किसानों से मुलाक़ात किये,

सुशील शर्मा के साथ प्रमुख रूप से सचिन शर्मा,रघुनाथ निषाद,झगर निषाद,भुजंग निषाद,सुमिरन मानिकपुरी,कुमार निषाद,महेश निषाद,ग़रीबा निषाद,कार्तिक निषाद,सहित अनेक ग्रामीण किसान उपस्थित थे।

# नाबालिग के साथ शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 298 /2023 धारा 363,366क,376 भादवि 04,06 पाक्सों एक्ट के आरोपी को गिर0 करने में मिली सफलता।



मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया थाना हाजिर आकर जबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपह्ता दिनांक 12-08-2023 के सुबह 11.00 बजे अपने सहेली के घर जा रही हूं कहकर बिना बताये कही चली गई है कि रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 46/2023 कायम कर जांच में लिया गया है अपह्ता को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने संदेह पर थाना भाटापारा शहर में अपराध क्रमांक 298/2023 धारा 363 भादवि का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ॥ विवेचना के दौरान प्रकरण के अपह्ता को बरामद कर पूछताछ कर कथन लिया गया जो आरोपी द्वारा नाबालिग जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर बहला फूसलाकर भगा ले जाकर शारीरिक दुष्कर्म करना बतायी है कि प्रकरण में धारा 366क,376 भादवि 04,06 पाक्सों एक्ट जोडी गई है। प्रकरण के *आरोपी बल्लु ऊर्फ बलभद्र महिलांगे पिता बालाराम महिलांगे उम्र 24 साल साकिन कुरेली थाना हिर्री जिला बिलासपुर छ0ग0 को गिर0 कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक राजकुमार डहरिया , आरक्षक सीतारामए ध्रुव उमेश वर्मा , हरेन्द्र कोसरे का विशेष योगदान रहा।

# विहिप, बजरंगदल ने युवाओं को जागरूक करने नगर में निकाली शौर्य जागरण यात्रा

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला बलौदाबाजार भाटापारा कार्यकर्ताओं द्वारा हिन्दू युवाओं को संगठित होने जाति पंथ से ऊपर उठकर मैं हिन्दू हूँ की भावना से प्रेरित होकर राष्ट्र धर्म एवं हिन्दू समाज के हितों की रक्षा करने प्रत्येक सनातनी तक सनातन के वैज्ञानिक महत्व के साथ सांस्कृतिक धार्मिक ऐतिहासिक जागरण एवं नशापान दुर्व्यसन से मुक्त देशभक्ति से युक्त हिन्दू समाज का निर्माण करने युवाओं में अपने पूर्वजों महापुरुषों के प्रति गौरव का भाव जागृत करने के उद्देश्य एवं धर्म के प्रचार प्रसार तथा धर्म के मार्ग पर चलने की स्वाभिमानी स्वावलम्बी जीवन यापन करने की प्रेरणा लेकर शौर्य जागरण यात्रा निकाली गयी।



जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के बजरंग चौक स्थित श्री महावीर देव मंदिर में बलौदाबाजार, कसडोल, भाटापारा, सिमगा, पलारी प्रखंडों के विभिन्न गावों से विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता अपने प्रखंडों से यात्रा लेकर पहुंचे एवं मंदिर परिसर में श्री हनुमान चालीसा पाठ आरती कर मातृशक्ति की माताओं बहनों द्वारा भगवा ध्वज दिखाकर यात्रा को नगर भ्रमण के लिए विदा किया गया। यह शौर्य यात्रा मंदिर से निकल कर नेहरू चौक गाँधी चौक सुभाष चौक नया बस स्टैंड गार्डन चौक न्यायलय मावली मंदिर अम्बेडकर चौक होते हुए पुनः मंदिर पहुँच कर विराम हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने की। कार्यक्रम में जिला मंत्री राजेश केशरवानी, जिला संयोजक रवि वर्मा, कृष्णकांत पांडेय, विनय गुप्ता, अमित केशरवानी, शालीन साहू, महेश ठाकुर, अशोक गुप्ता, मुकेश पटेल, विजय साहू, दीपक साहू, विनय फेंकर, हेमंत साहू, पीतांबर निर्मलकर, खुशी वर्मा, पीतांबर वर्मा, निगम बांधे, तरुण वर्मा एवं जिला समेत सभी प्रखंडों के दायित्ववान कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्रवाई

**भाटापारा,** 17 सितंबर (देशबन्धु)। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। दिनांक 16.09.2023 को अवैध शराब जुआ पतासाजी एवं रेड कार्यवाही हेतु टाऊन पेट्रोलिंग पर रवाना हुआ था इस दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यकित सुरखी रोड में पुल के पास एक थैला में अवैध रूप से शराब बेंचने के लिए रखा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी भीषम यदु पिता महेत्तर यदु उम्र 32 साल साकिन सूरजपुरा थाना भाटापारा ग्रामीण जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 को पकडे जिसके कब्जे से एक भूरा रंग के थैला मे रखे 32 पौवा देशी मशाला शराब जुमला 5.760 बल्क लीटर किमती 3520 रूपया को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में प्रधान आरक्षक दिलीप टोप्पो आरक्षक सीताराम ध्रुव , उमेश वर्मा, का का विशेष योगदान रहा थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



# परिवर्तन के साथ इस बार छत्तीसगढ़ में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी: अम्बिका राय

■ मुख्यमंत्री भूपेश ने हाथ में गंगाजल लेकर शराबबंदी करने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया

■ पश्चिम बंगाल के प्रवासी विधायक अम्बिका राय का भाजपा प्रत्याशी अलका चंद्राकर के साथ प्रेसवार्ता

**बागबाहरा,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ की जनता साढ़े चार साल में कांग्रेस सरकार से ऊब चुकी है। भूपेश बघेल की सरकार झूठ फरेब की सरकार है। उन्होंने जनता को धोखे में रखकर केवल ठगने का काम किया है। शराबबंदी की बात कहकर घर-घर में शराब की अवैध बिक्री जोरों से करवा रही है। तथा शराब के नाम पर कांग्रेस नेताओं ने कई करोड़ो रुपयों का घोटाला किया है। प्रदेश में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। विकास कार्य के नाम पर कांग्रेस ने केवल राशियों का बंदरबाँट किया है। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार, घोटाला, अनियमितता एवं गड़बड़ी आम जनता के सामने मौजूद है। भूपेश सरकार के काले करतूतों एवं काले कारनामो को आप देख चुके है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस शासनकाल में अपराधों का गढ़ बन गया है। छत्तीसगढ़ में इस बार परिवर्तन की लहर है, और भाजपा की फिर से सरकार बनेगी। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष डॉ. नारायण चंदेल एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही है। हमारे सभी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित है। उक्त बातें पश्चिम बंगाल के कल्याणी क्षेत्र के प्रवासी विधायक अम्बिका राय ने खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर के साथ आज रविवार 17 सितंबर की सुबह 10 बजे भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रेसवार्ता लेकर कही है। प्रवासी विधायक अम्बिका राय ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने मुझे खल्लारी क्षेत्र के प्रत्याशी को प्रचंड बहुमत से जीताने की महती



जिम्मेदारी सौंपी है। जिससे मैं पूरी निष्ठा, लगन एवं धैर्य के साथ काम कर रहा हूँ। मैं इस विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांवों का दौरा कर रहा हूँ। यहाँ का प्रत्याशी एक महीने पहले से घोसित हो चूका है। भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं नेता गांव-गांव में बूथ-बूथ में जाकर मतदाताओं से सीधे मिलकर पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील कर रहे है। इस क्षेत्र के पांचो भाजपा मंडल के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चुनाव में अभी से जोरशोर से जुट गए है। क्षेत्र के जनसमस्याओं, कांग्रेस द्वारा पिछले चुनाव में किए गए झूठे घोषणापत्र एवं उनके काले कारनामो को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता गांव-गांव में जाकर झंडा, बैनर व पाम्पलेट के साथ चुनाव प्रचार कार्य में तेजी से जुट गए है। ताकि कांग्रेस पार्टी के पोल को खोल कर जनता के सामने प्रस्तुत किया जा सके। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में समर्थन मूल्य में खरीफ फसल की धान खरीदी, राशन सामाग्री, नल-जल योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में भरी गड़बड़ी व अनियमितता की गयी है। जिसे यहाँ की जनता अच्छी तरह से जानती है। केंद्र सरकार के उच्च अधिकारी छत्तीसगढ़ में जब भी आते है, और यहाँ के अधिकारी उन्हें विकास कार्यों का निरीक्षण करवाने गांवों में ले जाते है। जहाँ पहले से ठीक- ठाक रहता है। प्रदेश के अधिकारी केंद्र सरकार के उच्चाधिकारी को गुमराह कर केंद्र के जनकल्याणकारी योजनाओ को फ़ैल कर रहे है। केंद्र के जनकल्याणकारी योजनाओ में भारी गड़बड़ी व अनियमितता की जा रही है। जिसका कोई सीमा नहीं है। प्रदेश सरकार की लापरवाही के चलते इन महत्वपूर्ण योजनाओ का लाभ छत्तीसगढ़ के लोगों को ठीक से नहीं मिल पा रहा है। छत्तीसगढ़ के किसान मजदूर पलायन कर दूसरे राज्यों में मजबूरी में काम करने हर साल जाते है। चाहे प्रदेश में किसी का भी शासन रहा हो। प्रदेश में मजदूरो का पलायन हर साल बड़ी संख्या में होती है। जिसे प्रदेश सरकार रोक नहीं पा रही है। प्रदेश में किसान मजदूरो को पर्याप्त मात्रा में काम नहीं मिल पा रहा है। महात्मा गाँधी रोजगार गारेंटी योजना में भी कांग्रेस नेताओ एवं अधिकारियों ने गड़बड़ी की है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्थाओ का हाल -बेहाल है। स्कूल एवं कॉलेजों में शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षकों की कमी के चलते अध्यापन कार्य बुरी तरह प्रभावित है। प्रदेश सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस पार्टी के पिछले चुनाव के घोषणापत्र के हिसाब से छत्तीसगढ़ में कुछ भी विकास कार्य नहीं हुआ है। विकास कार्यो की गति यहाँ शून्य है। यहाँ सिर्फ कांग्रेस नेताओ एवं अधिकारियों ने अपनी जेबें गरम कर विकास कार्यो के नाम पर भ्रष्टाचार, घोटाला, बंदरबांट, गड़बड़ी एवं अनियमतताएं की है। जिसे यहाँ की जनता अच्छी तरह से देख व समझ रही है। केंद्र सरकार से मिले पैसों को यहाँ के अधिकारी एवं नेता आपस में मिल बांटकर खा गए है। भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में किसान मजदूरो के लिए भला नहीं किया है। कांग्रेस पार्टी किसानो, मजदूरो, युवाओ, बेरोजगारों, महिलाओ, एवं छात्र-छात्राओं के हित के बारे में कभी सोचते नहीं है। गरीबो को खाने के लिए रोटी -चावल की जरुरत पड़ती है। भाजपा प्रत्याशी श्रीमती अलका नरेश चंद्राकर का खल्लारी क्षेत्र के गांवों में धुआंधार चुनाव प्रचार शुरू हो गई है। उनकी स्थिति क्षेत्र में काफी मजबूत व सुदृण है। अलका चंद्राकर की जीत सुनिश्चित है। भाजपा की पकड़ पहले से ज्यादा मजबूत हो गई है। इस क्षेत्र के जनता इस बार कांग्रेस पार्टी को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। इस बार छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार की जादू नहीं चलेगी। जनता भाजपा को कमल छाप में वोट देकर पूर्ण बहुमत के साथ जीताना चाहती है। छत्तीसगढ़ में परिवर्तन के साथ इस बार फिर से भाजपा की सरकार बन रही है। आम जनता ने भाजपा को जीताने के लिए अपने मन में ठान लिए है। क्योकि भाजपा सबका साथ - सबका विकास को लेकर चलती है। प्रेसवार्ता के दौरान बागबाहरा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, पीलेश्वर पटेल, जसराज बाला चंद्राकर, संजय मालवे मौजूद थें।

## बागबाहरा में आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री की भागवत कथा आज से

**बागबाहरा,** 17 सितम्बर (देशबंधु)। नगर के अग्रसेन भवन धर्मशाला में आज 18 से 25 सितंबर तक भागवत महापुराण ज्ञान गंगा कथा यज्ञ का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया है। इस भागवत कथा में आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री जी चाय वाले बाबा सिलियारी धाम छत्तीसगढ़ अपने भागवत ज्ञान गंगा से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। इस संबंध में भागवत कथा के आयोजक प्रकाश अग्रवाल एवं विभाष अग्रवाल ने बताया कि आज प्रथम दिन 18 सितंबर को श्री गणेश पूजन, पित्रेश्वर पूजन एवं भव्य कलश यात्रा एवं श्रीमदभागवत जी की स्थापना होगी। 19 सितंबर को श्रीमदभागवत कथा प्रारम्भ, परीक्षित जन्म की कथा, 20 सितंबर को कपिल देव कथा, रति संवाद ध्रुव, चरित्र जड़ भरत कथा, 21 सितंबर को प्रह्लाद चरित्र समुद्र मंथन एवं वामन अवतार, 22 सितंबर को श्री कृष्ण जन्माष्टमी कथा, श्री कृष्ण अवतार, 23 सितंबर को कृष्ण लीला



गोवर्धन उत्सव एवं 56 भोग, 24 सितंबर को बैकुण्ठ दर्शन रास, पंचाध्यायी कंस वध एवं रुक्मणी विवाह, 25 सितंबर को द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद एवं श्रीमद्भगवतकथा का समापन तथा फूलों की होली का आयोजन होगा। बता दें कि इसके पूर्व भी चाय वाले बाबा की भागवतकथा नगर में आयोजित हो चुकी है। आयोजकों ने इस धार्मिक पुण्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कथा श्रवण कर पूर्ण लाभ अर्जित करने की अपील की है। इस संगीतमय भागवतकथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। इस कथा को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह है।

## विश्वकर्मा जयँती पर शस्त्र की पूजा अर्चना की गई



**पलारी** 17 सितंबर (देशबन्धु) रविवार को नगर सहित समूचे अँचल मे निर्माण एवँ सृजन के प्रतिक देवशिल्पी, सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जयंती धुमधाम से मनाई गई पलारी के स्टेट बैंक के पास राजमिस्त्री सँघ के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई और प्रसादी का वितरण किया गया।विश्वकर्मा जयँती के अवसर पर पुलिस थाना पलारी में थाना प्रभारी शशांक सिंह एवम सभी पुलिस के जवानों के द्वारा शस्त्र पूजा अर्चना की गई, इस पूजा कार्यक्रम में थाना में रखे हुए समस्त हथियार की पूरे विधि विधान से पूजन किया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं का सेवाकाल 62 से 65 वर्ष कर मुख्यमंत्री ने महिलाओं को बनाया सशक्त: रोहित साहू

**पलारी** 17 सितंबर (देशबन्धु) तेलघानी विकास बोर्ड के सदस्य रोहित साहू ने भूपेश बघेल सरकार ने महिलाओं तथा बच्चों के पोषण एवं टीकाकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कर्मियों के लिए एक के बाद एक दूसरी सौगात दी है इससे महिलाएं और शसक्त हौँगी।उन्होंने कहा कि इससे पहले राज्य सरकार ने हाल ही में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के मानदेय में इजाफा किया था।आंगनबाड़ी कर्मियों को दूसरी बड़ी सौगात इनकी सेवानिवृत की आयु को 62 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने के रूप में दिया है। इतना ही नहीं राज्य सरकार ने



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के रिक्त पदों पर सहायिकाओं से पदपूर्ति में हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत कर दिया है। स्पष्ट है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कुल रिक्त पदों में से आधे पद पहले से कार्यरत आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती कर के भरे जायेंगे। इनकी भर्ती के लिए अनुभव की अवधि को भी 10 साल से घटाकर 5 साल कर दिया है। कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की मृत्यु पर अनुग्रह राशि और सेवानिवृत्त पर एक मुश्त प्रावधान है तथा इसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 50 हजार रुपए तथा सहायिकाओं को 25 हजार रुपए भुगतान का प्रावधान किया है।

## निलेश बने भीम रेजीमेंट के जिला उपाध्यक्ष



**पलारी** 17 सितंबर (देशबन्धु) भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ से निलेश घुतलहरे साराडीह निवासी को उनके सक्रियता व शोषितों को न्याय दिलाने के लिए उनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उन्हें जिला उपाध्यक्ष बलौदा बाजार बनाया गया। जिसमें ढलेंद्र डहरिया जिला अध्यक्ष, ललित बंजारे कार्यकारी जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी जसवंत साहू, रवि रविंद्र, सचिव लक्ष्मण जलहरे, विजय जांगड़े कार्य महासचिव, सुरेश डहरिया, प्रदीप, रोहित, खिलेंद्र, वासुदेव व भीम रेजीमेंट के कार्यकर्ता पदाधिकारी सदस्य सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अभियान का हुआ शुभारंभ

**गरियाबंद,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों के फसल को होने वाले नुकसान से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसानो द्वारा मुख्य फसल धान सिंचित, असिंचित धान एवं अन्य फसल मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, कोदो, कुटकी एवं रागी का बीमा कराया गया है। खरीफ मौसम 2023 के लिए जिले में कुल 38883 कृषकों द्वारा 59047.35 हेक्ट. में फसल बीमा कराया गया है।



■ कलेक्टर छिकारा ने 50 किसानों को सौपी फसल बीमा पॉलिसी

योजनांतर्गत ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' अभियान के तहत फसल बीमा के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से सभी बीमित कृषकों को उनकी फसल बीमा की पॉलिसी सौंपी जा रही है। शुक्रवार को जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा के हाथों से 50 कृषकों को पॉलिसी वितरण कर किया गया। बताया गया कि आगामी 15 दिवस में पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर सभी बीमित कृषको को पॉलिसी का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर द्वारा बताया गया कि प्रतिकूल परिस्थिति में होने वाले फसल हानि की आर्थिक सुरक्षा हेतु फसल बीमा आवश्यक है तथा अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा के लिए जागरूक करने का आह्वान किया गया, ताकि किसानों को प्राकृतिक जोखिमों से वित्तीय सुरक्षा प्रदान की जा सके। कृषि विभाग द्वारा अपील की गई है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित ''मेरी पॉलिसी मेरे हाथ'' कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी फसल बीमा पॉलिसी अनिवार्य रूप से प्राप्त कर लेवें।

## कसडोल क्षेत्र में बारिश से नदी नाले रहे उफान पर

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से हो रही लगातार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले में उफान आने से खेत खलिहान लबालब हो गए हैं, जिसके कारण पूरा क्षेत्र जलमग्न दिखाई दे रहा है। वही कसडोल नगर के हीरो शोरूम, सिरपुर मार्ग सहित बल्दाकछार के पास सड़क में पानी आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया था।

■ बारिश समाप्त होने से स्थिति हुई समान्य

ज्ञात हो कि नगर सहित पूरे अंचल में पिछले 5 दिनों से लगातार बारिश हो रही थी जिसके कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। लगातार बारिश से क्षेत्र के छोटे बड़े सभी नदी नाले उफान पर था। नगर से दो किमी दूर महानदी और जॉक नदी में लगातार जल स्तर बढ़ते दिखाई दे रहा है। वही कसडोल सिरपुर मार्ग में बल्दा कछार के पास नाला का पानी सड़क में आ जाने से मार्ग अवरूद्ध हो गया था। जिसके कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। इसी तरह समीपस्थ ग्राम पंचायत खर्री के पास नाला एवम असनींद के पास बरघाट नाला में सुबह पुल से पानी बह रहा था। इस लगातार 5 दिनों की बारिश से खेत खलिहान भी लबालब हो गया है और नजारा सभी तरफपानी ही पानी दिखाई दे रहा है। हालाकि स्थिति अभी बारिश रूकने से समान्य हो गयी है।



## जो वादा किया उसे निभाया विधायक किस्मत लाल नन्द ने

**सरायपाली** 17 सितंबर( देशबंधु) विधानसभा सरायपाली के क्षेत्र वासियों के लिए 16 सितंबर शनिवार का दिन विशेष दिन रहा ग्रामीणों के द्वारा बहुत लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही थी जो आज पुरा होने जा रहा है किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक के कर कमलों से भूमिपूजन कर लोगो को सौगते दी (1)केना से टेंगनापाली पहुंच मार्ग लंबाई 2.20 किमी स्वीकृत राशि 272.63 लाख रु, (2) बोंदा से नवापाली पहुंच मार्ग लंबाई 4.10 किमी स्वीकृत राशि 538.18 लाख रु, (3) नवागढ़ डंगनिया से तिलाईपाली पहुंच मार्ग लंबाई 3.12 किमी स्वीकृत राशि 293 करोड़, माननीय विधायक जी ने अपने उद्बोधन में कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिल के इन सड़कों को बजट में जुड़वाया था जो आज राशि स्वीकृति के साथ भूमिपूजन हो रहा है जल्द ही आस पास के ग्रामीणों को आने जाने में सड़क बन जाने से लाभ मिलेगा लोगो असुविधा से निजात मिलेगी बोन्दा नवापली एक ही गाँव है लेकिन सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को बहुत परेशानी होती थी ग्रामवासियों ने विधायक किस्मत लाल नन्द से मिल कर समस्या से अवगत कराया जिसे विधायक ने गंभीरता से लेकर समस्या को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से। मिले मुख्यमंत्री ने तत्काल मंजूरी दी मंच के माध्यम से मुख्यमंत्री को इसके लिए धन्यवाद भी दिया इस अवसर पर साथ में हेमसागर पटेल सोसायटी अध्यक्ष बोंदा विवेक अग्रवाल मंडी उपाध्यक्ष सरायपाली, केना टेंगनापली बोंदा तिलाईपाली नवागढ़ के सरपंच पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासीयो की उपस्थिति रही।

## निषाद समाज के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन सम्पन्न

**सरायपाली**17 सितंबर (देशबंधु) फुलझर राज निषाद समाज महासभा सरायपाली के द्वारा विगत दिनों सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में एम आर निषाद अध्यक्ष मछुआ कल्याण बोर्ड एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छ.ग. शासन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के जिलाध्यक्ष रूपधर निषाद ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड क्रम 08पार्षद व सभापतिहरदीप सिंह रैना, मनोहर लाल निषाद महासचिव छ.ग. निषाद समाज, नंदकिशोर निषाद उपसंगठन सचिव छ.ग. निषाद समाज, श्रीमती चातुरी नंद चौहान सेना प्रदेशाध्यक्ष, श्रीमती जानकी निषाद महिला सचिव छ.ग. निषाद समाज उपस्थित थी

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा भगवानरामजानकी के छाया चित्र समक्ष दीप प्रज्जवलन कर आरती पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि निषाद ने आदि काल से आज पर्यंत तक संपूर्ण समाज के उत्थान में निषाद समाज के योगदान को बताया। उन्होंने निषाद समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए वार्ड क्र.8 पंचवन मार्ग पर आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए एकता व भाईचारा के साथ-साथ शिक्षा के विकास पर ध्यान देने की सीख दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार में हमारे समाज का विकास हुआ है और मछुआरा वर्ग को ध्यान दिया जा रहा है। पहले मछुआ समाज को सम्मान नहीं मिलता था, लेकिन अब मिल रहा है। पहले मछुआरा उन्हें ही समझा जाता था जो सिर्फ मछली ही मारते थे, लेकिन अब समाज के विभिन्न वर्गों को एक कर मछुआरा की श्रेणी में रखा गया, जिससे समाज में एकजुटता आई है।

पार्षद श्री रैना ने समाजिकजनों को संबोधित करते हुए कहा कि वे निषाद समाज के लिए बहुत दिनों से कार्य कर रहे है। इसी कड़ी में सामाजिकजनों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल के सहयोग से नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के द्वारा समाज के सामुदायिक भवन की स्वीकृति मिली है। अब जल्द ही समाज को लगभग 22 लाख की लागत से स्वयं का भवन मिल जाएगा। प्रदेश की भूपेश सरकार के कार्यकाल में समाज का संपूर्ण विकास हो रहा है। आगे भी उन्होंने 5 लाख रूपए तक सहयोग देने की बात कही।

वहीं समाज के प्रदेश महासचिव निषाद ने कहा कि समाज का सही मायने में विकास शिक्षा के प्रचार प्रसार व शिक्षा के विकास से ही हो सकता है। समाज के द्वारा 10वीं-12वीं के बाद पढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क छात्रावास की व्यवस्था करने एवं सामाजिक नियमावली में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए कुछ प्रावधान रखने की बात उन्होंने कही।

इस दौरान प्रमुख रूप से फुलझर राज महासभा के पदाधिकारी मनीराम निषाद अध्यक्ष महासभा सरायपाली, रंजीत निषाद उपाध्यक्ष, कार्तिकेश्वर निषाद संयोजक, पिताम्बर निषाद सचिव, चक्रधर निषाद कोषाध्यक्ष, उत्तरा निषाद संचालक, ज्योद्धा प्रसाद, रामकुमार निषाद, संतराम निषाद वरिष्ठ सलाहकार, शिवा निषाद मीडिया प्रभारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी सर्कल अध्यक्षगण खीकलाल निषाद, अर्जुन कैवर्त, शंकर निषाद, लेवस निषाद, मोहन निषाद, शोभाराम निषाद, डिगेलाल निषाद, देवानंद निषाद, संतोष सोनवर्षा, दुशासन निषाद, महिला अध्यक्ष श्रीमती सोनकुंवर कैवर्त, सावित्री निषाद, दुतिका निषाद, सचिवगण बाबूलाल निषाद, जगमोन निषाद, नरेश निषाद, हरिसिंह निषाद, फगुलाल निषाद, मोहित निषाद सहित समाज के सिपाही व सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

## शिक्षा एवं शिक्षण विषय पर कार्यशाला आयोजित

**बलौदाबाजार,** 17 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 15 सितम्बर को चन्द्रहास बेहार सेवा निवृत्त आई.ए.एस. अधिकारी एवं वर्तमान में प्रशासनिक अकाद्मी के प्रशिक्षक द्वारा शिक्षण संस्थाओं में शिक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय द्वारा चन्द्रहास बेहार का पुश्प गुच्छ से स्वागत किया गया। तत्पष्चात डॉ. सुलेखा राउत क्रीड़ाअधिकारी द्वारा सर को बैच लगाकर एवं सूर्यकांत साहू सहायक प्राध्यापक द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री बेहार ने छात्राओं से सीधे जुड़कर प्रश्न किया आप शिक्षा ग्रहण क्यों करते हो छात्राओं के उत्तर से शिक्षा के दस विकल्प सामने आये-ज्ञानार्जन, बौद्धिक विकास, चरित्र निर्माण, अनुशासन, जीविकोपार्जन, व्यक्तिव का विकास, सामाजिक उपयोग व्यवहार, समाजिक विकास, शारीरकि विकास, एवं परिस्थिति परिवेश से बेहतर अनुकूलन।




उन्होंने शिक्षा का अर्थ व्यक्ति के व्यक्तिव का पुर्ण विकास बताया उन्होंने जब छात्राओं से व्यक्तित्व विकास का अर्थ पूछा तब छात्राओं के द्वारा मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक विकास को बताया गया। उन्होंने व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर प्रकाश डाला जिसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विशेष थी जिसमें मानसिक विकास जैसे-ज्ञान, कौशल, विवेक, स्मृति, बुद्धि, आदत और चरित्र। सामाजिक व्यक्तित्व में मनुश्य का आचरण व व्यवहार जो समाज के साथ करता है। ज्ञान के संदर्भ में उन्होने कहा कि ज्ञान तीन प्रकार के होते हैं तथ्यात्मक गणनात्मक, समझ के साथ तथा जिज्ञासा जागरूकता। उन्होने छात्राओं को जिज्ञासु होने के लिए प्रेरित किया और कहा तभी आप प्रतियोगी परिक्षाओं में आगे बढ़ सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय ने आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि ये कार्यशाला छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी रहा। बेहार सर का हम हृदय से आभारी है कि उन्होंने अपना कीमती समय निकालकर हमारी छात्राओं को उपयोगी जानकारी प्रदान की।